# विश्वास के प्रति सच्चा

एक सुसमाचार संदर्भ

# विश्वास के प्रति सच्चा

एक सुसमाचार संदर्भ

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर
सॉल्ट लेक सिटी, यूटाह
द्वारा प्रकाशित

आवरणः *Light and Truth* (प्रकाश और सच्चाई), साइमन डेवे द्वारा
© साइमन डेवे द्वारा

© 2008 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा
सर्वाधिकार सुरक्षित
भारत में छपी

अंग्रेजी अनुमतिः 7/04
अनुवाद अनुमतिः 7/04
*True to the Faith* का अनुवाद
Hindi

# प्रथम अध्यक्षता का संदेश

धर्मशास्त्रों और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं की शिक्षाओं के आपके अध्ययन में सहायता के लिए, इस किताब को एक साथी के रूप में बनाया गया है । जब आप अध्ययन करते और सुसमाचार नियमों को लागू करते हैं तब हम आपको इसे संदर्भ करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं । इसका उपयोग एक स्रोत के रूप में करें जब आप वार्ता की तैयारी करते हैं, कक्षाओं में सीखाते हैं, और गिरजाघर के विषय में प्रश्नों का उत्तर देते हैं ।

जब आप सुसमाचार की सच्चाइयों को सीखते हैं, स्वर्गीय पिता की अनन्त योजना की आपकी समझ बढ़ेगी । इस समझ के साथ अपने जीवन के प्रति एक नींव के रूप में, आप समझदारी वाले चुनाव करने में, परमेश्वर की इच्छा के साथ समन्वय से जीने में, और जीवन में आनन्द प्राप्त करने में समर्थ होंगे । आपकी गवाही अधिक मजबूत होगी । आप विश्वास के प्रति सच्चे रहेंगे ।

विशेषकर हम युवाओं, अकेले रह रहे युवा वयस्कों, और नये धर्म-परिवर्तितों के विषय में सचेत हैं । हम आपसे प्रतिज्ञा करते हैं कि नियमित व्यक्तिगत प्रार्थना और धर्मशास्त्रों और सुसमाचार के सिद्धान्तों के अध्ययन के द्वारा आप उन प्रभावशाली बुराइयों का सामना करने के लिए तैयार किये जाएंगे जो कि आपको धोखा दे सकते हैं और नुकसान पहुँचा सकते हैं ।

उद्धारकर्ता के नजदीक जाने और उसके उदाहरण का अनुसरण करने के आपके प्रयासों में यह किताब आपको बल दे ।

प्रथम अध्यक्षता

## सुसमाचार विषयों को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया गया है

### हारुनी पौरोहित्य

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने मॉरमन की पुस्तक का अनुवाद किया, उन्होंने पाया कि पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा का वर्णन किया गया था । 15 मई 1829 को, वे और उनके लिपिक ओलिवर काउड्री बपतिस्मा के विषय में प्रभु से पूछने के लिए जंगल गये । जब उन्होंने प्रार्थना की, स्वर्ग से एक संदेशवाहक प्रकाश से घिरा हुआ नीचे उतरा । यह संदेशवाहक यूहन्ना बपतिस्मा वाला था, वह भविष्यवक्ता जिसने सदियों पूर्व यीशु मसीह को बपतिस्मा दिया था । यूहन्ना बपतिस्मा वाले ने, जो कि अब एक पुनरुत्थारित अस्तित्व था, अपने हाथों को जोसफ और ओलिवर पर रखा और उनमें से प्रत्येक को हारुनी पौरोहित्य प्रदान किया, जिसे पृथ्वी से महान धर्मत्याग के दौरान वापस ले लिया गया था । इस अधिकार से, जोसफ और ओलिवर एक दूसरे को बपतिस्मा देने में समर्थ हुए थे (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:68–72) ।

आज गिरजाघर में, योग्य पुरुष सदस्य 12 वर्ष की आयु में भी हारुनी पौरोहित्य प्राप्त कर सकते हैं । वे पवित्र पौरोहित्य धर्मविधियों में भाग लेने और सेवा के कई अवसरों को प्राप्त करते हैं । जब वे अपने कर्तव्यों को योग्यता से पूरा करते हैं, सुसमाचार की आशीषों को पाने में दूसरे लोगों की सहायता के लिए वे प्रभु के नाम में कार्य करते हैं ।

धर्माध्यक्ष, याजक, शिक्षक, और डीकन हारुनी पौरोहित्य के पद हैं । अध्याक्षिक पौरोहित्य मार्गदर्शक (साधारणतः धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष) के अनुमोदन से, डीकन प्रभुभोज बांटते हैं । सेवा और उपवास की भेंटों को एकत्रित करना जैसे लौकिक मामलों में सहायता कर के वे गिरजाघर के सदस्यों की देखभाल करने में धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष की मदद करते हैं । शिक्षक डीकन के सभी कर्तव्यों को पूरा कर सकते हैं, और वे सेवा के अन्य अवसरों को भी प्राप्त करते हैं । वे प्रभुभोज की रोटी और पानी को तैयार करते हैं और घर शिक्षक के रूप में सेवा करते हैं । याजक डीकन और शिक्षक के सभी कर्तव्यों को पूरा कर सकते हैं । अध्याक्षिक पौरोहित्य मार्गदर्शक के अनुमोदन से, वे प्रभुभोज को आशीषित कर सकते हैं, बपतिस्मा दे सकते हैं, और दूसरों को याजक, शिक्षक, और डीकन के पद पर नियुक्त कर सकते हैं ।

हारुनी पौरोहित्य बड़ी बुलाहट है, या मलकिसिदक पौरोहित्य का संलग्न है (देखें सि. और अनु. 107:14) । अक्सर यह प्रारंभिक पौरोहित्य कहलाता है । जब एक पौरोहित्य धारक हारुनी पौरोहित्य में सेवा करता है, वह मलकिसिदक पौरोहित्य प्राप्त करने, मन्दिर की आशीषों को प्राप्त करने, एक पूरे-समय के प्रचारक के रूप में सेवा करने, एक प्यार करनेवाला पति और पिता बनने, और प्रभु के प्रति आजीवन सेवकाई में जारी रहने की तैयारी करता है ।

मलकिसिदक पौरोहित्य; पौरोहित्य भी *देखें*

## गर्भपात

आज के समाज में, झूठ के सहारे गर्भपात एक आम प्रथा हो गई है । यदि आप इस मामले में प्रश्नों का सामना करते हैं तो प्रभु की प्रकट की गई इच्छा के अनुसरण में आप सुरक्षित हो सकते हैं । अन्तिम-दिनों के सन्तों ने गर्भपात की भर्त्सना की है, प्रभु की आज्ञा को संदर्भ करते हुए कि हत्या नहीं करनी चाहिए या इसी प्रकार का कोई अन्य काम नहीं करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 59:6) । इस मामले पर उनकी सलाह स्पष्ट हैः अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्यों को गर्भपात को स्वीकार नहीं करना चाहिए, गर्भपात नहीं करना चाहिए, इसे प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए, इसके लिए भुगतान नहीं करना चाहिए, या इसकी व्यवस्था नहीं करनी चाहिए । किसी भी प्रकार से यदि आप एक गर्भपात को प्रोत्साहन देते हैं तो आप गिरजाघर अनुशासन के प्रति उत्तरदायी बन सकते हैं ।

गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने कहा है कि कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में गर्भपात को उचित ठहराया जा सकता है, जैसे कि जब गर्भपात व्यभिचार या बलात्कार का परिणाम हो, जब एक योग्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया हो कि माँ के जीवन या स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है, या जब एक योग्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पता चले कि भ्रूण में गंभीर दोष है जिसके कारण शिशु जन्म लेने के बाद जीने में असमर्थ होगा । परन्तु स्वयं ये परिस्थितियां भी एक गर्भपात को उचित नहीं ठहरा सकती हैं । जो इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना करते हैं उन्हें स्थानीय गिरजाघर के मार्गदर्शकों की सलाह और गंभीर रूप से की गई प्रार्थना द्वारा प्राप्त पुष्टिकरण के पश्चात ही गर्भपात पर विचार करना चाहिए ।

जब एक अविवाहित लड़की गर्भधारण करती है, उत्तम विकल्प यही होता है कि माता-पिता बच्ची का विवाह कर दें और एक अनन्त पारिवारिक संबंध स्थापित करने का कार्य करें । यदि सफल विवाह संभव न हो तो उन्हें बच्चे को गोद देने

की व्यवस्था करनी चाहिए, LDS Family Services (अ.दि.स. पारिवारिक सेवा) को वरीयता देते हुए (देखें ''दत्तक-ग्रहण'' पृष्ठ 7–8) ।

## इब्राहीम की वाचा

इब्राहीम ने सुसमाचार प्राप्त किया और एक उच्च याजक के रूप में उसकी नियुक्ति हुई थी (देखें सि. और अनु. 84:14; इब्राहीम 1:2) । बाद में उसने सलेस्टियल विवाह किया था, जो कि उत्कर्ष का अनुबन्ध है (देखें सि. और अनु. 131:1–4; 132:19, 29) । जिन अनुबन्धों को उसने बनाया था उसके संबंध में उसने अपने परिवार से संबंधित प्रभु से महान प्रतिज्ञाओं को प्राप्त किया था । निम्नलिखित प्रतिज्ञाएं इनमें शामिल थीं:

- उसकी पीढ़ियां बहुसंख्यक होंगी (देखें उत्पत्ति 17:5–6; इब्राहीम 2:9; 3:14) ।
- उसके वंश, या वंशज, सुसमाचार प्राप्त करेंगे और पौरोहित्य धारक होंगे (देखें इब्राहीम 2:9) ।
- उसके वंश की सेवकाई के द्वारा, पृथ्वी के सभी परिवार आशीषित होंगे, यहां तक कि सुसमाचार से भी, जो कि उद्धार, अनन्त जीवन की भी आशीषें हैं (देखें इब्राहीम 2:11) ।

एक साथ, सभी अनुबन्ध और प्रतिज्ञाएं जिसे इब्राहीम ने प्रभु से प्राप्त किया था उसे इब्राहीम की वाचा कहते हैं । यह एक चिरस्थाई अनुबन्ध है जिसे इब्राहीम के सभी वंशजों को दिया गया था (देखें उत्पत्ति 17:7) । इब्राहीम के वंश का होने के लिए, एक व्यक्ति को सुसमाचार के नियमों और धर्मविधियों का पालन करना होगा । तभी वह व्यक्ति इब्राहीम की वाचा की सभी आशीषों को प्राप्त कर सकता है, इब्राहीम का वास्तविक वंशज न होते हुए भी (देखें गलतियों 3:26–29; 4:1–7; सि. और अनु. 84:33–40) ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य के रूप में, आप एक ऐसे बच्चे हैं जिसने अनुबन्ध को प्राप्त या स्वीकार किया है (देखें 3 नफी 20:25–26) । आपने चिरस्थाई सुसमाचार को प्राप्त किया है और उन्हीं प्रतिज्ञाओं के उत्तराधिकारी हो गए हैं जिसे इब्राहीम, इसहाक, और याकूब को दिया गया था । उद्धार की धर्मविधियों को प्राप्त करने की और इनसे जुड़े हुए अनुबन्धों को मानने की अपनी विश्वसनीयता के कारण, पौरोहित्य और अनन्त जीवन की आशीषों पर

आपका अधिकार है । पृथ्वी के राज्य आपके प्रयासों द्वारा और आपकी पीढ़ियों के परिश्रम द्वारा आशीषित होंगे ।

अनुबन्ध; अनन्त जीवन; धर्मविधियाँ; कुलपति के आशीर्वाद; पौरोहित्य *भी देखें*

## दुर्व्यवहार

दुर्व्यवहार दूसरों का या स्वयं का एक ऐसा बरताव है जो क्षति पहुँचाता है या दोष लगाता है । यह मन और आत्मा को हानि पहुँचाता है और अक्सर शरीर को भी चोट पहुँचाता है । यह उलझन, संदेह, अविश्वास, और डर उत्पन्न कर सकता है । यह समाज के नियमों का अतिक्रमण है और उद्धारकर्ता की शिक्षाओं के बिल्कुल विपरित है । दुर्व्यवहार आचरण चाहे किसी भी प्रकार का हो—शारीरिक, यौन, मौखिक, या भावनात्मक, प्रभु उसकी निन्दा करता है । अनुचित आचरण के परिणाम स्वरूप गिरजाघर अनुशासनिक कार्यवाही हो सकती है ।

दुर्व्यवहार करने वाले के लिए सलाह

यदि आप किसी भी संबंध में दुर्व्यवहारी रहे हैं तो आपको अपने पापों के लिए पश्चाताप करना होगा । क्षमा प्राप्त करने के लिए प्रभु से याचना करें । उन लोगों से क्षमा मांगें जिसको आपने नुकसान पहुँचाया है । अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करें ताकि वे पश्चाताप की प्रक्रिया में आपकी सहायता कर सकें, और, यदि आवश्यक हो तो अतिरक्त सलाह या अन्य सहयोग के लिए सहायता प्राप्त करें ।

यदि क्रोध की अनुभूतियों ने आपके दुर्व्यवहार आचरण को बढ़ावा दिया है, तो अपने स्वभाव पर नियंत्रण करना सीखें । प्रार्थना में प्रभु के पास जाएं और उसे सहायता करने के लिए कहें । एक अनन्त परिदृश्य से, आप देखेंगे कि आपका क्रोध सदा ही उन कारणों से आता है जो बहुत महत्वपूर्ण नहीं होती हैं ।

यदि आप यौन दुर्व्यवहार के दोषी रहे हैं, अपने मन पर नियंत्रण रखना सीखें । याद रखें कि आपके जीवन पर आपके विचारों का एक शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है. . .“क्योंकि जैसा वह अपने मन में विचार करता है, वैसा वह आप है” (नीतिवचन 23:7) । अश्लील साहित्य से दूर और किसी भी प्रकार की ऐसी चीज से दूर रहें जो अनैतिक यौन इच्छा को उत्तेजित कर सके । अपने अविरल विचारों को शुद्धता से सजाने की क्षमता के लिए प्रार्थना करें (देखें सि. अनु. 121:45) ।

दुर्व्यवहार के पीड़ितों के लिए सहायता

यदि आप दुर्व्यवहार द्वारा पीड़ित हैं, शीघ्र ही सहायता प्राप्त करें । अपने पौरोहित्य मार्गदर्शक से बात करें, साधारणतः आपके धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करें परन्तु कभी-कभी स्टेक या जिला अध्यक्षता के एक सदस्य से भी बात सकते हैं । वह यह जानने में आपकी सहायता करेगा कि क्या करना है ।

सुनिश्चित रहें कि दूसरों के हानिकारक आचरण के कारण आप पर दोष नहीं लगाया जा सकता । आपको अपराधी महसूस करने की आवश्यकता नहीं है । यदि आप बलात्कार या अन्य यौन दुर्व्यवहार द्वारा पीड़ित रहे हैं, चाहे आपके साथ दुर्व्यवहार एक परिचित, एक अजनबी, या परिवार के किसी भी सदस्य के द्वारा किया गया हो, यौन पाप के लिए आप अपराधी नहीं हैं । जानें कि आप निर्दोष हैं और यह कि आपका स्वर्गीय पिता आप से प्रेम करता है ।

उस शान्ति के लिए प्रार्थना करें जो केवल यीशु मसीह और उसके प्रायश्चित के द्वारा ही आती है (देखें यूहन्ना 14:27; 16:33) । उद्धारकर्ता ने आपके सारे दर्द और कष्टों का अनुभव किया है, उनका भी जो अन्यों द्वारा दिया गया था, और वह जानता है कि आपकी सहायता कैसे करनी है (देखें अलमा 7:11–12) । प्रतिशोध लेने की बजाय उन मामलों पर ध्यान केन्द्रित करें जिसे आप वश में कर सकती हैं, जैसे कि जीवन के प्रति आपके स्वयं का दृष्टिकोण । उन लोगों को क्षमा करने की सामर्थ के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने आपको चोट पहुँचाया है ।

अपने पौरोहित्य मार्गदर्शक से सहायता प्राप्त करना जारी रखें ताकि वह भावनात्मक चंगाई की प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन कर सके । सुसमाचार की आशीषों के द्वारा, आप बार-बार होनेवाले दुर्व्यवहार को रोक सकते हैं और उस उत्पीड़न से आजाद हो सकते हैं जिसे आपने सहा है ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 18:1–6; सि. और अनु. 121:34–46

क्षमादान; पश्चाताप *भी देखें*;

**व्यसन** (*देखें* जुआ खेलना; अश्लील साहित्य; ज्ञान के शब्द)

## दत्तक-ग्रहण

बच्चे उन अभिभावकों द्वारा लालन-पालन के हकदार होते हैं जो वैवाहिक वादों का सम्मान करते हैं और जो प्रेम और सहारा देते हैं । दत्तक-ग्रहण कई उन बच्चों के लिए एक महान आशीष हो सकती है जिन्होंने बिना इस अवसर के जन्म लिया हो ।

जब एक अविवाहित लड़की गर्भधारण करती है, उत्तम विकल्प यही होता है कि माता-पिता बच्ची का विवाह कर दें और एक अनन्त पारिवारिक संबंध स्थापित करने का कार्य करें । यदि एक सफल विवाह संभव न हो तो उन्हें बच्चे को गोद देने की व्यवस्था करनी चाहिए, LDS Family Services (अ.दि.स. पारिवारिक सेवा) को वरीयता देते हुए । LDS Family Services (अ.दि.स. पारिवारिक सेवा) के द्वारा दत्तक-ग्रहण के लिए शिशु को देना, अविवाहित माता-पिता की सहायता करता है कि बच्चे के लिए क्या सही है । यह सुनिश्चित करता है कि बच्चा मन्दिर में एक माता और एक पिता के साथ मुहरबन्द होगा, और जीवन के सभी मामलों में सुसमाचार की आशीषों की संभावना को बढ़ाता है । दत्तक-ग्रहण एक निस्वार्थ, प्रेमभरा निर्णय है जो जन्म देने वाले माता-पिता, बच्चे, और गोद लेने वाले परिवार को आशीष प्रदान करता है ।

यदि आप विवाहित हैं और आप और आपकी पत्नी/आपका पति एक बच्चे को गोद लेना चाहते हैं, निश्चित करें कि आप उन देशों और सरकारी शाखाओं की कानूनी आवश्यकताओं को जानें जो इसमें शामिल हैं । अपने पौरोहित्य मार्गदर्शकों से और यदि संभव हो तो LDS Family Services (अ.दि.स. पारिवारिक सेवा) के कर्मचारी सदस्यों से सलाह लें । यदि आपके क्षेत्र में LDS Family Services (अ.दि.स. पारिवारिक सेवा) उपलब्ध न हो, उन अनुमति-प्राप्त, प्राधिकृत शाखाओं का पता लगाने में अपने पौरोहित्य मार्गदर्शकों के साथ काम करें जो बच्चे और गोद लेने वाले माता-पिता को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता हो ।

**व्यभिचार** (*देखें* शुद्धता)

## विपत्ति

स्वर्गीय पिता की मुक्ति की योजना के भाग के रूप में, नश्वरता के दौरान आप विपत्ति का अनुभव करते हैं । कष्ट, निराशाएं, दुःख, बीमारी, और मनोव्यथा जीवन की कठिन भूमिकाएं हैं, परन्तु जब आप प्रभु की तरफ मुड़ते हैं तो ये आत्मिक विकास, शुद्धता, और उन्नति की तरफ ले जाती हैं ।

विपत्ति विभिन्न माध्यम से आती है । किसी समय पर आप अपने स्वयं के घमण्ड और अवज्ञाकारिता के परिणामस्वरूप कष्टों का सामना कर सकते हैं । धार्मिक जीवन के द्वारा इन कष्टों से बचा जा सकता है । दूसरे कष्ट जीवन के केवल साधारण हिस्से होते हैं और उस समय पर आ सकते हैं जब आप धार्मिक जीवन व्यतीत करते हैं । उदाहरण के लिए, बीमारी के समय में या अनिश्चितता में या प्रियजनों की मृत्यु पर आप कष्टों का अनुभव कर सकते हैं । कष्ट कभी-कभी दूसरों के बुरे चुनाव और ठेस पहुँचाने वाले शब्दों और कार्यों के कारण भी आ सकते हैं ।

## विश्वास के साथ कष्टों के प्रति प्रतिक्रिया दिखाना

आपकी सफलता और प्रसन्नता, इस समय और अनन्तता की, अधिकतर जीवन की कठिनाइयों के प्रति आपकी प्रतिक्रिया पर आधारित है ।

मॉरमन की पुस्तक का एक विवरण कष्ट के प्रति विभिन्न प्रतिक्रियाओं को दर्शाता है । भविष्यवक्ता लेही और उसका परिवार कई दिनों तक जंगल में यात्रा करता रहा, भोजन के शिकार में अपने धनुष और बाणों का इस्तेमाल करते हुए । परिवार ने कठिनाइयों का सामना तब किया था जब लेही के पुत्र अपने धनुष का उपयोग नहीं कर पाये थे । लमान और लेमुएल ने अपने अपने धनुषों के लचीलेपन को खो दिया था, और नफी का धनुष टूट गया था । भूखे और थके लमान और लेमुएल प्रभु के विरूद्ध बातें करने लगे । यहां तक कि लेही भी बड़बड़ाने लगा । दूसरी तरफ नफी ने हतोत्साहित होने से मना कर दिया । वह काम पर गया । उसने वर्णन कियाः ''और तब ऐसा हुआ कि मैंने, नफी ने, लकड़ी से एक धनुष और एक सीधी लकड़ी से एक तीर बनाया; इस प्रकार मैं एक धनुष, एक ढेलवांस और पत्थरों से सज्जित हो गया । और मैंने अपने पिता से पूछाः मैं भोजन प्राप्त करने किधर जाऊं । नफी की बातों से विनम्र होकर लेही ने प्रभु से पूछा कि उन्हें भोजन प्राप्त करने के लिए किस तरफ जाना चाहिए । प्रभु ने उसकी प्रार्थनाओं का उत्तर दिया और नफी को उस स्थान पर ले गया जहां से वह भोजन प्राप्त कर सकता था (देखें 1 नफी 16:15–31) ।

जब कुछ लोग कष्टों का सामना करते हैं, वे लमान और लेमुएल के समान हो जाते हैं । वे शिकायत करते हैं और उनमें कड़वाहट भर जाती है । वे इस प्रकार के प्रश्न पूछते हैं ''ऐसा मेरे साथ ही क्यों हुआ ? इसे मुझे अभी क्यों सहना है ? इसके लायक होने के लिए मैंने ऐसा क्या किया है ?'' परन्तु इन प्रश्नों में उनके विचारों को नियंत्रण करने की शक्ति है । इस प्रकार के प्रश्नों से सोचने-समझने की शक्ति खो जाती है, इस प्रकार के प्रश्न उनकी उर्जा को सोख लेते हैं, और उन्हें

उन अनुभवों से वंचित कर देते हैं जिसे प्रभु चाहता है कि वे प्राप्त करें । इस तरह की प्रतिक्रिया दिखाने की बजाय, आपको नफी के उदाहरण का अनुसरण करना चाहिए । इस तरह के प्रश्नों को पूछने पर विचार करते हुए, ''मुझे क्या करना है ? इस अनुभव से मुझे क्या सीखना है? मुझे किस चीज से छुटकारा पाना है ? मुझे किसकी मदद करनी है ? कष्ट के समय में मैं अपनी कई प्राप्त आशीषों को किस प्रकार याद कर सकता हूं ?''

विभिन्न प्रकार के कष्टों में विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होती है । उदाहरण के तौर पर, यदि आप बीमारी से दुःखी हैं तो आपको केवल धैर्यवान और विश्वासी होने की आवश्यकता हो सकती है । यदि आप दूसरे लोगों के शब्दों या कार्यों के कारण पीड़ित हैं तो आपको उन लोगों को क्षमा करना होगा जिन्होंने आपके प्रति उल्लंघन किया है । यदि आप दुर्व्यवहार के शिकार हैं तो आपको शीघ्र सहायता खोजनी चाहिए । यदि कष्ट आपकी स्वयं की अवज्ञाकारिता के कारण आते हैं तो आपको अपने आचरण में सुधार करना होगा और विनम्र होकर क्षमा माँगनी होगी ।

यद्यपि कष्टों के प्रति आपकी कुछ प्रतिक्रियाएं अलग होंगी, एक प्रतिक्रिया स्थिर होनी चाहिए—स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह में आपका विश्वास । भविष्यवक्ता अलमा ने सीखाया था, ''जो कोई परमेश्वर पर विश्वास रखेगा उसको उसकी परीक्षाओं में, कष्टों और दुःखों में सहायता मिलेगी और उसे अन्तिम दिनों में ऊपर उठा लिया जाएगा'' (अलमा 36:3) ।

## स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह में विश्वास करना

जब आप पिता और पुत्र में विश्वास करते हैं, आप आश्वस्त हो जाते हैं कि वे आपको पूरी तरह से प्रेम करते हैं—कि वे चाहते हैं कि आप खुश रहें और यह कि आत्मिक रूप से बढ़ने में वे आपकी सहायता करेंगे । आप आज्ञाओं को मानने लगते हैं । आप उनकी इच्छा को जानने का प्रयास करते हैं, और आप अपनी इच्छा के अनुसार न करते हुए वही करते हैं जिसकी अपेक्षा उनको आप से होती है । सहायता की आपकी प्रार्थना में यह समझ जुड़ जाती है कि स्वर्गीय पिता शीघ्र ही सभी मामलों का समाधान नहीं करेगा—कि वह आपको प्रतीक्षा करने की अनुमति दे सकता है ताकि आप सीखना और विकास करना जारी रख सकें । इसके द्वारा, आप आश्वासन में सांत्वना पाते हैं कि उद्धारकर्ता आपके कष्टों को पूरी तरह से समझता है । उसके असीम प्रायश्चित के भाग के रूप में, ''वह अपने लोगों की पीड़ा और रोगों को अपने ऊपर ले लेगा'' । ''वह मानव शरीर के अनुसार उनकी

दुर्बलताओं को भी अपने ऊपर ले लेगा जिससे कि उसका प्याला दया से भर उठेगा; और जिससे वह मानव शरीर की दुर्बलताओं के अनुसार अपने लोगों की सहायता कर सके'' (अलमा 7:11–12) । क्योंकि उसने आपके दर्द को महसूस किया है, वह जानता है कि आपकी सहायता कैसे करनी है । यदि आप विश्वास में उस पर निर्भर रहते हैं तो किसी भी कष्ट का सामना करने के लिए वह आपको बल देगा जिसका आप अनुभव करते हैं ।

कष्ट के दौरान जब आप प्रभु पर विश्वास करने का प्रयास करते हैं, याद रखें कि उसने कहा था कि

जब हम दुःख-तकलीफ में विश्वासी होते हैं, स्वर्ग के राज्य में हम एक महान पुरस्कार प्राप्त करेंगे ।

उसने कहा था कि हम अपनी स्वाभाविक आँखों से नहीं देख सकते हैं—वर्तमान समय में—परमेश्वर की उस योजना को जो उन चीजों से संबंधित है जो यहां के पश्चात आएंगी और उस महिमा से जो बहुत दुःख-तकलीफों के बाद आएगी,

क्योंकि बहुत दुःख तकलीफों के बाद आशीषें आती हैं (देखें सि. और अनु. 58:2–4) ।

## विपत्ति के दौरान शान्ति और खुशी प्राप्त करना

आप तब भी शान्ति और खुशी प्राप्त कर सकते हैं जब आप चुनौतियों और दुःखों के साथ संघर्ष कर रहे हों । मॉरमन की पुस्तक में उन धार्मिक लोगों का विवरण सम्मिलित है जिन्होंने इस सच्चाई को जाना था । एक निर्दयी शासक की दासता में सह रहे उस महान वेदना को उन्होंने परमेश्वर पर व्यक्त किया था जिसे वे महसूस कर रहे थे (देखें मुसायाह 24:8–12) ।

प्रभु की वाणी यह कहते हुए उन्हें सुनाई दी, ''अपने सिरों को ऊपर उठाओ और सांत्वना ग्रहण करो, क्योंकि तुमने जो प्रतिज्ञा मुझसे की है वह मैं जानता हूं; और मैं अपने लोगों से अनुबन्ध करूँगा, और उन्हें दासता से मुक्त करूँगा ।

''और तुम्हारे ऊपर जो बोझ लादा जाता है उसे मैं हल्का करूँगा जिससे तुम्हें उनका वजन दासता में होते हुए भी मालूम नहीं पड़ेगा; और यह मैं इसलिए करूँगा कि तुम इस समय से मेरे लिए साक्षी बनकर खड़े हो सको और तुम यह निश्चयपूर्वक जानो कि मैं प्रभु परमेश्वर, कष्ट के समय अपने लोगों में आता हूं'' (मुसायाह 24:13–14) ।

लोगों ने विश्वास से प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, ''और जो बोझ [उन पर] लादा गया था वह अब हल्का हो गया; क्योंकि प्रभु ने उनको बलवान कर दिया जिससे

वे अपने बोझों को सरलता के साथ ढो सकें; और उन्होंने प्रसन्नता और सहनशीलता के साथ प्रभु की सभी इच्छाओं को स्वीकार किया था'' (मुसायाह 24:15) ।

इन धार्मिक लोगों के समान, आप प्रभु की सभी इच्छाओं के समक्ष खुशी और धैर्य के साथ समर्पित हो सकते हैं, यह जानते हुए कि आपके कष्टों में वह आपको बलवान करेगा । उसने प्रतिज्ञा की है कि सभी चीजें जिनके कारण आपको कष्ट हुआ है वे सब एक साथ मिलकर आपकी भलाई और उसके नाम की महिमा के लिए कार्य करेंगी (देखें सि. और अनु. 98:3) ।

अतिरिक्त संदर्भः इब्रानियों 4:15–16; 2 नफी 2:11–24; मुसायाह 23:21–22; सि. और अनु. 105:6; 121:7–9; 122

क्षमादान; आशा; शान्ति; उद्धार की योजना; पश्चाताप *भी देखें*

## स्वतंत्रता

आपके स्वर्गीय पिता ने आपको स्वतंत्रता, स्वयं के लिए चुनाव और काम करने की क्षमता दी है । उद्धार की योजना में स्वतंत्रता आवश्यक है । इसके बिना, आप सीखने या उन्नति करने या उद्धारकर्ता का अनुसरण करने में समर्थ नहीं होंगे । ''महान मध्यस्थ के द्वारा आप स्वतंत्रता या अनन्त जीवन, या शैतान की दासता और उसके बल के अनुसार दासता और मृत्यु चुनने के लिए स्वतंत्र हैं'' (2 नफी 2:27) ।

आपके जन्म से पहले ही आपको चुनाव करने का सामर्थ था । स्वर्ग में नश्वर जीवन के पहले के जीवन में हुई परिषद में, स्वर्गीय पिता ने अपनी योजना को प्रस्तुत किया था, जिसमें स्वतंत्रता का सिद्धान्त सम्मिलित था । लूसीफर विद्रोही हो गया और हमारी स्वतंत्रता का नाश करना चाहता था (देखें मूसा 4:3) । परिणामस्वरूप, लूसीफर और उसके सभी अनुयाइयों ने एक नश्वर शरीर प्राप्त करने के सौभाग्य को अस्वीकार कर दिया था । पृथ्वी पर आपकी उपस्थिति पुष्टि करती है कि स्वर्गीय पिता की योजना का अनुसरण करने के लिए आपने अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग किया था ।

नश्वरता में, आप स्वतंत्रता प्राप्त करना जारी रखते हैं । इस उपहार का आपका उपयोग इस जीवन में और आने वाले जीवन में सुख या दुख निर्धारित करता है । आप चुनाव और कार्य के लिए स्वतंत्र हैं, परन्तु आप अपनी कर्मों के परिणामों का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं । परिणाम शीघ्र नहीं आ सकते हैं, परन्तु वे सदैव आते हैं । अच्छाई और धार्मिकता के चुनाव सुख, शान्ति, और अनन्त जीवन

की तरफ ले जाते हैं जब कि पाप और बुराई के चुनाव अंततः अफसोस और दुख की तरफ ले जाते हैं ।

आप अपने निर्णय के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं । आपको अपनी परिस्थितियों, अपने परिवार, या अपने मित्रों पर दोष नहीं लगाना चाहिए यदि आप परमेश्वर की आज्ञाओं के प्रति अवज्ञा को चुनते हैं । आप महान सामर्थ के साथ परमेश्वर के एक बच्चे हैं । बेशक आपकी परिस्थियिां कुछ भी हों, आपके भीतर धार्मिकता और सुख को चुनने की क्षमता है ।

आप उन क्षमताओं और प्रतिभाओं के विकास के लिए भी जिम्मेदार हैं जिसे स्वर्गीय पिता ने आपको दिया है । आप अपनी क्षमताओं से जो करते हैं और जिस प्रकार आप अपने समय का उपयोग करते हैं उसके लिए आप उत्तरदायी हैं । व्यर्थ में आप अपने समय को न गवाएं । कठिन परिश्रम करने के लिए तैयार रहें । अपनी स्वयं की स्वतंत्र इच्छा से कई अच्छी चीजों का चुनाव करें ।

अतिरिक्त संदर्भः व्यवस्थाविवरण 11:26–28; 30:15–20; यहोशू 24:14–15; 2 नफी 2; इलामन 14:30–31; सि. और अनु. 58:26–28; 101:78

आज्ञाकारिता; उद्धार की योजना; प्रलोभन *भी देखें*

**मादक पेय** (*देखें* ज्ञान के शब्द)

## धर्मत्याग

जब कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का दल सुसमाचार के सिद्धान्तों से हट जाते हैं, वे धर्मत्याग की अवस्था में होते हैं ।

पूरे संसार के इतिहास में सामान्य धर्मत्याग का समय पाया गया है । धार्मिकता के समय के पश्चात, लोग अक्सर दुष्टता की तरफ गये हैं । एक उदाहरण है महान धर्मत्याग का, जो उद्धारकर्ता द्वारा उसके गिरजाघर की स्थापना के पश्चात हुआ था । उद्धारकर्ता और उसके प्रेरितों की मृत्यु के पश्चात, लोगों ने सुसमाचार के सिद्धान्तों को दूषित कर दिया था और गिरजाघर संस्था और पौरोहित्य धर्मविधियों में अनधिकृत बदलाव कर दिया था । इस व्यापक दुष्टता के कारण, प्रभु ने पृथ्वी से पौरोहित्य के अधिकार को वापस ले लिया था ।

महान धर्मत्याग के दौरान, लोगों को जीवित भविष्यवक्ताओं से ईश्वरीय निर्देश प्राप्त नहीं होता था । कई गिरजाघर स्थापित हुए थे, परन्तु उनके पास लोगों को पिता परमेश्वर और यीशु मसीह के सच्चे ज्ञान की तरफ ले जाने की पौरोहित्य

शक्ति नहीं थी । पवित्र धर्मशास्त्रों के कुछ भाग दूषित हो गए थे या खो गए थे, और किसी के पास भी पवित्र आत्मा के उपहार को प्रदान करने का या अन्य पौरोहित्य धर्मविधियों को करने का अधिकार नहीं था । यह धर्मत्याग तब तक चला था जब तक कि स्वर्गीय पिता और उसका प्रिय पुत्र 1820 में जोसफ स्मिथ को दिखाई नहीं दिये थे और सुसमाचार की परिपूर्णता की पुनःस्थापना को प्रारंभ नहीं किया था ।

इस वक्त हम एक ऐसे समय में रहते हैं जब यीशु मसीह का सुसमाचार पुनःस्थापित हो चुका है । परन्तु भूतकाल के गिरजाघर के प्रतिकूल, अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर सामान्य धर्मत्याग के अधिन नहीं होगा । धर्मशास्त्र सीखाते हैं कि गिरजाघर का फिर से कभी भी नाश नहीं होगा (देखें सि. और अनु. 138:44; दानिय्येल 2:44 भी देखें) ।

यद्यपि सच्चाई के विरूद्ध अब कोई दूसरा सामान्य धर्मत्याग नहीं होगा, हममें से प्रत्येक को व्यक्तिगत धर्मत्याग से बचना होगा । अपने अनुबन्धों का पालन कर, आज्ञाओं का पालन कर, गिरजाघर के मार्गदर्शकों का अनुसरण कर, प्रभुभोज में भाग ले कर, और नियमित धर्मशास्त्र अध्ययन, प्रार्थना और सेवा से अपनी गवाही को निरन्तर बल देकर आप स्वयं को व्यक्तिगत धर्मत्याग से सुरक्षित रख सकते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 24:5; आमोस 8:11–12; मत्ती 24:4–14; प्रेरितों के काम 20:28–30; 2 तीमुथियुस 3:1–5, 14–15; 4:3–4; 1 नफी 13:24–29; मॉरमन 1:13–14; सि. और अनु. 1:15–17; जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:17–19

गिरजाघर प्रशासन; पौरोहित्य; सुसमाचार की पुनःस्थापना *भी देखें*

**प्रेरित** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन; भविष्यवक्ता)

**क्षेत्रिय अधिकारी सत्तर** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

## विश्वास के अनुच्छेद

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्यों के बीच विश्वास के अनुच्छेद ने विश्वास की 13 मूल बातों की रूपरेखा को बनाया है । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने सर्वप्रथम इन्हें एक अखबार के संपादक, जॉन वेन्टवर्थ को एक पत्र में लिखा था जिसके जबाव में श्रीमान वेन्टवर्थ ने जानने की याचना की थी कि गिरजाघर के सदस्य किस पर विश्वास करते हैं । इसके पश्चात ये

गिरजाघर की पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए थे । अब इन्हें धर्मशास्त्र के रूप में जाना जाता है और इन्हें अनमोल मोती में सम्मिलित किया गया है ।

## यीशु मसीह का प्रायश्चित

शब्द प्रायश्चित का अर्थ है मेल-मिलाप करना, या फिर से समन्वय स्थापित करना । यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा, हम अपने स्वर्गीय पिता से मिल सकते हैं (देखें रोमियों 5:10–11; 2 नफी 25:23; याकूब 4:11) । यीशु मसीह के द्वारा परिपूर्ण बनाए जाने के पश्चात अंततः हम उसकी उपस्थिति में सदा के लिए रह सकते हैं (देखें सि. और अनु. 76:62, 69) ।

यीशु मसीह ''अपने लोगों को मुक्त करने के लिए सृष्टि के आरंभ से तैयार था'' (एथर 3:14) । नश्वरता के पहले जो आत्मा का संसार था उसमें, स्वर्गीय पिता ने उद्धार की अनन्त योजना को प्रस्तुत किया था, जिसमें असीम और अनन्त प्रायश्चित की आवश्यकता थी । नश्वरता के पहले का यीशु मसीह, तब यहोवा के नाम से जाना जाता था, ने विनम्र होकर घोषणा की थी कि योजना को पूरा करने में वह पिता की इच्छा को पूरा करेगा (देखें मूसा 4:2) । इस प्रकार प्रायश्चित—पृथ्वी पर आने, हमारे पापों का भुगतान करने, क्रूस पर मरने, और पुनरुत्थारित होने की उसकी नियुक्ति पहले से ही हो गई थी । ''वह जगत की उत्पत्ति के समय से घात हुआ था'' (प्रकाशितवाक्य 13:8; 1 पतरस 1:19–20; भी देखें मूसा 7:47) ।

प्रायश्चित, हमारे प्रति स्वर्गीय पिता के प्रेम की उच्चत्तम अभिव्यक्ति है (देखें यूहन्ना 3:16) । यह पिता के लिए और हमारे लिए भी उद्धारकर्ता की उच्चत्तम अभिव्यक्ति है (देखें यूहन्ना 14:28–31; 15:9–13; 1 यूहन्ना 3:16; सि. और अनु. 34:3; 138:1–4) ।

### प्रायश्चित के लिए हमारी आवश्यकता

आदम और हव्वा के वंशज होने के नाते, सभी लोग पतन के प्रभावों के पात्र हैं । हम सब आत्मिक मृत्यु का अनुभव करते हैं जो कि परमेश्वर की उपस्थिति से अलग होना है, और हम सब सांसारिक मृत्यु के अधीन हैं जो कि भौतिक शरीर की मृत्यु है (देखें अलमा 42:6–9; सि. और अनु. 29:41–42) ।

हमारी पतित की अवस्था में, हम विरोध और प्रलोभन के अधीन हैं । जब हम प्रलोभन में पड़ते हैं, हम अपने आपको परमेश्वर से दूर कर लेते हैं और उसकी महिमा को प्राप्त करने में असफल हो जाते हैं (देखें रोमियों 3:23) ।

अनन्त न्याय की माँग है कि पतन के प्रभाव वहीं रहते हैं और यह कि हम अपने गलत कार्यों के लिए दण्ड पाते हैं । बिना प्रायश्चित के, आत्मिक और सांसारिक मृत्यु हमारे और परमेश्वर के बीच में एक दुर्गम रोक लगा देती है । क्योंकि हम अपने आपको पतन से या अपने स्वयं के पापों से नहीं बचा सकते हैं, सदा के लिए हम अपने स्वर्गीय पिता से अलग हो जाएंगे, क्योंकि कोई भी अशुद्ध वस्तु उसकी उपस्थिति में नहीं रह सकती है (देखें मूसा 6:57) ।

बचने का हमारे पास एकमात्र तरीका है कि कोई और हमें बचाये । हमें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो न्याय की माँग को तृप्त कर सके—पतन के भार की कल्पना करने और हमारे पापों के भुगतान के प्रति हमारे स्थान पर खड़े होते हुए । इस प्रकार का बलिदान देने के लिए सदा से यीशु मसीह ही एकलौता सक्षम व्यक्ति रहा है ।

## यीशु मसीह, हमारी एकमात्र आशा

पृथ्वी की सृष्टि के पहले से, इस संसार में शान्ति के लिए और आने वाले जीवन में अनन्त जीवन के लिए उद्धारकर्ता ही हमारी एकमात्र आशा रहा है (देखें सि. और अनु. 59:23) ।

अपने प्राण देने और फिर से उसे लेने का सामर्थ केवल उसी के पास था । अपनी नश्वर माता मरियम से उसने मरने की क्षमता प्राप्त की थी । अपने अमर पिता से, उसने मृत्यु पर जीत हासिल करने की शक्ति प्राप्त की थी । उसने घोषित किया था, ''जिस रीति से पिता अपने आप में जीवन रखता है, उसी रीति से उस ने पुत्र को भी यह अधिकार दिया है'' (यूहन्ना 5:26) ।

केवल वही हमें हमारे पापों से मुक्ति दिला सकता है । पिता परमेश्वर ने उसे अपनी शक्ति दी है (देखें इलामन 5:11) । इस सामर्थ को प्राप्त करने में और प्रायश्चित का बोझ उठाने में उद्धारकर्ता सक्षम हुआ था क्योंकि उसने स्वयं को पाप से दूर रखा था । उसने प्रलोभनों को सहा था परन्तु उन पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया था (देखें सि. और अनु. 20:22) । एक परिपूर्ण, पापरहित जीवन जीते हुए, वह न्याय की मांगों से मुक्त था । क्योंकि उसके पास मुक्ति का सामर्थ था और क्योंकि उस पर न्याय के प्रति कोई ऋ ण नहीं था, वह उन लोगों के ऋ ण का भुगतान कर सकता था जो पश्चाताप करते हैं ।

वह पिता से अपने उत्पीड़न और मृत्यु का अवलोकन करने के लिए कह सकता था-उस व्यक्ति का उत्पीड़न और मृत्यु जिसने पाप न किया हो, जिससे पिता अत्याधिक प्रसन्न था । वह पिता से उस लहू का अवलोकन करने के लिए कह

सकता था जिसे उसने बहाया था-पुत्र के लहू का, जिसे पिता ने दिया था कि वह स्वयं महिमायुक्त हो सकता था ।

वह पिता से उन लोगों को छोड़ने के लिए कह सकता था जो उसके नाम में विश्वास करते हैं, ताकि वे उसके पास आ सकें और अनन्त जीवन पा सकें (देखें सि. और अनु. 45:4–5) ।

वास्तव में, ''सर्वशक्तिमान प्रभु यीशु मसीह के नाम को छोड़कर और कोई दूसरा नाम, रास्ता या मुक्ति नहीं है जिससे मानव वंश को मुक्ति प्राप्त हो सके'' (मुसायाह 3:17) ।

प्रायश्चित भरा बलिदान

यीशु का प्रायश्चित वाला बलिदान गतसमनी के बाग में और खोपड़ी के क्रूस पर हुआ था । गतसमनी में उसने पिता की इच्छा को पूरा किया था और अपने ऊपर सभी लोगों के पापों को लेना आरंभ कर दिया था । उसने अपने कुछ अनुभवों को प्रकट किया है जिसका उसने अनुभव किया था जब उसने हमारे पापों के प्रति भुगतान किया थाः

उसने कहा कि इन चीजों को उसने हमारे लिए सहा था ताकि हमें दुख न उठाना पड़े यदि हम पश्चाताप करते हैं ।

परन्तु यदि हम पश्चाताप नहीं करते हैं, हमें भी उसी के समान दुख सहना होगा,

यहां तक कि परमेश्वर भी जो हम सबसे महान है—पीड़ा के कारण, रोम-रोम से लहू निकलने के कारण, दोनों शरीर और आत्मा के सहने के कारण थरथराने पर, और यह पूछने पर मजबूर हो गया था कि काश उसे इस कड़वे प्याले को न पीना पड़े, और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था ।

फिर भी, उसने महिमा पिता को दी । उसने भाग लिया और हमारे प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया (देखें सि. और अनु. 19:16–19; लूका 22:44; भी देखें मुसायाह 3:7) ।

उद्धारकर्ता ने हमारे पापों के प्रति सहना जारी रखा था जब उसने स्वयं का क्रूसारोहण होने दिया था—''उसको क्रूस पर चढ़ाया गया और जगत के पापों के लिए उसकी हत्या कर दी गई'' (1 नफी 11:33) ।

क्रूस पर, उसने स्वयं को मरने की अनुमति दी थी । इसके पश्चात उसके शरीर को कब्र में तब तक रखा गया था जब तक कि उसका पुनरुत्थान नहीं हुआ और ''जो सो गए हैं उनमें पहिला फल'' हुआ (1 कुरिन्थियों 15:20) । अपनी मृत्यु और

पुनरुत्थान के द्वारा, हम सभी के लिए उसने शारीरिक मृत्यु पर विजय प्राप्त की । बाद में उसने कहाः

''मैं इस पृथ्वी पर अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए आया था, क्योंकि पिता ने मुझको भेजा था ।

''और पिता ने मुझे इसलिए भेजा कि मैं क्रूस पर उठाया जाऊँ; और उसके पश्चात मैं क्रूस पर इसलिए उठाया गया कि जिससे सब मनुष्यों को अपनी ओर आकर्षित कर सकूँ, और जिस तरह मैं लोगों के द्वारा ऊपर उठाया गया, उसी तरह अपने भले या बुरे कर्मों का न्याय पाने के लिए मनुष्य पिता द्वारा मेरे सामने खड़े करने के लिए ऊपर उठाये जाएंगे—

''और इसी कारण मैं ऊपर उठाया गया; इसलिए पिता की शक्ति के अनुसार मैं सभी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करूँगा, जिससे कि उनके कर्मों के अनुसार उनका न्याय हो ।

''और ऐसा हुआ कि जो भी कोई पश्चाताप करेगा और मेरे नाम पर बपतिस्मा लेगा वह परिपूर्ण होगा; और अगर वह अन्त तक सहनशील बना रहेगा; तब जिस दिन मैं जगत का न्याय करने के लिए खड़ा होऊँगा, उस दिन मैं पिता के समक्ष उसे निर्दोष मानूँगा'' (3 नफी 27:13–16) ।

## पतन से विश्वव्यापी छुटकारा

प्रायश्चित के द्वारा, यीशु मसीह सभी लोगों को पतन के प्रभावों से मुक्ति दिलाता है । वे सभी लोग जो कभी भी इस पृथ्वी पर जीये हों और जो कभी भी इस पृथ्वी पर जीएंगे वे पुनरुत्थारित होंगे और न्याय के लिए वापस परमेश्वर की उपस्थिति में लाये जाएंगे (देखें 2 नफी 2:5–10; इलामन 14:15–17) । उद्धारकर्ता की दया और मुक्ति देने वाले अनुग्रह के उपहार के द्वारा, हम सभी अमरत्व के उपहार को प्राप्त करेंगे और सदा के लिए महिमापूर्ण, पुनरुत्थारित शरीरों में रहेंगे ।

## हमारे पापों से उद्धार

यद्यपि पतन के विश्वव्यापी प्रभावों से हम बिना शर्त मुक्ति प्राप्त करते हैं फिर भी हम अपने स्वयं के पापों के प्रति उत्तरदायी हैं । परन्तु पाप के कलंक को क्षमा किया जा सकता है और उसे मिटाया जा सकता है यदि ''हम मसीह के प्रायश्चित के रक्त को लगाएं'' (मुसायाह 4:2) । हमें यीशु मसीह में विश्वास बढ़ाना होगा, पश्चाताप करना होगा, पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा लेना होगा, और पवित्र आत्मा के उपहार को प्राप्त करना होगा । अलमा ने सलाह दी थीः

''तुम्हें पश्चाताप करना चाहिए और दुबारा जन्म लेना चाहिए क्योंकि आत्मा के लिए कहा गया है कि यदि तुम दुबारा जन्म नहीं लेते तब तुम स्वर्ग के राज्य में प्रवेश नहीं कर सकते; इसलिए आओ और पश्चाताप में बपतिस्मा ग्रहण करो, जिससे कि तुम फिर अपने पापों से मुक्त किए जा सको और तुम परमेश्वर के उस मेम्ने पर विश्वास कर सको जो कि जगत के पापों को ले लेता है और जो कि सभी अधर्मों से शुद्ध करने और बचाने में बहुत ही शक्तिशाली है'' (अलमा 7:14) ।

अनन्त जीवन का उपहार

उद्धारकर्ता ने घोषित किया है कि परमेश्वर के सभी उपहारों में से अनन्त जीवन उच्चत्तम उपहार है (देखें सि. और अनु. 14:7) । अनन्त जीवन प्राप्त करना परमेश्वर की उपस्थिति में रहने के योग्य बनना है, सलेस्टियल राज्य की उच्चत्तम अवस्था में एक स्थान का उत्तराधिकारी होते हुए । यह उपहार केवल यीशु मसीह के प्रायश्चित द्वारा ही उपलब्ध है । मॉरमन ने कहा थाः ''वह कौन सी वस्तु है जिसकी आशा तुम्हें करनी चाहिए ? सुनो, मैं तुमसे कहता हूं कि मसीह के प्रायश्चित और पुनः जीवित किए जाने की उसकी शक्ति के द्वारा अनन्त जीवन के लिए उठाए जाने की आशा तुम कर सकते हो, और यह उसके दिए वचन से, उसमें तुम्हारे विश्वास के कारण होगा'' (मरोनी 7:41) ।

इस उपहार को प्राप्त करने के लिए हमें कुछ शर्तों को मानना होगा । हमें यीशु मसीह में विश्वास को बढ़ाना होगा, अपने पापों का पश्चाताप करना होगा, और अन्त तक विश्वासी बने रहना होगा । हमें उद्धार की धर्मविधियोंः बपतिस्मा, पवित्र आत्मा का उपहार, मलकिसिदक पौरोहित्य की नियुक्ति (पुरुषों के लिए), और मन्दिर इंडोवमेन्ट और विवाह की मुहरबन्दी को प्राप्त करना होगा । इन धर्मविधियों को प्राप्त करने के द्वारा और संयुक्त अनुबन्धों को मानने के द्वारा, हम मसीह के पास आते हैं और अंततः अनन्त जीवन का उपहार प्राप्त करते हैं (देखें विश्वास के अनुच्छेद 1:3) ।

अपने असीम न्याय और दया में, प्रभु उन लोगों को भी अनन्त जीवन देता है जिनकी मृत्यु सुसमाचार के विषय में जाने बिना ही हो गई है परन्तु वे जान सकते थे यदि उन्हें जीने की अनुमति दी गई होती और उन सब बच्चों को अनन्त जीवन देता है जिनकी मृत्यु उत्तरदायी ठहराए जाने के पहले ही हो गई (देखें सि. और अनु. 137:7, 10) ।

उद्धारकर्ता हम सभी को अनन्त जीवन प्राप्त करने का निमंत्रण देता हैः ''उसने सभी मनुष्यों को निमंत्रण भेजा है क्योंकि दया का हाथ उनकी ओर फैलाया

गया है, और वह कहता हैः पश्चाताप करो और मैं तुम्हें स्वीकार करूँगा । हां वह कहता हैः मेरे पास आओ, और जीवन के वृक्ष के फल खाने में भाग लो; हां, तुम स्वतंत्रता के साथ जीवन की रोटी और जल खाओगे और पीओगे'' (अलमा 5:33–34) ।

प्रायश्चित के द्वारा शान्ति और चंगाई पाना

उद्धारकर्ता के प्रायश्चित की आशीषें अनन्तता में चलती रहती हैं, परन्तु वे इस जीवन में भी आती हैं । जब आप मसीह के पास आते हैं, आप प्रभु के समक्ष स्वच्छ खड़े होने के आनन्द को जान जाएंगे । आप अलमा के शब्दों को कहने में समर्थ होंगे, जिसने कि अत्याधिक पाप और विरोध के पश्चात, पश्चाताप की पीड़ा के साथ-साथ उसकी चंगाई की प्रक्रिया का अनुभव किया था । जब उसे क्षमा कर दिया गया था तब उसने गवाही दी थीः

''और जब मैंने यह सोचा तब मुझे अपनी वेदनाओं का और स्मरण न रहा; हां मैं अपने पापों की स्मृति से और पीड़ित नहीं हुआ ।

''और ओह! क्या आनन्द, और क्या ही श्रेष्ठ प्रकाश मैंने देखा! हां, जितनी अधिक मेरी आत्मा दुःख से भरी हुई थी, उतनी ही आनन्द से भर उठी ।

''. . .मेरी पीड़ी की तरह अति दुःखदायी और कड़वी बात और कुछ नहीं हो सकती . . . । और दूसरी ओर मेरे आनन्द की तरह अति उत्तम और मीठी बात कुछ और नहीं हो सकती'' (अलमा 36:19–21) ।

पाप के कष्ट से मुक्ति दिलाने के अतिरिक्त, उद्धारकर्ता कष्ट के समय में शान्ति प्रदान करता है । अपनी प्रायश्चित के भाग के रूप में, लोगों की पीड़ा, बीमारी, और दुबर्लताओं को यीशु ने स्वयं अपने ऊपर ले लिया था (देखें अलमा 7:11–12) । वह आपके उत्पीड़न को समझता है क्योंकि उसने स्वयं इसका अनुभव किया है । इस परिपूर्ण समझ के साथ, वह जानता है कि आपकी सहायता कैसे करनी है । ''तुम अपनी सारी चिन्ता उसी पर डाल दो, क्योंकि उसको तुम्हारा ध्यान है'' (1 पतरस 5:7) ।

आपके विश्वास और धार्मिकता के द्वारा और उसके प्रायश्चित वाले बलिदान के द्वारा, इस जीवन के सारे अन्याय, चोट, और पीड़ा की क्षतिपूर्ति की जा सकती है उसे सही किया जा सकता है । जो आशीषें इस जीवन में नहीं मिलती हैं उन्हें अनन्तता में दिया जाएगा । और यद्यपि वह अभी आपके सभी उत्पीड़न को कम नहीं कर सकता है, आराम और समझ और बल के साथ वह आपको आशीषित करेगा ताकि आप ''अपने बोझों को सरलता के साथ उठा सकें'' (मुसायाह 24:15) ।

''हे सब परिश्रम करनेवालों और बोझ से दबे हुए लोगों, मेरे पास आओ; मैं तुम्हें विश्राम दूँगा'' (मत्ती 11:28) । अन्य अवसर पर यह कहते हुए उसने अपनी शान्ति की प्रतिज्ञा फिर से की, ''संसार में तुम्हें क्लेश होता है, परन्तु ढाढ़स बांधो, मैंने संसार को जीत लिया है'' (यूहन्ना 16:33) । यही प्रायश्चित की प्रतिज्ञाएं हैं, इस जीवन में और अनन्तता में ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 49:13–16; 53; मत्ती 26–28; मरकुस 14–16; लूका 22–24; यूहन्ना 10:14–15; 11:25–26; 14:6; 15:13; 19–20; 1 कुरिन्थियों 15:20–22; इब्रानियों 4:14–16; 1 यूहन्ना 1:7; 1 नफी 10:6; 2 नफी 2:1–10; 9; 25:23–26; याकूब 4:12; मुसायाह 3:1–19; अलमा 22:14; 34:5–18; 42; इलामन 5:9–12; 14:13–19; 3 नफी 9:14–22; 27:13–22; मॉरमन 9:10–14; एथर 12:27, 41; मरोनी 8:5–26; 10:32–33; सि. और अनु. 18:10–12; 19:15–24; 20:17–34; 45:3–5; 76:40–43; मूसा 1:39

बपतिस्मा; मृत्यु, शारीरिक; मृत्यु, आत्मिक; अनन्त जीवन; विश्वास; पतन; क्षमादान; पिता परमेश्वर; सुसमाचार; न्याय; महिमा के राज्य; दया; धर्मविधियाँ; उद्धार की योजना; पश्चाताप; पुनरुत्थान; उद्धार *भी देखें*

## बपतिस्मा

मॉरमन की पुस्तक लोगों के एक दल के विषय में बताती है जिन्होंने सुसमाचार को जाना था और उस स्थान पर बपतिस्मा लिया था जिसे मॉरमन कहते हैं । अपने बपतिस्मा के समय से, उन्होंने मॉरमन को सौंदर्य का एक स्थान मान लिया क्योंकि जब वे वहां थे तब उन्होंने ''अपने मुक्तिदाता को जाना था'' (मुसायाह 18:30) । अपनी गवाहियों और अपने बपतिस्मा के अनुबन्धों के द्वारा मजबूत होते हुए, वे प्रभु के प्रति विश्वासी रहे थे, अत्याधिक कष्टदायक परिस्थितियों में भी (देखें मुसायाह 23–24) ।

जिस प्रकार मॉरमन की पुस्तक के लोग बताते हैं, आप भी आनन्दित हो सकते हैं जब आप अपने बपतिस्मा के अनुबन्ध और आपके प्रति प्रभु के वादे को याद करें । आपको बपतिस्मा की धर्मविधि में बल प्राप्त हो सकता है, चाहे आपका बपतिस्मा हाल ही में हुआ हो या कई वर्ष पहले ।

## अनन्त जीवन के मार्ग में प्रवेश करना

बपतिस्मा सुसमाचार की पहली बचाने वाली धर्मविधि है (देखें विश्वास के अनुच्छेद 1:4) । पौरोहित्य अधिकारी द्वारा बपतिस्मा और पुष्टिकरण के द्वारा आप अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य बनते हैं ।

जब आपका बपतिस्मा हुआ था तब आपने उद्धारकर्ता के उदाहरण का अनुसरण करने की अपनी इच्छा को व्यक्त किया था । पापरहित होते हुए स्वयं उसका भी बपतिस्मा हुआ था । जैसा उसने यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को समझाया था, ''सब धार्मिकता को पूरा'' करने के लिए उसे बपतिस्मा लेने की आवश्यकता थी (देखें मत्ती 3:13–17) ।

वे सभी लोग जो अनन्त जीवन पाना चाहते हैं उन्हें बपतिस्मा और पवित्र आत्मा के उपहार को प्राप्त करने के द्वारा उद्धारकर्ता के उदाहरण का अनुसरण करना होगा । भविष्यवक्ता नफी ने कहा था कि उद्धारकर्ता ने हमें ''उस द्वार को दिखाया जिससे आपको अन्दर प्रवेश करना है । वह है अपने पापों का पश्चाताप और पानी द्वारा बपतिस्मा लेना; और तब आता है अग्नि और पवित्र आत्मा द्वारा पापों का क्षमा किया जाना । और तब आप उस संकरे रास्ते पर चलोगे जो आपको अनन्त जीवन तक ले जाएगा'' (2 नफी 31:17–18) । हम अनन्त जीवन प्राप्त करेंगे यदि अपने अनुबन्धों को मानते हुए और उद्धार की अन्य धर्मविधियों को प्राप्त करते हुए अन्त तक सहनशील बने रहेंगे ।

## प्रभु द्वारा बताए तरीके से बपतिस्मा लेना

उद्धारकर्ता ने भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को बपतिस्मा की सच्ची प्रक्रिया को दिखाया था, स्पष्ट करते हुए कि यह धर्मविधि किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा होनी चाहिए जिसके पास पौरोहित्य अधिकार हो और इसे डूबाकर किया जाना चाहिए:

उसने कहा कि एक व्यक्ति जिसे परमेश्वर की बुलाहट प्राप्त हो और जिसके पास बपतिस्मा देने के लिए यीशु मसीह का अधिकार हो वह उस व्यक्ति के साथ पानी में जाता है जिसने स्वयं को बपतिस्मा के लिए प्रस्तुत किया है और उसे उसके नाम से बुलाने के द्वारा कहता है, ''यीशु मसीह के अधिकार से, मैं तुम्हें पिता, और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा देता हूं । आमीन ।''

तब पौरोहित्य धारक उस व्यक्ति को पानी में डूबोता है और फिर से उसे पानी के बाहर निकालता है (देखें सि. और अनु. 20:73–74) ।

पानी में डूबकर फिर से बाहर आना एक व्यक्ति के पापपूर्ण जीवन की मृत्यु का और आत्मिक जीवन में फिर से जन्म लेने का चिन्ह है, परमेश्वर और उसके बच्चों के प्रति सेवा को समर्पित करते हुए । यह मृत्यु और पुनरुत्थान का भी प्रतीक है (देखें रोमियों 6:3–6) ।

## छोटे बच्चे और बपतिस्मा

अन्तिम-दिनों के प्रकटीकरण से हम जानते हैं कि छोटे बच्चे यीशु मसीह की दया के पात्र हैं और मुक्ति प्राप्त कर चुके हैं । प्रभु ने कहा था कि छोटे बच्चे पाप नहीं कर सकते, क्योंकि छोटे बच्चों को प्रलोभन में डालने की शक्ति शैतान को तब तक के लिए नहीं दी गई है जब तक कि वे प्रभु के समक्ष उत्तरदायी ठहराये जाने की उम्र के न हो जाएं (देखें सि. और अनु. 29:46–47) । उनका बपतिस्मा तब तक नहीं होता है जब तक कि वे उत्तरदायी ठहराये जाने की उम्र के न हो जाएं, जिसे प्रभु ने आठ वर्ष की आयु प्रकट किया है (देखें सि. और अनु. 68:27; जोसफ स्मिथ अनुवाद, उत्पत्ति 17:11) । जो कहते हैं कि छोटे बच्चों को बपतिस्मा लेने की आवश्यकता है ''वे उन्हें मसीह की दया से वंचित रखना चाहते हैं और उसके प्रायश्चित, और मुक्ति देने की उसकी शक्ति को कोई महत्व नहीं देते हैं'' (मरोनी 8:20; आयत 8–19, 21–24 भी देखें) ।

## आपके बपतिस्मा का अनुबन्ध

जब आपका बपतिस्मा हुआ था, आपने परमेश्वर के साथ एक अनुबन्ध में प्रवेश किया था । आपने अपने ऊपर मसीह के नाम को ग्रहण करने की, उसकी आज्ञाओं को मानने की, और अन्त तक उसकी सेवा करने की प्रतिज्ञा की थी (देखें मुसायाह 18:8–10; सि. और अनु. 20:37) । हर बार जब आप प्रभुभोज लेते हैं तब आप इस अनुबन्ध का नवीनीकरण करते हैं (देखें सि. और अनु. 20:77, 79) ।

*अपने ऊपर यीशु मसीह के नाम को ग्रहण करना ।* जब आप अपने ऊपर यीशु मसीह के नाम को ग्रहण करते हैं, आप पाते हैं कि आप उसके हो गए हैं । आप उसे और उसके कार्य को जीवन में प्रथम स्थान देते हैं । आप उस चीज को खोजते हैं जिसे वह चाहता है न कि जिसे आप चाहते हैं या जिसे संसार आपको सीखाता है कि आप चाहें ।

मॉरमन की पुस्तक में राजा बिन्यामीन समझाता है कि क्यों अपने ऊपर उद्धारकर्ता के नाम को ग्रहण करना महत्वपूर्ण है:

''दूसरा और कोई नाम नहीं है, जिसके द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सके; इसी कारण मैं चाहता हूं कि तुम सब मसीह के नाम को ग्रहण करो, जिन्होंने परमेश्वर के साथ अनुबन्ध किया है कि अपने जीवन के अन्त तक उसके आज्ञाकारी बने रहेंगे ।

''और ऐसा होगा कि जो कोई ऐसा करेगा वह अपने आपको परमेश्वर के दाहिने हाथ की ओर ले जाएगा, क्योंकि वह जान लेगा कि किस नाम से उसे पुकारा जाता है; और वह नाम मसीह का नाम होगा ।

''और ऐसा होगा कि जो कोई मसीह का नाम नहीं अपनाएगा, उसे किसी अन्य नाम से पुकारा जाएगा; इस कारण वह अपने आपको परमेश्वर के बायीं ओर पाएगा'' (मुसायाह 5:8–10) ।

*आज्ञाओं को मानना ।* बपतिस्मा का आपका अनुबन्ध परमेश्वर के राज्य में आने की समर्पणता है, संसार से अपने आपको अलग करते हुए और ''सदैव सभी बातों में चाहे जहां भी हों'' परमेश्वर की एक साक्षी के रूप में खड़े होते हुए (मुसायाह 18:9) । परमेश्वर की एक साक्षी के रूप में खड़े होने के आपके प्रयत्न में वह सब शामिल है जिसे आप करते और कहते हैं । प्रभु की आज्ञाओं को सदैव याद रखने और उन्हें मानने का प्रयास करें । अपनी भाषा, अपने विचार और कार्यों को शुद्ध रखें । जब आप मनोरंजन का प्रयास करते हैं जैसे कि फिल्म, टेलिविजन, इंटरनेट, संगीत, किताब, पत्रिका, और अखबार, केवल उन्हीं चीजों को देखें, सुनें, और पढ़ें जो नैतिक, बुद्धि, और आत्मिक तौर पर आपको लाभ पहुँचाये । शालीन कपड़े पहनें । ऐसे मित्रों का चुनाव करें जो अनन्त लक्ष्य प्राप्त करने में आपको प्रोत्साहन दें । अनैतिकता, अश्लील साहित्य, जुआ, तम्बाकू, शराब, और मादक पदार्थों से दूर रहें । अपने आपको मन्दिर में प्रवेश के योग्य बनाएं ।

*प्रभु की सेवा करना ।* अपने आपको संसार की चीजों से अलग रखने की आज्ञा का अर्थ यह नहीं है कि आप अपने आपको दूसरों से अलग रखें । बपतिस्मा के अनुबन्ध का हिस्सा प्रभु की सेवा करना भी है, और आप उसकी सेवा उत्तमता से तब करते हैं जब आप अपने संगी-साथियों की सेवा करते हैं । जब भविष्यवक्ता अलमा ने बपतिस्मा के अनुबन्ध के विषय में सीखाया था तब उसने कहा था कि हमें ''एक दूसरे के बोझ को ढोने में सहायता करनी चाहिए जिससे वे हल्के हो जाएं'' और ''जो दुःख से रोते हैं उनके दुःख से दुखी होने को तैयार होना चाहिए . . .और जिनको सांत्वना की आवश्यकता है उन्हें आश्वासन देना चाहिए'' (मुसायाह 18:8–9) । यीशु मसीह के उदाहरण का अनुसरण करते हुए, दूसरों के प्रति अपने व्यवहार में, उदार और सम्मानपूर्वक रहें ।

बपतिस्मा की प्रतिज्ञा की हुई आशीषें

जब आप उस अनुबन्ध को रखते हैं जिसे आपने बपतिस्मा पर बनाया था, प्रभु आपकी विश्वसनीयता के लिए आपको आशीषित करेगा । कुछ आशीषें जिसे आप प्राप्त करते हैं वे निरन्तर पवित्र आत्मा, आपके पापों की क्षमा, और आत्मिक रूप से पुनः जन्म लेने के सुअवसर के साथ होती हैं ।

*पवित्र आत्मा का निरन्तर साथ ।* आपके बपतिस्मा के पश्चात, एक या एक से अधिक मलकिसिदक पौरोहित्य धारकों ने अपने हाथों को आपके सिर पर रखा था और आपको पवित्र आत्मा का उपहार दिया था । यह उपहार आपको तब तक पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ का अधिकार देता है जब तक कि आप योग्य होते हैं । आत्मा का निरन्तर साथ एक महानत्तम आशीष है जिसे आप नश्वरता में प्राप्त कर सकते हैं । धार्मिकता और शान्ति के मार्ग में आत्मा आपका मार्गदर्शन करेगी, आपको अनन्त जीवन के तरफ ले जाते हुए ।

*पापों की क्षमा ।* क्योंकि आपका बपतिस्मा हो चुका है, आप अपने पापों के लिए क्षमा प्राप्त कर सकते हैं । दूसरे शब्दों में, उद्धारकर्ता की दया के द्वारा आपको क्षमादान मिल सकता है । इस आशीष के साथ, अंततः आपको स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में रहने की अनुमति मिल सकती है ।

अपने पापों के प्रति क्षमा प्राप्ति के लिए, आपको यीशु मसीह में विश्वास बढ़ाना होगा, सच्चा पश्चातापी बनना होगा, और सदैव आज्ञाओं को मानने का प्रयास करना होगा । भविष्यवक्ता मॉरमन ने सीखाया था, ''पश्चाताप का प्रथम फल बपतिस्मा है; और वह आज्ञाओं को पूरा करने के लिए विश्वास से आता है; और आज्ञाओं को पूरा करना पापों की क्षमा को लाता है'' (मरोनी 8:25) । आपने ''अपने पापों की क्षमा प्राप्त की'' जब आपने परमेश्वर के समक्ष स्वयं को विनम्र बनाना जारी रखा, हमेशा प्रार्थना में उसे पुकारा, विश्वास में दृढ़ बने रहे, और जरूरतमन्दों की सेवा की'' (देखें मुसायाह 4:11–12, 26)) ।

*फिर से जन्म लेना ।* बपतिस्मा और पुष्टिकरण की धर्मविधियों के द्वारा, आपका एक नये जीवन में फिर से जन्म हुआ था । उद्धारकर्ता ने नीकुदेमुस से कहा, ''जब तक कोई मनुष्य जल और आत्मा से न जन्मे तो वह परमेश्वर के राज्य में प्रवेश नहीं कर सकता'' (यूहन्ना 3:5) । बिल्कुल वैसे ही जैसे एक शिशु जन्म के समय नये अस्तित्व में प्रवेश करता है, आपने एक नया जीवन आरंभ किया था जब बपतिस्मा के अनुबन्धों में प्रवेश किया था । बपतिस्मा के अनुबन्धों को मानने, अपने अनुबन्धों के नवीनीकरण के प्रति प्रभुभोज लेने, और अपने पापों का पश्चाताप

करने के द्वारा आत्मिक रूप से आपका विकास हो सकता है और आप उद्धारकर्ता के समान बन सकते हैं । प्रेरित पौलुस ने सीखाया था कि जब हमारा बपतिस्मा हो चुका है, हमें ''नये जीवन की सी चाल चलनी चाहिए'' (रोमियों 6:4) ।

अन्त तक सहनशील बने रहना

अब जब कि आपका बपतिस्मा हो चुका है और आपने पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त कर लिया है, आपको धार्मिकता में आगे बढ़ना होगा, क्योंकि ये धर्मविधियों स्वर्गीय पिता के साथ रहने के लिए वापस जाने की आपकी यात्रा के आरंभ को केवल चिन्हित करती हैं । भविष्यवक्ता नफी ने सीखाया थाः

''अब मेरे भाइयों इस सीधे संकरे रास्ते पर चले जाने से, मैं पूछता हूं कि क्या सब कुछ किया जा चुका है ? सुनोः मैं तुमसे कहता हूं कि नहीं, क्योंकि तुम केवल मसीह के वचन अनुसार और उस पर अपने दृढ़ विश्वास के सहारे, उसके बचाने के महान सामर्थ्य पर आश्रित होकर ही वहां तक पहुँचे हो ।

''इस कारण तुम मसीह में दृढ़ विश्वास रखते हुए आशा की अखण्ड ज्योति में और परमेश्वर और सभी मनुष्यों से प्रेम रखते हुए, सदैव आगे बढ़ते चलो । इसलिए अगर तुम आगे बढ़ते रहे, मसीह की वाणी का प्याला पीते रहे, और अन्त तक सहनशील बने रहे, तब सुनो, पिता इस प्रकार कह रहा हैः तुम्हें अनन्त जीवन मिलेगा'' (2 नफी 31:19–20) ।

अतिरिक्त संदर्भः प्रेरितों के काम 2:37–38; 2 नफी 31:4–13; अलमा 7:14–16; 3 नफी 11:18–41; 27:13–22; सि. और अनु. 39:5–6, 10; 76:50–53

विश्वास; पवित्र आत्मा; आज्ञाकारिता; पौरोहित्य; पश्चाताप; प्रभुभोज *भी देखें*

**बाइबिल** (देखें धर्मशास्त्र)

## जन्म नियंत्रण

जब विवाहित जोड़े शारीरिक तौर पर समर्थ होते हैं, उनके पास स्वर्गीय पिता के आत्मा के बच्चों के लिए नश्वर शरीर प्रदान करने का सुअवसर होता है । प्रसन्नता की महान योजना में वे भाग लेते हैं, जो परमेश्वर के बच्चों को शारीरिक शरीर प्राप्त करने की और नश्वरता का अनुभव करने की अनुमति देती है ।

यदि आप विवाहित हैं, आपको और आपकी पत्नी/आपके पति को संसार में बच्चों को लाने और धार्मिकता में उनके पालन-पोषण की पवित्र जिम्मेदारी पर चर्चा करनी चाहिए । जब आप ऐसा करते/करती हैं, पवित्रता और जीवन के अर्थ पर विचार करें । उस आनन्द पर मनन करें जो तब आता है जब घर में बच्चे होते हैं । उन अनन्त आशीषों पर विचार करें जो धार्मिक वंशजों के होने से आती हैं । इन नियमों की गवाही के साथ, आप और आपकी पत्नी/आपके पति प्रार्थनापूर्वक निश्चय करने के लिए तैयार होंगे कि कितने बच्चे होने चाहिए और कब होने चाहिए । इस प्रकार के निर्णय आप दोनों और प्रभु के बीच होते हैं ।

जब आप इस पवित्र मामले पर चर्चा करें, याद रखें कि विवाह के अंतर्गत किया गया यौन संबंध ईश्वरीय रूप से अनुमोदित है । जहां इन संबंधों का एक उद्देश्य परमेश्वर के बच्चों के लिए शारीरिक शरीरों को उपलब्ध कराना है, वहीं पर दूसरा उद्देश्य एक दूसरे के प्रति प्रेम व्यक्त करना है—ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता, सोच-विचार, और सामान्य उद्देश्य में पति और पत्नी को एक साथ रखने के लिए ।

**धर्माध्यक्ष** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

## शरीर छिदवाना

चिकित्सा प्रयोजनों के अलावा शरीर छिदवाने को अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ता पूरी तरह से नापसन्द करते हैं । यदि लड़कियां या स्त्रियां अपने कानों को छिदवाना चाहती हैं, उन्हें केवल एक जोड़ी शालीन बालियों को पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

वे जो इस सलाह की अवहेलना करते हैं, स्वयं के प्रति और परमेश्वर के प्रति आदर व्यक्त करने में कमी लाते हैं । किसी दिन वे अपने निर्णय पर अफसोस करेंगे ।

प्रेरित पौलुस ने हमारे शरीर के महत्व को और जानबूझकर उन्हें दूषित करने के खतरों को बताया थाः ''क्या तुम नहीं जानते, कि तुम परमेश्वर का मन्दिर हो, और परमेश्वर की आत्मा तुममें वास करती है ? यदि कोई परमेश्वर के मन्दिर को नाश करेगा तो परमेश्वर उसे नाश करेगा; क्योंकि परमेश्वर का मन्दिर पवित्र है, और वह तुम हो'' (1 कुरिन्थियों 3:16–17) ।

शालीनता; गोदना *भी देखें*

**मॉरमन की पुस्तक** (*देखें* धर्मशास्त्र)

**फिर से जन्म लेना** (*देखें* बपतिस्मा; परिवर्तन; उद्धार)

**सलेस्टियल राज्य** (*देखें* महिमा के राज्य)

## उदारता

उदारता ''मसीह का सच्चा प्रेम'', या ''अनन्त जीवन'' है (मरोनी 7:47; 8:17) । भविष्यवक्ता मॉरमन ने सीखाया थाः ''उदारता का प्रभाव लम्बा और दयालु होता है और द्वेष रहित होता है, अहंकार में फूलता नहीं है, स्वार्थ रहित होता है, आसानी से क्रोधित नहीं होता, बुरा नहीं सोचता, पापों से आनन्द नहीं मनाता परन्तु सच्चाई में आनन्दित होता है, सभी कष्टों को सहते हुए सभी सत्य बातों पर विश्वास करता है, सभी बातों में आशा करते हुए सभी बातों में सहनशील बना रहता है'' (मरोनी 7:45; 1 कुरिन्थियों 13:4–7 भी देखें) ।

यीशु मसीह उदारता का एक परिपूर्ण उदाहरण है । अपनी नश्वर सेवकाई में, वह हमेशा ''भलाई करता रहा'', सुसमाचार की शिक्षा देता रहा और गरीबों, दुखियों, और व्यथित लोगों के प्रति स्नेहपूर्ण करूणा दिखाता रहा (देखें मत्ती 4:23; मरकुस 6:6; प्रेरितों के काम 10:38) । उदारता की उसकी उच्चत्तम अभिव्यक्ति थी उसका असीम प्रायश्चित । उसने कहा था, ''इस से बड़ा प्रेम किसी का नहीं, कि कोई अपने मित्रों के लिए अपना प्राण दे'' (यूहन्ना 15:13) । यह उत्पीड़न, दयालुता, और निःस्वार्थ का एक ऐसा महान काम था जिसे हम सदा याद रखेंगे । उद्धारकर्ता के अन्तहिन प्रेम की समझ के साथ, आप विश्वास बढ़ा सकते हैं और अपने पापों का पश्चाताप कर सकते हैं, आश्वस्त हो सकते हैं कि वह आपको क्षमा करेगा और सुसमाचार जीने के आपके प्रयासों में आपको बल देगा ।

उद्धारकर्ता चाहता है कि आप उसके प्रेम को प्राप्त करें, और वह यह भी चाहता है कि आप इसे दूसरों के साथ बांटें । उसने अपने शिष्यों को घोषित किया था, ''मैं तुम्हें एक नई आज्ञा देता हूं, कि एक दूसरे से प्रेम रखोः जैसा मैंने तुम से प्रेम रखा है, वैसा ही तुम भी एक दूसरे से प्रेम रखो । यदि आपस में प्रेम रखोगे तो इसी से सब जानेंगे, कि तुम मेरे चेले हो'' (यूहन्ना 13:34–35) । पारिवारिक सदस्यों और दूसरों के साथ आपके संबंधों में, अपने उदाहरण के रूप में उद्धारकर्ता की तरफ देखें । निरंतर करूणा, धैर्य, और दया के साथ वैसा ही प्रेम देने का प्रयास करें जैसा उसने दिया है ।

जैसे-जैसे उद्धारकर्ता के परिपूर्ण प्रेम को प्राप्त करना आप जारी रखते हैं, जब दूसरों के प्रति मसीह के समान प्रेम का प्रदर्शन करते हैं, तब आप पायेंगे कि आपका प्रेम बढ़ रहा है । आप प्रभु की सेवा में होने का आनन्द अनुभव करेंगे । पवित्र आत्मा आपका निरन्तर साथी होगा, आपकी सेवा और दूसरों के साथ आपके संबंधों में मार्गदर्शन करते हुए । न्याय के दिन प्रभु से मिलने के लिए आप तैयार होंगे, जब वह आपको उसके कार्य के प्रति आपकी समर्पणता के अनुसार पुरस्कार देगा । मॉरमन ने सीखाया थाः

''इसलिए मेरे प्रिय बन्धुओं, अगर तुम्हारे पास उदारता नहीं है तब तुम कुछ भी नहीं हो, क्योंकि उदारता कभी असफल नहीं होती । इसलिए उदारता को अपनाओ जो कि सबसे बढ़कर है क्योंकि अन्य बातें असफल होंगी—

''परन्तु उदारता मसीह का सच्चा प्रेम और चिरस्थाई है; और यह अन्तिम दिन को जिसके पास मिलेगा, उसका भला होगा ।

''इसलिए मेरे प्रिय बन्धुओं, अपने हृदय की संपूर्ण शक्ति के द्वारा इस प्रेम से परिपूर्ण होने के लिए पिता से प्रार्थना करो जिसे कि उसने उन लोगों को देन में दिया है जो कि उसके पुत्र के सच्चे अनुगामी हैं; जिससे कि जब वह प्रकट होगा तब हम भी उसी के समान होंगे क्योंकि हम उसका वास्तविक रूप देख सकेंगे; जिससे कि हमें यह आशा प्राप्त होगी और हम उसी प्रकार निर्मल किये जाएंगे, जैसा कि वह स्वयं निर्मल है'' (मरोनी 7:46–48) ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 25:31–46; 1 यूहन्ना 4:18; एथर 12:33–34; सि. और अनु. 12:8; 34:3; 121:45

प्रेम; सेवा *भी देखें*

## शुद्धता

शुद्धता एक यौन शुद्धता है, एक परिस्थिति जो ''परमेश्वर को प्रिय'' है (याकूब 2:7) । शुद्ध रहने के लिए, आपको अपने विचारों, शब्दों, और कार्यों में नैतिक रूप से शुद्धता लानी होगी । अपने वैध विवाह के अंतर्गत आपको कोई भी यौन संबंध स्थापित नहीं करना चाहिए । जब आप विवाहित होते/होती हैं, आपको पूरी तरह से अपनी पत्नी/अपने पति के प्रति वफादार रहना होगा ।

पति और पत्नी के बीच का शारीरिक संबंध सराहनीय और पवित्र है । बच्चों की रचना के लिए और विवाह के अंतर्गत प्रेम व्यक्त करने के लिए इसे परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया गया है ।

आज के संसार में, शैतान ने कई लोगों को यह विश्वास करने के लिए भरमाया है कि विवाह के बाहर यौन संबंध स्वीकार्य है । परन्तु परमेश्वर की नजर में, यह एक गंभीर पाप है । यह उस सामर्थ का गलत उपयोग है जिसे उसने हमें जीवन उत्पन्न करने के लिए प्रदान किया है । भविष्यवक्ता अलमा ने सीखाया था कि केवल हत्या और पवित्र आत्मा को नकारने के अलावा यौन पाप किसी भी अन्य पाप से अधिक गंभीर है (देखें अलमा 39:3–5) ।

कभी-कभी लोग अपने आपको मनवाने का प्रयास करते हैं कि विवाह के बाहर स्थापित किया गया यौन संबंध स्वीकार्य है यदि भागीदार एक दूसरे से प्रेम करते हैं । यह सच नहीं है । शुद्धता के कानून को तोड़ना और किसी व्यक्ति को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना प्रेम की अभिव्यक्ति नहीं है । लोग जो एक दूसरे से प्रेम करते हैं वे कभी भी अस्थाई रूप से व्यक्तिगत सुख के बदले एक दूसरे की प्रसन्नता और सुरक्षा को जोखिम में नहीं डालेंगे ।

जब लोग एक दूसरे की इतनी देखभाल करते हैं कि वे शुद्धता के कानून का पालन कर सकें, उनका प्रेम, भरोसा, और समर्पणता बढ़ती है, महान प्रसन्नता और एकता के परिणामस्वरूप । इसकी तुलना में, यौन अनैतिकता पर बनाये गये संबंध जल्दी ही खत्म हो जाते हैं । वे लोग जो यौन अनैतिकता से जुड़े होते हैं वे अक्सर डर, अपराध, और लज्जा महसूस करते हैं । किसी भी प्रकार के सकारात्मक अहसास जो कभी उनके संबंधों में रहा करते थे उनका स्थान शीघ्र ही कड़वाहट, ईर्ष्या, और द्वेष ले लेती है ।

हमारे स्वर्गीय पिता ने हमारी सुरक्षा के लिए हमें शुद्धता का कानून प्रदान किया है । व्यक्तिगत शान्ति और स्वभाव की मजबूती और घर में प्रसन्नता के लिए इस कानून के प्रति आज्ञाकारिता जरूरी है । यदि आप अपने आपको यौन रूप से शुद्ध रखते हैं, आप उस आत्मिक और भावनात्मक क्षति से बचे रहेंगे जो सदैव तब आती है जब विवाह के बाहर जाकर शारीरिक संबंध स्थापित किया जाता है । आप पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन, बल, सांत्वना, और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहेंगे, और एक मन्दिर संस्तुति प्राप्त करने और मन्दिर धर्मविधियों में भाग लेने की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करेंगे ।

## यौन पाप

प्रभु और उसके भविष्यवक्ता यौन अनैतिकता की निन्दा करते हैं । विवाह के बाहर के सभी यौन संबंध शुद्धता के कानून का उल्लंघन है और उन लोगों के लिए शारीरिक और आत्मिक तौर पर खतरनाक है जो इसमें शामिल हैं ।

दस आज्ञाओं में यह आज्ञा शामिल है कि हमें व्यभिचार नहीं करना चाहिए, जो कि एक विवाहित पुरुष का उसकी पत्नी के अलावा किसी और के साथ यौन संबंध है या एक विवाहित स्त्री का उसके पति के अलावा किसी और के साथ यौन संबंध है (देखें निर्गमन 20:14) । प्रेरित पौलुस ने कहा था कि ''परमेश्वर की इच्छा यह है, कि तुम पवित्र बनोः अर्थात व्यभिचार से बचे रहो'' जो कि एक विवाहित व्यक्ति का किसी और व्यक्ति के साथ यौन संबंध है (1 थिस्सलुनीकियों 4:3) । अन्तिम-दिन के भविष्यवक्ता बार-बार इन पापों के और यौन दुर्व्यवहार की बुरी प्रथा के विरूद्ध बोलते रहे हैं ।

शुद्धता के कानून के अन्य उल्लंघनों के समान, समलैंगिक गतिविधि भी एक गंभीर पाप है । यह मानवीय उद्देश्यों के विरूद्ध है (देखें रोमियों 1:24–32) । यह प्रेमभरे संबंधों को विकृत बनाती है और लोगों को उन आशीषों को प्राप्त करने में रूकावट पैदा करती है जो पारिवारिक जीवन और सुसमाचार की बचाने वाली धर्मविधियों में पाई जा सकती है ।

विवाह के बाहर स्थापित किये गए यौन संबंध को मात्र नकारना ही प्रभु के व्यक्तिगत शुद्धता के स्तर में पर्याप्त नहीं है । प्रभु चाहता है कि उसके शिष्यों का नैतिक स्तर ऊँचा हो, किसी की पत्नी या किसी के पति के प्रति विचार और आचरण में पूरी तरह से कर्तव्यपरायणता को सम्मिलित करते हुए । पहाड़ पर उपदेश में, उसने कहा थाः ''तुम सुन चुके हो कि कहा गया था, कि व्यभिचार न करना । परन्तु मैं तुम से यह कहता हूं, कि जो कोई किसी स्त्री पर कुदृष्टि डाले वह अपने मन में उस से व्यभिचार कर चुका है'' (मत्ती 5:27–28) । अन्तिम दिनों में उसने आज्ञा दी है कि हमें व्यभिचार नहीं करना चाहिए या उसी प्रकार का कोई अन्य काम नहीं करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 59:6) । और उसने उस सिद्धान्त पर फिर से बल दिया है कि जिसे उसने पहाड़ पर दिये गए उपदेश में सीखाया था, यह कहते हुए कि यदि कोई मनुष्य किसी स्त्री की तरफ कामुकता भरी नजर से देखता है—या कोई व्यक्ति अपने मन में व्यभिचार करता है—तो उसके पास आत्मा नहीं होगी, परन्तु विश्वास को अस्वीकार करेगा/करेगी और डरेगा/डरेगी (देखें सि. और अनु. 63:16) । ये चेतावनियाँ सभी लोगों पर लागू होती हैं, चाहे वे विवाहित हों या अविवाहित ।

यदि आपने यौन पाप किया है, अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करें ताकि पश्चाताप की प्रक्रिया में वे आपकी सहायता कर सकें (देखें ''पश्चाताप'' पृष्ठ 132–35) ।

समलैंगिकता की इच्छा रखते हुए, यदि आप अपने आपको यौन प्रलोभनों से संघर्ष करते हुए पाते हैं, उन प्रलोभनों में न पड़ें । सुनिश्चित रहें कि आप इस प्रकार के आचरण से बच सकते हैं । आप प्रभु से सहायता प्राप्त कर सकते हैं जब आप बल के लिए प्रार्थना करते हैं और जब आप इस समस्या के समाधान के लिए काम करते हैं । इस प्रक्रिया के भाग के रूप में, आपको अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से सलाह प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए । वह आपकी सहायता करेगा ।

शुद्धता के कानून का पालन करना

प्रलोभन चाहे कितने भी मजबूत क्यों न प्रतीत होते हों, प्रभु उनका सामना करने में आपकी सहायता करेगा यदि आप उसके अनुसरण को चुनते हैं । प्रेरित पौलुस ने घोषित किया था, ''तुम किसी ऐसी परीक्षा में नहीं पड़े, जो मनुष्य के सहने के बाहर है: और परमेश्वर सच्चा है: वह तुम्हें सामर्थ से बाहर परीक्षा में न पड़ने देगा, वरन परीक्षा के साथ निकास भी करेगा; कि तुम सह सको'' (1 कुरिन्थियों 10:13) । निम्नलिखित सलाह उन प्रलोभनों का सामना करने में आपकी सहायता कर सकती हैं जो आज संसार में बार-बार और स्पष्ट रूप से आते हैं:

*शुद्ध होने का निश्चय अभी करें ।* इस निर्णय को लेने की आवश्यकता आपको केवल एक बार है । अभी निर्णय लें, प्रलोभन के आने से पहले, और आपका निर्णय गहरी समर्पणता के साथ इतना दृढ़ होना चाहिए कि कभी भी डगमगा न सके । अभी निर्धारित करें कि विवाह के बाहर उन शक्तिशाली मनोभाव को उत्तेजित करने के लिए आप कभी भी कुछ नहीं करेंगे/करेंगी जिसे केवल विवाह में ही व्यक्त किया जाना चाहिए । उन मनोभाव को दूसरे व्यक्ति या स्वयं के शरीर में उत्तेजित न होने दें । अभी निर्धारित करें कि आप अपनी पत्नी/अपने पति के प्रति पूरी तरह से निष्ठावान रहेंगे/रहेंगी ।

*अपने विचारों को नियंत्रित करें ।* सहज ही कोई यौन पाप नहीं करता है । अनैतिक कार्य सदा ही अशुद्ध विचारों से आरंभ होते हैं । यदि आप अपने विचारों को अश्लीलता या अनैतिक चीजों पर लगे रहने की अनुमति देते हैं, तो अनैतिकता की तरफ आपने पहला कदम उठा लिया है । उन परिस्थितियों से तुरन्त ही भागें जो पाप की तरफ ले जा सकती हैं । प्रलोभन का सामना करने और अपने विचारों को नियंत्रित करने के प्रति निरन्तर बल के लिए प्रार्थना करें । इसे अपने नियमित प्रार्थनाओं का हिस्सा बनाएं ।

*अश्लील साहित्य से दूर रहें ।* किसी भी प्रकार की ऐसी चीज को न देखें, पढ़ें, या सुनें जो मानव शरीर या यौन व्यवहार को उस तरह से चित्रित करे या वर्णन

करे जिससे यौन अनुभूतियां उत्तेजित हो सकें । अश्लीलता की सामग्रियां व्यसनी और विनाशी होती हैं । वे आपके आत्म-सम्मान को और संसार में सुंदरता को देखने के आपके नजरीये को लूट सकती हैं । वे प्रलोभन का सामना करने की आपकी इच्छा का नाश कर देती हैं और आपको बुरे विचारों और दुर्व्यवहार आचरण के तरफ ले जा सकती हैं ।

*यदि आप अविवाहित हैं और डेटिंग कर रहे/रही हैं, हमेशा अपने साथी का सम्मान करें /* कामुकता भरी इच्छाओं के लिए कभी भी उसका उपयोग एक वस्तु के रूप में न करें । ध्यानपूर्वक सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों की योजना बनाएं ताकि आप और आपका साथी कुछ न करते हुए अकेले न रह जाएं । सुरक्षित स्थानों में रहें जहां आप स्वयं पर आसानी से नियंत्रण रख सकें । उन वार्तालापों या गतिविधियों में भाग न लें जो यौन अनुभूतियों को उत्तेजित करे । कामुक चुंबन में भाग न लें, दूसरे व्यक्ति के साथ या उसके ऊपर न लेटें, या कपड़ों या बिना कपड़ों के दूसरे व्यक्ति के शरीर के निजी, पवित्र अंगों को न छुएं । किसी और को भी आपके साथ ऐसा न करने दें ।

*यदि आप विवाहित हैं, अपने विचार, भाषा, और कार्य में अपनी पत्नी/अपने पति के प्रति विश्वासी रहें /* प्रभु ने कहा है कि पुरुष को अपनी पत्नी को पूरे हृदय से प्रेम करना चाहिए और उसे छोड़कर किसी और के साथ नहीं रहना चाहिए । पुरुष जो एक स्त्री को कामुकता भरी नजर से देखता है वह विश्वास को नकारता है और उसके पास आत्मा नहीं होगी, और यदि वह पश्चाताप नहीं करता है तो उसे निकाल दिया जाएगा (देखें सि. और अनु. 42:22–23) । कभी भी किसी भी प्रकार का दिखावटी प्रेम प्रदर्शन न करें । जितना संभव हो, विपरित लिंग के व्यक्ति के साथ अकेले रहने से बचें । स्वयं से पूछें कि क्या आपकी पत्नी/आपके पति को अच्छा लगेगा जब उसको आपकी भाषा और काम के विषय में पता चलेगा । प्रेरित पौलुस की सलाह ''सब प्रकार की बुराई से बचे रहो'' को याद करें (1 थिस्सलुनीकियों 5:22) । जब आप इस प्रकार की परिस्थितियों से दूर रहते हैं, प्रलोभन को बढ़ने का कोई भी मौका नहीं मिलता है ।

## पश्चाताप करने वालों के लिए क्षमादान

उत्तम तरीका है पूरी तरह से आचरण में स्वच्छता लाना । विचार में वह यौन पाप करना गलत है जिसके लिए आप बाद में केवल पश्चाताप ही करते हैं । इस तरह के विचार रखना ही एक पाप है, प्रभु और उसके साथ बनाये हुए

आपके अनुबन्धों के प्रति अनादर व्यक्त करते हुए । फिर भी, यदि आपने यौन पाप किया है, प्रभु क्षमा कर सकता है यदि आप पश्चाताप करते हैं ।

पश्चाताप कठिन है परन्तु यह संभव है । आप फिर से स्वच्छ हो सकते हैं (देखें यशायाह 1:18) । पाप की घोर निराशा के स्थान पर क्षमादान की मधुर शान्ति हो सकती है । पश्चाताप के लिए आप को क्या करना चाहिए, जानने के लिए देखें ''पश्चाताप'' पृष्ठ 132–35 ।

उस दिन के लिए काम करें जब आप मन्दिर में प्रवेश के योग्य होंगे, भजनकार के शब्दों द्वारा मार्गदर्शित होकरः

''यहोवा के पर्वत पर कौन चढ़ सकता है ? या उसके पवित्र स्थान में कौन खड़ा हो सकता है ?

''जिसके काम निर्दोष और हृदय शुद्ध है'' (भजन संहिता 24:3–4) ।

अतिरिक्त संदर्भः निर्गमन 20:14; 1 कुरिन्थियों 6:18–20; अलमा 38:12; 3 नफी 12:27–30

विवाह; अश्लील साहित्य *भी देखें*

## गिरजाघर प्रशासन

यीशु मसीह गिरजाघर का मुखिया है । अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर का लक्ष्य है सभी लोगों को उसके पास लाने में सहायता करना (देखें मरोनी 10:32) । इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, गिरजाघर को प्रभु द्वारा प्रकट किये गए नमूने के अनुसार संगठित किया गया है, ''जिससे पवित्र लोग सिद्ध हो जाएं, . . .जब तक कि हम सब के सब विश्वास, और परमेश्वर के पुत्र की पहिचान में एक न हो जाएं'' (इफिसियों 4:12–13; आयत 11 भी देखें) । निम्नलिखित रूपरेखा गिरजाघर की संस्था को संक्षिप्त करती है ।

### घर और परिवार

परिवार गिरजाघर की मूल इकाई है, और घर सुसमाचार सीखने का अत्याधिक महत्वपूर्ण स्थान है । कोई भी संस्था परिवार का स्थान नहीं ले सकती है । यहां तक कि जब गिरजाघर का बढ़ना जारी है, परिवार और व्यक्तिगत रूप से सुसमाचार जीने के उनके प्रयासों में इसका उद्देश्य सदैव समर्थन और बल प्रदान करना ही होगा ।

सामान्य प्रशासन

आज प्रभु गिरजाघर के अध्यक्ष के द्वारा अनुबन्धित लोगों का मार्गदर्शन करता है, जिनका समर्थन हम एक भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, और प्रकटकर्ता के रूप में करते हैं । गिरजाघर के अध्यक्ष पूरे गिरजाघर पर अध्यक्षता करते हैं । वे और उनके सलाहकार, जो कि स्वयं भी भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, और प्रकटकर्ता हैं, प्रथम अध्यक्षता की परिषद बनाते हैं ।

बारह प्रेरितों की परिषद के सदस्य भी भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, और प्रकटकर्ता हैं । प्रथम अध्यक्षता के साथ, वे भी संसार में मसीह के नाम के विशेष साक्षी हैं (देखें सि. और अनु. 107:23) । गिरजाघर के निर्माण के लिए और सभी राष्ट्रों में गिरजाघर के सभी मामलों को नियंत्रित करने के लिए वे प्रथम अध्यक्षता के निर्देशानुसार कार्य करते हैं (देखें सि. और अनु. 107:33) । यीशु मसीह के सुसमाचार की घोषणा करने के द्वारा वे [राष्ट्रों के लिए] द्वार खोलते हैं (देखें सि. और अनु. 107:35) ।

सत्तर की परिषद के सदस्यों को सुसमाचार घोषित करने और गिरजाघर का निर्माण करने के लिए नियुक्त किया गया है । वे बारह प्रेरितों के निर्देशानुसार काम करते हैं और उन सात भाइयों के नेतृत्व में काम करते हैं जिनकी नियुक्ति सत्तर की अध्यक्षता के रूप में हुई है । सत्तर की प्रथम और द्वितीय परिषदों के सदस्य मनोनीत जनरल अधिकारी हैं, और उन्हें संसार के किसी भी क्षेत्र में सेवा के लिए नियुक्त किया जा सकता है ।

अध्याक्षिक धर्माध्यक्षता पूरे गिरजाघर के हारुनी पौरोहित्य की अध्यक्षता करती है । अध्याक्षिक धर्माध्यक्ष और उनके सलाहकार प्रथम अध्यक्षता के निर्देशानुसार गिरजाघर के लौकिक मामलों के संचालन में कार्य करते हैं ।

सामान्य स्तर पर आदेश और निर्देश प्रदान करने के लिए युवकों, सहायता संस्था, युवतियों, प्राथमिक, और रविवार विद्यालय, सभी संगठनाओं की अध्यक्षताएं होती हैं ।

क्षेत्रिय प्रशासन

एक क्षेत्र गिरजाघर का सबसे बड़ा भौगोलिक विभाजन है । प्रथम अध्यक्षता सत्तर की अध्यक्षता को बारह प्रेरितों की परिषद के निर्देशानुसार गिरजाघर के चुनिंदा क्षेत्रों का सीधे तौर पर निरीक्षण करने के लिए नियुक्त करती है । गिरजाघर के अन्य क्षेत्रों में, प्रथम अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्षताओं को संचालन के लिए नियुक्त

करती है । एक क्षेत्रिय अध्यक्षता में एक अध्यक्ष होता है, जो कि साधारणतः प्रथम या द्वितीय सत्तर की परिषद से नियुक्त किया जाता है, और दो सलाहकार होते हैं, जो कि किसी भी सत्तर की परिषद से नियुक्त किये जा सकते हैं । क्षेत्रिय अध्यक्षताएं प्रथम अध्यक्षता, बारह प्रेरितों की परिषद, और सत्तर की अध्यक्षता के निर्देशानुसार कार्य करती हैं,

कुछ भाइयों को सत्तर के कार्यालय में नियुक्त किया जाता है परन्तु वे जनरल अधिकारियों के रूप में कार्य नहीं करते हैं । उन्हें सत्तर का क्षेत्रिय अधिकारी कहा जाता है, और सत्तर की प्रथम या द्वितीय परिषदों के अलावा उन्हें भौगोलिक स्थिति के अनुसार अन्य परिषदों में नियुक्त किया जाता है । उनका कार्य-क्षेत्र आम इलाके तक ही सीमित होता है जिसमें वे रहते हैं । सत्तर के कुछ क्षेत्रिय अधिकारी क्षेत्रिय अध्यक्षताओं में सेवा करते हैं ।

स्थानीय प्रशासन

*वार्ड या शाखाएं* / गिरजाघर के सदस्य सभा के रूप में संगठित होते हैं जो आत्मिक और सामाजिक समृद्धता के लिए बार-बार एक साथ मिलते हैं । बड़ी सभाओं को वार्ड कहा जाता है । प्रत्येक वार्ड का संचालन एक धर्माध्यक्ष अपने दो सलाहकारों की सहायता से करता है ।

छोटी सभाओं को शाखाएं कहते हैं । प्रत्येक शाखा का संचालन एक शाखा अध्यक्ष अपने दो सलाहकारों की सहायता से करता है । एक शाखा को तब भी संगठित किया जा सकता है जब एक क्षेत्र में कम से कम दो परिवारों के लोग सदस्य हों और सदस्यों में कम से कम एक योग्य मलकिसिदक पौरोहित्य धारक हो या हारुनी पौरोहित्य में एक योग्य याजक हो । स्टेक, मिशन, या जिला अध्यक्षता शाखा को संगठित करती है और उसका संचालन करती है । एक शाखा एक वार्ड का रूप ले सकती है यदि वह एक स्टेक के अंतर्गत स्थित हो ।

प्रत्येक वार्ड या शाखा एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है । वार्ड या शाखा के विभिन्न संगठन प्रभु के कार्य में योगदान देते हैं: उच्च याजकों का दल; एल्डर परिषद; 18 वर्ष या उससे अधिक की स्त्रियों के लिए सहायता संस्था; हारुनी पौरोहित्य परिषदें, 12 से 17 वर्षीय युवाओं के लिए; युवती कार्यक्रम, 12 से 17 वर्षीय युवतियों के लिए; प्राथमिक, 18 महीने से 11 वर्ष तक के बच्चों के लिए; और रविवार विद्यालय, 12 वर्ष और उससे अधिक के सभी गिरजाघर सदस्यों के लिए । इनमें से प्रत्येक संगठन सुसमाचार की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं, सेवा प्रदान करते हुए, और बच्चों को यीशु मसीह के सुसमाचार में परिवर्तित

करने के प्रति माता-पिता की उनके पवित्र कर्तव्य में सहायता करते हुए । ये सभी संगठन एक साथ मिलकर दूसरों के साथ सुसमाचार बांटने में सदस्यों की सहायता भी करते हैं ।

*स्टेक, मिशन, और जिला* / अधिकतर भौगोलिक क्षेत्र जहां गिरजाघर संगठित है वह स्टेकों में विभाजित है । शब्द स्टेक (खूंटा) भविष्यवक्ता यशायाह से आता है, जिसने भविष्यवाणी की थी कि अन्तिम-दिन का गिरजाघर एक तम्बू के समान होगा, स्टेकों (खूंटों) के सहारे मजबूती से खड़ा होता हुआ (देखें यशायाह 33:20; 54:2) । साधारणतः एक स्टेक में 5 से 12 वार्ड या शाखाएं होती हैं । प्रत्येक स्टेक की अध्यक्षता, एक स्टेक अध्यक्ष के द्वारा दो सलाहकारों की सहायता से की जाती है । स्टेक अध्यक्ष सत्तर की अध्यक्षता या क्षेत्रिय अध्यक्षता को रिपोर्ट देती है और उनसे निर्देश प्राप्त करती है ।

एक मिशन गिरजाघर की वह इकाई है जो साधारणतः उस क्षेत्र से कहीं अधिक बड़ी होती है जो एक स्टेक के अंतर्गत आती है । प्रत्येक मिशन का संचालन एक मिशन अध्यक्ष अपने दो सलाहकारों की सहायता से करते हैं । मिशन अध्यक्ष सीधे तौर पर जनरल अधिकारियों के प्रति जवाबदेह होते हैं ।

जैसे कि शाखा वार्ड का एक छोटा रूपान्तर है, बिल्कुल वैसे ही जिला स्टेक का एक छोटा रूपान्तर है । एक जिला तब संगठित होती है जब एक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में शाखाएं स्थित होती हैं, जिला सभाओं के लिए सुगम बातचीत और सुविधाजनक यात्रा की अनुमति देते हुए । इसकी अध्यक्षता के लिए दो सलाहकारों के साथ एक जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है । जिला अध्यक्ष मिशन अध्यक्षता को रिपोर्ट करता है । एक जिला बढ़कर एक स्टेक बन सकती है ।

*अविवाहित सदस्यों के लिए कार्यक्रम* / गिरजाघर में ऐसे कई सदस्य होते हैं जो अविवाहित ही रह जाते हैं या जो तकालशुदा होते हैं या विधुर/विधवा होते/होती हैं । ये दो दलों के अंतर्गत आते हैंः युवा अविवाहित वयस्क (आयु 18 से 30 वर्षीय) और अविवाहित वयस्क (आयु 31 वर्ष और उससे अधिक) ।

युवा अविवाहित वयस्कों और अविवाहित वयस्कों का यह कार्यक्रम पूरे गिरजाघर में एक समान नहीं है । इसकी बजाय, जब किसी क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में अविवाहित सदस्य रहते हैं, स्थानीय पौरोहित्य मार्गदर्शकों को अविवाहित प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो उनके निर्देशानुसार काम करते हैं । अविवाहित प्रतिनिधि गतिविधियों की योजना बनाते हैं जैसे कि नृत्य, सेवा-कार्य परियोजना, और सभा । ये गतिविधियाँ अविवाहित सदस्यों को एक दूसरे से मिलने और एक दूसरे को मजबूत करने का अवसर प्रदान

करती हैं । अविवाहित सदस्यों को उनकी आवश्यकताओं के प्रति अपने पौरोहित्य मार्गदर्शकों से नियमित रूप से मिलने के लिए और आत्मिक विकास और सेवा के अवसरों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 107

पौरोहित्य; सहायता संस्था *भी देखें*

## गिरजाघर अनुशासनिक समितियां

धर्माध्यक्षों और शाखा अध्यक्षों और स्टेक, मिशन, और जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि वे पश्चाताप के द्वारा उल्लंघन की क्षमा के प्रति सदस्यों की सहायता करें । अत्याधिक गंभीर उल्लंघन, जैसे कि वैधानिक नियम का अतिक्रमण, पति/पत्नी के प्रति दुर्व्यवहार, बच्चे के प्रति दुर्व्यवहार, अवैध संबंध, व्यभिचार, बलात्कार, और अवैध प्रेम-प्रसंग में अक्सर औपचारिक गिरजाघर अनुशासन की आवश्यकता होती है । औपचारिक गिरजाघर अनुशासन में गिरजाघर की सदस्यता पर रोक लगाना या गिरजाघर सदस्यता को खत्म करना सम्मिलित हो सकता है ।

औपचारिक अनुशासन की प्रक्रिया तब आरंभ होती है जब एक अध्याक्षिक पौरोहित्य मार्गदर्शक एक अनुशासनिक समिति को नियुक्त करता है । अनुशासनिक समितियों का उद्देश्य उल्लंघनकर्ताओं की आत्माओं को बचाना, मासूम की सुरक्षा करना, और गिरजाघर की पवित्रता, अखण्डता, और अच्छे नाम को सुरक्षित करना है ।

गिरजाघर अनुशासन एक प्रेरित प्रक्रिया है जिसे प्रभावकारी होने में कुछ समय लगता है । इस प्रक्रिया के द्वारा और यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा, एक सदस्य/सदस्या पापों की क्षमा प्राप्त कर सकता/सकती है, मन की शान्ति पुनः प्राप्त कर सकता/सकती है, और भविष्य में उल्लंघन से बचने के प्रति सामर्थ प्राप्त कर सकता/सकती है । गिरजाघर अनुशासनिक कार्यवाही का इरादा प्रायश्चित की प्रक्रिया को खत्म करना नहीं है । इसे बनाया गया है ताकि स्वर्गीय पिता के बच्चे पूरे मैत्रीभाव और गिरजाघर की पूरी आशीषों के साथ वापस आने के अपने प्रयासों में जारी रहें । अपेक्षित परिणाम यह है कि व्यक्ति उन आवश्यक बदलावों को करें जो पूरी तरह से पश्चाताप के लिए आवश्यक हों ।

क्षमादान; पश्चाताप *भी देखें*

## वैधानिक सरकार और कानून

सिद्धान्त और अनुबन्ध का खण्ड 134 साधारण रूप से सांसारिक सरकारों और कानूनों के सम्मान में अन्तिम-दिनों के सन्तों के विश्वास के प्रति एक खाका बनाता है (देखें सि. और अनु. 134, खण्ड शीर्षक) । खण्ड निम्नलिखित सिद्धान्तों को सीखाता हैः

लोगों के लाभ के लिए सरकारें परमेश्वर द्वारा स्थापित की जाती हैं, और उनके संबंध में परमेश्वर लोगों को उनके कर्मों के लिए, समाज की भलाई और सुरक्षा के लिए, कानून बनाकर और उन पर शासन कर दोनों प्रकार से, जिम्मेदार ठहराता है (देखें सि. और अनु. 134:1) ।

सभी लोग उस सरकार को सहयोग देने और उसका समर्थन करने के लिए बाध्य हैं जिसके अधीन वे रहते हैं, उस प्रकार की सरकार के कानून द्वारा जब तक उनका अधिकार सुरक्षित और अहरणीय है । राजद्रोह और विद्रोह प्रत्येक नागरिक के लिए अशोभनीय हैं इसलिए सुरक्षा होनी चाहिए और उसके अनुसार दण्ड दिया जाना चाहिए । सभी सरकारों के पास उस प्रकार के अधिनियम का अधिकार है और क्योंकि यह उनके स्वयं की समझ के अनुसार होता है जो सामाजिक रूचि को बचाने के—साथ साथ, आत्म विवेक की पवित्र स्वतंत्रता को कायम रखते हैं (देखें सि. और अनु. 134:5) ।

सभी लोगों का उनके स्थानों, प्रशासन, और न्यायपालिकाओं में उचित सम्मान मिलना चाहिए क्योंकि, इन्हें मासूम की सुरक्षा और अपराधी को दण्ड के लिए बनाया गया है । सभी लोगों को नियमों का आदर करना चाहिए और उन्हें स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि इसके बिना शान्ति और मिलजुल करन रहने का वातावरण, आतंक और अराजकता द्वारा नष्ट हो जाएगा । मानवीय कानूनों को हमारे अधिकारों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य के लिए बनाया गया है जैसा कि व्यक्तिगत तौर पर और राष्ट्रों के लिए, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बीच; और ईश्वरीय नियम स्वर्ग से आते हें, आत्मिक मामलों पर निर्धारित नियम, विश्वास और आराधना, दोनों हमारे लिए अपने सृष्टिकर्ता के प्रति जवाबदेही के लिए हैं (देखें सि. और अनु. 134:6) ।

गिरजाघर और राज्य को अलग रखने का एक मुख्य तत्व है सरकार पर धर्म की आजादी देने की जिम्मेदारी है । अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ता इस नियम का समर्थन करते हैं, जैसा कि ग्यारहवें विश्वास के अनुच्छेद में बताया गया हैः ''हम सर्वशक्तिमान की आराधना करने के विशेषाधिकार को अपने अन्तःकरण के आदेशानुसार करने का दावा करते हैं, और सभी व्यक्तियों को उसी विशेषाधिकार की अनुमति देते हैं, वे जैसे, जहां, और जिसकी आराधना करना चाहें, कर

सकते हैं ।'' गिरजाघर और राज्य के अलग होने में अविरोध रहते हुए, गिरजाघर किसी भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार का समर्थन नहीं करता है । यह राजनैतिक कार्यों के लिए भवनों और अन्य सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति नहीं देता है । गिरजाघर राजनीति में तब तक भाग नहीं लेता है जब तक कि समस्या पर नैतिक प्रश्न न उठाया जाए, जिसके विषय में अक्सर गिरजाघर सीखाता है ।

यद्यपि गिरजाघर राजनैतिक तौर पर निष्क्रिय रहता है, गिरजाघर के मार्गदर्शक प्रत्येक सदस्य को नागरिकों के रूप में शामिल रहने के लिए प्रोत्साहन देते हैं । अन्तिम-दिनों के सन्तों के रूप में, आपको उस देश में अपने स्थान और अपनी स्थिति को समझना चाहिए जिसमें आप रहते हैं । देश के इतिहास, धरोहर, और कानून को जानें । यदि आपके पास मत देने का अवसर है और सरकारी मामलों में भाग लेने का अवसर है, तो सच्चाई, धार्मिकता, और आजादी को समर्थन देने में और उन्हें सुरक्षित रखने में सक्रिय होकर भाग लें ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 98:10; विश्वास के अनुच्छेद 1:12

**कॉफी** (*देखें* ज्ञान के शब्द)

**सांत्वना देने वाला** (*देखें* पवित्र आत्मा)

**पुष्टिकरण** (*देखें* पवित्र आत्मा; हाथों का रखना)

## विवेक

सभी लोगों का जन्म सही और गलत के बीच अंतर करने की क्षमता के साथ हुआ है । यह क्षमता, जिसे विवेक कहते हैं, मसीह के प्रकाश का प्रकटीकरण है (देखें मरोनी 7:15–19) ।

आपका विवेक एक सुरक्षा है जो आपकी उन परिस्थितियों से दूर रहने में सहायता करता है जो आत्मिक रूप से हानिकारक है । जब आप आज्ञाओं का पालन करते हैं और धार्मिक निर्णय लेते हैं तब आप अन्तःकरण में शान्ति का अनुभव करते हैं ।

जब आप पाप करते हैं, आपको पश्चाताप या दोष का बोध होता है, बिल्कुल उसी तरह जिस तरह शारीरिक पीड़ा का जब आप चोटग्रस्त होते हैं । पाप के प्रति

आपके अन्तःकरण की यह साधारण प्रतिक्रिया है, और यह आपको पश्चाताप की तरफ ले जा सकती है ।

पश्चाताप और क्षमादान आपके अन्तःकरण में शान्ति का नवीनीकरण करते हैं । इसके विपरीत, यदि आप अपने विवेक की उपेक्षा करते हैं और पश्चाताप नहीं करते हैं तो आपका विवेक दुर्बल हो जाएगा जैसे कि मानो ''जलते हुए लोहे से दागा गया हो'' (1 तीमुथियुस 4:2) ।

अपने विवेक का अनुसरण करना सीखें । आपकी स्वतंत्रता के प्रयोग का यह एक महत्वपूर्ण भाग है । जितना अधिक आप अपने विवेक का अनुसरण करते हैं उतना ही अधिक यह मजबूत होगा । एक संवेदनशील विवेक एक स्वस्थ आत्मा का चिन्ह है ।

अतिरिक्त संदर्भः मुसायाह 4:1–3; सि. और अनु. 84:45–47

स्वतंत्रता; मसीह का प्रकाश; आज्ञाकारिता; प्रलोभन *भी देखें*

**योगदान** (*देखें* उपवास और उपवास की भेंट; दसमांश)

## परिवर्तन

''शरीर पर मन लगाना तो मृत्यु है'' प्रेरित पौलुस ने घोषित किया था, ''परन्तु आत्मा पर मन लगाना जीवन और शान्ति है'' (रोमियों 8:6; 2 नफी 9:39 भी देखें) । अपनी पतित की अवस्था में, हम अक्सर प्रलोभन से संघर्ष करते हैं और कभी-कभी हम ''सांसारिक जीवन की इच्छा और मानव शरीर के अन्दर की तरह बुरी भावनाओं के अनुसार'' चुनते हैं (2 नफी 2:29; इस किताब में ''पतन'' भी देखें, पृष्ठ 56–59) । अनन्त जीवन की आशीषों को प्राप्त करने में सफल होने के लिए, हमें अपने ''मन को आत्मा पर लगाने'' की और अपने अधार्मिक इच्छाओं पर विजय प्राप्त करने की आवश्यकता है । हमें बदलने की आवश्यकता है । वास्तविक रूप में, हमें *बदलना होगा,* या परिवर्तित होना होगा, उद्धारकर्ता के प्रायश्चित के सामर्थ द्वारा और पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा । यह प्रक्रिया परिवर्तन कहलाती है ।

परिवर्तन में आचरण का बदलाव शामिल है, परन्तु यह आचरण से भी बढ़कर है, यह हमारे असली स्वभाव में एक बदलाव है । यह बदलाव इतना महत्वपूर्ण होता है कि प्रभु और उसके भविष्यवक्ता इसे पुनः जन्म के रूप में संदर्भ करते हैं, हृदय का परिवर्तन, और आग द्वारा बपतिस्मा । प्रभु ने कहा थाः

''आश्चर्य मत करो, क्योंकि सभी मानव समाज को, हां, सभी स्त्री और पुरुष, सभी देश, जातियों, भिन्न-भिन्न भाषा-भाषियों और लोगों को फिर से जन्म लेना

चाहिए; हां, परमेश्वर की सन्तान बन कर, अपनी कामुक और पतित अवस्था को त्याग कर, परमेश्वर द्वारा उद्धार किये जाने पर, धर्म में प्रवेश करके परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां बनना ही चाहिए ।

''और इस प्रकार वे नये प्राणी हो जाते हैं; और अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तब वे किसी प्रकार भी परमेश्वर के राज्य में उत्तराधिकारी नहीं हो सकते हैं'' (मुसायाह 27:25–26) ।

## परिवर्तन की प्रक्रिया

परिवर्तन एक प्रक्रिया है, एक घटना नहीं । आप उद्धारकर्ता के अनुसरण के अपने धार्मिक प्रयासों के परिणामस्वरूप पवित्रित होते हैं । इन प्रयासों में शामिल है यीशु मसीह में विश्वास, पापों का पश्चाताप, बपतिस्मा लेना, पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त करना, और विश्वास में अन्त तक सहनशील बने रहना ।

यद्यपि परिवर्तन चमत्कारिक और जीवन को बदलने वाला है, यह लगभग चमत्कार ही है । स्वर्गदूतों का दौरा करना और अभूतपूर्व घटनाएं परिवर्तन नहीं लाती हैं । यहां तक कि अलमा ने भी एक दूत देखा था, परन्तु सच्चाई की एक साक्षी के लिए ''कई दिनों तक उपवास और प्रार्थना करने'' के पश्चात ही वह परिवर्तित हुआ था (अलमा 5:46) । और पौलुस, जिसने पुनरुत्थारित उद्धारकर्ता को देखा, सीखाया था कि ''कोई भी पवित्र आत्मा के बिना नहीं कह सकता कि यीशु प्रभु है'' (1 कुरिन्थियों 12:3) ।

क्योंकि परिवर्तन एक शान्त, निरन्तर प्रक्रिया है, इसे न महसूस करते हुए आप अभी परिवर्तित हो सकते हैं । आप उन लमनायटियों के समान हो सकते हैं जिनका, ''मत परिवर्तन के समय, मसीह पर विश्वास के कारण अग्नि और पवित्र आत्मा से बपतिस्मा हुआ था और वे यह जानते भी नहीं थे'' (3 नफी 9:20) । विश्वास करने और उद्धारकर्ता का अनुसरण करने का आपका निरंतर प्रयास महान परिवर्तन की ओर ले जाएगा ।

## उन लोगों की विशिष्टताएं जो परिवर्तित हुए हैं

मॉरमन की पुस्तक उन लोगों का वर्णन प्रदान करती है जो प्रभु में परिवर्तित हुए हैं:

*वे अच्छे कर्म करने के इच्छुक हुए* । राजा बिन्यामीन ने लोगों को घोषित किया था, ''सर्वशक्तिमान प्रभु की आत्मा ने हमारे अन्दर अर्थात हमारे हृदय में एक महान

परिवर्तन कर दिया है, जिससे कि हम शैतान के कार्यों को नहीं करेंगे, परन्तु सदैव अच्छे कर्म ही करेंगे'' (मुसायाह 5:2) । अलमा ने उन लोगों से बात की थी जो ''बुरे कर्मों को केवल घृणा की दृष्टि से देखने लगे'' (अलमा 13:12) ।

*उन्होंने प्रभु के विरूद्ध विद्रोह नहीं किया ।* मॉरमन ने लमनायटियों के एक दल के विषय में बताया था जो कि दुष्ट और खुन के प्यासे थे परन्तु वे ''मत परिवर्तन कर प्रभु में विश्वासी हुए थे'' (अलमा 23:6) । इन लोगों ने अपना नाम बदलकर एण्टी-नफी-लेही रख लिया था और ''धार्मिक लोग हो गए । उन्होंने विद्रोह का अस्त्र डाल दिया और परमेश्वर और अपने बन्धुओं के विरूद्ध लड़ना भी बन्द कर दिया'' (अलमा 23:7) ।

*उन्होंने सुसमाचार बांटा ।* इनोस, बड़ा अलमा, छोटा अलमा, मुसायाह के पुत्र, अमुलक, और जीजरोम ने स्वयं को प्रभु में परिवर्तित होने के पश्चात सुसमाचार का प्रचार करने के लिए समर्पित किया था (देखें इनोस 1:26; मुसायाह 18:1; मुसायाह 27:32–37; अलमा 10:1–12; 15:12) ।

*वे प्रेम से भर गए ।* अमेरिका में जब पुनरुत्थारित उद्धारकर्ता लोगों से मिला था उसके पश्चात, ''सभी नफायटी और लमनायटी दोनों, मत परिवर्तन कर प्रभु प्रभु में विश्वासी हो गए, और उनमें कोई लड़ाई-झगड़ा या किसी तरह का विवाद नहीं था, और हर एक व्यक्ति एक दूसरे के साथ न्यापूर्ण व्यवहार करता था . . .।

''और लोगों के हृदयों में परमेश्वर का जो प्रेम निवास कर रहा था, उसके कारण देश में कोई विवाद नहीं था ।

''और लोगों में विद्वेष, प्रतिद्वन्दता, हलचल, व्यभिचार, असत्यता, हत्या और किसी भी प्रकार की कामुकता नहीं थी; और निश्चय ही परमेश्वर के हाथों द्वारा रचे गए सारे लोगों में इन लोगों की तरह आनन्दमय और कोई भी नहीं था ।

''कोई डाकू और हत्यारा नहीं था, और न तो लमनायटियों और नफायटियों का भेदभाव ही था; परन्तु सभी एक समान मसीह की सन्तान थे, और परमेश्वर के राज्य के अधिकारी थे'' (4 नफी 1:2, 15–17) ।

## महान परिवर्तन के प्रति प्रयास करना

आपकी मूल जिम्मेदारी आपके स्वयं के परिवर्तन की है । आपके लिए कोई भी परिवर्तित नहीं हो सकता है, और परिवर्तन के लिए आपको कोई भी बाध्य नहीं कर सकता है । फिर भी, दूसरे लोग परिवर्तन की प्रक्रिया में आपकी सहायता कर सकते हैं । पारिवारिक सदस्यों, गिरजाघर के मार्गदर्शकों और शिक्षकों, और धर्मशास्त्रों में पाये जाने वाले पुरुषों और स्त्रियों के धार्मिक उदाहरण से सीखें ।

हृदय के एक शक्तिशाली बदलाव को अनुभव करने की आपकी क्षमता बढ़ेगी जब आप उद्धारकर्ता के परिपूर्ण उदाहरण के अनुसरण का प्रयास करते हैं । धर्मशास्त्रों का अध्ययन करें, विश्वास से प्रार्थना करें, आज्ञाओं का पालन करें, और पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ को खोजें । जब आप परिवर्तन की प्रक्रिया में जारी रहते हैं, आप ''अत्याधिक आनन्द से विभोर'' हो जाएंगे, जैसे कि राजा बिन्यामीन के लोग हुए थे जब आत्मा ने ''उनके हृदय में महान परिवर्तन कर दिया था'' (देखें मुसायाह 5:2, 4) । आप राजा बिन्यामीन की इस सलाह का अनुसरण करने में समर्थ होंगे ''तुम अटल और अचल रहते हुए सदैव अच्छे कर्म करते जाओ जिससे कि सर्वशक्तिमान, प्रभु यीशु मसीह मुहर लगाकर तुम्हें अपना बना ले और तुम्हें स्वर्ग में लाया जा सके, ताकि तुम अनन्त मुक्ति और अनन्त जीवन प्राप्त कर सको'' (मुसायाह 5:15) ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 18:3; लूका 22:32; अलमा 5:7–14

यीशु मसीह का प्रायश्चित; बपतिस्मा; पवित्र आत्मा; उद्धार *भी देखें*

**स्वर्ग में परिषद** (*देखें* उद्धार की योजना)

## अनुबन्ध

एक अनुबन्ध परमेश्वर और एक व्यक्ति या व्यक्तियों के दल के बीच एक पवित्र सहमति है । परमेश्वर विशिष्ट शर्तों को रखता है, और वह हमें आशीषित करने की प्रतिज्ञा करता है यदि हम उन शर्तों का पालन करते हैं । जब हम अनुबन्धों का पालन नहीं करते हैं, हम आशीषें प्राप्त नहीं कर सकते हैं, और कुछ उदाहरणों में हम अपनी अवज्ञाकारिता के परिणामों के रूप में दण्ड भुगतते हैं ।

पौरोहित्य की बचानेवाली सभी धर्मविधियां अनुबन्धों के साथ-साथ चलती हैं । उदाहरण के लिए, आपने एक अनुबन्ध बनाया था जब आपका बपतिस्मा हुआ था, और आप उस अनुबन्ध का हर बार नवीनीकरण करते हैं जब आप प्रभुभोज लेते हैं (देखें मुसायाह 18:8–10; सि. और अनु. 20:37, 77, 79) । यदि आपने मलकिसिदक पौरोहित्य प्राप्त किया है, आपने पौरोहित्य के शपथ और अनुबन्ध में प्रवेश किया है (देखें सि. और अनु. 84:33–44) । मन्दिर इंडोवमेन्ट और मुहरबन्दी की धर्मविधि भी पवित्र अनुबन्धों में आती हैं ।

सदैव उन अनुबन्धों को याद रखें और उनका सम्मान करें जिसे आप प्रभु के साथ बनाते हैं । तब आप जो भी करते हैं उसमें आपको आज्ञा की आवश्यकता

नहीं होती है (देखें सि. और अनु. 58:26–28) । आप पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित होंगे, और मसीह के समान आचरण आपके व्यवहार का हिस्सा होगा । जैसा कि प्रभु ने वादा किया है, आप प्रकटीकरण पर प्रकटीकरण, ज्ञान पर ज्ञान प्राप्त करेंगे, ताकि आप रहस्यमय और शान्ति की चीजों को जान सकें—जो खुशी लाती है, जो अनन्त जीवन लाती है (देखें सि. और अनु. 42:61) । आपकी सबसे बड़ी आशा उस पवित्रीकरण से आनन्द प्राप्त करना होना चाहिए जो इस ईश्वरीय मार्गदर्शन से आती है; आपका सबसे बड़ा डर इन आशीषों से वंचित रहना होना चाहिए ।

अतिरिक्त संदर्भः यिर्मयाह 31:31–34; मुसायाह 5; मरोनी 10:33; सि. और अनु. 82:10; 97:8; 98:13–15

इब्राहीम की वाचा; बपतिस्मा; विवाह; धर्मविधियाँ; पौरोहित्य; प्रभुभोज; मन्दिर *भी देखें*

## सृष्टि

स्वर्गीय पिता के निर्देशानुसार, यीशु मसीह ने स्वर्ग और पृथ्वी की रचना की (देखें मुसायाह 3:8; मूसा 2:1) । धर्मशास्त्र से भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ द्वारा प्रकट हुआ, हम जानते हैं कि रचना के कार्य में, प्रभु ने उन तत्वों को संघटित किया जो पहले से ही अस्तित्व में थे (देखें इब्राहीम 3:24) । उसने संसार की रचना ''कुछ नहीं'' से नहीं की, जैसा कि कुछ लोग विश्वास करते हैं ।

धर्मशास्त्र यह भी सीखाते हैं कि आदम सभी मनुष्यों में प्रथम मनुष्य था (देखें मूसा 1:34) । परमेश्वर ने आदम और हव्वा को अपनी और अपने इकलौते पुत्र की समानता में बनाया था (देखें मूसा 2:26–27) ।

सृष्टि स्वर्गीय पिता की उद्धार की योजना का एक महत्वपूर्ण भाग है । यह हममें से प्रत्येक को पृथ्वी पर आने का अवसर प्रदान करता है, जहां हम एक शारीरिक शरीर प्राप्त करते हैं और अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग करते हैं । नश्वरता के पहले के परमेश्वरों की परिषद में, ऐसी घोषणा की गई थी कि वे नीचे जाएंगे, क्योंकि वहां स्थान था, और वे विद्यमान सामग्रियों को लेंगे और एक पृथ्वी की रचना करेंगे जहां हम रह सकें । देखने में वे हमें सिद्ध करेंगे कि क्या हम उन सभी बातों को मानेंगे जिसे प्रभु हमारा परमेश्वर हमें करने की आज्ञा देगा (देखें इब्राहीम 3:24–25) ।

आप परमेश्वर के आत्मा के बच्चे हैं, और आपके शरीर की रचना उसकी समानता में की गई है । इन आशीषों के प्रति अपने आभार को व्यक्त करने के लिए, ज्ञान के शब्द का पालन करने के द्वारा आप अपने शरीर की देखभाल कर सकते हैं और अपने आत्मिक और शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित अन्य आज्ञाओं का

पालन कर सकते हैं (देखें सि. और अनु. 89; सि. और अनु. 88:124 भी देखें ) । परमेश्वर के बच्चों के रूप में आप अन्य लोगों का आदर भी कर सकते हैं ।

सृष्टि की सभी सुंदरताओं के हिताधिकारी के रूप में, आप पृथ्वी की देखभाल कर सकते हैं और भावी पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखने में सहायता कर सकते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः उत्पत्ति 1–2; इब्रानियों 1:1–2; 1 नफी 17:36; सि. और अनु. 38:1–3; 59:16–20; मूसा 1–3; इब्राहीम 4–5

पिता परमेश्वर; यीशु मसीह; उद्धार की योजना *भी देखें*

## क्रूस

उद्धारकर्ता की मृत्यु और पुनरुत्थान के प्रतीक के रूप में और विश्वास के एक सच्चे अभिव्यक्ति के रूप में कई ईसाई गिरजाघरों में क्रूस का उपयोग किया जाता है । अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्यों के रूप में, हम भी उद्धारकर्ता के उत्पीड़न को श्रद्धा से याद करते हैं । परन्तु क्योंकि उद्धारकर्ता जीवित है, हम उसकी मृत्यु के प्रतीक का उपयोग अपने विश्वास के चिन्ह के रूप में नहीं करते हैं ।

आपका जीवन आपके विश्वास की अभिव्यक्ति होनी चाहिए । याद रखें कि जब आपका बपतिस्मा और पुष्टिकरण हुआ था, आपने अपने ऊपर यीशु मसीह के नाम को ग्रहण करने का अनुबन्ध लिया था । जब आपके सहयोगी निरीक्षण करते हैं, वे उद्धारकर्ता और उसके काम के प्रति आपके प्रेम को समझने में समर्थ होने चाहिए ।

गिरजाघर के केवल वही सदस्य क्रूस का चिन्ह पहनते हैं जो अन्तिम-दिनों के सन्त पुरोहित होते हैं, जो कि अपनी सेना की वर्दियों पर यह दिखाने के लिए लगाते हैं कि वे ईसाई पुरोहित हैं ।

यीशु मसीह का प्रायश्चित; यीशु मसीह; पुनरुत्थान *भी देखें*

**क्रूसारोहण** (*देखें* यीशु मसीह का प्रायश्चित; क्रूस)

**डीकन** (*देखें* हारुनी पौरोहित्य; पौरोहित्य)

## मृत्यु, शारीरिक

शारीरिक मृत्यु नश्वर शरीर से आत्मा का अलग होना है । आदम का पतन संसार में शारीरिक मृत्यु लाया था (देखें मूसा 6:48) ।

मृत्यु स्वर्गीय पिता की उद्धार की योजना का एक महत्वपूर्ण भाग है (देखें 2 नफी 9:6) । अपने अनन्त पिता के समान बनने के लिए, हमें मृत्यु का अनुभव करना होगा और बाद में हम परिपूर्ण, पुनरुत्थारित शरीर प्राप्त करते हैं ।

जब भौतिक शरीर की मृत्यु हो जाती है, आत्मा जीवित रहती है । आत्मा के संसार में, धार्मिक लोगों की आत्माओं को ''वह आनन्द प्राप्त होगा जिसे स्वर्गलोक कहते हैं, जो कि विश्राम और शान्ति का वह समय होगा जहां अपने सभी कष्टों, चिन्ताओं और दुखों से छुटकारा मिलेगा'' (अलमा 40:12) । एक स्थान जिसे आत्मा का बन्दीगृह कहते हैं वह उन लोगों के लिए है जो सच्चाई को जाने बिना, या उल्लंघन करके, भविष्यवक्ताओं को अस्वीकार करते हुए अपने पापों के साथ ही मर गये थे (देखें सि. और अनु. 138:32) । कारागार में रह रही आत्माओं को परमेश्वर में विश्वास करना, पापों का पश्चाताप करना, पापों की क्षमा के लिए प्रतिनियुक्ति बपतिस्मा लेना, और हाथों को रखने के द्वारा पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त करना, और सुसमाचार के अन्य सभी नियमों को सीखाया जाता है जिनका ज्ञान उनके लिए आवश्यक है (देखें सि. और अनु. 138:33–34) । यदि वे सुसमाचार के नियमों को स्वीकार करते हैं, अपने पापो का पश्चाताप करते हैं, और मन्दिरों में उनके पक्ष में की जाने वाली धर्मविधियों को स्वीकार करते हैं, आनन्दधाम में उनका स्वागत होगा ।

यीशु मसीह के प्रायश्चित और पुनरुत्थान के कारण, शारीरिक मृत्यु केवल अस्थाई हैः ''और जैसे आदम में सब मरते हैं, वैसे ही मसीह में सब जिलाए जाएंगे'' (1 कुरिन्थियों 15:22) । हर एक का पुनरुत्थान होगा, इसका अर्थ यह है कि हर एक व्यक्ति की आत्मा को उसके शरीर के साथ मिलाया जाएगा—''हर एक भाग और जोड़ को शरीर के साथ पूर्वावस्था में किया जाएगा'' और तब मृत्यु का विषय नहीं रह जाएगा (अलमा 40:23; अलमा 11:44–45 भी देखें) ।

शायद आपने उस पीड़ा का अनुभव किया होगा जो परिवार के किसी सदस्य या मित्र की मृत्यु पर होता है । उस समय पर दुःख की अनुभूति स्वभाविक है । यहां तक कि, शोक प्रेम की एक गहरी अभिव्यक्ति है । प्रभु ने कहा है कि हमें प्रेम से एक साथ रहना चाहिए, इतना कि यदि उनकी मृत्यु हो जाए तो हम उनके न होने पर रोएं (देखें सि. और अनु. 42:45) । जब तक इस जीवन में हम दूसरे लोगों से प्रेम करते रहेंगे, हमें दुःख होगा जब लोगों की मृत्यु होगी ।

अपने प्रियजनों की मृत्यु पर जब आप शोक करते हैं तब भी पुनरुत्थान की प्रतिज्ञा के साथ और इस आश्वासन में आप सांत्वना प्राप्त कर सकते हैं कि परिवार एक साथ सदा के लिए रह सकते हैं । आप ''दुःख और आनन्द मनाने के महान कारणों को भी देख सकते हैं; दुःख मनुष्य की मृत्यु और नष्ट होने के कारण, और आनन्द मसीह का प्रकाश जीवन प्रदान करने के कारण होते हैं'' (अलमा 28:14; आयत 9–13 भी देखें) ।

जब किसी प्रियजन की मृत्यु हो जाती है तब सांत्वना प्राप्त करने के अतिरिक्त, आप इस ज्ञान के साथ शान्ति प्राप्त कर सकते हैं कि अंततः आपकी मृत्यु होगी । जब आप सुसमाचार जीते हैं, आप प्रभु की प्रतिज्ञा याद कर सकते हैं कि जिनकी मृत्यु उसमें होती है वे मृत्यु का स्वाद नहीं चखेंगे, क्योंकि यह उनके लिए आनन्ददायक होगा'' (देखें सि. और अनु. 42:46) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 25:8; 1 कुरिन्थियों 15:51–58; 2 नफी 9:6–15; मुसायाह 16:6–8
*यीशु मसीह का प्रायश्चित; स्वर्गलोक; उद्धार की योजना; पुनरुत्थान भी देखें*

## मृत्यु, आत्मिक

आत्मिक मृत्यु परमेश्वर से अलग होना है । धर्मशास्त्र आत्मिक मृत्यु के दो उद्गम को सीखाते हैं । पहला उद्गम है पतन, और हमारे स्वयं की अवज्ञाकारिता ।

मॉरमन की पुस्तक के भविष्यवक्ता सामुएल ने सीखाया था, ''आदम के पतन से सारा मानव वंश प्रभु की उपस्थिति से अलग कर दिया गया था, जिसे शारीरिक और आत्मिक दोनों तरह से मरे के समान माना गया था'' (इलामन 14:16) । पृथ्वी पर हमारे जीवन के दौरान, हम परमेश्वर की उपस्थिति से अलग हो गए हैं । प्रायश्चित के द्वारा, यीशु मसीह हर एक को इस आत्मिक मृत्यु से मुक्ति दिलाता है । सामुएल ने गवाही दी थी कि उद्धारकर्ता का पुनरुत्थान ''सभी मानव वंश को पहली मृत्यु से मुक्ति दिलाता है—जो कि आत्मिक मृत्यु है . . . । मसीह का मर कर जीवित हो उठना मानव समाज का उद्धार करता है, हां, सारे मानव वंश को उद्धार करके उन्हें प्रभु की उपस्थिति में लाता है'' (इलामन 14:16–17) । भविष्यवक्ता लेही ने सीखाया था कि प्रायश्चित के कारण ''सब लोग परमेश्वर के पास आओ; और उसके सामने खड़े हो जाओ जिससे कि जो सच्चाई और पवित्रता उसके अन्दर है उसके अनुसार वह तुम्हारा न्याय कर सके'' (2 नफी 2:10) ।

आगे आत्मिक मृत्यु हमारे स्वयं की अवज्ञाकारिता के कारण आती है । हमारे पाप हमें अस्वच्छ करते हैं और परमेश्वर की उपस्थिति में रहने के प्रति असमर्थ बनाते हैं (देखें रोमियों 3:23; अलमा 12:12–16, 32; इलामन 14:18; मूसा 6:57) ।

प्रायश्चित के द्वारा, यीशु मसीह आत्मिक मृत्यु से मुक्ति प्रदान करता है परन्तु केवल तभी जब हम उसमें विश्वास करते हैं, अपने पापों का पश्चाताप करते हैं, और सुसमाचार के नियमों और धर्मविधियों का पालन करते हैं (देखें अलमा 13:27–30; इलामन 14:19; विश्वास के अनुच्छेद 1:3) ।

अतिरिक्त संदर्भः 1 नफी 15:33–35; अलमा 40:26; 42:23

यीशु मसीह का प्रायश्चित; विश्वास; पतन; आज्ञाकारिता; पश्चाताप; पाप *भी देखें*

## कर्ज

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के द्वारा, प्रभु ने एक बार सन्तों के एक दल को कहा था कि यह उसकी इच्छा थी कि वे अपने सारे कर्जों का भुगतान करें (देखें सि. और अनु. 104:78) । गिरजाघर के प्रारंभिक दिनों से, प्रभु के भविष्यवक्ताओं ने हमें कर्ज की बेड़ी से बचने की बार-बार चेतावनी दी है ।

कर्ज का एक सबसे खतरनाक पहलू है उसका ब्याज जिसे उसके साथ देना पड़ता है । ऋण के कुछ प्रकार, जैसे कि क्रेडिट कार्ड जिसका ब्याज विशिष्ट रूप से अधिक होता है । एक बार यदि आप इस प्रकार के कर्ज में फंस जाएं तो आपको पता चलता है कि उस ब्याज से कोई दया नहीं मिल सकती । आपकी परिस्थितियों की परवाह न करते हुए—चाहे आपके पास नौकरी हो या न हो, चाहे आप स्वस्थ हों या बीमार हों, यह बढ़ता ही जाता है । यह तब तक के लिए खत्म नहीं होता जब तक कि कर्ज का निपटारा न कर दिया जाए । ऋण के प्रस्तावों द्वारा धोखा न खाएं, तब भी जब वे कम ब्याज दरों की प्रतिज्ञा द्वारा लुभावने प्रतीत होते हों, या एक निश्चित अवधि के लिए बिना ब्याज के हों ।

अपने वित्तिय परिस्थिति से अवगत रहें । जितना हो सके उतना कर्ज से बचते हुए, अपनी खरीददारी में अपने आपको अनुशासित रखें । कई मामलों में, आप अपने साधनों का समझदारी से प्रबंध करने के द्वारा कर्ज से बच सकते हैं । यदि आप कर्ज लेते हैं, जैसे कि एक शालीन घर खरीदने या अपनी शिक्षा पूरी करने के प्रति एक उचित रकम, जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी इसका भुगतान करने के लिए काम करें और इस बेड़ी से स्वयं को मुक्त करें । जब आपने अपने कर्जों का निपटारा कर लिया हो और कुछ बचत कर लिया हो, आप उन वित्तिय कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार होंगे जो आपके रास्ते में आ सकती हैं । आपके पास आपके परिवार के लिए आश्रय होगा और आपके हृदय में शान्ति होगी ।

अतिरिक्त संदर्भः लूका 16:10–11; सि. और अनु. 19:35

**दैत्य** (*देखें* शैतान)

## तलाक

''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा'' में, प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद ''विधिवत रूप से घोषित करती है कि एक पुरुष और एक स्त्री के बीच विवाह परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया गया है और यह कि सृष्टिकर्ता के बच्चों की अनन्त नियति के प्रति परिवार उसकी योजना का मुख्य केन्द्र है'' (इस किताब में पृष्ठ 61 देखें ) । इन सच्चाइयों के बावजूद, कई समाजों में तलाक एक साधारण बात बन गई है और यहां तक कि गिरजाघर के सदस्यों के बीच भी बढ़ी है । यह बढ़ रही महामारी परमेश्वर के तरफ से नहीं है, परन्तु यह शैतान का कार्य है ।

अनन्त विवाह की आशीषों के प्रति योग्य बनने के लिए प्रत्येक विवाहित जोड़े को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए । यदि आप विवाहित हैं और आपका पति/आपकी पत्नी कठिनाइयों का सामना कर रहा/रही है तो याद रखें कि विवाह के तनाव का अधिकतर उपचार तलाक या अलग होने में नहीं है । उपचार यीशु मसीह के सुसमाचार में है—पश्चाताप, क्षमादान, अखण्डता, और प्रेम में है । यह आपके पति/आपकी पत्नी के साथ आपके व्यवहार में है जैसा आप चाहेंगे/चाहेंगी कि आपके साथ व्यवहार किया जाए (देखें मत्ती 7:12) । जब आप कठिनाइयों के समाधान के लिए काम करते/करती हैं, अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से सलाह प्राप्त करने के लिए आप लोग एक साथ जा सकते हैं ।

उदारता; परिवार; प्रेम; विवाह; मन्दिर *भी देखें*

**सिद्धान्त और अनुबन्ध** (*देखें* धर्मशास्त्र)

**मादक पदार्थ** (*देखें* ज्ञान के शब्द)

## शिक्षा

प्रभु ने हमें अध्ययन और विश्वास के द्वारा शिक्षा प्राप्त करने की आज्ञा दी है (देखें सि. और अनु. 88:118) । उसने हमें सुसमाचार सीखने की सलाह दी है और उन चीजों की समझ प्राप्त करने की सलाह दी है जो स्वर्ग में हैं, पथ्वी पर हैं, और जो पृथ्वी के नीचे हैं; चीजें जो रह चुकी हैं, चीजें जो हैं, और चीजें जो शीघ्र ही

होने वाली हैं; चीजें जो घर पर हैं और चीजें जो विदेश में हैं; राष्ट्रों के युद्धों की और हैरान कर देने वाली चीजों की, और धरती पर जो न्याय होते हैं उनकी; और देशों और राज्यों के ज्ञान को प्राप्त करने की भी—कि [हम] सभी चीजों में तैयारी कर सकें (देखें सि. और अनु. 88:78–80) ।

## शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण

आपको सदैव अपने मन और अपने हाथों को शिक्षित करने के प्रति काम करना चाहिए ताकि आप अपने चुने हुए क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें । अपनी शिक्षा का उपयोग भलाई के प्रति एक प्रभाव के रूप में करें । जब आप ऐसा करेंगे, आप संपूर्णता के एक व्यक्तित्व के रूप में जाने जाएंगे । जब अवसर आये तब आप उसके लिए तैयार रहेंगे, और आप अपने परिवार, गिरजाघर, और समाज के लिए एक बड़ी पूंजी बनेंगे ।

अच्छी से अच्छी उपलब्ध शिक्षा पाने का प्रयास करें । कुछ संभावनाएं हैं कॉलेज और विश्वविद्यालय, तकनीकी विद्यालय, घर-अध्ययन पाठ्यक्रम, सामाजिक शिक्षा, और निजी (गैरसरकारी) प्रशिक्षण ।

## धर्मप्रशिक्षालय और संस्थान

पूरे संसार में, अन्तिम-दिनों के सन्त जिनकी उम्र 14 से 18 वर्ष तक है वे धर्मप्रशिक्षालय में भाग लेते हैं, जो धर्मशास्त्रों से सप्ताह के दिन का निर्देश देते हैं । 18 से 30 वर्षिय अन्तिम-दिनों के सन्तों के लिए धर्म के संस्थान सुसमाचार के सप्ताह के दिन के विविध पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।

ये कार्यक्रम एक आत्मिक और सामाजिक वातावरण प्रदान करते हैं जहां सुसमाचार के बारे में और अधिक सीखते हुए विद्यार्थी एक दूसरे को सहयोग दे सकते हैं ।

धर्मप्रशिक्षालय और संस्थान के विषय में जानकारी के लिए, एक स्थानीय पौरोहित्य मार्गदर्शक से सम्पर्क करें ।

## आजीवन शिक्षा प्राप्त करना

पूरे जीवन भर शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों के प्रति प्रयास जारी रखें । यह आपके चुने हुए व्यवसाय में और आपकी अन्य निपुणताओं और रूचियों में नवीनतम शिक्षा के ज्ञान, विचार या व्यवसाय या पेशे में वर्तमान तकनीकी ज्ञान को बनाये

रखने में सहायता करेगी । तेजी से बदलते हुए इस संसार में, आपको वर्तमान और भविष्य के प्रति अपने आपको शिक्षित करने के लिए समय निकालना होगा ।

औपचारिक विद्यालय के द्वारा अपने आपको शिक्षित करते रहने के अतिरिक्त, आप पढ़ने, हितकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने, संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने, और अपने आस-पास के संसार का अवलोकन करने के द्वारा सीखना जारी रख सकते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः नीतिवचन 1:5; सि. और अनु. 130:18–19

**एल्डर** (*देखें* मलकिसिदक पौरोहित्य; पौरोहित्य)

**इंडोवमेन्ट** (*देखें* मन्दिर)

## अनन्त जीवन

प्रभु ने घोषित किया था कि उसका कार्य और उसकी महिमा मनुष्य के अमरत्व और अनन्त जीवन को सफल बनाना है (देखें मूसा 1:39) । अमरत्व सदा के लिए एक पुनरुत्थारित अतिस्त्व के रूप में रहना है । यीशु मसीह के प्रायश्चित द्वारा, प्रत्येक को यह उपहार मिलेगा । अनन्त जीवन, या उत्कर्ष, सलेस्टियल राज्य की उच्चत्तम अवस्था में एक स्थान प्राप्त करना है, जहां हम परमेश्वर की उपस्थिति में और परिवारों के रूप में रहेंगे (देखें सि. और अनु. 131:1–4) । अमरत्व के समान, यह उपहार भी यीशु मसीह के प्रायश्चित द्वारा संभव है । फिर भी, इसमें ''नियमों और सुसमाचार की धर्मविधियों के प्रति हमारी आज्ञाकारिता'' की आवश्यकता है (विश्वास के अनुच्छेद 1:3) ।

अनन्त जीवन के पथ पर टिके रहना

जब आपका बपतिस्मा हुआ और आपने पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त किया, आपने उस मार्ग पर प्रवेश किया था जो अनन्त जीवन की तरफ जाता है । भविष्यवक्ता नफी ने सीखाया थाः

''जिस द्वार से तुम्हें अन्दर प्रवेश करना है, वह है अपने पापों पर पश्चाताप और पानी द्वारा बपतिस्मा लेना, और तब आता है अग्नि और पवित्र आत्मा द्वारा पापों का क्षमा किया जाना ।

''और तब तुम इस संकरे रास्ते पर चलोगे जो तुम्हें अनन्त जीवन तक ले जाएगा; हां तब तुम द्वार से होकर अन्दर प्रवेश करोगे; तुमने पिता और पुत्र की आज्ञाओं का पालन किया; और तुमने पवित्र आत्मा को प्राप्त किया जो पुत्र के इस वचन का साक्षी है कि अगर तुमने सही रास्ते से अन्दर प्रवेश किया तब तुम पाओगे'' (2 नफी 31:17–18) ।

नफी ने बल दिया था कि इस ''सीधे और संकरे रास्ते'' पर प्रवेश करने के पश्चात, हमें विश्वास में अन्त तक सहनशील बने रहना होगाः

''अब मेरे भाइयों इस सीधे संकरे रास्ते पर चले जाने से, मैं पूछता हूं कि क्या सब कुछ किया जा चुका है ? सुनोः मैं तुमसे कहता हूं कि नहीं, क्योंकि तुम केवल मसीह के वचन अनुसार और उस पर अपने दृढ़ विश्वास के सहारे, उसके बचाने के महान सामर्थ्य पर आश्रित होकर ही वहां तक पहुँचे हो ।

''इस कारण तुम मसीह में दृढ़ विश्वास रखते हुए आशा की अखण्ड ज्योति में और परमेश्वर और सभी मनुष्यों से प्रेम रखते हुए, सदैव आगे बढ़ते चलो । इसलिए अगर तुम आगे बढ़ते रहे, मसीह की वाणी का प्याला पीते रहे, और अन्त तक सहनशील बने रहे, तब सुनो, पिता इस प्रकार कह रहा हैः तुम्हें अनन्त जीवन मिलेगा'' (2 नफी 31:19–20) ।

अब जब कि आपका बपतिस्मा और पुष्टिकरण हो चुका है, अनन्त जीवन के प्रति विकास का आपका अधिकतर भाग उद्धार की आपकी अन्य धर्मविधियों को प्राप्त करने पर आधारित हैः पुरुषों के लिए, मलकिसिदक पौरोहित्य की नियुक्ति; पुरुषों और स्त्रियों के लिए, मन्दिर इंडोवमेन्ट और विवाह की मुहरबन्दी । जब आप इन धर्मविधियों को प्राप्त करते हैं और उन अनुबन्धों का पालन करते हैं जो इनके साथ हैं, सलेस्टियल राज्य की उच्चत्तम अवस्था में एक स्थान प्राप्त करने के लिए आप अपने आपको तैयार करते हैं ।

## आपकी पहुँच में (प्राप्य)

जब आप ''सीधे और संकरे रास्ते'' के अपने विकास पर मनन करते हैं, सुनिश्चित रहें कि अनन्त जीवन आपकी पहुँच में है । प्रभु चाहता है कि आप उसके पास वापस जाएं, और वह आपसे कभी भी ऐसी चीजों की आशा नहीं करेगा जिसे आप पूरा न कर सकें । उसकी सभी आज्ञाओं को आपकी प्रसन्नता में तरक्की देने के लिए बनाया गया है । जब आप विश्वास बढ़ाते हैं और अपने सभी सामर्थ्य द्वारा उसकी सेवा करते हैं, वह आपको बल प्रदान करता है और वह रास्ता उपलब्ध कराता है जिसपर चलकर आप वह करते हैं जिसे वह आपको करने की आज्ञा देता है

(देखें 1 नफी 3:7) । याद रखें कि जब आप बड़े से बड़ा प्रयास करते हैं और अपने पापों का पश्चाताप करते हैं, तब यीशु मसीह का प्रायश्चित आपकी उन कमजोरियों और अन्याय, क्षति, और कष्टों के प्रति मुआवजा देगा जिसका अनुभव आप इस जीवन में करते हैं: ''क्योंकि हम जानते हैं कि हम जो कुछ भी कर सकते हैं, उन्हें कर लेने पर भी हम उसी की कृपा से बच सकते हैं'' (2 नफी 25:23) ।

अतिरिक्त संदर्भः यूहन्ना 3:16; 17:3; 2 नफी 9:39; मरोनी 7:41; सि. और अनु. 14:7; 50:5

यीशु मसीह का प्रायश्चित; अनुग्रह; महिमा के राज्य *भी देखें*

**उत्कर्ष** (*देखें* अनन्त जीवन)

## विश्वास

प्रेरित पौलुस ने सीखाया था कि ''विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय, और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है'' (इब्रानियों 11:1) । अलमा ने इसी के समान एक वक्तव्य दिया थाः ''अगर तुममें विश्वास है तब तुम उसकी आशा करते हो जो सत्य तो है परन्तु उसे देखा नहीं है'' (अलमा 32:21) ।

विश्वास कार्य और शक्ति का एक नियम है । जब भी आप किसी योग्य लक्ष्य के लिए काम करते हैं, आप विश्वास बढ़ाते हैं । आप किसी ऐसी चीज के प्रति अपनी आशा व्यक्त करते हैं जिसे आप अभी भी देख नहीं सकते हैं ।

प्रभु यीशु मसीह में विश्वास

उद्धार की तरफ ले जाने के आपके विश्वास में, इसे प्रभु यीशु मसीह पर केन्द्रित होना होगा (देखें प्रेरितों के काम 4:10–12; मुसायाह 3:17; मरोनी 7:24–26; विश्वास के अनुच्छेद 1:4) । आप मसीह में अपने विश्वास का प्रयोग कर सकते हैं जब आपके पास एक आश्वासन हो कि उसका अस्तित्व है, उसके स्वभाव का एक सही मत हो, और ज्ञान हो कि आप उसकी इच्छा के अनुसार जीने का प्रयास कर रहे हैं ।

यीशु मसीह में विश्वास होने का अर्थ है उस पर पूरी तरह से निर्भर होना—उसके असीम सामर्थ, ज्ञान, और प्रेम में भरोसा होना । इसमें उसकी शिक्षाओं पर विश्वास करना भी सम्मिलित है । इसका अर्थ है उन चीजों पर विश्वास करना जिसे आप समझते भी नहीं हैं परन्तु वह उन्हें करता है । याद रखें, क्योंकि उसने आपकी

पीड़ा, कष्ट, और दुर्बलताओं का अनुभव किया है, वह जानता है कि निरन्तर होने वाली कठिनाइयों से उबरने में आपकी सहायता कैसे करनी है (देखें अलमा 7:11–12; सि. और अनु. 122:8) । उसने ''संसार को जीत लिया है'' (यूहन्ना 16:33) और अनन्त जीवन प्राप्त करने के प्रति आपके लिए मार्ग तैयार किया है । वह सदा आपकी सहायता के लिए तैयार है जब आप प्रत्येक विचार में उसकी तरफ देखने, उस पर संदेह न करने और न डरने की उसकी याचना को याद करते हैं (देखें सि. और अनु. 6:36) ।

## विश्वास द्वारा जीना

विश्वास निष्क्रिय विश्वास से कहीं अधिक है । आप अपने विश्वास को अपने कार्यों द्वारा—जिस प्रकार से आप रहते हैं उसके द्वारा व्यक्त करते हैं ।

उद्धारकर्ता ने वादा किया था, ''अगर तुम मुझमें विश्वास करोगे तब मेरे निमित जो आवश्यक होगा उसे करने में तुम समर्थ होगे'' (मरोनी 7:33) । यीशु मसीह में विश्वास आपको उसके परिपूर्ण उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है (देखें यूहन्ना 14:12) । आपका विश्वास आपको अच्छे कार्य करने, आज्ञाओं को मानने, और अपने पापों का पश्चाताप करने की तरफ ले जा सकता है (देखें याकूब 2:18; 1 नफी 3:7; अलमा 34:17) । आपका विश्वास प्रलोभन का सामना करने में आपकी सहायता कर सकता है । अलमा ने अपने पुत्र इलामन को सलाह दी थी, ''उन लोगों को मसीह पर विश्वास करके शैतान के दिए गए लालचों में न पड़ने की शिक्षा देना'' (अलमा 37:33) ।

आपके विश्वास के अनुसार प्रभु आपके जीवन में शक्तिशाली चमत्कार करेगा (देखें 2 नफी 26:13) । यीशु मसीह में विश्वास, उसके प्रायश्चित के द्वारा आत्मिक और शारीरिक चंगाई प्राप्त करने में आपकी सहायता करता है (देखें 3 नफी 9:13–14) । जब कष्ट का समय आता है, विश्वास आगे बढ़ने में और साहस के साथ अपने दुर्भाग्य का सामना करने में आपको बल प्रदान कर सकता है । तब भी जब आपका भविष्य अनिश्चित प्रतीत होता हो, उद्धारकर्ता में आपका विश्वास आपको शान्ति प्रदान कर सकता है (देखें रोमियों 5:1; इलामन 5:47) ।

## आपके विश्वास को बढ़ाना

विश्वास परमेश्वर का एक उपहार है, परन्तु अपने विश्वास को मजबूत रखने के लिए इसका पोषण करना होगा । विश्वास आपके बांह की मांस-पेशी के समान है । यदि आप इसका व्यायाम करते हैं, यह मजबूत होती है । यदि आप इसे उस

पट्टी में रखकर उसी के भरोसे छोड़ दें जो साधारणतः गले से लटकते हुए बांह को सहायता देती है, तो यह कमजोर हो जाती है ।

यीशु मसीह के नाम में स्वर्गीय पिता से प्रार्थना करने के द्वारा आप विश्वास के उपहार का पोषण कर सकते हैं । जब आप अपने पिता के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं और जब आप उससे उन आशीषों की याचना करते हैं जिसकी आवश्यकता आपको और दूसरों को है तो आप उसकी नजदीकी में जाएंगे । आप उद्धारकर्ता की नजदीकी में जाएंगे, जिसके प्रायश्चित के कारण संभव होता है कि आप दया की याचना कर सकें (देखें अलमा 33:11) । आप पवित्र आत्मा के शान्त मार्गदर्शन के प्रति ग्रहणशील भी होंगे ।

आज्ञाओं का पालन करने के द्वारा आप अपने परिवार को मजबूत कर सकते हैं । परमेश्वर के सभी आशीषों के समान, विश्वास को व्यक्तिगत आज्ञाकारिता और धार्मिक काम से प्राप्त किया जा सकता है और बढ़ाया जा सकता है । यदि आप अपने विश्वास को उच्चत्तम अवस्था तक समृद्ध करना चाहते हैं, तो आपको उन अनुबन्धों को मानना होगा जिसे आपने बनाया है ।

धर्मशास्त्रों का और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं के शब्दों का अध्ययन करने के द्वारा भी आप अपने विश्वास को बढ़ा सकते हैं । भविष्यवक्ता अलमा ने सीखाया था कि परमेश्वर का वचन विश्वास को मजबूत करने में सहायता प्रदान करता है । वाणी की एक बीज से तुलना करते हुए, उसने कहा था कि ''विश्वास करने की इच्छा'' वाणी को ''आपके हृदय में उगाने'' के लिए ''स्थान देने'' की तरफ ले जा सकती है । तब आप महसूस करेंगे कि वाणी अच्छी है, क्योंकि यह आपकी आत्मा के विकास को आरंभ कर देगी और आपके ज्ञान को बढ़ा देगी । यह आपके विश्वास को मजबूत करेगी । जब आप निरन्तर अपने हृदय में वाणी का पालन-पोषण करते हैं, ''परिश्रम द्वारा विश्वास के साथ धैर्यपूर्वक, फल को प्राप्त करने की आशा से, तब उसमें जड़ पड़ेगी, और देखो वह बढ़कर वृक्ष होगा और अनन्त जीवन प्राप्त करेगा'' (देखें अलमा 32:26–43) ।

अतिरिक्त संदर्भः इब्रानियों 11; याकूब 1:5–6; 2:14–26; एथर 12:4–27; मरोनी 7:20–48; सि. और अनु. 63:7–11; 90:24

बपतिस्मा; पिता परमेश्वर; यीशु मसीह; पश्चाताप *भी देखें*

## पतन

अदन की बाटिका में, परमेश्वर ने कहा था कि आदम और हव्वा बगीचे के किसी भी पेड़ के फल को आजादी से खा सकते थे परन्तु उन्हें अच्छे और बुरे के ज्ञान के पेड़ के फल को नहीं खाना था । फिर भी, उसने उन्हें चुनने की अनुमति दी थी, क्योंकि यह उनका अधिकार था । परन्तु उसने कहा कि उन्हें याद रखना चाहिए कि उसने उन्हें अच्छे और बुरे के पेड़ के फल को खाने से मना किया है, क्योंकि जिस दिन वे इसे खायेंगे, निश्चित तौर पर उनकी मृत्यु हो जाएगी (देखें मूसा 3:16–17) । क्योंकि आदम और हव्वा ने इस आज्ञा का उल्लंघन किया और अच्छे और बुरे के पेड़ के फल को खा लिया. उन्हें प्रभु की उपस्थिति से निकाल दिया गया था (देखें सि. और अनु. 29:40–41) । दूसरे शब्दों में, उन्होंने आत्मिक मृत्यु का अनुभव किया था । वे नश्वर भी बन गये थे—शारीरिक मृत्यु का विषय । इस आत्मिक और शारीरिक मृत्यु को पतन कहते हैं ।

### हमारी पतित की अवस्था

आदम और हव्वा के वंशजों के रूप में, नश्वरता के दौरान हम एक पतित की अवस्था के अधिकारी हैं (देखें अलमा 42:5–9, 14) । हमें प्रभु की उपस्थिति से अलग कर दिया गया है और हम शारीरिक मृत्यु का विषय हैं । हम प्रतिरोध की एक ऐसी स्थिति में भी रहते हैं, जिसमें जीवन की कठिनाइयों और विरोध के प्रलोभन द्वारा हमारी परीक्षा होती है (देखें 2 नफी 2:11–14; सि. और अनु. 29:39; मूसा 6:48–49) ।

इस पतित की अवस्था में, हमारे स्वयं के अन्दर एक संघर्ष है । ''ईश्वरीय स्वभाव के सहभागी'' होने की क्षमता के साथ, हम परमेश्वर के आत्मा के बच्चे हैं (2 पतरस 1:4) । फिर भी, ''हम [परमेश्वर] के सामने अयोग्य ठहरते हैं; क्योंकि पतन से लगातार हमारे स्वभाव में बुराई आ गई है'' (एथर 3:2) । अधार्मिक मनोभाव और इच्छाओं से बाहर आने के लिए हमें निरन्तर प्रयास जारी रखने की आवश्यकता है ।

स्वर्गदूत के शब्दों को दोहराते हुए राजा बिन्यामीन ने कहा था, ''मनुष्य अपने प्राकृतिक स्वभाव से ही परमेश्वर का शत्रु है, और आदम के पतन के समय से शत्रु था और सदैव रहेगा ।'' राजा बिन्यामीन ने चेतावनी दी थी कि इस प्राकृतिक स्वभाव, या पतित अवस्था में, प्रत्येक मनुष्य सदैव ही परमेश्वर का शत्रु रहेगा ''जब तक कि वह पवित्र आत्मा के आकर्षणों पर आकर्षित नहीं होता और अपने स्वाभाविक

प्रकृति को त्याग कर प्रभु मसीह के प्रायश्चित द्वारा सन्त बन कर तथा बच्चों की तरह आज्ञाकारी, विनित, दीन, सहनशील, प्रेम से परिपूर्ण होकर उन सारी बातों को जिन्हें प्रभु उनके लाभ के लिए लागू करता है, उसी तरह स्वीकार नहीं करता जैसे एक बच्चा अपने पिता की बातों को स्वीकार करता है'' (मुसायाह 3:19) ।

पतन के लाभ

पतन स्वर्गीय पिता की उद्धार की योजना का एक आवश्यक भाग है (देखें 2 नफी 2:15–16; 9:6) । इसकी दिशा दो तरफा है—यह एक ऊँची अवस्था से नीची अवस्था की तरफ जा सकता है परन्तु यह मनुष्य के आगे के विकास को भी आरंभ करता है । शारीरिक और आत्मिक मृत्यु को लाने के अतिरिक्त, इसने पृथ्वी पर हमें जन्म लेने का और सीखने और उन्नति करने का अवसर प्रदान किया । जब हम पाप करते हैं तब स्वतंत्रता के अपने धार्मिक प्रयोग द्वारा और सच्चे पश्चाताप के द्वारा, हम मसीह के पास आ सकते हैं और, उसके प्रायश्चित के द्वारा अनन्त जीवन का उपहार प्राप्त करने की तैयारी कर सकते हैं । भविष्यवक्ता लेही ने सीखाया थाः

''अगर आदम ने पाप नहीं किया होता तब वह पतित नहीं होता और वह अदन की बाटिका में ही रहता । और जिन सारी चीजों की रचना हुई थी वे सब उसी आरंभिक अवस्था में रहतीं; और भवष्यि में भी वे सदैव के लिए उसी प्रकार रहतीं ।

''और [आदम और हव्वा] के बच्चे नहीं होते; इसलिए वे अपने निर्दोष अवस्था में रहते, और उन्हें कष्ट का अनुभव नहीं होता, और पाप का ज्ञान न होने से उन्हें भले का भी ज्ञान नहीं होता ।

''लेकिन देखो, सभी कुछ उसे विवेक के अंतर्गत हुआ जो सभी कुछ जानता है ।

''आदम का पतन इसलिए हुआ जिससे कि मनुष्य को भविष्य और वर्तमान में आनन्द की प्राप्ति हो ।

''और मसीह अपने उचित समय में आएगा जिससे कि वह मानव वंश को पतन से ऊपर उठाए'' (2 नफी 2:22–26; आयत 19–21, 27 भी देखें) ।

आदम और हव्वा ने उन आशीषों के लिए अपना आभार व्यक्त किया जो पतन के परिणामस्वरूप आये थेः

आदम ने परमेश्वर की बड़ाई की और वह पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हुआ और पृथ्वी के सभी परिवारों के संबंध में भविष्यवाणी करने लगा, यह कहते हुए कि परमेश्वर का नाम आशीषित हुआ । उसने कहा कि उसके उल्लंघन के कारण उसकी आँखें खुल गईं—कि इस जीवन में उसे आनन्द प्राप्त होगा और यह कि फिर से वह शरीर में परमेश्वर को देखेगा ।

हव्वा, उसकी पत्नी ने इन सभी बातों को सुना और खुश हुई, कहते हुए कि यदि यह उल्लंघन नहीं होता तो उन्हें कभी भी सन्तान नहीं होती और कभी भी उन्हें अच्छे और बुरे का और उनके पुनरुत्थान के आनन्द का और उस अनन्त जीवन का ज्ञान नहीं होता जिसे परमेश्वर सभी आज्ञाकारी लोगों को देता है (देखें मूसा 5:10–11) ।

## पतन से मुक्ति

अपनी पतित, नश्वर स्वभाव और व्यक्तिगत पापों के कारण, हमारी एकमात्र आशा यीशु मसीह में और मुक्ति की योजना में ही है ।

यीशु मसीह के प्रायश्चित के कारण, प्रत्येक को पतन के प्रभावों से मुक्त किया जाएगा । हमारा पुनरुत्थान होगा, और न्याय के लिए हमें प्रभु की उपस्थिति में वापस लाया जाएगा (देखें 2 नफी 2:5–10; अलमा 11:42–45; इलामन 14:15–17) ।

पतन के विश्वव्यापी प्रभावों से हमें मुक्ति दिलाने के अतिरिक्त, उद्धारकर्ता हमें हमारे स्वयं के पापों से भी मुक्ति दिला सकता है । हमारी पतित की अवस्था में, हम पाप करते हैं और अपने आपको प्रभु से दूर कर लेते हैं, स्वयं पर आत्मिक मृत्यु लाते हुए । जैसा कि प्रेरित पौलुस ने कहा था, ''सबने पाप किया है, और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं'' (रोमियों 3:23) । यदि हम पाप में ही पड़े रहते हैं, हम परमेश्वर की उपस्थिति में नहीं रह सकते हैं, क्योंकि कोई भी अशुद्ध वस्तु उसकी उपस्थिति में नहीं रह सकती है (देखें मूसा 6:57) । शुक्र है, प्रायश्चित ''पश्चाताप की शर्त को लागू करता है'' (इलामन 14:18), हमारे पापों की क्षमा को सदा के लिए परमेश्वर की उपस्थिति में रहने को संभव बनाते हुए । अलमा ने सीखाया था, ''मनुष्य को समय दिया गया था जिसमें वह पश्चाताप कर सकता था; इसलिए यह जीवन परीक्षा काल की स्थिति में होता है; और यह समय परमेश्वर से मिलने और तैयारी करने के लिए होता है; उस अनन्त स्थिति की तैयारी का समय होता है जिसके विषय में हम लोगों ने कहा है और जो कि मरे हुओं के पुनःजीवित होने के पश्चात आता है'' (अलमा 12:24) ।

## उद्धारकर्ता के प्रायश्चित वाले बलिदान के प्रति आभार

बिल्कुल वैसे ही जैसे कि हमें भोजन की इच्छा तब तक नहीं होती है जब तक कि हम भूखे नहीं होते हैं, उसी प्रकार हम अनन्त उद्धार की इच्छा पूरी तरह से तब तक नहीं करेंगे जब तक कि हम उद्धारकर्ता की आवश्यकता को नहीं पहचानेंगे । यह पहचान तब आती है जब हम पतन की अपनी समझ में बढ़ते हैं । जैसा कि

भविष्यवक्ता लेही ने सीखाया था, ''संसार के सभी लोग भटके हुए पतित हो चुके थे, और ऐसे ही रहते अगर वे उस उद्धारक की शरण में न जाते'' (1 नफी 10:6) ।

अतिरिक्त संदर्भः उत्पत्ति 3; मॉरमन 9:12–14; मूसा 4

स्वतंत्रता; यीशु मसीह का प्रायश्चित; असली पाप; उद्धार की योजना; पाप *भी देखें*

## परिवार

23 सितंबर 1995 को, अध्यक्ष गोर्डन बी. हिंकली, गिरजाघर के 15वें अध्यक्ष ने निम्नलिखित घोषणा को एक जनरल सहायता संस्था सभा में पढ़ा था, जिसका शीर्षक था ''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा'', जो कि परिवार पर गिरजाघर का अधिकारिक वक्तव्य बन गया है ।

''हम, अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर की प्रथम अध्यक्षता एवं बारह प्रेरितों की परिषद, गंभीरता से घोषणा करते हैं कि एक पुरुष और एक स्त्री के बीच विवाह परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया हुआ है और यह कि उसके बच्चों की अनन्त विधि-विधान के लिए परिवार सृष्टिकर्ता की योजना में जरूरी है ।

सारी मानवजाति–नर और नारी—की सृष्टि परमेश्वर की समानता में हुई है । प्रत्येक स्वर्गीय माता-पिता के आत्मिक प्रिय पुत्र और पुत्री है, और उन्हीं के समान, प्रत्येक के पास परमेश्वर तुल्य बनने का गुण तथा संभावित योग्यता है । लिंग व्यक्ति के पहले के जीवन, नश्वर जीवन, और अनन्त पहचान और उद्देश्य का एक जरूरी गुण है ।

नश्वरता के पहले के जीवन में, आत्मिक पुत्र और पुत्रियाँ परमेश्वर को उनके अनन्त पिता के रूप में जानते और उपासना करते थे और उसकी योजना को स्वीकार किया था जिसके द्वारा उनके बच्चे पार्थिव शरीर प्राप्त कर सकें और परिपूर्णता की ओर प्रगति करने के लिए सांसारिक अनुभवों को प्राप्त करें और अंत में अपने अनन्त जीवन के वारिस के रूप में अपने दिव्य भाग्य को प्राप्त करें । परमेश्वर की खुशियों की पवित्र योजना पारिवारिक संबंधों को मृत्यु के बाद भी जारी रखने में समर्थ बनाती है । पवित्र मन्दिरों में उपलब्ध पवित्र धर्मविधियां और अनुबन्ध व्यक्ति को परमेश्वर की उपस्थिति में वापस जाने और परिवारों को अनन्तता में एक साथ रहना संभव करती हैं ।

''पहली आज्ञा जो कि परमेश्वर ने आदम और हव्वा को दी थी कि वह पति और पत्नी के रूप में उनके माता-पिता होने की संभावना के विषय में थी । हम घोषणा करते हैं कि परमेश्वर की अपने बच्चों के लिए आज्ञा कि संख्या में बढ़ो

और पृथ्वी को छा जाओ, अभी भी वैध है । हम यह भी घोषणा करते हैं कि परमेश्वर ने आज्ञा दी है कि प्रजनन की पवित्र शक्ति सिर्फ कानूनी तौर से विवाहित पति और पत्नी के रूप में पुरुष और स्त्री के द्वारा ही उपयोग की जानी चाहिए ।

''हम उसकी घोषणा करते हैं जिससे पृथ्वी पर पार्थिव जीवन की सृष्टि की दिव्य नियुक्ति हुई है । हम जीवन की पवित्रता और परमेश्वर की योजना में उसकी महत्वपूर्णता को दृढ़तापूर्वक कहते हैं ।

''पति और पत्नी पर एक दूसरे और अपने बच्चों की प्रेम और देखभाल करने की गंभीर जिम्मेदारी है । 'बच्चे प्रभु की संपत्ति हैं' (भजन संहिता 127:3) । माता पिता का पवित्र कर्तव्य है कि अपने बच्चों का प्यार और नेकता में पालन-पोषण करें, उनकी शारीरिक और आत्मिक जरुरतें उपलब्ध करायें, उन्हें एक दूसरे को प्यार और सेवा करना सीखायें, परमेश्वर की आज्ञाओं को मानने और कानून से जुड़े नागरिक बनने की शिक्षा दें चाहे वे कहीं भी रहें । पति और पत्नी—माता और पिता—को इन कर्तव्यों से पीछे हटने पर परमेश्वर के सामने उत्तरदायी ठहराया जाएगा ।

''परिवार परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया गया है । पुरुष और स्त्री के बीच विवाह उसकी अनन्त योजना के लिए जरूरी है । विवाह संस्कार के बंधन में जन्म लेना बच्चों का अधिकार है और उनका उस पिता और माता द्वारा पालन-पोषण होना चाहिए जो वैवाहिक प्रतिज्ञा का पूरी ईमानदारी के साथ सम्मान करते हैं । पारिवारिक जीवन में खुशियां संभवतः प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं में पाई जाती हैं । सफल विवाह और परिवार विश्वास के नियम, प्रार्थना, पश्चाताप, क्षमा, सम्मान, प्यार, दया, कार्य, सुखकर मनोरंजन गतिविधियों पर स्थापित किये और संभाले जाते हैं । पवित्र उद्देश्य द्वारा, पिता अपने परिवार पर प्यार और नेकता से अध्यक्षता करता है और अपने परिवार के जीवन की जरुरतों और रक्षा उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होता है । माताएं मुख्यतः अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए जिम्मेदार होती हैं । इन पवित्र जिम्मेदारियों में, पिता और माता बराबर के साथ एक दूसरे को मदद करने के लिए वचनबद्ध होते हैं । अयोग्यता, मृत्यु, या अन्य परिस्थितियाँ व्यक्ति की भूमिका में अनुकूल परिवर्तन के लिए विवश कर सकती हैं । जब जरूरत हो रिश्तेदारों द्वारा सहायता मिलनी चाहिए ।

''हम उन व्यक्तियों को चेतावनी देते हैं जो शुद्धता के अनुबन्ध को तोड़ते हैं, जो पति या पत्नी, या बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, या वे जो परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने में असफल होते हैं, परमेश्वर के सम्मुख उत्तरदायी ठहराये जाएंगे । इसके अलावा, हम चेतावनी देते हैं कि परिवार से अलगाव व्यक्तियों,

समुदायों, और राष्ट्रों पर वह सकंट लाएगा जिन्हें प्राचीन और आधुनिक भविष्यवक्ताओं द्वारा बताया गया था ।

''हम प्रत्येक जगह जिम्मेदार नागरिकों और सरकार के अधिकारियों से उन कार्यों को करने का आग्रह करते हैं जो परिवार को समाज की मौलिक इकाई के रूप में समर्थन व बल देने के लिए बढ़ावा देते हैं'' (*Ensign,* नवं. 1995, 102) ।

पारिवारिक घरेलु संध्या; विवाह; मन्दिर *भी देखें*

## पारिवारिक इतिहास कार्य और वंशावली

3 अप्रैल 1836 को, कर्टलैंड मन्दिर में भविष्यवक्ता एलिय्याह जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री के पास आया था । उसने उन्हें पौरोहित्य की मुहरबन्द करनेवाली शक्तियों को प्रदान किया था, परिवारों को अपनी पूरी पीढ़ियों के साथ मुहरबन्द होने को संभव करते हुए । इस शक्ति को प्रदान कर, उसने उस भविष्यवाणी को पूरा किया था कि प्रभु उसे पिता का मन बच्चों की तरफ, और बच्चों का मन पिता की तरफ फिराने के लिए भेजेगा (देखें सि. और अनु. 110:14–16; मलाकी 4:5–6 भी देखें) ।

पारिवारिक इतिहास कार्य के द्वारा, निरन्तर पूरी हो रही इस भविष्यवाणी में आप योगदान दे सकते हैं । आप अपने पूर्वजों के विषय में जान सकते हैं और उनके प्रति अपना प्रेम बढ़ा सकते हैं । साहस और विश्वास की उनकी कहानियों के द्वारा आप प्रेरित हो सकते हैं । आप उस धरोहर को अपने बच्चों को देकर आगे बढ़ा सकते हैं ।

ये चिरस्थाई लाभ हैं जो पारिवारिक इतिहास कार्य से आते हैं, परन्तु ये वंशावली अभिलेखों को एकत्रित करने के गिरजाघर के महान प्रयासों के प्रति मुख्य कारण नहीं हैं । पिता और बच्चों के बीच एक जोड़ने वाली कड़ी को बनाने की आवश्यकता के लिए पारिवारिक इतिहास के गिरजाघर के सभी प्रयत्नों को निर्देशित किया जाता है (देखें सि. और अनु. 128:18) । इस जोड़ने वाली कड़ी को पौरोहित्य की शक्ति के द्वारा बनाया जाता है, मन्दिर की उन पवित्र धर्मविधियों के द्वारा जिसे हम अपने पूर्वजों के पक्ष में प्राप्त करते हैं ।

### मृतक को मुक्ति दिलाना

स्वर्गीय पिता के कई बच्चे सुसमाचार की परिपूर्णता को प्राप्त करने के अवसर के बिना ही मर गए । अपनी दया और असीम प्रेम में, सुसमाचार की गवाही प्राप्त

करने और पौरोहित्य की बचाने वाली धर्मविधियों को प्राप्त करने के प्रति प्रभु ने उनके लिए एक मार्ग तैयार किया है ।

आत्मा के संसार में, सुसमाचार का प्रचार उन लोगों के लिए किया जाएगा जो सच्चाई को जाने बिना, या उल्लंघन में, भविष्यवक्ताओं को अस्वीकार करते हुए, अपने पापों के साथ ही मर गये हैं । उन्हें परमेश्वर में विश्वास करना, पापों का पश्चाताप, पापों के क्षमा के लिए प्रतिनियुक्ति बपतिस्मा, हाथों को रखने के द्वारा पवित्र आत्मा का उपहार, और सुसमाचार के अन्य नियम जिन्हें स्वयं को सिद्ध करने के क्रम में जानना आवश्यक है, सीखाया जाता है, कि उनका न्याय नश्वरता में किये गए कार्यों के अनुसार हो सके परन्तु आत्मा में वे परमेश्वर के अनुसार रह सकते हैं (देखें सि. और अनु. 138:32–34 ) ।

आत्मा के संसार में कई लोग सुसमाचार को स्वीकार करते हैं । फिर भी, वे स्वयं के लिए पौरोहित्य धर्मविधियों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं क्योंकि उनके पास भौतिक शरीर नहीं है । पवित्र मन्दिरों में, हमारे पास धर्मविधियों को उनके बदले प्राप्त करने का सुअवसर है । इन धर्मविधियों में सम्मिलित है बपतिस्मा, पुष्टिकरण, मलकिसिदक पौरोहित्य नियुक्ति (पुरुषों के लिए), इंडोवमेन्ट, विवाह की मुहरबन्दी, और माता-पिता के साथ बच्चों की मुहरबन्दी । प्रभु ने भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को यह कार्य प्रकट किया था, एक पद्धति की पुनःस्थापना करते हुए जिसे यीशु मसीह के पुनरुत्थान के थोड़े ही समय के पश्चात ईसाइयों को बताया गया था (देखें 1 कुरिन्थियों 15:29) ।

जब आप उन लोगों के बदले पौरोहित्य धर्मविधियों को प्राप्त करते हैं जिनकी मृत्यु हो गई है, तब आप उनके लिए पर्वत सिय्योन पर उद्धार करनेवाला बन जाते हैं (देखें ओबद्याह 1:21) । आपके प्रयास वैसे ही होते हैं जैसा कि उद्धारकर्ता का प्रायश्चित भरा बलिदान—आप दूसरों के लिए एक बचानेवाला काम करते हैं जिसे वे स्वयं के लिए नहीं कर सकते हैं ।

## पारिवारिक इतिहास कार्य में आपकी जिम्मेदारियाँ

पारिवारिक इतिहास कार्य में, आपकी तीन मौलिक जिम्मेदारियाँ हैं:

1. मन्दिर धर्मविधियों को स्वयं के लिए प्राप्त करें और इन्हें प्राप्त करने में परिवार के नजदीकी सदस्यों की सहायता करें ।
2. एक वर्तमान मन्दिर संस्तुति रखें और मन्दिर में बार-बार जाएं जैसे ही आपकी परिस्थितियां अनुमति दें ।

3. पारिवारिक इतिहास की जानकारियों को एकत्रित करें ताकि मन्दिर की आशीषों को प्राप्त करने में आप अपने पूर्वजों की सहायता कर सकें ।

कम से कम कुछ हद तक आप मन्दिर और पारिवारिक इतिहास कार्य में भाग ले सकते हैं, चाहे आप कहीं भी रह रहे हों या आपकी कोई भी परिस्थिति क्यों न हो । संभवतः जब आप हर चीज करने में समर्थ नहीं होंगे, आप थोड़ा तो कर ही सकते हैं । निम्नलिखित सुझाव आरंभ करने में आपकी सहायता कर सकते हैं:

- अपने स्वयं के जीवन की महत्वपूर्ण बातों को लिखें । अपने जन्मदिन और जन्म स्थान और बपतिस्मा और पुष्टिकरण की तिथियों को लिखें । अपने जीवन की मुख्य बातों को लिखने के लिए एक व्यक्तिगत दैनिकी रखें, उन व्यक्तिगत अनुभवों को सम्मिलित करते हुए जो कि आपके बच्चों और भावी पीढ़ियों के विश्वास को मजबूत करेगा ।
- अपने पूर्वजों के बारे में जानें । अपनी यादों से जानकारियों को और घर से मिलने वाले स्रोतों को लिखने से आरंभ करें । भाई-बहनों, माता-पिता, चाचा-चाची, मामा-मामी, दादा-दादी, नाना-नानी, और पड़ दादा-पड़ दादी, पड़ नाना-पड़ नानी के विषय में उन महत्वपूर्ण जानकारियों को लिखें जो आपको अच्छी तरह से याद हों या जिन्हें आप प्राप्त कर सकते हैं । जहां संभव हो, प्रमाण पत्रों की और अन्य दस्तावेजों की प्रतियों को प्राप्त करें जिनमें जानकारी शामिल हो । जब आप अधिक जानकारी एकत्रित करते हैं, आप शायद अन्य स्थानों पर खोज-बीन करना चाहें, जैसे कि सार्वजनिक अभिलेखों से । स्थानीय वार्ड या शाखा के पास पारिवारिक इतिहास सलाहकार हो सकते हैं जो आपकी सहायता कर सकें । शायद आप पारिवारिक इतिहास पर गिरजाघर की आधिकारिक वेबसाइट www.familysearch.org को भी देखना चाहें ।
- जब आप अपने पूर्वजों की पहचान कर लें, तो उस जानकारी को लिखने के लिए जिसे आपने प्राप्त किया है, वंशावली सारणी और पारिवारिक समूह प्रपत्रों का उपयोग करें । ये प्रपत्र कागज के रूप में और गिरजाघर-निर्मित सॉफ्टवेयर कार्यक्रमों के रूप में भी उपलब्ध हैं, जैसे कि Personal Ancestral File (व्यक्तिगत पूर्वज फाइल) ।

जब आपने अपने पूर्वजों के विषय में आवश्यक जानकारी को एकत्रित कर लिया हो जो सुसमाचार को प्राप्त किये बिना ही मर गये हैं, सुनिश्चित करें कि

उनके लिए मन्दिर कार्य किये जाएं । तब भी जब आप किसी मन्दिर के नजदीक नहीं रहते हों जहां धर्मविधि कार्य को करने के लिए आप और आपके पारिवारिक सदस्य सक्षम हो सकें, आप मन्दिर में पूर्वजों के नाम भेज सकते हैं ताकि दूसरे लोग उनके लिए काम कर सकें । आप पास के किसी पारिवारिक इतिहास केन्द्र का दौरा भी कर सकते हैं या यह जानने के लिए कि इसे कैसे करना है, स्थानीय वार्ड या शाखा पारिवारिक इतिहास के सलाहकारों से मिल सकते हैं ।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने घोषित किया था कि मृतक और जीवित लोगों के संबंध में कुछ नियम हैं जिनका हमारे उद्धार के अनुकूल आसानी से पालन किया जा सकता है । हमारे मृतक पूर्वजों का उद्धार हमारे उद्धार के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण है—जैसे कि हमारे बिना न तो वे परिपूर्ण हो सकते हैं, और न ही उनके बिना हम परिपूर्ण हो सकते हैं (देखें सि. और अनु. 128:15) । पारिवारिक इतिहास कार्य में आपकी भागीदारी के द्वारा, आप और आपके पूर्वज उद्धार की तरफ उन्नति करते हैं ।

मन्दिर *भी देखें*

## पारिवारिक घरेलु संध्या

घर सुसमाचार सीखने का अत्याधिक महत्वपूर्ण स्थान है । कोई भी अन्य संस्था परिवार का स्थान नहीं ले सकती है । अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं ने बार-बार अभिभावकों से उनके बच्चों को प्रेम और सुसमाचार शिक्षा के साथ पालन-पोषण करने के लिए कहा है ।

1915 में अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ और प्रथम अध्यक्षता में उनके सलाहकारों ने परिवार को मजबूत करने के प्रति पूरे संसार के गिरजाघरों में प्रयास आरंभ किया था । गिरजाघर में माता-पिता से उन्होंने कहा था कि वे अपने बच्चों को सप्ताह में एक बार ''घरेलु संध्या'' के रूप में एकत्रित करें । परिवारों को एक साथ प्रार्थना करने, गाना गाने, धर्मशास्त्रों को पढ़ने, एक दूसरे को सुसमाचार सीखाने, और उन अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए समय निकालना होता था जो परिवार की एकता को बनाये रखे ।

पारिवारिक घरेलु संध्या के समय के प्रति सोमवार को निर्दिष्ट करने के लिए 1970 में अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ प्रथम अध्यक्षता में अपने सलाहकारों के साथ जुड़े थे । उस घोषणा के समय से, गिरजाघर ने गिरजाघर की गतिविधियों को कभी भी सोमवार को नहीं रखा है ताकि परिवार इस समय एकत्रित रह सकें ।

अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं ने पारिवारिक घरेलु संध्या को उच्च प्राथमिकता देने के लिए गिरजाघर के सदस्यों से निवेदन जारी रखा है । उन्होंने प्रतिज्ञा की है कि इस कार्यक्रम के प्रति हमारा समर्पण हमारे समय की बुराइयों से हमारे परिवारों को सुरक्षित रखने में सहायता करेगा और इस समय और अनन्तता में हमारे लिए प्रचुर मात्रा में खुशी लाएगा ।

गिरजाघर के सभी सदस्यों को पारिवारिक घरेलु संध्या के लिए सोमवार की शाम को एक पवित्र समय, सुरिक्षत रखना चाहिए । यदि आप विवाहित हैं, साप्ताहिक घरेलु संध्या अपनी पत्नी/अपने पति के साथ रखें । जब आपके बच्चे हो जाएं, उन्हें भी पारिवारिक घरेलु संध्या में सम्मिलित करें । कार्यक्रम को उनकी आवश्यकता व रूचि के अनुसार बनाएं, और उन्हें भाग लेने दें । जब आपके बच्चे बड़े हो जाएं और अलग हो जाएं, पारिवारित घरेलु संध्या को अपनी पत्नी/अपने पति के साथ जारी रखें ।

यदि आप अविवाहित हैं, स्वयं के लिए और अपने वार्ड या शाखा के अन्य अविवाहित सदस्यों के लिए एक पारिवारिक संध्या दल को संगठिन करने के प्रति अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से पूछने पर विचार करें । वह एक घरेलु संध्या मार्गदर्शक की बुलाहट कर सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी कार्यक्रम को संगठित करने की होगी और यह देखने की कि घरेलु संध्याएं नियमित रूप से रखी जाएं ।

पारिवारिक घरेलु संध्या के लिए निम्नलिखित रूपरेखा प्रस्तावित हैः

- प्रारंभिक गीत
- प्रारंभिक प्रार्थना
- धर्मशास्त्र पठन
- पाठ
- गतिविधि
- समापन गीत
- समापन प्रार्थना
- जलपान

जब आप पारिवारिक घरेलु संध्या के लिए पाठ तैयार करते हैं, याद रखें कि वे धर्मशास्त्रों, अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं की शिक्षाएं, और व्यक्तिगत अनुभव और गवाही पर आधारित हों । यह किताब सीखाने के विषयों के चुनाव में सहायता

कर सकती है । इसके अतिरिक्त, आप गिरजाघर के अन्य प्रकाशनों को संदर्भ कर सकते हैं, जैसे कि *Family Home Evening Resource Book* (वस्तु संख्या 31106), *सुसमाचार सिद्धान्त* (31110), *पारिवारिक निर्देशिका* (31180), और गिरजाघर पत्रिकाएं ।

परिवार *भी देखें*

**पारिवारिक प्रार्थना** (*देखें* प्रार्थना)

## उपवास और उपवास की भेंट

उपवास करना, स्वेच्छा से बिना भोजन और पानी के कुछ निश्चित अवधि तक रहना है । सच्ची प्रार्थना के साथ रखा गया उपवास परमेश्वर की आशीषों को स्वयं और दूसरों के प्रति प्राप्त करने की तैयारी में आपकी सहायता कर सकता है ।

उपवास के उद्देश्य

एक अवसर पर, उद्धारकर्ता ने एक लड़के में से दुष्टात्मा को बाहर निकाला था और इस अनुभव का उपयोग उसने अपने शिष्यों को प्रार्थना और उपवास की शक्ति के विषय में सीखाने के लिए किया था । उसके शिष्यों ने उससे पूछा था, ''हम इसे क्यों नहीं निकाल सके'' ? यीशु ने उत्तर दिया थाः ''अपने विश्वास की घटी के कारणः क्योंकि मैं तुम से सच कहता हूं, यदि तुम्हारा विश्वास राई के दाने के बराबर भी हो, तो इस पहाड़ से कह सकोगे, कि यहां से सरककर वहां चला जा, तो वह चला जाएगा; और कोई बात तुम्हारे लिए अनहोनी न होगी । ऐसा उदार कार्य प्रार्थना और उपवास द्वारा ही होता है'' (देखें मत्ती 17:14–21) ।

यह विवरण सीखाता है कि प्रार्थना और उपवास उन लोगों को अतिरिक्त बल दे सकता है जो पौरोहित्य आशीषों को देते या प्राप्त करते हैं । यह विवरण सुसमाचार को जीने के आपके व्यक्तिगत प्रयासों पर भी लागू हो सकता है । यदि आप में दुर्बलता या पाप है जिससे छुटकारा पाने में आपने संघर्ष किया है, आपको अपनी इच्छानुसार सहायता या क्षमा पाने के लिए उपवास और प्रार्थना करने की आवश्यकता हो सकती है । उस दुष्टात्मा के समान जिसे मसीह ने बाहर निकाला था, आपकी कठिनाई भी उसी प्रकार की हो सकती है जो केवल प्रार्थना और उपवास से ही खत्म होगी ।

आप कई वजहों से उपवास रख सकते हैं । उपवास परमेश्वर की आराधना करने का और उसे आभार व्यक्त करने का एक तरीका है (देखें लूका 2:37; अलमा

45:1) । आप तब उपवास रख सकते हैं जब आप स्वर्गीय पिता से किसी बीमार या दुःखी व्यक्ति को आशीष देने के लिए कहते हैं (देखें मत्ती 17:14–21) । व्यक्तिगत प्रकटीकरण प्राप्त करने में और सच्चाई के प्रति परिवर्तित होने में उपवास आपकी सहायता कर सकता है और उनकी भी जिनसे आप प्रेम करते हैं (देखें अलमा 5:46; 6:6) । उपवास के द्वारा आप प्रलोभन का सामना करने में बल प्राप्त कर सकते हैं (देखें यशायाह 58:6) । आप तब भी उपवास रख सकते हैं जब आप परमेश्वर के समक्ष स्वयं को विनम्र करने और यीशु मसीह में विश्वास बढ़ाने का प्रयास करते हैं (देखें ओमनी 1:26; इलामन 3:35) । सुसमाचार बांटने में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए और गिरजाघर की बुलाहटों को पूरा करने के लिए आप उपवास रख सकते हैं (देखें प्रेरितों के काम 13:2–3; अलमा 17:3, 9; 3 नफी 27:1–2) । उपवास धार्मिक दुःख या शोक में भी रखा जा सकता है (देखें अलमा 28:4–6; 30:1–2) ।

## उपवास रविवार

गिरजाघर प्रत्येक माह में एक रविवार को उपवास के एक दिन के रूप में निर्दिष्ट करती है, साधारणतः प्रथम रविवार को । उपवास रविवार के उचित अनुपालन में सम्मिलित है—बिना खाना खाए और पानी पीए लगातार दो भोजन के बिना रहना, उपवास और गवाही सभा में उपस्थित होना, और उपवास भेंट को उन लोगों की सहायता के लिए देना जिन्हें आवश्यकता हो ।

आपके उपवास भेंट की रकम कम से कम उतनी अवश्य होनी चाहिए जितनी कि आपके दो भोजन का खर्च जिसे आपने नहीं खाया है । जब संभव हो, उदार बनें और इस रकम से अधिक दें ।

गिरजाघर मार्गदर्शकों द्वारा निर्धारित किये गए उपवास के दिनों का अनुपालन करने के अतिरिक्त, अपनी और दूसरों की आवश्यकताओं के अनुसार आप किसी अन्य दिन भी उपवास रख सकते हैं । फिर भी, आपको बार-बार या अत्याधिक समय के लिए उपवास नहीं रखना चाहिए ।

## सच्चा उपवास

पहाड़ पर उपदेश में, यीशु ने सच्चे उपवास के तरीके को सीखाया था । उसने कपटियों के विरूद्ध कहा था, जो जब उपवास करते हैं तब ''अपना मुंह बनाये रहते हैं, ताकि लोग उन्हें उपवासी जानें ।'' धार्मिकता का बाहरी दिखावा करने की बजाय, आपको ''अपने पिता के लिए उपवास रखना चाहिए जो गुप्त में हैः इस दशा में आपका पिता जो गुप्त में देखता है, आपको प्रतिफल देगा'' (मत्ती 6:16–18) ।

भविष्यवक्ता यशायाह ने भी उपवास की सच्ची आत्मा को सीखाया थाः ''जिस उपवास से मैं प्रसन्न होता हूं, वह क्या यह नहीं, कि, अन्याय से बनाए हुए दासों, और अन्धेर सहनेवालों का जूआ तोड़कर उनको छुड़ा लेना, और सब जूओं को टुकड़े-टुकड़े कर देना ? क्या वह यह नहीं है कि अपनी रोटी भूखों को बांट देना, अनाथ और मारे-मारे फिरते हुओं को अपने घर ले आना, किसी को नंगा देखकर वस्त्र पहिनाना, और अपने जातिभाइयों से अपने को न छिपाना'' ? (यशायाह 58:6–7) ।

यशायाह ने उन आशीषों की भी गवाही दी थी जो तब आती हैं जब हम उपवास के नियम का पालन करते हैंः ''तब तेरा प्रकाश पौ फटने की नाई चमकेगा, और तू शीघ्र चंगा हो जाएगा; तेरा धर्म तेरे आगे आगे चलेगा, यहोवा का तेज तेरे पीछे रक्षा करते चलेगा । तब तू पुकारेगा और यहोवा उत्तर देगा; तू दोहाई देगा और वह कहेगा, मैं यहां हूं । यदि तू अन्धेर करना और उंगली मटकाना, और दुष्ट बातें बोलना छोड़ दे, उदारता से भूखे की सहायता करे और दीन दुःखियों को सन्तुष्ट करे, तब अन्धियारे में तेरा प्रकाश चमकेगा, और घोर अन्धकार दोपहर का सा उजियाला हो जाएगा । और यहोवा तुझे लगातार लिये चलेगा, और काल के समय तुझे तृप्त और तेरी हड्डियों को हरी भरी करेगा; और तू सींची हुई बारी और ऐसे सोते के समान होगा जिसका जल कभी नहीं सूखता'' (यशायाह 58:8–11) ।

अतिरिक्त संदर्भः 3 नफी 13:16–18; सि. और अनु. 59:12–14; 88:76, 119

प्रार्थना *भी देखें*

**प्रथम अध्यक्षता** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन; भविष्यवक्ता)

## पहले से नियुक्ति

नश्वरता के पहले के जीवन के आत्मा के संसार में, परमेश्वर ने कुछ आत्माओं को नश्वर जीवन के दौरान विशेष कार्यों को पूरा करने के लिए नियुक्त किया था ।

पहले से नियुक्ति गारन्टी नहीं है कि व्यक्तियों को कुछ बुलाहटें या जिम्मेदारियाँ प्राप्त होंगी । इस जीवन में उस प्रकार के अवसर स्वतंत्रता के धार्मिक प्रयोग के परिणामस्वरूप आते हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे कि नश्वरता के पहले के जीवन में धार्मिकता के परिणामस्वरूप आये थे ।

प्रायश्चित का भार उठाने के लिए यीशु मसीह को पहले से ही नियुक्त कर लिया गया था, ''जगत की उत्पत्ति से घात होनेवाला मेम्ना'' बनने के लिए, (प्रकाशितवाक्य

13:8; 1 पतरस 1:19–21 भी देखें) । धर्मशास्त्र अन्य लोगों के विषय में भी बताता है जिन्हें पहले से नियुक्त कर लिया गया था । भविष्यवक्ता इब्राहीम ने अपने प्रति हुई इस पहले से नियुक्ति को तब जाना जब उसने एक दिव्यदर्शन देखा जिसमें उसने नश्वरता के पहले के आत्मा के संसार में कई कुलीन और महान व्यक्तियों को आत्माओं के मध्य देखा । उसने कहा कि परमेश्वर ने देखा था कि ये आत्माएं अच्छी थीं । परमेश्वर उन लोगों के मध्य खड़ा हुआ और कहा कि वह उन्हें अपना शासक बनाएगा । उसने कहा कि इब्राहीम उन कुलीन और महान व्यक्तियों में से एक था—जिसे उसके जन्म से पहले ही चुन लिया गया था (देखें इब्राहीम 3:22–23) । प्रभु ने यिर्मयाह को बताया था, ''गर्भ में रचने से पहिले ही मैंने तुझ पर चित्त लगाया, और उत्पन्न होने से पहिले ही मैंने तुझे अभिषेक किया; मैंने तुझे जातियों का भविष्यवक्ता ठहराया'' (यिर्मयाह 1:5) । यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को उद्धारकर्ता की नश्वर सेवकाई के प्रति लोगों को तैयार करने के लिए पहले से ही नियुक्त कर लिया गया था (देखें यशायाह 40:3; लूका 1:13–17; 1 नफी 10:7–10) ।

पहले से नियुक्ति का सिद्धान्त केवल उद्धारकर्ता और उसके भविष्यवक्ताओं पर ही लागू नहीं होता है परन्तु गिरजाघर के सभी सदस्यों पर भी लागू होता है । पृथ्वी की सृष्टि से पहले, विश्वासी स्त्रियों को कुछ निश्चित जिम्मेदारियाँ दी गई थीं और विश्वासी पुरुषों को कुछ निश्चित पौरोहित्य कर्तव्यों के लिए पहले से ही नियुक्त कर लिया गया था । यद्यपि आपको वह समय याद नहीं है, सुनिश्चित तौर पर आप अपने पिता की सेवा में महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए सहमत हुए थे/हुई थीं । जब आप अपने आपको योग्य सिद्ध करते/करती हैं, आपको उन कार्यों को पूरा करने का अवसर दिया जाएगा जिसे आपने तब प्राप्त किया था ।

अतिरिक्त संदर्भः अलमा 13:1–9; सि. और अनु. 138:53–56

स्वतंत्रता; उद्धार की योजना *भी देखें*

## क्षमादान

धर्मशास्त्र क्षमादान को दो तरीकों में संदर्भ करते हैं । प्रभु आज्ञा देता है कि हम अपने पापों का पश्चाताप करें और उससे क्षमादान मांगें । वह हमें उन लोगों को क्षमा करने की आज्ञा भी देता है जिन्होंने हमारे प्रति उल्लंघन किया है या हमें ठेस पहुँचाई है । प्रभु की प्रार्थना में, यीशु हमें स्वर्गीय पिता से पूछने की सलाह देता है, ''जिस प्रकार हम ने अपने अपराधियों को क्षमा किया है, वैसे ही तू भी हमारे अपराधों को क्षमा कर'' (मत्ती 6:12) ।

प्रभु से क्षमादान का प्रयास करना

पाप एक भारी गठरी है । यह अपराध और वेदना के तनाव को उत्पन्न करता है यह जानते हुए कि हमने अपने स्वर्ग के पिता की इच्छा के विरूद्ध काम किया है । यह निरन्तर पश्चाताप उत्पन्न करता है जब हम जान जाते हैं कि अपने कर्मों के कारण ही, हमने दूसरों को चोट पहुँचाई होगी और उन आशीषों को प्राप्त करने से स्वयं को वंचित रखा होगा जिसे हमारा पिता हमें देना चाहता होगा ।

यीशु मसीह के प्रायश्चित के कारण, सच्चे और पूरे पश्चाताप के द्वारा हम अपने पापों के प्रति क्षमा प्राप्त कर सकते हैं । पाप उत्पीड़न और पीड़ा लाता है, परन्तु प्रभु का क्षमादान आराम, सांत्वना, और आनन्द लाता है ।

प्रभु ने प्रतिज्ञा की है कि जब हमने अपने पापों का पश्चाताप कर लिया है, हमें क्षमा प्राप्त हो गई है, और वह हमारे पापों को फिर से याद नहीं रखता है (देखें सि. और अनु. 58:42) ।

''तुम्हारे पाप चाहे लाल रंग के हों, तौभी वे हिम की नाई उजले हो जाएंगे; और चाहे अर्गवानी रंग के हों, तौभी वे ऊन के समान श्वेत हो जाएंगे'' (यशायाह 1:18) ।

आप इस चमत्कार का अनुभव कर सकते हैं, चाहे आपको गंभीर पापों के पश्चाताप की आवश्यकता हो या हर दिन की दुर्बलताओं की । बिल्कुल वैसे ही जैसे कि उद्धारकर्ता ने प्राचीन लोगों से याचना की थी, आज वह आप से याचना करता है ।

''हे सब परिश्रम करनेवालों और बोझ से दबे हुए लोगों, मेरे पास आओ; मैं तुम्हें विश्राम दूँगा ।

''मेरा जूआ अपने ऊपर उठा लो; और मुझ से सीखो; क्योंकि मैं नम्र और मन में दीन हूं: और तुम अपने मन में विश्राम पाओगे ।

''क्योंकि मेरा जूआ सहज और मेरा बोझ हलका है'' (मत्ती 11:28–30) ।

''क्या अब तुम मेरी ओर लौटोगे और पश्चाताप कर मत परिवर्तन करोगे, जिससे कि मैं तुम्हें रोग मुक्त कर सकूँ ?

''मैं तुमसे सच कहता हूं कि अगर तुम मेरे पास आओगे तब तुम्हें अनन्त जीवन मिलेगा । सुनो, मेरा दया का हाथ तुम्हारी ओर फैला हुआ है और जो मेरे पास आएगा, उसे मैं स्वीकार करूँगा; और धन्य हैं वे लोग जो मेरे पास आते हैं'' (3 नफी 9:13–14) ।

पश्चाताप के स्पष्टिकरण के लिए, देखें ''पश्चाताप'', पृष्ठ 132–35 ।

दूसरों को क्षमा करना

अपने स्वयं के पापों के प्रति क्षमादान खोजने के अतिरिक्त, हमारे पास दूसरों को क्षमा करने की इच्छा भी होनी चाहिए । प्रभु ने कहा है कि हमें एक दूसरे को क्षमा करना चाहिए । जो दूसरों को उनके उल्लंघन के लिए क्षमा नहीं करते हैं वे प्रभु के समक्ष दोषी ठहराए जाएंगे, क्योंकि उनके भीतर अभी भी पाप है । प्रभु ने कहा है कि जिन्हें क्षमा करना है उन्हें वह क्षमा करेगा परन्तु वह चाहता है कि हम सारे लोगों को क्षमा करें (देखें सि. और अनु. 64:9–10) ।

जीवन की प्रतिदिन की परिस्थितियों में, निश्चित तौर पर आप अन्य लोगों द्वारा असत्य ठहराए जाएंगे—कभी निर्दोष रहते हुए तो कभी इरादतन । इस प्रकार की परिस्थितियों में कड़वाहट से भरना, या क्रोधित होना, या प्रतिशोधी बनना आसान होता है, परन्तु यह प्रभु का तरीका नहीं है । उद्धारकर्ता ने सलाह दी थी, ''अपने बैरियों से प्रेम रखो और अपने सतानेवालों के लिए प्रार्थना करो'' (मत्ती 5:44) । उसने क्षमादान का एक परिपूर्ण उदाहरण रखा था जब वह क्रूस पर था । रोमी सिपाहियों का हवाला देते हुए जिन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाया था, उसने प्रार्थना की थी, ''हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये जानते नहीं कि ये क्या कर रहे हैं ?'' (लूका 23:34) ।

उन लोगों को क्षमा करने के प्रति सामर्थ के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने आपको असत्य ठहराया है । क्रोध, कड़वाहट, या प्रतिशोध की भावना निकाल दें । दूसरों की गलतियों पर प्रकाश डालने और उनकी दुर्बलताओं का गुणगान करने की बजाय उनकी अच्छाइयों को देखें । दूसरों के हानिकारक क्रियाओं का न्याय करने की अनुमति परमेश्वर को दें । चोटग्रस्त अनुभवों को निकालना कठिन हो सकता है, परन्तु आप ऐसा प्रभु की सहायता से कर सकते हैं । आप पाएंगे कि क्षमादान भयानक से भयानक घावों को भी चंगा करता है, कलह और द्वेष का जो विष है उसके स्थान पर उस शान्ति और प्रेम को लाते हुए जिसे केवल परमेश्वर दे सकता है ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 6:14–15; 18:21–22; 1 नफी 7:16–21

यीशु मसीह का प्रायश्चित; दूसरों का न्याय करना; पश्चाताप *भी देखें*

**व्यभिचार** (*देखें* शुद्धता)

## जुआ खेलना

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर जुआ का विरोध करता है, सरकार के सौजन्य से प्रस्तुत लॉटरियों को शामिल करते हुए ।

जुआ खेलना कुछ नहीं करने के बदले थोड़ा बहुत प्राप्त करने की इच्छा द्वारा प्रेरित होता है । यह इच्छा आत्मिक तौर पर विनाशी है । यह भागीदारों को उद्धारकर्ता की प्रेम और सेवा की शिक्षाओं से दूर कर देती है और उन्हें शैतान के स्वार्थीपन की तरफ ले जाती है । यह काम के सदगुण को और किफायत को और जो कुछ भी हम करते हैं उसमें सच्चे प्रयास की इच्छा को कमजोर करती है ।

वे लोग जो जुआ खेलते हैं उन्हें शीघ्र ही उस विचार में छल का पता चलता है कि थोड़ा बहुत या कुछ नहीं देकर उसके बदले वे मूल्य का कुछ हिस्सा तो प्राप्त कर ही सकते हैं । उन्हें पता चलता है कि उन्होंने बड़ी रकम, अपना सम्मान, और पारिवारिक सदस्यों और मित्रों का आदर खा दिया है । धोखा खाये हुए और लत में, अक्सर वे उन राशियों से जुआ खेलते हैं जिसका उपयोग उन्हें दूसरे कामों के लिए करना चाहिए, जैसे कि अपने परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना । कभी-कभी जुआ खेलने वाले उसके इतने अधीन हो जाते हैं और इतना निराश हो जाते हैं कि जुआ खेलने के लिए ली हुई उधार रकम को लौटा नहीं पाते हैं जिससे वे चोरी करने लग जाते हैं, अपने नाम को बदनाम करते हुए ।

प्रथम अध्यक्षता ने हमारे समाज में किसी भी प्रकार के जुआ के वैधीकरण और सरकार के सौजन्य से प्रस्तुत लॉटरियों के विरोध में दूसरे लोगों का साथ देने के लिए प्रोत्साहित किया है ।

प्रलोभन *भी देखें*

**वस्त्र** (*देखें* मन्दिर)

**जनरल अधिकारी** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

**पवित्र आत्मा का उपहार** (*देखें* पवित्र आत्मा)

**आत्मा के उपहार** (*देखें* आत्मिक उपहार)

## परमेश्वरत्व

पहला विश्वास का अनुच्छेद कहता है कि ''हम अनन्त पिता परमेश्वर और उसके पुत्र यीशु मसीह और पवित्र आत्मा में विश्वास करते हैं'' । यही तीनों अस्तित्व मिलकर परमेश्वरत्व बनाते हैं । ये इस संसार पर और हमारे स्वर्ग के पिता की सभी अन्य सृष्टियों पर अध्यक्षता करते हैं ।

परमेश्वरत्व का सच्चा सिद्धान्त उस धर्मत्याग के दौरान खो गया था जो कि उद्धारकर्ता की नश्वर सेवकाई और उसके शिष्यों की मृत्यु के बाद हुआ था । सिद्धान्त ने पुनःस्थापित होना तब आरंभ किया था जब 14 वर्षीय जोसफ स्मिथ ने अपने प्रथम दिव्यदर्शन को प्राप्त किया था (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:17) । भविष्यवक्ता के प्रथम दिव्यदर्शन के विवरण और उनकी अन्य शिक्षाओं से हम जानते हैं कि परमेश्वरत्व के सदस्य तीन भिन्न अस्तित्व हैं । पिता और पुत्र के पास माँस और हड्डी का स्पर्शनीय शरीर है, और पवित्र आत्मा, आत्मा का एक व्यक्ति है (देखें सि. और अनु. 130:22) ।

यद्यपि परमेश्वरत्व के सदस्य भिन्न-भिन्न भूमिकाओं के साथ भिन्न अस्तित्व हैं, उद्देश्य और सिद्धान्त में वे एक हैं । स्वर्गीय पिता की ईश्वरीय उद्धार की योजना को लाने में वे पूरी तरह से एक साथ हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 3:13–17; यूहन्ना 14:6–10; 17:6–23; प्रेरितों के काम 7:55–56; 2 नफी 31:18; मॉरमन 7:5–7; सि. और अनु. 76:20–24

पिता परमेश्वर; पवित्र आत्मा; यीशु मसीह *भी देखें*

## पिता परमेश्वर

पिता परमेश्वर वही सर्वोच्च अस्तित्व है जिसमें हम विश्वास करते हैं और जिसकी हम आराधना करते हैं । वही सभी चीजों का अन्तिम सृष्टिकर्ता, शासक, और सुरक्षित रखनेवाला है । वह परिपूर्ण है, उसके पास पूरा सामर्थ है, और वह सभी चीजों को जानता है । उसके पास मनुष्यों के समान स्पर्शनीय माँस और हड्डियों का एक शरीर है (देखें सि. और अनु. 130:22) ।

हमारा स्वर्गीय पिता न्याय और बल और ज्ञान और शक्ति का परमेश्वर है परन्तु वह परिपूर्ण दया, दयालुता, और उदारता का परमेश्वर भी है । यद्यपि हम ''सभी बातों का अर्थ नहीं जानते हैं'', हम उस निश्चित ज्ञान में शान्ति प्राप्त कर सकते हैं कि वह हमसे प्रेम करता है (देखें 1 नफी 11:17) ।

## हमारी आत्माओं का पिता

जीवन के प्रश्नों में से सबसे बड़ा प्रश्न है ''मैं कौन हूं ?'' प्राथमिक की एक प्रिय गीत बच्चों को भी इस प्रश्न का उत्तर देती है । हम गाते हैं, ''मैं परमेश्वर का बच्चा हूं, और उसने मुझे यहां भेजा है'' । यह ज्ञान कि हम परमेश्वर के बच्चे हैं, बल, सांत्वना, और आशा प्रदान करता है ।

आप परमेश्वर के वास्तविक बच्चे हैं, नश्वरता के पहले के जीवन में आत्मिक रूप से जन्मे हुए । उसके बच्चे के रूप में, आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आपके पास ईश्वरीय, अनन्त क्षमता है और यह कि उस क्षमता तक पहुँचने के आपके सच्चे प्रयासों में वह आपकी सहायता करेगा ।

## सर्वोच्च सृष्टिकर्ता

स्वर्गीय पिता सर्वोच्च सृष्टिकर्ता है । यीशु मसीह के द्वारा, उसने स्वर्ग और पृथ्वी और उसमें की सभी चीजों को बनाया था (देखें मूसा 2:1) । अलमा ने कहा था, ''सभी चीजें परमेश्वर के होने की सूचना देते हैं; यहां तक कि पृथ्वी और उस पर की सारी वस्तुएं उसकी गति और सभी दूसरे ग्रह जो नियमित रूप से गतिमय हैं, वे सब यह साक्षी देते हैं कि कोई महान रचयिता है'' (अलमा 30:44) ।

समय-समय पर, सृष्टि की सुंदरताओं पर मनन करें: पेड़ फूल, जानवर, पहाड़, सागर की लहरें, एक नवजात शिशु । स्वर्गों की तरफ टकटकी लगाकर ताकने का समय निकालें, जहां पर तारों और ग्रहों की गति परमेश्वर के प्रताप और सामर्थ में चलते हुए प्रमाण हैं (देखें सि. और अनु. 88:41–47) ।

## उद्धार की योजना के रचयिता

हमारा स्वर्गीय पिता चाहता है कि हम सदा के लिए उसके साथ रहें । उसका कार्य और उसकी महिमा हमारे अमरत्व और अनन्त जीवन को सफल बनाना है (देखें मूसा 1:39) । इसे संभव बनाने के लिए, उसने उद्धार की योजना बनाई । मृत्यु का बंधन खोलने के लिए और संसार के पापों के प्रायश्चित के लिए उसने अपने प्रिय पुत्र, यीशु मसीह को भेजा: ''क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए'' (यूहन्ना 3:16) । यह बलिदान हमारे प्रति पिता के प्रेम की उच्चत्तम अभिव्यक्ति है ।

पिता परमेश्वर को जानना

परमेश्वर के बच्चों के रूप में, उसके साथ हमारा एक विशेष संबंध है, उसकी सभी अन्य सृष्टियों से हमें अलग रखते हुए। अपने पिता के बारे में जानने का प्रयास करें जो स्वर्ग में है। वह आपसे प्रेम करता है, और जब आप प्रार्थना करते हैं तब वह हमें अपने पास बुलाने के बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। विनम्रता और गंभीरता में की गई आपकी प्रार्थना को सुना जाता है और उसका उत्तर मिलता है।

उसके प्रिय पुत्र के विषय में जानने और सुसमाचार को अपने जीवन में लागू करने के द्वारा आप अपने पिता को भी जान सकते हैं। उद्धारकर्ता ने अपने शिष्यों को सीखाया थाः ''यदि तुम ने मुझे जाना होता, तो मेरे पिता को भी जानते . . . । जिसने मुझे देखा है उसने पिता को देखा है'' (यूहन्ना 14:7, 9)।

आप पिता परमेश्वर के नजदीक जाते हैं जब आप धर्मशास्त्रों और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं के वचनों का अध्ययन करते हैं और जब आप सेवा कार्य करते हैं। जब आप परमेश्वर की इच्छा का अनुसरण करते हैं और वैसा जीवन जीते हैं जैसा वह चाहता है कि आप जीएं, आप उसके और उसके पुत्र के समान बनने लगते हैं। उनकी उपस्थिति में रहने के प्रति वापस जाने के लिए आप स्वयं को तैयार करते हैं।

अतिरिक्त संदर्भः यूहन्ना 14:6, 21–24; 17:3; मुसायाह 4:9; सि. और अनु. 132:22–24; विश्वास के अनुच्छेद 1:1

सृष्टि; परमेश्वरत्व; उद्धार की योजना *भी देखें*

## सुसमाचार

सुसमाचार हमारे स्वर्गीय पिता की प्रसन्नता की योजना है। सुसमाचार का मुख्य सिद्धान्त यीशु मसीह का प्रायश्चित है।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने कहा था, ''सुसमाचार के प्रथम सिद्धान्त और उसकी धर्मविधियां हैंः पहला, प्रभु यीशु मसीह में विश्वास; दूसरा, पश्चाताप; तीसरा, पापों की क्षमा के लिए डूबकर बपतिस्मा लेना; चौथा, हाथ रखकर पवित्र आत्मा का उपहार लेना'' (विश्वास के अनुच्छेद 1:4)। इसकी परिपूर्णता में, सुसमाचार उन सभी सिद्धान्तों, नियमों, व्यवस्थाओं, धर्मविधियों, और अनुबन्धों को सम्मिलित करता है जो कि सलेस्टियल राज्य में हमारे उत्कर्ष के प्रति आवश्यक हैं। उद्धारकर्ता ने वादा किया था कि यदि हम अन्त तक सहनशील बने रहते हैं, विश्वासी होकर

सुसमाचार को जीते हैं तो वह हमें जगत के न्याय के दिन पिता के समक्ष निर्दोष मानेगा'' (देखें 3 नफी 27:16) ।

सुसमाचार की परिपूर्णता का सभी युगों में प्रचार किया गया है जब परमेश्वर के बच्चे उसे प्राप्त करने के लिए तैयार होते हैं । अन्तिम दिनों में, या समय की परिपूर्णता के प्रबंध में, सुसमाचार भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ द्वारा पुनःस्थापित हुआ है ।

अतिरिक्त संदर्भः रोमियों 1:16–17; 3 नफी 27:13–22; सि. और अनु. 11:24; 39:5–6

यीशु मसीह का प्रायश्चित; बपतिस्मा; विश्वास; पवित्र आत्मा; यीशु मसीह; उद्धार की योजना; पश्चाताप; सुसमाचार की पुनःस्थापना *भी देखें*

**सरकार** (*देखें* वैधानिक सरकार और कानून)

## अनुग्रह

शब्द *अनुग्रह,* जैसा कि धर्मशास्त्रों में उपयोग हुआ है, मुख्यतः उस ईश्वरीय सहायता और बल को संदर्भ करता है जिसे हम प्रभु यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा प्राप्त करते हैं । प्रेरित पतरस में सीखाया था कि हमें ''अपने प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अनुग्रह और पहचान में आगे बढ़ते जाना'' चाहिए (2 पतरस 3:18) ।

अनुग्रह द्वारा उद्धार

पतन के कारण, हर व्यक्ति को लौकिक मृत्यु का अनुभव होगा । अनुग्रह के द्वारा, उद्धारकर्ता के प्रायश्चित भरे बलिदान से उपलब्ध, सभी लोग पुनरुत्थारित होंगे और अमरत्व प्राप्त करेंगे (देखें 2 नफी 9:6–13) । परन्तु एकमात्र पुनरुत्थान ही हमें परमेश्वर की उपस्थिति में अनन्त जीवन के योग्य नहीं बनाता है । हमारे पाप हमें परमेश्वर की उपस्थिति में रहने के प्रति अशुद्ध और अनुपयुक्त बनाते हैं, और ''जो कुछ हम कर सकते हैं'', उन्हें कर लेने पर भी हम उसी की कृपा से बच सकते हैं (2 नफी 25:23) ।

वाक्यांश ''जो कुछ हम कर सकते हैं'' सीखाता है कि प्रभु की महिमा को पूरी तरह से प्राप्त करने के लिए और उसके साथ रहने के योग्य बनने के लिए हमें प्रयास करने की अवाश्यकता है । प्रभु ने हमें उसके सुसमाचार के पालन की आज्ञा दी है, जिसमें सम्मिलित है उसमें विश्वास करना, अपने पापों का पश्चाताप करना,

बपतिस्मा लेना, पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त करना, और अन्त तक सहनशील बने रहना (देखें यूहन्ना 3:3–5; 3 नफी 27:16–20; विश्वास के अनुच्छेद 1:3–4) । भविष्यवक्ता मरोनी ने अनुग्रह के विषय में लिखा था जिसे हम तब प्राप्त करते हैं जब उद्धारकर्ता के पास आते हैं और उसकी शिक्षाओं पर चलते हैं:

''मसीह के पास आओ और उसमें पूर्ण विश्वास करो और जितनी बातें ईश्वर के प्रतिकूल हैं उन सब को त्यागो; और जब तुम परमेश्वर के प्रतिकूल जितनी बातें हैं उनको त्याग कर अपनी संपूर्ण शक्ति और बुद्धि के साथ परमेश्वर से प्रेम करोगे, तब उसकी पर्याप्त कृपा तुम को प्राप्त होगी जिससे कि उसकी दया से मसीह में तुम पूर्ण बनोगे; और अगर तुम परमेश्वर की दया से मसीह में पूर्ण हुए तब तुम किसी भी तरह से परमेश्वर की शक्ति को अस्वीकार नहीं कर सकते ।

''और फिर अगर तुम परमेश्वर की कृपा के द्वारा मसीह में पूर्ण बनते हो और उसकी शक्ति को अस्वीकार नहीं करते हो तब परमेश्वर की दया से मसीह में, मसीह के गिराए गए रक्त से पवित्र किए जाओगे जो कि तुम्हारे पापों की क्षमा के लिए पिता के दिए गए वचन में है, जिससे कि तुम बिना धब्बे के पवित्र हो जाओ'' (मरोनी 10:32–33) ।

## अपने पूरे जीवन में अनुग्रह प्राप्त करना

अपने अन्तिम उद्धार के प्रति अनुग्रह की आवश्यकता के अतिरिक्त, आपको अपने जीवन के प्रत्येक दिन इस समर्थ बनानेवाली शक्ति की आवश्यकता है । जब आप निष्ठा, विनम्रता, और विनीत होकर स्वर्गीय पिता के नजदीक आते हैं, वह अपने अनुग्रह द्वारा आपको ऊँचा उठायेगा और बल देगा (देखें नीतिवचन 3:34; 1 पतरस 5:5; सि. और अनु. 88:78; 106:7–8) । उसके अनुग्रह पर निर्भरता उन्नति करने और धार्मिकता में बढ़ने के लिए आपको समर्थ बनाती है । यीशु ने स्वयं भी एक ही बार में परिपूर्णता नहीं प्राप्त की थी परन्तु अनुग्रह पर अनुग्रह से तब तक जारी रहा जब तक कि उसने परिपूर्णता प्राप्त न कर ली (देखें सि. और अनु. 93:13) । अनुग्रह परमेश्वर के राज्य को बनाने की आपकी सहायता को समर्थ बनाता है, एक सेवा कार्य जिसे आप केवल बल या माध्यमों के द्वारा नहीं कर सकते हैं (देखें यूहन्ना 15:5; फिलिप्पियों 4:13; इब्रानियों 12:28; याकूब 4:6–7) ।

यदि आप कभी निराश हों या सुसमाचार के अनुसार जीवन जीने में अपने आपको बहुत अधिक कमजोर महसूस करते हों, उस सामर्थ को याद करें जिसे आप अनुग्रह की समर्थ वाली शक्ति के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं । आप प्रभु के इन शब्दों में आराम और आश्वासन प्राप्त कर सकते हैं: ''जो मेरे सामने दीन बनते हैं उन

सब पर मेरी कृपा यथेष्ट होती है; क्योंकि अगर वे मेरे सामने दीन बनते हैं और मुझ में विश्वास करते हैं तब उनके लिए मैं निर्बल बातों को सबल कर देता हूं'' (एथर 12:27) ।

अतिरिक्त संदर्भः प्रेरितों के काम 15:11; रोमियों 5:2; 2 नफी 10:24; 11:5

यीशु मसीह का प्रायश्चित; पुनरुत्थान; उद्धार *भी देखें*

## आभार

प्रभु ने प्रतिज्ञा की है कि वे लोग जो सभी चीजों को कृतज्ञ होकर प्राप्त करते हैं उन्हें यशस्वी किया जाएगा (देखें सि. और अनु. 78:19) । आभार एक ऊपर उठाने वाला, उत्कर्षित करनेवाला व्यवहार है । संभवतः अनुभव से आप कह सकते हैं कि जब भी आपके हृदय में आभार रहा है, आप खुश हुए हैं । आप कभी भी कड़वे, अप्रसन्नता से भरे हुए, या नीच नहीं हो सकते हैं जब आप कृतज्ञ होते हैं ।

उन अदभुत आशीषों के लिए धन्यवाद दें जो आपकी हैं । उन विस्तृत अवसरों के लिए कृतज्ञ रहें जो आपके पास हैं । अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञ रहें । उन्हें आपके व्यवहार के विषय में जानने दें । अपने मित्रों और अपने शिक्षकों को धन्यवाद दें । उस हर व्यक्ति की प्रशंसा व्यक्त करें जो आपका समर्थन करता है या जो किसी भी प्रकार से आपकी सहायता करता है ।

स्वर्गीय पिता को आपके प्रति उसकी अच्छाई के लिए धन्यवाद दें । आप परमेश्वर का आभार, सभी चीजों में उसके हाथ को स्वीकार करें, जो भी वह आपको देता है उसके लिए धन्यवाद देने, उसकी आज्ञाओं को मानने, और दूसरों की सेवा करने के द्वारा व्यक्त कर सकते हैं । उसके प्रिय पुत्र, यीशु मसीह के लिए उसका धन्यवाद करें । उद्धारकर्ता के महान उदाहरण, उसकी शिक्षाओं, उठाने और सहायता करने वाले उसके हाथों की पहुँच, उसके असीम प्रायश्चित के लिए धन्यवाद दें ।

प्रभु को उसके पुनःस्थापित गिरजाघर के लिए धन्यवाद दें । उन सभी चीजों के लिए धन्यवाद दें जो यह आपको प्रदान करता है । मित्रों और परिवार के लिए उसे धन्यवाद दें । कृतज्ञता के व्यवहार को आपका मार्गदर्शन करने दें और आपके दिन-रात को आशीषित करने दें । आभारी होते हुए काम करें । आप पाएंगे कि यह अदभुत परिणाम उत्पन्न करता है ।

अतिरिक्त संदर्भः भजन संहिता 100:3–4; लूका 17:11–19; मुसायाह 2:19–22; अलमा 34:38; सि. और अनु. 59:7

## प्रसन्नता

परमेश्वर के ''अनन्त उद्देश्य'' की गवाही देते हुए भविष्यवक्ता लेही ने सीखाया था, ''पतन इसलिए हुआ जिससे कि मनुष्य को आनन्द की प्राप्ति हो'' (2 नफी 2:15, 25) ।

स्वर्गीय पिता की इच्छा है कि हमें सच्ची और अनन्त प्रसन्नता मिले । हमारी प्रसन्नता उन सारी आशीषों की रूपरेखा है जिसे वह हमें देता है—सुसमाचार शिक्षाएं, आज्ञाएं, पौराहित्य धर्मविधियां, पारिवारिक संबंध, भविष्यवक्ता, मन्दिर, सृष्टि की सुंदरताएं, और यहां तक कि परेशानियों को अनुभव करने का अवसर भी । हमारे उद्धार की उसकी योजना को अक्सर ''प्रसन्नता की महान योजना'' कहा जाता है (अलमा 42:8) । प्रायश्चित के लिए उसने अपने प्रिय पुत्र को भेजा था ताकि इस जीवन में हम खुश रह सकें और अनन्तता में आनन्द की परिपूर्णता को प्राप्त कर सकें ।

कई लोगों ने उन गतिविधियों में प्रसन्नता और परिपूर्णता को प्राप्त करने का प्रयत्न किया है जो प्रभु की आज्ञाओं के विरूद्ध हैं । अपने प्रति परमेश्वर की योजना की अवहेलना करते हुए, वे सच्ची प्रसन्नता के एकमात्र साधन को अस्वीकार करते हैं । वे शैतान के अधीन होते हैं, जो ''चाहता है कि सारा मानव समाज उसी की तरह आशाहीन हो जाए'' (2 नफी 2:27) । अंततः उन्होंने अलमा द्वारा उसके पुत्र कोरियन्दन की दी गई चेतावनी की सच्चाई को जाना थाः ''पाप कभी भी आनन्ददायी नहीं हुआ है'' (अलमा 41:10) ।

दूसरे लोग जीवन में केवल आमोद-प्रमोद ही चाहते हैं । इसके साथ जैसा कि यह उनका मुख्य उद्देश्य है, वे लौकिक सुख को अनन्त प्रसन्नता की तरफ से ध्यान भंग करने की अनुमति देते हैं । वे स्वयं को आत्मिक विकास, सेवा, और कठिन परिश्रम के अन्त तक बने रहने वाले आनन्द से वंचित रखते हैं ।

जब आप खुश रहने का प्रयास करते हैं, याद रखें कि सच्ची प्रसन्नता का एकमात्र रास्ता सुसमाचार को जीना है । आपको शान्ति, अनन्त प्रसन्नता प्राप्त होगी जब आप आज्ञाओं के पालन का, सामर्थ के लिए प्रार्थना करने का, अपने पापों के पश्चाताप का, हितकर गतिविधियों में भाग लेने का, और अर्थपूर्ण सेवा करने का प्रयत्न करते हैं । आप उस सीमा के अंतर्गत खुश रहना सीख जाएंगे जिसे एक प्रेम करने वाले स्वर्ग के पिता द्वारा निर्धारित किया गया है ।

आपकी प्रसन्नता संक्रामक हो सकती है । जब दूसरे आपको ध्यान से देखते हैं, वे आपके आनन्द के साधन को जानने के इच्छुक हो सकते हैं । वे उस प्रसन्नता का भी अनुभव कर सकते हैं जो यीशु मसीह के सुसमाचार को जीने से आती है ।

अतिरिक्त संदर्भः भजन संहिता 35:9; 2 नफी 5:27; मुसायाह 2:41; 3 नफी 17:18–20; 4 नफी 1:15–16; सि. और अनु. 18:10–16

प्रचारक कार्य; उद्धार की योजना; सेवा *भी देखें*

## स्वर्ग

धर्मशास्त्रों में, शब्द *स्वर्ग* का उपयोग दो मौलिक तरीकों में किया गया है । पहला, यह उस स्थान को संदर्भ करता है जहां परमेश्वर रहता है, जो कि विश्वासियों का अन्तिम घर है (देखें मुसायाह 2:41) । दूसरा, यह पृथ्वी के फैलाव को संदर्भ करता है (देखें उत्पत्ति 1:1) ।

अतिरिक्त संदर्भः भजन संहिता 11:4; मत्ती 6:9; 1 नफी 1:8; मुसायाह 3:8; सि. और अनु. 20:17

महिमा के राज्य *भी देखें*

## स्वर्गीय पिता (*देखें* पिता परमेश्वर)

## नरक

अन्तिम-दिन के प्रकटीकरण कम से कम दो तरह के नरक के विषय में बताते हैं । पहला, यह आत्मा के बन्दीगृह का दूसरा नाम है, एक स्थान जो नश्वरता के बाद आत्मा का संसार है जिसमें वे रहते हैं जिनकी मृत्यु सच्चाई को जाने बिना उनके पापों के साथ ही, या उल्लंघन में, भविष्यवक्ताओं को अस्वीकार करते हुए हो गई थी (देखें सि. और अनु. 138:32) । यह एक अस्थाई स्थिति है जिसमें आत्माओं को सुसमाचार सीखाया जाएगा और उनके पास पश्चाताप करने का और उद्धार के प्रति उन धर्मविधियों को स्वीकार करने का अवसर होगा जिसे मन्दिरों में उनके लिए किया जाता है (देखें सि. और अनु. 138:30–35) । वे जो सुसमाचार को स्वीकार करते हैं, पुनरुत्थान तक स्वर्गलोक में रह सकते हैं । उनके पुनरुत्थान और न्याय के पश्चात, वे महिमा की उस अवस्था को प्राप्त करेंगे जिसके वे योग्य होंगे । वे जो पश्चाताप करना नहीं चुनते हैं परन्तु वे विनाश के पुत्र भी नहीं हैं तो आत्मा के बन्दीगृह में हजार वर्ष के अन्त तक रहेंगे, जब उन्हें नरक और दण्ड से आजाद कर दिया जाएगा और वे टलेस्टियल महिमा के लिए पुनरुत्थारित होंगे (देखें सि. और अनु. 76:81–85) ।

दूसरा, शब्द *नरक* का उपयोग बाहरी अन्धकार के संदर्भ में किया गया है, जो कि शैतान, उसके दूत, और विनाश के पुत्रों के रहने का स्थान है (देखें सि. और अनु. 29:36–38; 76:28–33) । विनाश के पुत्र वे हैं जिन्हें इस संसार में और आने वाले संसार में क्षमादान नहीं मिलेगा—जिन्होंने पवित्र आत्मा को प्राप्त करने के पश्चात उसे अस्वीकारा है और पिता के एकलौते प्रिय पुत्र को, उसे उनके लिए क्रूस पर चढ़ाए जाने को और खुलेआम उसकी निन्दा को, अस्वीकार किया है (देखें सि. और अनु. 76:34–35; आयत 31–33, 36–37 भी देखें) । इस प्रकार के व्यक्ति महिमा के किसी भी राज्य में किसी भी स्थान के उत्तराधिकारी नहीं होंगे; उनके लिए नरक की परिस्थितियां वैसी ही रहेंगी (देखें सि. और अनु. 76:38; 88:24, 32) ।

महिमा के राज्य; शैतान *भी देखें*

## पवित्र आत्मा

पवित्र आत्मा परमेश्वरत्व का तीसरा सदस्य है । उसका व्यक्तित्व आत्मा का है, बिना मांस और हड्डियों के शरीर का (देखें सि. और अनु. 130:22) । प्रायः उसका संदर्भ एक आत्मा, पवित्र आत्मा, परमेश्वर की आत्मा, प्रभु की आत्मा, या सहायक के रूप में होता है ।

### पवित्र आत्मा की भूमिकाएं

पवित्र आत्मा स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह के साथ पूरी एकता में काम करता है, धार्मिकता में जीने और सुसमाचार की आशीषों को प्राप्त करने में आपकी सहायता के लिए कई भूमिकाओं को निभाते हुए ।

वह ''पिता और पुत्र की साक्षी देता है'' (2 नफी 31:18) और ''सब बातों की सच्चाई'' को प्रकट करता और सीखाता है (मरोनी 10:5) । आप स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह की एक पक्की गवाही केवल पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं । आपकी आत्मा के लिए उसका संदेश किसी भी अन्य प्रकार के संदेश से अधिक निश्चितता में पहुँचता है जिसे आप अपने स्वाभाविक अनुभूतियों के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं ।

जब आप उस मार्ग पर बने रहने का प्रयास करते हैं जो अनन्त जीवन के तरफ ले जाता है, पवित्र आत्मा ''आपको बताएगा कि [आपको] क्या करना चाहिए'' (देखें 2 नफी 32:1–5) । वह आपके निर्णय में आपका मार्गदर्शन कर सकता है और शारीरिक और आत्मिक खतरों से आपकी सुरक्षा कर सकता है ।

उसके द्वारा, आप आत्मा के उन उपहारों को प्राप्त कर सकते हैं जो आपके फायदे के लिए हैं और उन लोगों के फायदे के लिए हैं जिन्हें आप प्रेम करते हैं और जिनकी आप सेवा करते हैं (देखें सि. और अनु. 46:9–11) ।

वह सहायक है (यूहन्ना 14:26) । जैसे एक प्रेम करने वाले माता-पिता की खुश करने वाली आवाज एक रोते हुए बच्चे को शान्त कर सकती है, उसी प्रकार पवित्र आत्मा की शान्त और धीमी आवाज आपके भय को शान्त करती है और आपके जीवन में परेशान करने वाली चिन्ताओं को कम कर सकती है, और आपको आराम दे सकती है जब आप दुखी होते हैं । पवित्र आत्मा आपको ''आशा और संपूर्ण प्रेम'' से भर सकती है और राज्य की शान्ति वाली बातों को सीखाता है (मरोनी 8:26; देखें सि. और अनु. 36:2) ।

उसकी शक्ति के द्वारा, आप पवित्र किये जाते हैं जब आप पश्चाताप करते हैं, बपतिस्मा और पुष्टिकरण की धर्मविधियों को प्राप्त करते हैं, और अपने अनुबन्धों में सच्चे रहते हैं (देखें मुसायाह 5:1–6; 3 नफी 27:20; मूसा 6:64–68) ।

वह प्रतिज्ञा की पवित्र आत्मा है (देखें इफिसियों 1:13; सि. और अनु. 132:7, 18–19, 26) । इस क्षमता में, वह पुष्टि करता है कि जिन पौरोहित्य धर्मविधियों को आप प्राप्त करते हैं और जिन अनुबन्धों को आपने बनाया है वे परमेश्वर को स्वीकार्य हैं । यह अनुमोदन आपके निरन्तर विश्वसनीयता पर आधारित होता है ।

## पवित्र आत्मा का उपहार

सच्चाई के सभी ईमानदार खोजकर्ता पवित्र आत्मा के प्रभाव को महसूस कर सकते हैं, स्वयं को यीशु मसीह और उसके सुसमाचार के तरफ ले जाते हुए । फिर भी, पवित्र आत्मा द्वारा दी गई आशीषों की पूर्णता केवल उन्हीं लोगों को उपलब्ध है जो पवित्र आत्मा के उपहार को प्राप्त करते हैं और योग्य बने रहते हैं ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर में आपके बपतिस्मा के पश्चात, एक या अधिक मलकिसिदक पौरोहित्य धारकों ने अपने हाथों को आपके सिर पर रखा और, एक पवित्र पौरोहित्य धर्मविधि के तहत गिरजाघर के एक सदस्य के रूप में आपका पुष्टिकरण किया । इस धर्मविधि के भाग के रूप में जिसे पुष्टिकरण कहते हैं, आपको पवित्र आत्मा का उपहार दिया जाता है ।

पवित्र आत्मा का उपहार, पवित्र आत्मा के प्रभाव से भिन्न है । अपने बपतिस्मा से पहले, समय-समय पर आप पवित्र आत्मा के प्रभाव को महसूस कर सकते हैं, और उसी प्रभाव से आप सच्चाई की एक गवाही प्राप्त कर सकते हैं । अब जब

आपके पास पवित्र आत्मा का उपहार है, आपके पास परमेश्वरत्व के उस सदस्य के निरन्तर साथ का अधिकार है यदि आप आज्ञाओं का पालन करते हैं ।

पवित्र आत्मा के उपहार के पूरे आनन्द में शामिल है प्रकटीकरण और सांत्वना प्राप्त करना, आत्मिक उपहारों से दूसरों की सेवा करना और उन्हें आशीष देना, और पापों से क्षमा किया जाना और सलेस्टियल राज्य में उत्कर्ष के अनुरूप होना । ये आशीषें आपकी योग्यता पर आधारित हैं; ये समय पर थोड़ी-थोड़ी आती हैं जैसे-जैसे आप इनके लिए तैयार होते हैं । जैसे-जैसे आप अपने जीवन को परमेश्वर की इच्छा के साथ समन्वय में लाते हैं, धीरे-धीरे आप पवित्र आत्मा को बड़ी मात्रा में प्राप्त करते हैं । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने घोषणा की थी कि परमेश्वर के राज्य के रहस्यों को केवल पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा ही देखा और समझा जा सकता है, जिसे परमेश्वर ने उन लोगों को दिया है जो उससे प्रेम करते हैं और अपने आपको उसके समक्ष शुद्ध बनाते हैं (देखें सि. और अनु. 76:114–116) ।

याद रखें कि ''प्रभु की आत्मा अपवित्र मन्दिरों में निवास नहीं करती'' (इलामन 4:24) । यद्यपि आपने पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त कर लिया है, पर आत्मा आपके साथ तभी रहेगी जब आप आज्ञाओं का पालन करेंगे । वह चली जाएगी यदि आप निन्दा, अशुद्धता, अवज्ञाकारिता, विरोध, या अन्य पापों के द्वारा उसका उल्लंघन करेंगे । अपने आपको शुद्ध रखें । अपने जीवन को अच्छाइयों से भरें ताकि आप पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ के प्रति योग्य हो सकें ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 3:11; यूहन्ना 15:26; 16:13; प्रेरितों के काम 2:38; 8:12–17; 19:1–6; 1 कुरिन्थियों 2:9–14; 12:3; गलतियों 5:22–23; 1 नफी 10:17–19; 2 नफी 31:17; सि. और अनु. 8:2–3; 39:20–24; 68:25–28; 121:46; विश्वास के अनुच्छेद 1:4

बपतिस्मा; परमेश्वरत्व; हाथों का रखना; प्रकटीकरण; आत्मिक उपहार *भी देखें*

## घर शिक्षा (*देखें* पौरोहित्य)

## समलैंगिकता (*देखें* शुद्धता)

## ईमानदारी

तेरहवां विश्वास का अनुच्छेद कहता है, ''हम ईमानदार होने में विश्वास करते हैं'' । ईमानदार होने का अर्थ है गंभीर, सत्यनिष्ठ, और हर समय बिना छल-कपट के रहना ।

जब आप हर तरह से ईमानदार हैं, आप मन की शान्ति का आनन्द उठाने और आत्म-सम्मान को बनाये रखने में समर्थ हैं । आप आचरण में बल का निर्माण करते हैं, जो कि आपको परमेश्वर और दूसरों के प्रति सेवा-कार्य करने की अनुमति देता है । आप परमेश्वर की नजर में और जो आपके आस-पास हैं उनकी नजर में विश्वास योग्य बन जाते हैं ।

दूसरी तरफ, यदि आप अपने शब्दों और क्रियाओं में बेईमान हैं, आप स्वयं को और अक्सर दूसरों को भी नुकसान पहुँचाते हैं । यदि आप झूठ बोलते हैं, चोरी करते हैं, धोखा देते हैं, या अपने वेतन के अनुसार पूरा काम करने में लापरवाही करते हैं, तो आप अपना आत्म-सम्मान खो देते हैं । आप पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन को खो देते हैं । आपको पता चलता है कि आपने पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ संबंध खराब कर लिया है और यह कि अब वे लोग आप पर भरोसा नहीं करते हैं ।

ईमानदार होने में अक्सर साहस और बलिदान की आवश्यकता होती है, विशेषकर जब गलत आचरण को उचित ठहराने के लिए दूसरे लोग आपको राजी करने का प्रयास करते हैं । यदि आप अपने आपको ऐसी परिस्थिति में पाते हैं, याद रखें कि ईमानदार रहने पर जो चिरस्थाई शान्ति मिलती है वह उस क्षणिक राहत से कहीं अधिक मूल्यवान होती है जो दूसरे लोगों के अनुसार करने से आती है ।

अतिरिक्त संदर्भः निर्गमन 20:16; 2 नफी 9:34; सि. और अनु. 97:8

## आशा

शब्द *आशा* का अर्थ कभी-कभी गलत समझ लिया जाता है । हमारी रोजमर्रा की भाषा में, अक्सर यह शब्द हमें अनिश्चतता की तरफ संकेत करता है । उदाहरण के लिए, हम कह सकते हैं कि हमें मौसम में एक बदलाव की आशा है या किसी मित्र के आने की आशा है । यद्यपि, सुसमाचार की भाषा में, शब्द *आशा* निश्चित, अडिग, और सक्रिय है । भविष्यवक्ता ''दृढ़ विश्वास'' होने के विषय में बताते हैं (अलमा 34:41) और एक ''जीवित आशा'' (1 पतरस 1:3) । भविष्यवक्ता मरोनी ने सीखाया था, ''जो परमेश्वर पर विश्वास करता है वह निश्चयपूर्वक एक उत्तम संसार की आशा कर सकता है; हां, वह परमेश्वर के दाहिने ओर स्थान पाने की आशा कर सकता है जो कि विश्वास से उपजता है और लोगों की आत्मा के लिए एक लंगड़ की तरह होता है जो कि उन्हें निश्चित और दृढ़ करता है और उनसे बहुत से अच्छे कर्म करवाता और परमेश्वर का गौरव गान करवाता है'' (एथर 12:4) ।

जब हमें आशा होती है, हम परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर विश्वास करते हैं । हमें एक शान्त आश्वासन मिलता है कि यदि हम धार्मिकता के कार्य करते हैं, हम अपना पुरस्कार प्राप्त करेंगे, यहां तक कि इस संसार में शान्ति और आने वाले संसार में अनन्त जीवन (देखें सि. और अनु. 59:23) । मॉरमन ने सीखाया था कि ऐसी आशा केवल यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा ही आती हैः ''वह कौन सी वस्तु है जिसकी आशा तुम्हें करनी चाहिए ? सुनो, मैं तुम से कहता हूं कि मसीह के प्रायश्चित और पुनःजीवित किये जाने की उसकी शक्ति के द्वारा, अनन्त जीवन के लिए उठाये जाने की आशा तुम कर सकते हो, और यह उसके दिये वचन से, उसमें तुम्हारे विश्वास के कारण हुआ'' (मरोनी 7:41) ।

जैसे-जैसे आप सुसमाचार जीने का प्रयास करते हैं, ''पवित्र आत्मा के सामर्थ से आशा बढ़ाने'' की आपकी क्षमता में आपका विकास होता है (रोमियों 15:13) । आप अपनी आशा में बढ़ते हैं जब आप प्रार्थना करते हैं और परमेश्वर से क्षमादान का प्रयास करते हैं । मॉरमन की पुस्तक में, आरुन नामक एक प्रचारक ने एक लमनायटी राजा को आश्वासन दिया था, ''अगर तुम्हें इस बात की इच्छा है तब अगर तुम परमेश्वर के आगे झुके, और झुककर अपने पापों का पश्चाताप करके उसे प्राप्त करने के विश्वास के साथ उसके नाम को पुकारोगे तब तुम जिसको प्राप्त करने की आशा करते हो वह तुम्हें प्राप्त होगा'' (अलमा 22:16) । आप भी आशा प्राप्त करते हैं जब आप धर्मशास्त्रों का अध्ययन करते हैं और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं । प्रेरित पौलुस ने सीखाया था, ''जितनी बातें पहिले से लिखी गईं, वे हमारी ही शिक्षा के लिए लिखी गईं हैं कि हम धीरज और पवित्र शास्त्र की शान्ति के द्वारा आशा रखें'' (रोमियों 15:4) ।

आशा का सिद्धान्त अनन्तता तक फैला हुआ है, परन्तु जीवन की प्रतिदिन की चुनौतियों के द्वारा यह आपकी सहायता कर सकता है । ''क्या ही धन्य वह है'' भजनकार ने कहा था, ''जिसका सहायक याकूब का ईश्वर है, और जिसका भरोसा अपने परमेश्वर यहोवा पर है'' (भजन संहिता 146:5) । आशा से, जीवन में आप आनन्द प्राप्त कर सकते हैं । ''तुम धैर्य धारण करो और इस दृढ़ विश्वास के साथ उन कष्टों को सहन करो कि एक दिन सभी कष्टों से तुम्हें छुटकारा मिलेगा'' (अलमा 34:41) । ''तुम मसीह में दृढ़ विश्वास रखते हुए आशा की अखण्ड ज्योति में और परमेश्वर और सभी मनुष्यों से प्रेम रखते हुए, सदैव आगे बढ़ते चलो । इसलिए अगर तुम आगे बढ़ते रहे, मसीह की वाणी का प्याला पीते रहे, और अन्त तक सहनशील बने रहे, तब सुनो, पिता इस प्रकार कह रहा हैः तुम्हें अनन्त जीवन मिलेगा'' (2 नफी 31:20) ।

अतिरिक्त संदर्भः विलापगीत 3:25–26; 1 कुरिन्थियों 15:19–22; 1 पतरस 3:15; 1 यूहन्ना 3:2–3; याकूब 4:4–6; अलमा 13:28–29; 27:28; एथर 12:32; मरोनी 8:26; 9:25; 10:22

दुर्भाग्य; यीशु मसीह का प्रायश्चित; उदारता; विश्वास *भी देखें*

**गर्म पेय** (*देखें* ज्ञान का शब्द)

## विनम्रता

विनम्र होना कृतज्ञतापूर्वक प्रभु पर अपनी निर्भरता को पहचानना है—यह समझना कि आपको निरन्तर उसकी सहायता की आवश्यकता है । विनम्रता एक स्वीकृति है कि आपकी योग्यताएं और क्षमताएं परमेश्वर का उपहार हैं । यह कमजोरी, कायरता, या डर का प्रतीक नहीं है, यह एक संकेत है कि आप जानते हैं कि आपका सच्चा सामर्थ कहां है । एक ही समय में आप विनम्र और निडर हो सकते हैं । एक ही समय में आप विनम्र और साहसी हो सकते हैं ।

यीशु मसीह विनम्रता का हमारा सबसे बड़ा उदाहरण है । अपनी नश्वर सेवकाई के दौरान, उसने सदैव स्वीकार किया है कि उसका सामर्थ उसके पिता पर उसकी निर्भरता के कारण है । उसने कहाः ''मैं अपने आप में कुछ नहीं कर सकता . . . । मैं अपनी इच्छा नहीं, परन्तु अपने भेजने वाले की इच्छा चाहता हूं'' (यूहन्ना 5:30) ।

प्रभु आपको सामर्थ देगा जब आप स्वयं को उसके समक्ष विनम्र करते हैं । याकूब ने सीखाया थाः ''परमेश्वर अभिमानियों से विरोध करता है, पर दीनों पर अनुग्रह करता है . . . । प्रभु के साम्हने दीन बनो, तो वह तुम्हें शिरोमणि बनाएगा'' (याकूब 4:6, 10) ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 18:4; 23:12; 26:39; लूका 22:42; 1 पतरस 5:5–6; मुसायाह 4:11–12; 15:6–7; अलमा 5:27–28; इलामन 3:33–35; एथर 12:27; सि. और अनु. 12:8; 67:10; 112:10; 136:32–33

## यीशु मसीह

1 जनवरी 2000 को, प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद ने निम्नलिखित घोषणा जारी किया जिसका शीर्षक था ''जीवित मसीह'', यह घोषणा प्रभु यीशु मसीह की साक्षी देता है और उसके परिचय और ईश्वरीय मिशन को संक्षिप्त करता हैः

''जब हम दो हजार वर्ष पूर्व हुए यीशु मसीह के जन्म का स्मरणोत्सव मनाते हैं, तो हम उसके अद्वितीय जीवन और उसके महान प्रायश्चितकारी बलिदान की अनन्त पवित्रता के प्रति अपनी गवाही देते हैं । इस पृथ्वी पर जो जिये हैं और अभी जियेंगे उन सब पर किसी अन्य का इतना गहरा प्रभाव नहीं पड़ा ।

''वह पुराने नियम का महान यहोवा, नये नियम का मसीहा था । अपने पिता के निर्देशानुसार, वह पृथ्वी का सृष्टिकर्ता था । 'सब कुछ उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ और जो कुछ उत्पन्न हुआ है, उस में से कोई भी वस्तु उसके बिना उत्पन्न न हुई' (यूहन्ना 1:3) । यद्यपि पाप रहित था, सभी धार्मिकता को पूरा करने के लिए उसने बपतिस्मा लिया । वह 'भलाई करता फिरा' (प्रेरितों के काम 10:38), तब भी इसके लिए तिरस्कारित हुआ था । उसका सुसमाचार शान्ति और सदभावना का संदेश था । उसने सभी से उसके उदाहरण के अनुसरण की याचना की थी । बीमारों को चंगा करते हुए, अंधों को दृष्टि देते हुए, और मरे हुए लोगों को जीवित करते हुए वह पलिश्तीन के मार्ग पर चला था । उसने अनन्तता की सच्चाई, नश्वरता के पहले के हमारे जीवन की वास्तविकता, पृथ्वी पर हमारे जीवन के उद्देश्य, और आने वाले जीवन में परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों के प्रति क्षमता को सीखाया था ।

''उसने प्रभुभोज अपने महान प्रायश्चितकारी बलिदान के स्मारक के रूप में शुरू किया । उसे झूठे आरोपों के आधार पर बन्दी बनाया गया और निन्दित किया गया, और एक भीड़ को संतुष्ट करने के लिए अपराधी सिद्ध किया गया, और कलवरी की सूली पर मरने की सज़ा दी गई । उसने सारी मानवजाति के पापों के प्रायश्चित के लिए अपना जीवन दिया । वह यह उसका उन सबकी ओर से जो कभी पृथ्वी पर रहे, एक महान प्रतिनिधिक उपहार था ।

''हम सत्यनिष्ठा से गवाही देते हैं कि उसका जीवन जो कि पूरे मानव इतिहास का केन्द्र है, न ही बैतलहम से शुरू हुआ और न ही कलवरी पर समाप्त हुआ । वह पिता का पहिलौठा पुत्र था, शरीर में एकलौता जन्मा पुत्र, दुनिया का मुक्तिदाता ।

'जो सो गए हैं उन में पहिला फल' होने के लिए वह कब्र से जी उठा (1 कुरिन्थियों 15:20) । जीवित प्रभु के रूप में, वह उन लोगों के मध्य गया था जिनसे उसने जीवन में प्रेम किया था । प्राचीन अमेरिका में उसने अपनी 'अन्य भेड़ों' के बीच सेवा कार्य भी किया (यूहन्ना 10:16) । आधुनिक संसार में, 'समय के पूरे होने के प्रबंध' के पुराने वचन में प्रवेश करने के लिए, वह और उसके पिता बालक जोसफ स्मिथ को दिखाई दिये थे (इफिसियों 1:10) ।

''जीवित मसीह के विषय में, भविष्यवक्ता जोसफ ने लिखा था: 'उसकी आँखें आग की लौ के समान थीं; उसके सिर के बाल शुद्ध बर्फ के समान श्वेत थे; उसका

मुखमण्डल सूर्य की रोशनी से भी तेज था; और उसकी आवाज तेजी से बहती हुई प्रचण्ड धारा के समान थी, यहां तक कि यहोवा की आवाज भी, कहते हुए:

'' 'मैं ही आदि और अन्त हूं, मैं वही हूं जो जीवित है, मैं वहीं हूं जिसे मार दिया गया था; मैं पिता के पास तुम्हारा समर्थक हूं' (सि. और अनु. 110:3–4) ।

''उसके विषय में भविष्यवक्ता ने यह भी घोषित किया थाः 'और अब, उसके बारे में कई गवाहियों के दिये जाने के पश्चात, यही वह अन्तिम गवाही है, जिसे हम उसके विषय में देते हैं: कि वह जीवित है!

''क्योंकि हमने उसे परमेश्वर के दाहिने देखा था; और हमने प्रमाणित करती हुई आवाज को सुना कि यही पिता का इकलौता प्रिय पुत्र है—

'' 'कि उसके द्वारा, और उसके माध्यम से, और उससे, संसारों की सृष्टि हुई है और हुई थी, और उसके निवासी परमेश्वर के प्रिय बेटे और बेटियां हैं'' (सि. और अनु. 76:22–24) ।

''हम गंभीरतापूर्वक घोषणा करते हैं कि उसका पौरोहित्य और उसका गिरजाघर पृथ्वी पर पुनःस्थापित हुआ है—'प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं की नेव पर जिस के कोने का पत्थर मसीह यीशु आप ही है' (इफिसियों 2:20) ।

''हम गवाही देते हैं कि किसी दिन वह पृथ्वी पर वापस आएगा । 'और यहोवा का तेज प्रगट होगा, और सब प्राणी उसको एक संग देखेंगे' (यशायाह 40:5) । वह राजाओं के राजा और प्रभुओं के प्रभु के रूप में शासन करेगा, और उसके समक्ष प्रत्येक घुटना झुकेगा और प्रत्येक जबान आराधना के लिए खुलेगी । हममें से हर कोई अपने कार्यों और अपने हृदय की इच्छाओं के अनुसार उससे न्याय पाने के लिए खड़ा होगा ।

''हम गवाही देते हैं, उसके नियुक्त प्रेरितों के रूप में—कि यीशु ही जीवित मसीह है, परमेश्वर का अमर पुत्र । वह महान राजा इम्मानुएल है, जो आज अपने पिता के दाहिने खड़ा है । वह ज्योति, जीवन, और संसार की आशा है । उसका तरीका वह मार्ग है जो इस जीवन में प्रसन्नता की तरफ और आनेवाले संसार में अनन्त जीवन की तरफ ले जाता है । परमेश्वर को उसके ईश्वरीय पुत्र के रूप में अद्वितीय उपहार के लिए धन्यवाद'' (*Ensign,* अप्रैल 2000, 2–3) ।

यीशु मसीह का प्रायश्चित *भी देखें*

## जोसफ स्मिथ

1820 की बसंत ऋतु में, 14 वर्षीय जोसफ स्मिथ यीशु मसीह के सच्चे गिरजाघर की तलाश में था जब उसने बाइबिल में दिये गए एक अनुच्छेद को पढ़ा थाः ''पर यदि तुम में से किसी को बुद्धि की घटी हो, तो परमेश्वर से मांगे, जो बिना उलाहना दिये सब को उदारता से दे देता है; और उसको दी जाएगी'' (याकूब 1:5; जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:11–12 भी देखें) । साधारण, अडिग विश्वास के साथ, युवा जोसफ ने उस अनुच्छेद में दिये गए सलाह का अनुसरण किया था । वह अकेले ही उपवन में गया था, जहां उसने यह जानने के लिए प्रार्थना की थी कि किस गिरजाघर से उसे जुड़ना चाहिए । उसकी प्रार्थना के जबाव में, पिता परमेश्वर और यीशु मसीह उसे दिखाई दिये थे । अन्य बातों के मध्य, उन्होंने उससे कहा था कि जितने भी गिरजाघर अस्तित्व में हैं उनमें से उसे किसी के साथ भी नहीं जुड़ना चाहिए (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:13–20) ।

जैसे-जैसे जोसफ स्मिथ ने अपनी योग्यता को सिद्ध किया, परमेश्वर के एक भविष्यवक्ता के रूप में उसे एक ईश्वरीय कार्य सौंपा गया था । उसके द्वारा, प्रभु ने एक महान और अदभुत कार्य को पूरा किया था जिसमें मॉरमन की पुस्तक को अस्तित्व में लाना, पौरोहित्य की पुनःस्थापना करना, अनमोल सुसमाचार की सच्चाइयों को प्रकट करना, यीशु मसीह के गिरजाघर को स्थापित करना, और मन्दिर कार्य स्थापित करना शामिल था । 27 जून 1844 को, जोसफ और उसके भाई हायरम की हत्या एक सशस्त्र उत्तेजित भीड़ द्वारा एक आक्रमण में कर दी गई थी । उन्होंने अपनी गवाहियों को अपने लहू से मुहरबन्द किया था ।

पुनःस्थापित सुसमाचार की आपकी गवाही को यदि पूरा करना है तो इसमें जोसफ स्मिथ के ईश्वरीय काम की एक गवाही को शामिल होना होगा । अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर की सच्चाई प्रथम दिव्यदर्शन की सच्चाई पर और भविष्यवक्ता जोसफ को दिये गए प्रभु के अन्य प्रकटीकरण पर आधारित है । अध्यक्ष जॉन टेलर, गिरजाघर के तीसरे अध्यक्ष ने लिखा था कि जोसफ स्मिथ, प्रभु के भविष्यवक्ता और दिव्यदर्शी ने इस संसार के लोगों के उद्धार के लिए, केवल यीशु मसीह को छोड़कर किसी भी उस व्यक्ति से बहुत अधिक किया है जो कभी भी इस पृथ्वी पर रहा हो (देखें सि. और अनु. 135:3) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 29:13–14; 2 नफी 3:3–15; सि. और अनु. 5:9–10; 135; जोसफ स्मिथ—इतिहास

भविष्यवक्ता; सुसमाचार की पुनःस्थापना *भी देखें*

## दूसरों का न्याय करना

कभी-कभी लोग महसूस करते हैं कि किसी भी प्रकार से दूसरों के विषय में न्याय करना गलत है । जब कि यह सच है कि आपको दूसरों की निन्दा नहीं करनी करनी चाहिए या अधार्मिकता में रहते हुए उनका न्याय नहीं करना चाहिए, परन्तु आपको अपने पूरे जीवन विचारों, परिस्थितियों, और लोगों को परखने की आवश्यकता होगी । प्रभु ने कई आज्ञाएं दी हैं जिसका पालन आप न्याय किये बिना नहीं कर सकते हैं । उदाहरण के लिए, उसने कहा है: ''झूठे भविष्यवक्ताओं से सावधान रहो. . . । उन के फलों से तुम उन्हें पहचान लोगे'' (मत्ती 7:15–16) । और उसने यह भी कहा है कि हमें दुष्ट लोगों के बीच से निकल जाना चाहिए (देखें सि. और अनु. 38:42) । आपको अपने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में लोगों को परखने की आवश्यकता है, जैसे कि मित्रों का चुनाव करना, सरकारी नेताओं के लिए मतदान करना, और एक अनन्त साथी का चुनाव करना ।

न्याय करना आपकी स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण उपयोग है और इसमें अत्याधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है, विशेषकर तब जब आप दूसरे लोगों का न्याय करते हैं । आपके सभी निर्णय धार्मिक आदर्शों द्वारा ही निर्देशित होने चाहिए । याद रखें कि केवल परमेश्वर, जो प्रत्येक व्यक्ति के हृदय को जानता है, लोगों के प्रति अन्तिम न्याय कर सकता है (देखें प्रकाशितवाक्य 20:12; 3 नफी 27:14; सि. और अनु. 137:9) ।

दूसरों के हमारे न्याय में मार्गदर्शन के लिए प्रभु ने एक चेतवानी दी थी: ''जिस प्रकार तुम दूसरों पर दोष लगाओगे, उसी प्रकार तुम पर दोष लगाया जाएगा; और और जिस नाप से तुम नापते हो, उसी से तुम्हें नापा जाएगा । तुम क्यों अपने भाई की आँख के तिनके को देखते हो, और अपनी आँख का लट्ठा भी नहीं देखते । और अब तुम्हारी ही आँख में लट्ठा है, तो तुम अपने भाई से कैसे कह सकते हो कि मैं तेरी आँख का तिनका निकाल दूँ ? हे कपटी, पहले अपनी आँख में से लट्ठा निकाल लो, तब तुम अपने भाई की आँख का तिनका भलि-भांति देख कर निकाल सकोगे'' (3 नफी 14:2–5) ।

धर्मशास्त्र के इस अनुच्छेद में प्रभु सीखाता है कि दूसरों में जिस कमी को हम देखते हैं अक्सर वह उस व्यक्ति की आँख में एक छोटे से कण के समान है, हमारे कमी की तुलना में जो कि हमारी अपनी आँखों में एक विशाल लट्ठे के समान है । कभी-कभी हम दूसरों की कमियों पर बहुत ध्यान देते हैं जब कि इसकी बजाय हमें अपने आपको सुधारने के प्रति कार्यरत होना चाहिए ।

दूसरों के विषय में आपका धार्मिक निर्णय उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है और, कुछ मामलों में, आपके और आपके परिवार के लिए सुरक्षा भी । इस प्रकार के किसी भी निर्णय को ध्यान और अनुकम्पा से करें । जितना हो सके उतना लोगों को परखने की बजाय लोगों की परिस्थितियों को परखें । जब भी संभव हो, परख को तब तक उचित न ठहराएं जब तक कि आपके पास तथ्यों का समुचित ज्ञान न हो । सदैव पवित्र आत्मा के प्रति संवेदनशील रहें, जो कि आपके निर्णय में आपका मार्गदर्शन कर सकता है । अपने पुत्र कोरियन्दन को दिये गए अलमा की सलाह को याद रखें: ''अपने बन्धुओं के प्रति दयावान रहना; उचित व्यवहार करना, धर्मानुसार निर्णय करना, और लगातार भलाई करना'' (अलमा 41:14) ।

अतिरिक्त संदर्भः 1 शमूएल 16:7; मरोनी 7:14–19; सि. और अनु. 11:12

उदारता; क्षमादान; प्रेम; दया *भी देखें*

## न्याय

न्याय एक अपरिवर्तनीय कानून है जो कर्मों के परिणामों को लाता है । न्याय के कानून के कारण, आप आशीषें प्राप्त करते हैं जब आप परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करते हैं (देखें सि. और अनु. 130:21–22) । न्याय के कानून की यह भी माँग है कि आपके द्वारा किये गए प्रत्येक पाप के लिए दण्ड का भुगतान किया जाए । इसमें आवश्यकता है कि कोई भी अशुद्ध वस्तु को परमेश्वर के साथ रहने की अनुमति न दी जाए (देखें 1 नफी 10:21) ।

जब यीशु मसीह ने प्रायश्चित का वहन किया था, उसने अपने ऊपर हमारे पापों को ले लिया था । वह ''नियम की सीमाओं का उत्तर देने'' में समर्थ था (2 नफी 2:7) क्योंकि उसने स्वयं को उस नियम की आवश्यकतानुसार हमारे पापों के लिए उस दण्ड का अधीन बना लिया था । ऐसा करने में, उसने ''न्याय की माँग को तृप्त किया था'' और उन लोगों पर दया का विस्तार किया था जो पश्चाताप करते हैं और उसका अनुसरण करते हैं (देखें मुसायाह 15:9; अलमा 34:14–16) । क्योंकि उसने आपके पापों के लिए भुगतान किया था, आपको उस दण्ड को नहीं भुगतना होगा यदि आप पश्चाताप करते हैं (देखें सि. और अनु. 19:15–20) ।

अतिरिक्त संदर्भः 2 नफी 9:26; अलमा 42

यीशु मसीह का प्रायश्चित; दया; पश्चाताप *भी देखें*

## पौरोहित्य की कुंजियाँ (*देखें* पौरोहित्य)

## महिमा के राज्य

यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा, सभी लोगों का पुनरुत्थान होगा (देखें अलमा 11:42–45) । हमारे पुनरुत्थारित होने के पश्चात, न्याय के लिए हम प्रभु के समक्ष खड़े होंगे (देखें प्रकाशितवाक्य 20:12; 3 नफी 27:14) । हममें से प्रत्येक को महिमा के विशिष्ट राज्य में रहने वाला एक अनन्त स्थान दिया जाएगा । प्रभु ने इस सिद्धान्त को तब सीखाया था जब उसने कहा था, ''मेरे पिता के घर में बहुत से रहने के स्थान हैं'' (यूहन्ना 14:2) ।

महिमा के तीन राज्य हैं: सलेस्टियल राज्य, टर्रस्ट्रियल राज्य, और टलेस्टियल राज्य । जिस महिमा के आप उत्तराधिकारी होंगे वह प्रभु की आज्ञाओं के प्रति आपकी आज्ञाकारिता द्वारा व्यक्त, बातचीत की गहराई पर आधारित होगी । यह उस रीति पर आधारित होगी जिस पर आपने यीशु की गवाही प्राप्त किया है (देखें सि. और अनु. 76:51; आयत 74, 79, 101 भी देखें) ।

### सलेस्टियल राज्य

सलेस्टियल राज्य महिमा के तीनों राज्यों में से उच्चत्तम है । इस राज्य में रह रहे लोग हमेशा के लिए पिता परमेश्वर और उसके पुत्र यीशु मसीह की उपस्थिति में रहेंगे । यही आपका लक्ष्य होना चाहिए: सलेस्टियल महिमा का उत्तराधिकारी होना और इस महान आशीष को प्राप्त करने में दूसरों की भी सहायता करना । इस प्रकार का लक्ष्य एक ही प्रयत्न में नहीं प्राप्त किया जाता है, यह जीवन भर धार्मिकता से जीने और उद्देश्य की स्थिरता के परिणामस्वरूप आता है ।

सलेस्टियल राज्य वह स्थान है जिसे उन लोगों के लिए बनाया गया है जिन्होंने यीशु की गवाही को प्राप्त किया है और यीशु, नये अनुबन्ध के मध्यस्थ द्वारा परिपूर्ण किये गए हैं, जिसने अपने स्वयं के लहू को बहाने के द्वारा परिपूर्ण प्रायश्चित गढ़ा था (देखें सि. और अनु. 76:51, 69) । इस उपहार का उत्तराधिकारी होने के लिए, हमें उद्धार की धर्मविधियों को प्राप्त करना होगा, आज्ञाओं का पालन करना होगा, और अपने पापों का पश्चाताप करना होगा । उन लोगों के विषय में एक विस्तृत स्पष्टिकरण के लिए जो सलेस्टियल महिमा के उत्तराधिकारी होंगे, सिद्धान्त और अनुबन्ध 76:50–70, 92–96 देखें ।

जनवरी 1836 में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने एक प्रकटीकरण प्राप्त किया था जिसने सलेस्टियल राज्य का उत्तराधिकारी होने की आवश्यकताओं की उसकी समझ को बढ़ाया था । स्वर्गों को उसके लिए खोल दिया गया था, और उसने सलेस्टियल राज्य को देखा था । वह आश्चर्यचकित हुआ था जब उसने अपने बड़े भाई एलवीन को वहां देखा था, जब कि एलवीन की मृत्यु बपतिस्मा की धर्मविधि को प्राप्त करने से पहले ही हो गई थी (देखें सि. और अनु. 137:1–6) ।

तब प्रभु की आवाज भविष्यवक्ता जोसफ को सुनाई थी, यह कहते हुए कि वे सभी लोग जिनकी मृत्यु सुसमाचार को जाने बिना ही हो गई थी, जिन्होंने इसे प्राप्त किया होता यदि उन्हें जीवित रहने की अनुमति मिली होती, वे परमेश्वर के सलेस्टियल राज्य के उत्तराधिकारी होंगे ।

प्रभु ने यह भी कहा कि उस समय से जिन लोगों की मृत्यु सुसमाचार के ज्ञान को जाने बिना होती है, जिन्होंने इसे अपने पूरे हृदय से प्राप्त किया होता, उस राज्य के उत्तराधिकारी होंगे ।

क्योंकि वह सभी लोगों का न्याय उनके कर्मों के अनुसार करेगा, उनके हृदयों की इच्छा के अनुसार (देखें सि. और अनु. 137:7–9) ।

इस प्रकटीकरण पर टिप्पणी करते हुए, भविष्यवक्ता जोसफ ने कहा था कि उन्होंने जाना कि वे सभी बच्चे जिनकी मृत्यु उत्तरदायी ठहराये जाने की उम्र तक पहुँचने से पहले ही हो जाती है वे स्वर्ग के सलेस्टियल राज्य में बचाये गए हैं (देखें सि. और अनु. 137:10) ।

भविष्यवक्ता को प्राप्त अन्य प्रकटीकरण से, हम जानते हैं कि सलेस्टियल राज्य के अंतर्गत तीन अवस्थाएं हैं । उच्चत्तम अवस्था में उत्कर्षित होने के लिए और पारिवारिक संबंधों में अनन्तता के प्रति एक साथ रहने के लिए, हमें विवाह के नये और अनन्त अनुबन्ध में प्रवेश करना होगा और उस अनुबन्ध के प्रति सच्चा रहना होगा । दूसरे शब्दों में, सलेस्टियल महिमा की उच्चत्तम अवस्था को प्राप्त करने के लिए मन्दिर विवाह आवश्यक है (देखें सि. और अनु. 131:1–4) । वे सभी लोग जो विवाह के नये और अनन्त अनुबन्ध में प्रवेश करने के योग्य हैं उन्हें वह अवसर मिलेगा, चाहे इस जीवन में या आने वाले जीवन में ।

### टर्रस्ट्रियल राज्य

जो टर्रस्ट्रियल महिमा के उत्तराधिकारी हैं वे पुत्र की उपस्थिति को प्राप्त करेंगे परन्तु पिता की परिपूर्णता को प्राप्त नहीं करेंगे । इसलिए, वे टर्रस्ट्रियल शरीर हैं, और सलेस्टियल शरीर नहीं हैं, और वे महिमा में भिन्न हैं जैसे कि चंद्रमा सूरज से

भिन्न है (देखें सि. और अनु. 76:77–78) । सामान्यतः टर्रस्ट्रियल राज्य में रह रहे व्यक्ति सम्मानित लोग होंगे जो कि लोगों की वाकपटुता के द्वारा पथ भ्रष्ट किये गए थे (देखें सि. और अनु. 76:75) । इस दल में गिरजाघर के वे सदस्य शामिल होंगे जो यीशु मसीह की अपनी गवाही में साहसी नहीं थे (देखें सि. और अनु. 76:79) । इसमें वे भी शामिल होंगे जिन्होंने नश्वरता में सुसमाचार प्राप्त करने के अवसर को अस्वीकार किया था परन्तु नश्वरता के बाद उन्होंने आत्मा के संसार में इसे प्राप्त किया था (देखें सि. और अनु. 76:73–74) । उन लोगों के विषय में अधिक जानने के लिए जो टर्रस्ट्रियल महिमा के उत्तराधिकारी होंगे, सिद्धान्त और अनुबन्ध 76:71–80, 91, 97 देखें ।

### टलेस्टियल राज्य

टलेस्टियल राज्य उन लोगों के लिए बचाकर रखा जाएगा जिन्होंने मसीह के सुसमाचार को या यीशु की गवाही को प्राप्त नहीं किया है (देखें सि. और अनु. 76:82) । ये लोग आत्मा के बन्दीगृह से मुक्ति पाने के पश्चात ही अपनी महिमा को प्राप्त करेंगे, जिसे कभी-कभी नरक कहते हैं (देखें सि. और अनु. 76:84, 106) । जो लोग टलेस्टियल महिमा के अधिकारी होंगे उनका एक विस्तृत स्पष्टिकरण सिद्धान्त और अनुबन्ध 76:81–90, 98–106, 109–112 में पाया जाता है ।

### विनाश

कुछ लोग महिमा के किसी भी राज्य में रहने के योग्य नहीं होंगे । उन्हें विनाश का पुत्र कहा जाएगा और उन्हें उस राज्य को स्वीकार करना ही होगा जो कि महिमा का राज्य नहीं है (देखें सि. और अनु. 76:32; 88:24) । ऐसी दशा उन लोगों की होगी जो परमेश्वर के सामर्थ को जानते हैं और इसके बाद इसके हिस्सेदार बने थे परन्तु सच्चाई पर विजय प्राप्त करने और उसे अस्वीकारने, और परमेश्वर की शक्ति को चुनौती देने के लिए शैतान की शक्ति के द्वारा स्वयं को क्षति पहुँचायी है (देखें सि. और अनु. 76:31; आयत 30, 32–49 भी देखें) ।

अतिरिक्त संदर्भः 1 कुरिन्थियों 15:40–42; सि. और अनु. 88:20–39; 130:18–19

यीशु मसीह का प्रायश्चित; अनन्त जीवन; स्वर्ग; नरक; उद्धार की योजना *भी देखें*

## हाथों का रखना

हाथों का रखना एक प्रक्रिया है जिसे कई पौरोहित्य धर्मविधियों को करने के लिए प्रभु द्वारा प्रकट किया गया था, जैसे कि पुष्टिकरण, नियुक्ति, बुलाहटों में सेवा के लिए सदस्यों को अलग रखना, बीमारों की सेवा करना, और अन्य पौरोहित्य आशीषों को प्रदान करना (देखें सि. और अनु. 42:44; विश्वास के अनुच्छेद 1:4–5) । वे लोग जिनके पास उचित पौरोहित्य अधिकार है अपने हाथों को धर्मविधि प्राप्त कर रहे व्यक्ति के सिर पर रखते हैं । ऐसा करने में, वे एक औजार के रूप में काम करते हैं जिनके द्वारा प्रभु अपने बच्चों को आशीषित करता है (देखें सि. और अनु. 36:2) ।

इस प्रक्रिया का उपयोग सदा से ही पौरोहित्य धारकों के द्वारा होता रहा है । आदम ने हाथों को रखने के द्वारा अपने धार्मिक पुरुष वंशजों की नियुक्ति की थी (देखें सि. और अनु. 107:40–50) । जब याकूब ने एप्रैम और मनश्शै के लिए आशीषों की घोषणा की थी, उसने अपने हाथों को उनके सिरों पर रखा था (देखें उत्पत्ति 48:14–19) । अलमा ने ''पुरोहितों और उपदेशकों को, परमेश्वर की व्यवस्थानुसार हाथ धरकर नियुक्त किया'' (अलमा 6:1) । प्रेरित पतरस और यूहन्ना ने हाथों को रखने के द्वारा पवित्र आत्मा के उपहार को प्रदान किया था (देखें प्रेरितों के काम 8:14–17) । इस प्रबंध में, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को हाथों को रखने के द्वारा हारुनी पौरोहित्य प्रदान किया था (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:68–69) ।

अतिरिक्त संदर्भः गिनती 27:18–23; प्रेरितों के काम 19:1–6; 1 तीमुथियुस 4:14; सि. और अनु. 33:15; 35:6

पवित्र आत्मा; पौरोहित्य *भी देखें*

## मसीह का प्रकाश

समय के अन्धकार को मिटाने के लिए मसीह का प्रकाश परमेश्वर की उपस्थिति से सीधे आता है । यह वही प्रकाश है जो सभी चीजों में होता है और सभी चीजों को जीवन देता है, जो कि वही नियम है जिसके द्वारा सभी चीजों का संचालन होता है'' (देखें सि. और अनु. 88:12–13; आयत 6–11 भी देखें) । यह शक्ति सभी लोगों के जीवन में अच्छाई के लिए एक प्रभाव है (देखें यूहन्ना 1:9; सि. और अनु. 93:2) । धर्मशास्त्रों में, कभी-कभी मसीह के प्रकाश को प्रभु की आत्मा, परमेश्वर की आत्मा, मसीह की आत्मा, या जीवन का प्रकाश कहा गया है ।

मसीह के प्रकाश को पवित्र आत्मा नहीं समझना चाहिए । यह कोई व्यक्ति नहीं है, जैसा कि पवित्र आत्मा है । इसका प्रभाव लोगों को सच्चे सुसमाचार को खोजने, बपतिस्मा लेने, और पवित्र आत्मा के उपहार को प्राप्त करने की तरफ ले जाता है (देखें यूहन्ना 12:46; अलमा 26:14–15) ।

विवेक मसीह के प्रकाश का एक प्रकटीकरण है, अच्छाई और बुराई के बीच के अन्तर को समझने में हमें समर्थ बनाते हुए । भविष्यवक्ता मॉरमन ने सीखाया थाः ''मसीह की आत्मा हर एक व्यक्ति को इसलिए दी गई है जिससे वह उचित को अनुचित से जान सके; इसलिए निर्णय करने का रास्ता मैं दिखाता हूं; क्योंकि अच्छे कार्य करने की जो प्रेरणा मिलती है और मसीह में विश्वास करने का आग्रह जो होता है, वे मसीह की शक्ति और देन के द्वारा भेजा जाता है; इसलिए तुम्हें पूर्ण रूप से जानना चाहिए कि ये सब ईश्वरीय है . . . । और अब मेरे बन्धुओं, जब कि तुम उस ज्योति को जान चुके हो जिसके प्रकाश में तुम निर्णय कर सकते हो और जो कि मसीह का प्रकाश है, तब तुम्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि कहीं तुम अनुचित निर्णय न ले लो; क्योंकि जिस निर्णय को तुम अपनाओगे ठीक उसी निर्णय से तुम्हारा भी न्याय होगा'' (मरोनी 7:16, 18) ।

अतिरिक्त संदर्भः यूहन्ना 8:12; अलमा 28:14

विवेक; पवित्र आत्मा *भी देखें*

## प्रेम

प्रेम गहरी श्रद्धा, चिन्ता, और स्नेह की एक अनुभूति है । परमेश्वर और संगी-साथियों के प्रति प्रेम यीशु मसीह का शिष्य होने की एक विशेषता है (देखें मत्ती 22:35–40; यूहन्ना 13:34–35; 2 नफी 31:20) । स्वर्गीय पिता की आज्ञाओं को मानने और उसके बच्चों की सेवा करने के द्वारा, उसके प्रति हम अपना प्रेम प्रकट करते हैं । दूसरों के लिए हमारे प्रेम की अभिव्यक्ति में सम्मिलित है—उनके प्रति उदार होना, उनकी सुनना, उनके साथ दुखी होना, उन्हें सांत्वना देना, उनकी सेवा करना, उनके लिए प्रार्थना करना, उनके साथ सुसमाचार बांटना, और उनका मित्र बनना ।

हमारे आस-पास रहे रहे लोगों के लिए हमारा प्रेम तब बढ़ता है जब हम याद रखते हैं कि हम सब परमेश्वर के बच्चे हैं—कि हम आत्मा में एक दूसरे के भाई और बहन हैं । इस समझ से जो प्रेम आता है उसमें राष्ट्र, जाति, और रंग की सभी सीमाओं से आगे बढ़ जाने की शक्ति होती है ।

अतिरिक्त संदर्भः लैव्यव्यवस्था 19:18, 34; व्यवस्थाविवरण 6:5; लूका 6:31–36; यूहन्ना 15:9–15; 1 यूहन्ना 4:7–21; मुसायाह 4:14–15; सि. और अनु. 4:5; 12:8; 112:11; 121:41–45

उदारता; दया; आज्ञाकारिता; सेवा *भी देखें*

## विवाह

आज संसार में, कई लोग विवाह और परिवार को खारिज करते हैं और उसका मजाक उड़ाते हैं । इस प्रकार की उलझन और विनाशी आवाजों के मध्य, प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद सच्चाई की संगति में आवाज उठाती है । गंभीरता से घोषणा करते हैं कि एक पुरुष और एक स्त्री के बीच विवाह परमेश्वर द्वारा नियुक्त किया हुआ है और यह कि उसके बच्चों की अनन्त विधि-विधान के लिए परिवार सृष्टिकर्ता की योजना में जरूरी है । (देखें ''परिवारः दुनिया के लिए एक घोषणा'', इस किताब में पृष्ठ 60) ।

जीवन की महान खुशियाँ परिवार में पाई जाती हैं । एक मजबूत पारिवारिक संबंधों में प्रयास की आवश्यकता है, परन्तु इस प्रकार के प्रयास इस जीवन में और अनन्तता में महान प्रसन्नता लाते हैं । यदि अतीत में आपने एक खुशहाल पारिवारिक जीवन व्यतीत नहीं किया हो तब भी, आप एक सुखी, अनन्त विवाह और पारिवारिक सदस्यों के साथ एक प्रेमभरे संबंध का प्रयास कर सकते हैं ।

### विवाह का नया और अनन्त अनुबन्ध

हमारे स्वर्गीय पिता की प्रसन्नता की योजना में, एक पुरुष और एक स्त्री समय और अनन्तता के लिए एक दूसरे के साथ मुहरबन्द हो सकते हैं । वे लोग जो मन्दिर में मुहरबन्द हो चुके हैं उनके पास आश्वासन है कि उनका संबंध हमेशा बना रहेगा यदि वे अपने अनुबन्धों के प्रति सच्चे हैं । वे जानते हैं कि कोई भी चीज, यहां तक कि मृत्यु भी उन्हें हमेशा के लिए अलग नहीं कर सकती है ।

अनन्त विवाह का अनुबन्ध उत्कर्ष के लिए आवश्यक है । प्रभु ने जोसफ स्मिथ के द्वारा प्रकट किया था कि सलेस्टियल महिमा में तीन स्वर्ग या तीन अवस्थाएं हैं । उच्च अवस्था को प्राप्त करने के लिए, हमें विवाह के नये और अनन्त अनुबन्ध में प्रवेश करना होगा । यदि हम ऐसा नहीं करते हैं तो इसे प्राप्त नहीं कर सकते । हम दूसरे राज्य में प्रवेश कर सकते हैं, परन्तु वह हमारे राज्य का अन्त है; हम उच्चत्तर अवस्था में प्रवेश नहीं कर सकते हैं (देखें सि. और अनु. 131:1–4) ।

मुहरबन्द धर्मविधि को प्राप्त करने और मन्दिर में पवित्र अनुबन्धों को बनाने के पश्चात, अनन्त विवाह और उत्कर्ष की आशीषों को प्राप्त करने के लिए एक दम्पति को विश्वास में जारी रहना होगा । प्रभु ने कहा थाः

यदि पुरुष प्रभु के वचन द्वारा स्त्री से विवाह करता है, जो कि उसका नियम है, और नये और अनन्त अनुबन्ध के द्वारा विवाह करता है, और इसे पुरुष और स्त्री के बीच प्रतिज्ञा की पवित्र आत्मा के द्वारा मुहरबन्द किया जाता है और ऐसा उस व्यक्ति के द्वारा किया जाता है जिसे नियुक्त किया गया है, जिसे प्रभु ने इस सामर्थ और पौरोहित्य की कुंजियों को प्रदान किया है; और यदि वे उसके अनुबन्ध में बने रहते हैं, सभी चीजों में उनके लिए वह किया जाएगा जिसे प्रभु के सेवक ने उन पर रखा है, समय और अनन्तता में, और ऐसा पूरे बल के साथ होगा जब वे संसार में नहीं होंगे (देखें सि. और अनु. 132:19; प्रतिज्ञा की पवित्र आत्मा के स्पष्टिकरण के लिए, देखें पृष्ठ 82) ।

## विवाह की तैयारी करना

यदि आप अविवाहित हैं, विवाह के लिए ध्यानपूर्वक स्वयं को तैयार करें । याद रखें कि मन्दिर में विवाह से बढ़कर कुछ भी नहीं है । सही समय में सही स्थान पर सही व्यक्ति से विवाह की तैयारी करें । जैसे व्यक्ति से आप विवाह करने की आशी रखते/रखती हैं अभी से उसके योग्य जीवन जीएं ।

केवल उन्हीं लोगों के साथ डेट करें जिनके आदर्श ऊँचे हों और जिनके साथ में रहकर आप अपने आदर्शों को ऊँचा बना सकें । ध्यानपूर्वक सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों की योजना बनाएं ताकि आप और आपका साथी कुछ न करते हुए अकेले न रह जाएं । सुरक्षित स्थान में रहें जहां आप स्वयं पर आसानी से नियंत्रण रख सकें । उन वार्तालापों या गतिविधियों में भाग न लें जो यौन अनुभूतियों को उत्तेजित करे ।

अपने ही धर्म का साथी खोजें । किसी ऐसे व्यक्ति को देखें जिसका आप सदा सम्मान और आदर कर सकें, कोई ऐसा व्यक्ति जो आपके जीवन में आपको सहयोग दे सके । विवाह से पूर्व, निश्चित हो जाएं कि आपको कोई ऐसा मिल गया है जिसे आप अपना पूरा हृदय, अपना पूरा प्रेम, अपनी पूरी निष्ठा, और अपनी पूरी वफादारी दे सकें ।

## उनके लिए सलाह जो विवाह नहीं करते हैं

गिरजाघर के कई सदस्य बिना किसी गलती के अविवाहित ही रह जाते हैं, यदि वे विवाह करना चाहें तब भी । यदि आप अपने आपको ऐसी परिस्थिति में पाते हैं, निश्चित रहें कि ''जो लोग परमेश्वर से प्रेम रखते हैं, उनके लिए सब बातें मिलकर भलाई ही को उत्पन्न करती हैं'' (रोमियों 8:28) । जब आप योग्य होते हैं, किसी दिन, इस जीवन में या आने वाले जीवन में, आपको एक अनन्त पारिवारिक संबंध की आशीषें प्रदान की जाएंगी । प्रभु ने अन्तिम दिनों के भविष्यवक्ताओं द्वारा बार-बार इस प्रतिज्ञा को दोहराया है ।

यदि आप अविवाहित हैं और विवाह करना चाहते/चाहती हैं तो आशा न छोड़ें । इसी के साथ, अपने आप पर अपने उद्देश्य को अत्याधिक हावी न होने दें । इसकी बजाय, निष्ठापूर्वक योग्य गतिविधियों से जुड़ें । अपने विस्तारित परिवार और समाज में सेवा करने के तरीकों को खोजें । गिरजाघर की बुलाहटों को स्वीकार करें और निभाएं । स्वयं को स्वच्छ रखें, शारीरिक और आत्मिक तौर पर । अपने व्यक्तिगत जीवन में सीखना और विकास करना, और उन्नति करना जारी रखें ।

## एक सफल वैवाहिक जीवन व्यतीत करना

यदि आप विवाहित हैं, याद रखें कि आपके और आपकी पत्नी/आपके पति के बीच जो मित्रता और प्रेम है उसे अपने पार्थीव संबंध में सबसे अच्छी तरह से हृदय में संजोकर रखें । आपकी पत्नी/आपका पति प्रभु के अलावा वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे आपको अपने पूरे हृदय से प्रेम करने की आज्ञा दी गई है (देखें सि. और अनु. 42:22) ।

याद रखें कि विवाह सही मायने में बराबरी की साझेदारी है, किसी भी व्यक्ति का एक दूसरे पर अधिकार न जताते हुए, बल्कि एक दूसरे को प्रोत्साहन, आराम, और सहायता प्रदान करते हुए ।

क्योंकि जीवन में विवाह एक बहुत ही महत्वपूर्ण संबंध है, इसमें समय की आवश्यकता है और यह समय के योग्य भी है । उन वचनबद्धताओं को ऊँची प्राथमिकता न दें जो कम महत्वपूर्ण हों । एक साथ बात करने और एक दूसरे की बातों को सुनने का समय निकालें । विचारमग्न और आदरणीय रहें । प्रायः कोमल भावनाओं और स्नेह को व्यक्त करें ।

निर्धारित करें कि ऐसी कोई भी चीज आपके और आपकी पत्नी/आपके पति के बीच न आये जो आपके विवाह को तोड़ दे । उन चुनौतियों के बावजूद जो जीवन में आती हैं, अपने विवाह को सफल बनाने का निश्चय करें ।

एक दूसरे के प्रति निष्ठावान रहें । विचार, भाषा, और कार्य में अपने विवाह के अनुबन्धों के प्रति विश्वासी रहें । याद रखें कि प्रभु ने कहा है कि हमें अपने साथी से पूरे हृदय से प्रेम करना चाहिए और उसे छोड़कर किसी और व्यक्ति के साथ नहीं रहना चाहिए (देखें सि. और अनु. 42:22) । वाक्यांश ''किसी और के साथ नहीं'' सीखाता है कि कोई भी व्यक्ति, गतिविधि या संपत्ति आपकी पत्नी/आपके पति के साथ आपके संबंध से बड़ी नहीं हो सकती ।

किसी भी ऐसी चीज से दूर रहें जो किसी भी प्रकार से आपको अविश्वास की तरफ ले जा सके । अश्लील साहित्य, हानिकारक कल्पनाएं, और दिखावटी प्रेम प्रदर्शन अंततः आपके चरित्र नष्ट कर देते हैं और आपके विवाह की नींव को हिलाकर रख देते हैं ।

अपनी अर्थ व्यवस्था का प्रबंध एक साथ मिलकर करें । एक बजट बनाने और उसका अनुसरण करने में सहयोग दें । अपने व्यय में स्वयं को अनुशासित करें, और कर्ज की बेड़ी से बचें । समझदारी से पैसों का प्रबंध करना और कर्जमुक्त होना घर में शान्ति प्रदान करता है ।

अपने जीवन को यीशु मसीह के सुसमाचार पर केन्द्रित करें । उन अनुबन्धों को रखने में एक दूसरे की सहायता करें जिसे आपने बनाया था । गिरजाघर के साथ-साथ मन्दिर भी जाएं । एक साथ धर्मशास्त्रों का अध्ययन करें । एक दूसरे के साथ के प्रति स्वर्गीय पिता को धन्यवाद देने के लिए, और अपने जीवन में, अपने घर पर, अपने प्रियजनों पर, और अपनी धार्मिक इच्छाओं में उसकी आशीषों को मांगने में एकता के लिए, प्रत्येक दिन के आरंभ और अन्त में एक साथ घुटने टेककर प्रार्थना करें । तब परमेश्वर आपका मार्गदर्शन करेगा, और नियमित रूप से उसके साथ आपकी बातचीत शान्ति और आनन्द लाएगी जो कि किसी और साधन से नहीं आ सकती है । वर्ष-दर-वर्ष आपका साथ मधुर होता जाएगा; आपका प्रेम मजबूत होगा । एक दूसरे के लिए आपकी प्रशंसा में बढ़ोत्तरी होगी ।

अतिरिक्त संदर्भः उत्पत्ति 1:27–28; 2:18, 21–24; 1 कुरिन्थियों 11:11; इफिसियों 5:22–33; मूसा 2:27–28; 3:18, 21–24

उदारता; तलाक; परिवार; मन्दिर; एकता *भी देखें*

## मलकिसिदक पौरोहित्य

गिरजाघर में मलकिसिदक और हारुनी नामक दो पौरोहित्य हैं (देखें सि. और अनु. 107:1) । मलकिसिदक पौरोहित्य, जो कि परमेश्वर के पुत्र के अनुक्रम में है (देखें सि. और अनु. 107:3), इन में उच्चत्तम है । यह अध्यक्षता का अधिकार रखता है और इसका गिरजाघर के सभी पदों पर बल और अधिकार होता है (देखें सि. और अनु. 107:8) यह गिरजाघर के सभी आत्मिक आशीषों के प्रति कुंजियों का धारक भी है (देखें सि. और अनु. 107:18) । इसका नाम एक महान उच्च याजक के नाम पर रखा गया है जो भविष्यवक्ता इब्राहीम के समय में रहा करता था (देखें सि. और अनु. 107:2–4; अलमा 13:14–19 भी देखें) ।

मलकिसिदक पौरोहित्य के अधिकार द्वारा, गिरजाघर के मार्गदर्शक गिरजाघर का मार्गदर्शन करते हैं और पूरे संसार में सुसमाचार के प्रचार कार्य का निर्देशन करते हैं । मलकिसिदक पौरोहित्य की धर्मविधियों में, ईश्वरपरायणता की शक्ति प्रकट होती है (देखें सि. और अनु. 84:20) ।

इस महान पौरोहित्य को आदम को दिया गया था और यह पृथ्वी पर रहा है जब भी प्रभु ने अपने सुसमाचार को प्रकट किया है । इसे महान धर्मत्याग के दौरान पृथ्वी पर से वापस ले लिया गया था, परन्तु मई 1829 में इसे पुनःस्थापित किया गया था, जब प्रेरित पतरस, याकूब, और यूहन्ना ने इसे जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को प्रदान किया था ।

प्रेरित, सत्तर, कुलपति, उच्च याजक, और एल्डर मलकिसिदक पौरोहित्य के पद हैं । उच्च पौरोहित्य का अध्यक्ष ही गिरजाघर का अध्यक्ष है (देखें सि. और अनु. 107:64–66) ।

मन्दिर इंडोवमेन्ट को प्राप्त करने और अनन्तता में अपने परिवारों के साथ मुहरबन्द होने के लिए गिरजाघर के पुरुषों को योग्य मलकिसिदक पौरोहित्य धारक होना चाहिए । उनके पास बीमारों को आशीष देने का और पारिवारिक सदस्यों या दूसरे लोगों को विशेष आशीषें प्रदान करने का अधिकार है । अध्याक्षिक पौरोहित्य मार्गदर्शकों के अनुमोदन से, वे पवित्र आत्मा का उपहार प्रदान कर सकते हैं और दूसरे योग्य पुरुषों को हारुनी और मलकिसिदक पौरोहित्य में पदों पर नियुक्त कर सकते हैं ।

जब एक पुरुष मलकिसिदक पौरोहित्य प्राप्त करता है, वह पौरोहित्य के शपथ और अनुबन्ध में प्रवेश करता है । वह विश्वासी होने का, अपनी बुलाहट को पूरा करने का, अनन्त जीवन के शब्दों पर निष्ठापूर्वक ध्यान देने का, और हर उस शब्द के द्वारा जीने का अनुबन्ध करता है जो परमेश्वर के मुख से निकलता है । वे जो

इस अनुबन्ध का पालन करते हैं पवित्र आत्मा द्वारा पवित्र किये जाएंगे और वह सब प्राप्त करेंगे जो पिता का है (देखें सि. और अनु. 84:33–44) ।

हारुनी पौरोहित्य; पौरोहित्य *भी देखें*

## दया

हमारा स्वर्गीय पिता हमारी कमजोरियों और हमारे पापों को जानता है । वह दया दिखाता है जब वह हमारे पापों को क्षमा करता है और उसकी उपस्थिति में रहने के प्रति वापस जाने में हमारी सहायता करता है ।

यह अनुकम्पा न्याय की व्यवस्था का परस्पर विरोधी प्रतीत हो सकता है, जिसमें आवश्यकता है कि कोई भी अशुद्ध वस्तु परमेश्वर की उपस्थिति में नहीं रह सकती है (देखें 1 नफी 10:21) परन्तु यीशु मसीह के प्रायश्चित ने परमेश्वर के लिए ''परिपूर्ण, न्यायी, और दयालु परमेश्वर'' बनना संभव किया था (अलमा 42:15) ।

### परमेश्वर की दया प्राप्त करना

उद्धारकर्ता ने न्याय की माँग को पूरा किया था जब वह हमारे स्थान पर खड़ा हुआ था और हमारे पापों के लिए दण्ड सहा था । इस निःस्वार्थ भरे कार्य के कारण, दयावन्त होते हुए पिता हमारी सज़ा पर रोक लगा सकता है और अपनी उपस्थिति में हमारा स्वागत कर सकता है । प्रभु से क्षमादान प्राप्त करने के लिए, हमें गंभीरता से अपने पापों का पश्चाताप करना होगा । जैसे भविष्यवक्ता अलमा ने सीखाया था, ''न्याय अपने पूरे विधानानुसार काम करती है और दया उस पर अधिकार करती है जो उसके क्षेत्र में हैं; इस तरह और कोई नहीं; केवल सच्चे परिपाती ही बचाए जाते हैं'' (अलमा 42:24; आयत 22–23, 25 भी देखें) ।

पाप से क्षमा ही केवल स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह की तरफ से दया का उपहार नहीं है । प्रत्येक आशीष जिसे आप प्राप्त करते हैं वह दया का एक कार्य है, उससे कहीं अधिक जिसे आप अपने स्वयं की योग्यता से प्राप्त कर सकते हैं । मॉरमन ने सीखाया था, ''सभी अच्छी बातें मसीह से आती हैं; अन्यथा मनुष्य पतित हो चुका था और कोई भी अच्छी बात उन तक जा नहीं सकती थी'' (मरोनी 7:24) । उदाहरण के लिए, आप ईश्वरीय दया के पानेवाले बनते हैं जब स्वर्गीय पिता आपकी प्रार्थनाओं को सुनता है और उनका उत्तर देता है, जब आप पवित्र आत्मा से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं, और जब आप पौरोहित्य की शक्ति द्वारा बीमारी से ठीक हो जाते हैं । यद्यपि इस प्रकार की सभी आशीषें आपकी आज्ञाकारिता के परिणामस्वरूप आती हैं, फिर भी

केवल अपने प्रयासों के द्वारा आप कभी भी इन्हें प्राप्त नहीं कर सकते हैं । ये दयावन्त उपहार एक प्रेमी और करुणामयी पिता से आते हैं ।

दूसरों के प्रति दया व्यक्त करना

अपने शिष्यों से बात करते हुए, उद्धारकर्ता ने आज्ञा दी थीः ''जैसा तुम्हारा पिता दयावन्त है, वैसे तुम भी दयावन्त बनो'' (लूका 6:36) । दूसरों के साथ अपने संबंधों में आप स्वर्गीय पिता के दया के उदाहरण का अनुसरण कर सकते हैं । अक्खड़पन, घमंड, और अहंकार भरे अपने जीवन से छुटकारा पाने का प्रयास करें । करुणामय, आदरणीय, क्षमा करने वाले, कोमल, और धैर्यवान बनने के तरीकों को खोजें, तब भी जब आप दूसरों की कमियों से अवगत हों । जब आप ऐसा करते हैं, आपका उदाहरण दूसरों को अधिक दयावन्त बनने की तरफ ले जाएगा, और आपका परमेश्वर की दया पर अधिक दावा होगा ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 5:7; लूका 10:25–37; अलमा 34:14–16

उदारता; क्षमादान; अनुग्रह; न्याय *भी देखें*

## सहस्राब्दि

एक सहस्राब्दि 1,000 वर्ष की एक अवधि है । जब हम ''सहस्राब्दि'' की बात करते हैं, हम उद्धारकर्ता के दूसरे आगमन के बाद आनेवाले 1,000 वर्ष को संदर्भ करते हैं (देखें प्रकाशितवाक्य 20:4; सि. और अनु. 29:11) । सहस्राब्दि के दौरान, ''मसीह स्वयं पृथ्वी पर शासन करेगा'' (विश्वास के अनुच्छेद 1:10) ।

सहस्राब्दि पृथ्वी पर धार्मिकता और शान्ति का एक समय होगा । प्रभु ने प्रकट किया है कि उस समय में मनुष्यों की शत्रुता और जानवरों की शत्रुता—यहां तक कि शरीर धारण करने वाले सभी प्राणियों की शत्रुता—खत्म हो जाएगी (देखें सि. और अनु. 101:26; यशायाह 11:6–9 भी देखें) । शैतान को बांध दिया जाएगा, कि लोगों के हृदयों में उसके लिए कोई स्थान नहीं होगा (देखें सि. और अनु. 45:55; प्रकाशितवाक्य 20:1–3 भी देखें) ।

सहस्राब्दि के दौरान, पृथ्वी के सभी लोग अच्छे और न्यायी होंगे, परन्तु कई लोग सुसमाचार की परिपूर्णता को प्राप्त नहीं करेंगे । फलस्वरूप, गिरजाघर के सदस्य प्रचारक कार्य में भाग लेंगे ।

गिरजाघर के सदस्य सहस्राब्दि के दौरान मन्दिर कार्य में भी भाग लेंगे । सन्त मन्दिरों का निर्माण करना और अपने मृत रिश्तेदारों के लिए धर्मविधियाँ प्राप्त करना

जारी रखेंगे । प्रकटीकरण द्वारा मार्गदर्शित होकर, वे आदम और हव्वा से आरंभ करते हुए अपने पूर्वजों का अभिलेख तैयार करेंगे ।

1,000 वर्ष के अन्त तक धार्मिकता और शान्ति पूरी तरह से कायम रहेगी, जब शैतान को थोड़े समय के लिए खोला जाएगा, ताकि वह अपनी सेना को एकत्रित कर सके । शैतान की सेना स्वर्ग की सेना के विरूद्ध लड़ेगी जो मीकाईल या आदम द्वारा मार्गदर्शित होंगे । शैतान और उसके अनुयाई हार जाएंगे और हमेशा के लिए उन्हें निकाल दिया जाएगा (देखें सि. और अनु. 111–115) ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 45:55–59; 101:22–34; 133:25

यीशु मसीह का दूसरा आगमन *भी देखें*

## प्रचारक कार्य

जब हम सुसमाचार को जीने की आशीषों का अनुभव करते हैं, स्वाभाविक ढंग से ही हम उन आशीषों को दूसरों के साथ बांटना चाहते हैं । प्रभु ने उस आनन्द के विषय में बताया है जो हमारे जीवन में तब आता है जब हम उसका सुसमाचार बांटते हैं ।

उसने कहा था कि पश्चाताप का प्रयास करते हुए यदि हम अपने समय का प्रयोग करते हैं और उसके पास कम से कम एक आत्मा भी लाते हैं, तो पिता के राज्य में उस व्यक्ति के साथ हमें महान खुशी मिलेगी ।

और यदि उस एक आत्मा के साथ हमें महान खुशी मिलेगी जिसे हम पिता के राज्य में उद्धारकर्ता के पास लाते हैं, हमारी खुशी कितनी महान होगी यदि हम कई आत्माओं को उसके पास लाते हैं! (देखें सि. और अनु. 18:15–16) ।

### प्रत्येक सदस्य का प्रचारक कर्तव्य

प्रभु ने घोषित किया है कि प्रचारक कार्य अन्तिम-दिनों के सभी सन्तों की जिम्मेदारी है (देखें सि. और अनु. 88:81) । प्रभु के गिरजाघर का सदस्य होने के नाते, अपने जीवन की अच्छाई और अपनी गवाही के बल द्वारा अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों, और अन्य जान-पहचान के लोगों की पूरे-समय के प्रचारकों के साथ मिलने की उनकी तैयारी में आप सहायता कर सकते हैं ।

अत्याधिक शक्तिशाली प्रचारक संदेश जिसे आप भेज सकते हैं वह है एक अन्तिम-दिनों के सन्त का खुशी से भरा हुआ जीवन जीने का आपका स्वयं का उदाहरण । याद रखें कि लोग गिरजाघर से केवल इसलिए नहीं जुड़ते हैं क्योंकि

उन्होंने सुसमाचार नियमों को जान लिया है । वे जुड़ते हैं क्योंकि वे कुछ ऐसा महसूस करते हैं जो उनकी आत्मिक आवश्यकताओं को पूरा करना आरंभ करता है । यदि आप उनके साथ अपनी मित्रता में सच्चे हैं, वे आपकी गवाही और प्रसन्नता की आत्मा को महसूस करने में समर्थ होंगे ।

एक अच्छा उदाहरण रखने के अतिरिक्त, ''जो कोई तुम से तुम्हारी आशा के विषय में पूछे, तो उसे उत्तर देने के लिए सर्वदा तैयार रहो'' (1 पतरस 3:15) । पुनःस्थापित सुसमाचार के विषय में दूसरों को बताने के अवसर के लिए आप प्रार्थना कर सकते हैं । तब आप सावधान हो सकते हैं क्योंकि कई लोग सच्चाई के लिए तरसते हैं ।

## पूरे-समय का प्रचार कार्य करना

अपने पुनरुत्थान के पश्चात, प्रभु ने अपने शिष्यों को आज्ञा दी ''तुम जाकर सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो'' (मत्ती 28:19) । इस आज्ञा की परिपूर्णता में, गिरजाघर के समर्थ युवकों की जिम्मेदारी है कि पूरे-समय के प्रचारक के रूप में सेवा करने के लिए वे आत्मिक, शारीरिक, और भावनात्मक रूप से स्वयं को तैयार करें । अविवाहित युवतियों और प्रौढ़ दम्पतियों के पास भी पूरे-समय का प्रचार कार्य करने का अवसर होता है । यदि आप पूरे-समय के प्रचार कार्य के प्रति इच्छुक हैं, अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करें ।

## गिरजाघर के नये सदस्यों की सेवा करना

प्रचारक कार्य में सम्मिलित है उन लोगों की सहायता और समर्थन करना जो गिरजाघर से जुड़ते हैं । जब आप इस जिम्मेदारी पर मनन करते हैं, याद रखें कि नये सदस्य शायद कठिनाइयों का सामना करें जब वे गिरजाघर से जुड़ते हैं । उनकी नई वचनबद्धताओं में अक्सर उन्हें पुरानी आदतों और पुराने मित्रों और संस्थाओं को छोड़ने की आवश्यकता होती है । इसके अतिरिक्त, गिरजाघर जीवन जीने के ऐसे मार्ग का परिचय कराता है जो कि अलग और कठीन प्रतीत हो सकता है ।

गिरजाघर के प्रत्येक नये सदस्य को तीन चीजों की आवश्यकता होती हैः एक मित्र, एक जिम्मेदारी, और ''परमेश्वर की श्रेष्ठ वाणी के द्वारा उनके पोषण की'' (मरोनी 6:4) । आप इस सहायता को प्रदान करने के प्रयास का हिस्सा बन सकते हैं । आप सदा एक मित्र हो सकते हैं । यदि आप औपचारिक गिरजाघर बुलाहटों या जिम्मेदारियों को देने की स्थिति में नहीं होते हैं तब भी, सेवा के कार्यों में आप

नये सदस्यों के साथ काम कर सकते हैं । और आप नये सदस्यों के साथ परमेश्वर के वचन को बांटने के अवसर खोज सकते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः मरकुस 16:15; अलमा 26:1–16; सि. और अनु. 4; 60:2; 84:88; 123:12

## शालीनता

शालीनता पहनावा, बनाव-श्रृंगार, भाषा, और आचरण में विनम्रता और मर्यादा का एक व्यवहार है । यदि आप शालीन हैं, तो आप स्वयं पर अनावश्यक ध्यान नहीं देते हैं । इसकी बजाय, आप ''अपनी देह के द्वारा, और अपनी आत्मा के द्वारा परमेश्वर की महिमा'' का प्रयास करते हैं (देखें 1 कुरिन्थियों 6:20; आयत 19 भी देखें) ।

यदि आप अपने पहनावे या बनाव-श्रृंगार के प्रति अनिश्चित हैं कि यह शालीन है या नहीं, स्वयं से पूछें, ''क्या मैं अपने पहनावे में आराम महसूस करता/करती यदि मैं प्रभु की उपस्थिति में होता/होती'' ? आप अपने आपसे इसी प्रकार का प्रश्न अपनी भाषा और अपने आचरण के विषय में भी पूछ सकते/सकती हैंः ''क्या मैं इन शब्दों को कहता/कहती या इन गतिविधियों में भाग लेता/लेती यदि प्रभु उपस्थिति होता'' ? इन प्रश्नों के प्रति दिये गए आपके सच्चे जवाब शायद आपको आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव करने की तरफ ले जाएं । शालीन बनने के आपके प्रयासों में निम्नलिखित जानकारी आपकी सहायता करेगी ।

### पहनावा और बनाव-श्रृंगार

भविष्यवक्ताओं ने हमें हमेशा शालीनता से कपड़े पहनने की सलाह दी है । इस सलाह को उस सच्चाई पर स्थापित किया गया है कि मानवीय शरीर परमेश्वर की पवित्र रचना है । परमेश्वर से प्राप्त एक उपहार के रूप में अपने शरीर का आदर करें । अपने पहनावे और दिखावट से, आप प्रभु को दिखा सकते/सकती हैं कि आप जानते/जानती हैं कि आपका शरीर कितना मूल्यवान है ।

आपका पहनावा व्यक्त करता है कि आप कौन हैं । यह आपके विषय में संदेश भेजता है, और यह उस प्रकार का प्रभाव डालता है जैसे आपका और दूसरों का व्यवहार होता है । जब आपका बनाव-श्रृंगार अच्छा और पहनावा शालीन होता है, आप आत्मा के साथ को आमंत्रित कर सकते हैं और उन लोगों पर एक अच्छा प्रभाव डाल सकते हैं जो आपके आस-पास होते हैं ।

शालीन बनने की आज्ञा का केन्द्र है प्रजनन की पवित्र शक्ति, संसार में बच्चों को लाने की क्षमता की एक समझ । इस शक्ति का उपयोग केवल पति और पत्नी

के बीच होना चाहिए । प्रदर्शित करने वाले और यौन विचारोत्तेजक पहनावा, जिसमें छोटे शॉर्ट्स और स्कर्ट, तंग कपड़े शामिल हैं, और वे कमीजें जिसमें पेट दिखाई दे, उन इच्छाओं और क्रियाओं को उत्तेजित कर सकते हैं जो प्रभु के शुद्धता के कानून का उल्लंघन करती हों ।

प्रदर्शित करने वाले पहनावों से बचने के अतिरिक्त, आपको पहनावे, दिखावट, और बालों की शैली में अधिकता से बचना चाहिए । पहनावा, बनाव-श्रृंगार, और शिष्टाचार में, सदैव साफ-सुथरा और स्वच्छ रहें, कभी भी बेढंग या अनुचित पहनावा न पहनें । स्वयं पर गोदना गोदवाकर या शरीर छिदवाकर अपने आपको कुरूप न बनाएं । यदि आप एक स्त्री हैं और अपने कानों को छिदवाना चाहती हैं, शालीन बालियों की केवल एक ही जोड़ी पहनने के लिए कान छिदवाएं ।

सभी अवसरों पर शालीनता के उच्च स्तरों को बनाए रखें । अपने शरीर के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए या दूसरों से प्रशंसा प्राप्त करने के लिए अपने स्तरों को न गिराएं । वर्तमान में चाहे कोई भी फैशन क्यों न हो या दूसरों का कितना भी दबाव क्यों न हो, पर यीशु मसीह के सच्चे शिष्य प्रभु के स्तर को बनाए रखते हैं ।

भाषा और आचरण

अपने पहनावे और बनाव-श्रृंगार के समान ही, आपकी भाषा और आपका आचरण भी आपके चरित्र की अभिव्यक्तियाँ हैं । आपके शब्दों और कार्यों का आप पर और दूसरों पर गहरा प्रभाव हो सकता है । अपने आपको स्वच्छ, सकारात्मक, ऊपर उठाने वाली भाषा और कार्यों के द्वारा व्यक्त करें जो आपके आस-पास के लोगों को प्रसन्नता दे । शब्द और कार्य में शालीन बनने के आपके प्रयास पवित्र आत्मा से प्राप्त होने वाले अधिक मार्गदर्शन और आराम के तरफ ले जाते हैं ।

गन्दी भाषा से और अनियमित, और अशोभनीय रूप से प्रभु का नाम लेने से बचें जो संसार में बहुत ही आम बात है । अत्याधिक और अनुपयुक्त आचरण में भागीदारी के किसी भी प्रलोभन का विरोध करें । इस प्रकार की भाषा और अशोभनीय आचरण, पवित्र आत्मा की शान्त फुसफुसाहटों को प्राप्त करने की आपकी क्षमता को कम कर देते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 42:40–41; विश्वास के अनुच्छेद 1:13

शरीर छिदवाना; शुद्धता; निन्दा; गोदना *भी देखें*

## आज्ञाकारिता

नश्वर जीवन के पहले के अस्तित्व में, स्वर्गीय पिता ने स्वर्ग में एक महासभा का संचालन किया था । वहां हमने हमारे लिए उसकी उद्धार की योजना के विषय में जाना था, जिसमें पृथ्वी पर परीक्षा की एक अवधि बीताना शामिल था । एक पृथ्वी की रचना की जाएगी जहां हम रहेंगे, और प्रभु हमें सिद्ध करके दिखाएगा कि क्या हम वह सब करेंगे जिसकी वह हमें आज्ञा देगा (देखें इब्राहीम 3:24–25) । आप यहां पृथ्वी पर हैं उसका एक कारण यह दिखाना है कि आप स्वर्गीय पिता की आज्ञाओं के पालन के प्रति इच्छुक हैं ।

कई लोग सोचते हैं कि आज्ञाएं बोझ के समान हैं और यह कि वे स्वतंत्रता और व्यक्तिगत विकास को सीमित करती हैं । परन्तु उद्धारकर्ता में सीखाया था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल उनके अनुसरण से ही आती हैः ''यदि तुम मेरे वचन में बने रहोगे, तो सचमुच मेरे चेले ठहरोगे; और सत्य को जानोगे, और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा'' (यूहन्ना 8:31–32) । परमेश्वर आज्ञाओं को आपके लाभ के लिए देता है । आपकी प्रसन्नता और आपके शारीरिक और आत्मिक भलाई के लिए ये स्नेही निर्देश हैं ।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने सीखाया था कि आज्ञाओं के प्रति आज्ञाकारिता परमेश्वर की आशीषों की तरफ ले जाती है । उन्होंने कहा कि नियम, इस संसार की रचना से पहले ही स्वर्ग में दिया गया एक अपरिवर्तनीय आदेश है, जिसके आधार पर सभी आशीषों की भविष्यवाणी की गई थी—और जब हम परमेश्वर से कोई भी आशीष प्राप्त करते हैं तो यह उस नियम की आज्ञाकारिता के द्वारा ही होता है जिसकी भविष्यवाणी की गई थी (देखें सि. और अनु. 130:20–21) । राजा बिन्यामीन ने भी इस नियम को सीखाया था । ''और मैं इस बात का इच्छुक हूं कि तुम उन आशीष प्राप्त और आनन्दित लोगों की स्थिति को ध्यान में रखो जो परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करते हैं । क्योंकि देखो, उनको सभी बातों में आशीर्वाद प्राप्त है चाहे वह शारीरिक हो या आत्मिक; और अगर वे अन्त तक सच्चे रहे, तब उनको स्वर्ग में ले लिया जाएगा, जिससे कि वे अनन्त सुख की स्थिति में परमेश्वर के साथ रहेंगे । ओह! स्मरण रखो कि यह बातें सत्य हैं; क्योंकि प्रभु परमेश्वर ने यह कहा है'' (मुसायाह 2:41) ।

आज्ञाओं के प्रति हमारी आज्ञाकारिता स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह के लिए हमारे प्रेम की एक अभिव्यक्ति है । उद्धारकर्ता ने कहा था, ''यदि तुम मुझसे प्रेम रखते हो, तो मेरी आज्ञाओं को मानोगे'' (यूहन्ना 14:15) । बाद में उसने घोषित किया थाः ''यदि

तुम मेरी आज्ञाओं को मानोगे, तो मेरे प्रेम में बने रहोगेः जैसा कि मैंने अपने पिता की आज्ञाओं को माना है, और उसके प्रेम में बना रहता हूं'' (यूहन्ना 15:10) ।

अतिरिक्त संदर्भः यहोशू 24:14–15; सभोपदेशक 12:13; मत्ती 7:21; यूहन्ना 7:17; 1 नफी 3:7; सि. और अनु. 58:21–22; 82:8–10

स्वतंत्रता; उद्धार की योजना *भी देखें*

## धर्मविधियाँ

गिरजाघर में, एक धर्मविधि पवित्र है, पौरोहित्य के अधिकार से किया गया औपचारिक कार्य । कुछ धर्मविधियाँ हमारे उत्कर्ष के लिए आवश्यक हैं । इन धर्मविधियों को बचाने वाली धर्मविधियाँ कहते हैं । इनमें बपतिस्मा, पुष्टिकरण, मलकिसिदक पौरोहित्य की नियुक्ति (पुरुषों के लिए), मन्दिर इंडोवमेन्ट, और विवाह की मुहरबन्दी सम्मिलित है । इन धर्मविधियों में से प्रत्येक के द्वारा, विधिवत रूप से हम प्रभु के साथ अनुबन्धों में प्रवेश करते हैं ।

अन्य धर्मविधियाँ, जैसे कि बच्चे को नाम देना और आशीषित करना, तेल को पवित्र करना, और बीमारों और दुखियों की सेवा करना भी पौरोहित्य के अधिकार द्वारा की जाती हैं । जब कि ये हमारे उद्धार के लिए आवश्यक नहीं हैं, पर हमारे आराम, मार्गदर्शन, और प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण हैं ।

धर्मविधियाँ और अनुबन्ध हमें याद रखने में सहायता करते हैं कि हम कौन हैं । ये परमेश्वर के प्रति हमारे कर्तव्य को याद दिलाते हैं । प्रभु के पास जाने और अनन्त जीवन प्राप्त करने में हमारी सहायता के लिए उसने इन्हें हमें प्रदान किया है । जब हम इनका सम्मान करते हैं, वह हमें सामर्थ देता है ।

पौरोहित्य धर्मविधियों में भाग लेने के कई अवसर आप प्राप्त कर सकते हैं । जब भी आपके पास कभी ऐसा अवसर हो, अपने आपको तैयार करने के लिए आप वह सब करें जो आप कर सकते हैं, चाहे आप उस धर्मविधि को कर रहे हैं या उसे प्राप्त कर रहे हैं । प्रार्थना करने, उपवास रखने, पौरोहित्य मार्गदर्शकों से सलाह लेने, और धर्मशास्त्रों और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं के शब्दों का अध्ययन करने के द्वारा आप तैयारी कर सकते हैं । यदि आप एक पौरोहित्य धारक हैं, धर्मविधि को पूरा करने के लिए आपको सदैव ही आत्मिक तौर पर तैयार रहना चाहिए । एक स्वच्छ और योग्य जीवन जीएं, और पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ को प्राप्त करने का प्रयास करें ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 84:19–21; विश्वास के अनुच्छेद 1:3–5

अनुबन्ध; सुसमाचार; पौरोहित्य *भी देखें*

## प्रथम पाप

आदम और हव्वा के पतन के कारण, परमेश्वर से अलग होकर और शारीरिक मृत्यु के अधीन होकर सारे लोग एक पतित की अवस्था में जीते हैं । फिर भी, हम उसके द्वारा दोषी नहीं ठहराए जाएंगे जिसे कई लोग ''प्रथम पाप'' कहते हैं । अन्य शब्दों में, हम आदम के उस उल्लंघन के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे जिसे उसने अदन की बाटिका में किया था । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने कहा था, ''हम विश्वास करते हैं कि मनुष्य अपने स्वयं के पापों की सजा पायेगा, न कि आदम के उल्लंघन की'' (विश्वास के अनुच्छेद 1:2) ।

प्रायश्चित के द्वारा, उद्धारकर्ता ने अदन की बाटिका में हुए उल्लंघन का मूल्य चुका दिया था (देखें मूसा 6:53) । उसने हमें पुनरुत्थान का आश्वासन दिया है और वादा किया है कि, हमारी विश्वसनीयता के आधार पर, हम स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में सदा रहने के लिए वापस जा सकते हैं ।

पतन *भी देखें*

## स्वर्गलोक

धर्मशास्त्रों में, शब्द *स्वर्गलोक* का उपयोग विभिन्न तरीकों में हुआ है । पहला, इसे नश्वर जीवन के पश्चात आत्मा के संसार में शान्ति और प्रसन्नता के एक स्थान के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, उनके लिए जिन्होंने बपतिस्मा लिया है और जो विश्वासी रहे हैं (देखें अलमा 40:12; मरोनी 10:34) । वे जो आत्मा के बन्दीगृह में हैं, उनके पास हमारे द्वारा मन्दिर में किये गए कार्यों से यीशु मसीह का सुसमाचार सीखने, अपने पापों का पश्चाताप करने, और बपतिस्मा और पुष्टिकरण की धर्मविधियों को प्राप्त करने का अवसर है (देखें सि. और अनु. 138:30–35) । जब वे ऐसा करते हैं, वे स्वर्गलोक में प्रवेश कर सकते हैं ।

शब्द *स्वर्गलोक* का दूसरा उपयोग लूका द्वारा उद्धारकर्ता के क्रूसारोहण के विवरण में पाया जाता है । जब यीशु क्रूस पर था, एक चोर को भी क्रूस पर चढ़ाया गया था जिसने कहा, ''हे यीशु, जब तू अपने राज्य में आए, तो मेरी सुधि लेना'' (लूका 23:42) । लूका 23:42 के अनुसार, प्रभु ने उत्तर दिया था, ''मैं तुझ से सच

कहता हूं; कि आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा ।'' भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने समझाया था कि यह अनुवाद गलत है; प्रभु ने वास्तव में उस चोर से कहा था वह उसके साथ आत्माओं के संसार में होगा ।

शब्द *स्वर्गलोक* 2 कुरिन्थियों 12:4 में भी पाया जाता है, जहां संभवतः यह सलेस्टियल राज्य को संदर्भ करता है । दसवें विश्वास के अनुच्छेद में, शब्द *स्वर्गतुल्य* हजार वर्ष में पृथ्वी की महिमा का वर्णन करता है ।

मृत्यु, शारीरिक; उद्धार की योजना; पुनरुत्थान *भी देखें*

## कुलपति के आशीर्वाद

कुलपति के आशीर्वाद नियुक्त कुलपतियों के द्वारा गिरजाघर के योग्य सदस्यों को दिए जाते हैं । आपके कुलपति का आशीर्वाद इस्राएल के घराने के आपके वंश को घोषित करता है और इसमें आपके लिए प्रभु की व्यक्तिगत सलाह शामिल हैं ।

जब आप अपने कुलपति के आशीर्वाद का अध्ययन करते हैं और उसमें दी गई सलाह का अनुसरण करते हैं, यह मार्गदर्शन, सांत्वना, और सुरक्षा प्रदान करेगा । पता करने के लिए कि कुलपति का आशीर्वाद किस प्रकार प्राप्त होता है, अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करें ।

### वंश की घोषणा

आपके कुलपति के आशीर्वाद में आपके वंश की एक घोषणा सम्मिलित है, बताते हुए कि आप इस्राएल के घराने के हैं—इब्राहीम के एक वंशज, याकूब के एक विशिष्ट कुल का । अन्तिम-दिनों के कई सन्त एप्रैम के कुल के हैं, प्रभु के अन्तिम-दिनों का काम करने में मार्गदर्शन के लिए इस कुल को प्राथमिक जिम्मेदारी दी गई है ।

क्योंकि हममें से प्रत्येक में कई वंशों का मिश्रण है, एक ही परिवार के दो सदस्यों को इस्राएल के विभिन्न कुलों के अस्तित्व के रूप में घोषित किया जा सकता है ।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इस्राएल के घराने का आपका वंश खून के रिश्ते द्वारा है या गोद लेने के द्वारा है । गिरजाघर के एक सदस्य के रूप में, आपकी गणना इब्राहीम के वंशज के रूप में होती है और आप इब्राहीम की वाचा में पायी जाने वाली सभी प्रतिज्ञाओं और आशीषों के उत्तराधिकारी हैं (देखें ''इब्राहीम की वाचा'', पृष्ठ 5–6) ।

अपने कुलपति के आशीर्वाद से सीखना

एक बार जब आपने अपने कुलपति के आशीर्वाद को प्राप्त कर लिया, आपको इसे विनम्र होकर, प्रार्थनापूर्वक और बार-बार पढ़ना चाहिए । यह आपके स्वर्गीय पिता की तरफ से एक व्यक्तिगत प्रकटीकरण है, जो आपके सामर्थ, दुर्बलताओं, और अनन्त क्षमता को जानता है । आपके कुलपति के आशीर्वाद के द्वारा, वह आपकी उसे जानने में सहायता करेगा जिसकी प्रत्याशा वह आपसे करता है । आपके आशीर्वाद में प्रतिज्ञाएं, चेतावनियाँ, और सावधानियाँ सम्मिलित हो सकती हैं । जैसे-जैसे समय बीतता है, आप इसमें पाये जाने वाले प्रकटीकरण की शक्ति को पहचानेंगे ।

जब आप अपने आशीर्वाद में दी गई सलाह का अनुसरण करते हैं, आपको ठोकर लगने का या पथभ्रष्ठ होने का खतरा कम होगा । यदि आप सलाह का अनुसरण नहीं करते हैं, तो प्रतिज्ञा की गई आशीषों को प्राप्त करने में आप समर्थ नहीं होंगे ।

जब कि आपके कुलपति के आशीर्वाद में प्रेरित सलाह और प्रतिज्ञाएं होती हैं, आपको अपने सभी प्रश्नों के उत्तर की प्रत्याशा नहीं करनी चाहिए या उस वर्णन का कि आपके जीवन में क्या होगा । यदि आपके आशीर्वाद में किसी महत्वपूर्ण घटना का उल्लेख न हो, जैसे कि पूरे-समय के मिशन का या विवाह का, आपको यह नहीं समझना चाहिए कि आपको वह अवसर प्राप्त नहीं होगा ।

वैसे ही, आपको यह नहीं समझना चाहिए कि आपके कुलपति के आशीर्वाद में जो भी उल्लेख किया गया है वह इस जीवन में पूरा हो जाएगा । कुलपति का आशीर्वाद अनन्त है, और इसकी प्रतिज्ञाओं का विस्तार अनन्तता में भी हो सकता है । सुनिश्चित रहें कि यदि आप योग्य हैं, तो सभी प्रतिज्ञाएं प्रभु के समयानुसार पूरी होंगी । जो इस जीवन में कार्यान्वित नहीं होती हैं वे आने वाले जीवन में पूरी होंगी ।

आपके कुलपति का आशीर्वाद पवित्र और व्यक्तिगत है । आप अपने परिवार के नजदीकी सदस्यों को इसे बता सकते हैं, परन्तु आपको इसे लोगों के बीच जोर से नहीं पढ़ना चाहिए या दूसरों को इसे पढ़ने या इसकी व्याख्या करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए । यहां तक कि आपके कुलपति या धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष को भी इसकी व्याख्या नहीं करनी चाहिए ।

आपके कुलपति के आशीर्वाद में दिये गए अनमोल शब्दों को अपने हृदय में संजोकर रखें । उन पर मनन करें, और जीयें ताकि आप इस जीवन में और आने वाले जीवन में प्रतिज्ञा की गई आशीषों को प्राप्त करने के योग्य हो सकें ।

# शान्ति

कई लोग सोचते हैं कि युद्ध का न होना ही शान्ति है । परन्तु हम युद्ध के समय में भी शान्ति का अनुभव कर सकते हैं, और हमें तब भी शान्ति का अभाव हो सकता है जब युद्ध का प्रकोप न हो । मात्र विवाद की अनुपस्थिति ही हमारे हृदयों में शान्ति लाने के लिए पर्याप्त नहीं है । शान्ति सुसमाचार से आती है—यीशु मसीह के प्रायश्चित, पवित्र आत्मा के सेवा उपचार, हमारे स्वयं की धार्मिकता, सच्चा पश्चाताप, और निष्ठापूर्वक काम के द्वारा आती है ।

जब आपके आस-पास के संसार में हलचल हो रही हो तब भी आप आन्तरिक शान्ति की आशीष प्राप्त कर सकते हैं । यह आशीष आपके साथ जारी रहेगी जैसे-जैसे आप सुसमाचार की अपनी गवाही में सच्चे बने रहते हैं और जब याद करते हैं कि स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह आपसे प्रेम करते हैं और आप का ध्यान रखते हैं ।

स्वयं शान्ति की अनुभूति महसूस करने के अतिरिक्त, आप अपने परिवार, अपने समाज, और संसार में शान्ति के लिए प्रभावकारी हो सकते हैं । आप शान्ति के लिए काम करते हैं जब आप आज्ञाओं का पालन करते हैं, सेवा करते हैं, परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों की देखभाल करते हैं, और सुसमाचार बांटते हैं । आप शान्ति के लिए काम करते हैं जब आप दूसरों के पीड़ा को कम करने में सहायता करते हैं ।

उद्धारकर्ता के निम्नलिखित शब्द हमें सीखाते हैं कि किस प्रकार हम उस शान्ति का अनुभव कर सकते हैं जो सुसमाचार लाता है:

''सहायक अर्थात पवित्र आत्मा जिसे पिता मेरे नाम से भेजेगा, वह तुम्हें सब बातें सिखाएगा, और जो कुछ मैंने तुम से कहा है, वह सब तुम्हें स्मरण कराएगा ।

''मैं तुम्हें शान्ति दिए जाता हूं, अपनी शान्ति तुम्हें देता हूं; जैसे संसार देता है मैं तुम्हें नहीं देता: तुम्हारा मन न घबराए और न डरे'' (यूहन्ना 14:26–27) ।

अन्तिम-दिनों में, उसने जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को एक प्रकटीकरण दिया था जो हमारे जीवन पर लागू होता है । उसने उन्हें आज्ञा दी थी कि अच्छाई करने से न डरें, क्योंकि वे वही काटेंगे जिसे वे बोएंगे; इसलिए, यदि वे अच्छाई बोते हैं तो अपने पुरस्कार के रूप में अच्छाई ही काटेंगे ।

अपने छोटे से झुंड के सदस्यों के रूप में, वह हमें न डरने की आज्ञा देता है । हमें अच्छाई करनी चाहिए और हमारे विरूद्ध पृथ्वी और नरक को एक हो जाने दें; क्योंकि यदि हम उसकी चट्टान पर बने हैं, तो पृथ्वी और नरक हम पर प्रबल नहीं हो सकते हैं ।

जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री से बात करते हुए, उसने कहा था कि वह उनकी निन्दा नहीं करता है । उसने उन्हें उनके मार्ग पर चलने, और फिर से पाप न करने के लिए कहा और संयम बरतते हुए उस कार्य को करने के लिए कहा जिसे उसने उन्हें करने की आज्ञा दी थी ।

उसने प्रत्येक विचार में उसकी तरफ देखने के लिए कहा—संदेह न करते हुए और न डरते हुए ।

उसने उन्हें उन घावों को देखने के लिए आमंत्रित किया था जो उसके बगल में छिदा हुआ था और उसके हाथों और पैरों में ठुकी हुई कीलों के निशान को भी । उसने उन्हें विश्वासी रहने और उसकी आज्ञाओं को मानने की आज्ञा दी थी ताकि वे स्वर्ग के राज्य का उत्तराधिकारी हो सकें (देखें सि. और अनु. 6:33–37) ।

''मैंने ये बातें तुम से इसलिए कही है, कि तुम्हें मुझ में शान्ति मिले; संसार में तुम्हें क्लेश होता है, परन्तु ढाढ़स बांधो, मैंने संसार को जीत लिया है'' (यूहन्ना 16:33) ।

जब आप उद्धारकर्ता को याद करते हैं और उसका अनुसरण करते हैं, वास्तव में आपकी मनोदशा अच्छी हो सकती है । सारे समय आप सच्ची और अन्त तक रहने वाली शान्ति का अनुभव कर सकते हैं । आप उद्धारकर्ता के उन पहले शब्दों में आशा प्राप्त कर सकते हैं जिसे अपने पुनरुत्थान के पश्चात उसने अपने शिष्यों से कहा थाः ''तुम्हें शान्ति मिले'' (यूहन्ना 20:19) ।

अतिरिक्त संदर्भः सि. और अनु. 59:23

उदारता; पवित्र आत्मा; आशा; यीशु मसीह; प्रेम; सेवा; युद्ध *भी देखें*

**अनमोल मोती** (*देखें* धर्मशास्त्र)

**व्यक्तिगत प्रकटीकरण** (*देखें* प्रकटीकरण)

## उद्धार की योजना

नश्वरता के पहले के जीवन के अस्तित्व में, स्वर्गीय पिता ने एक योजना बनाई थी जो हमें उसके समान बनने और आनन्द की परिपूर्णता को प्राप्त करने में समर्थ बनाती है । धर्मशास्त्र इस योजना को ''उद्धार की योजना'' (अलमा 24:14; मूसा 6:62), ''प्रसन्नता की महान योजना'' (अलमा 42:8), ''मुक्ति की योजना''

(याकूब 6:8; अलमा 12:30), और ''दया की योजना'' (अलमा 42:15) के रूप में संदर्भ करते हैं ।

उद्धार की योजना सुसमाचार की पूर्णता है । इसमें सृष्टि, पतन, यीशु मसीह का प्रायश्चित, और सारी व्यवस्थाएं, धर्मविधियाँ, और सुसमाचार के सिद्धान्त सम्मिलित हैं । आचरण में स्वतंत्रता, चुनाव करने और स्वयं के प्रति कार्य करने की क्षमता, स्वर्गीय पिता की योजना में भी आवश्यक है । इस योजना के कारण, हम प्रायश्चित के द्वारा परिपूर्ण किये जा सकते हैं, आनन्द की परिपूर्णता को प्राप्त कर सकते हैं, और परमेश्वर की उपस्थिति में सदा के लिए रह सकते हैं । हमारे पारिवारिक संबंध अनन्तता तक बने रह सकते हैं ।

आप स्वर्गीय पिता की योजना के भागीदार हैं, और आपके अनन्त अनुभव को तीन मुख्य भागों में विभाजित किया जा सकता हैः नश्वरता के पहले का जीवन, नश्वर जीवन, और मृत्युपरान्त जीवन । जैसे-जैसे योजना की समझ आपको आती जाती है, वैसे-वैसे कई लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आपको मिलते जाते हैंः हम कहां से आए हैं ? हम यहां क्यों हैं ? इस जीवन के उपरान्त हम कहां जाते हैं ?

### नश्वरता के पहले का जीवन

पृथ्वी पर अपने जन्म से पहले, आप अपने स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में उसकी आत्मा के एक बच्चे के रूप में रहते थे । इस नश्वरता के पहले के जीवन के अस्तित्व में, आपने स्वर्गीय पिता के अन्य आत्मा के बच्चों के साथ एक समिति में भाग लिया था । उस समिति में, स्वर्गीय पिता ने अपनी प्रसन्नता की महान योजना को प्रस्तुत किया था (देखें इब्राहीम 3:22–26) ।

प्रसन्नता की योजना के समन्वय में, नश्वरता के पहले के जीवन का यीशु मसीह, आत्मा में पिता का पहिलौठा जन्मा पुत्र, उद्धारकर्ता होने के लिए अनुबन्धित हुआ था (देखें मूसा 4:2; इब्राहीम 3:27) । जिन्होंने स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह का अनुसरण किया था उन्हें नश्वरता का अनुभव करने के लिए पृथ्वी पर आने और अनन्त जीवन की तरफ विकास की अनुमति दी गई थी । लूसीफर, परमेश्वर के अन्य आत्मा के पुत्र ने, योजना का विरोध किया था और हमारी स्वतंत्रता का नाश करना चाहा था (देखें मूसा 4:3) । वह शैतान बन गया था, और उसे और उसके अनुयाइयों को स्वर्ग से निकाल दिया गया था और पार्थिव शरीर प्राप्त करने और नश्वरता का अनुभव करने का सुअवसर नहीं दिया गया था (देखें मूसा 4:4; इब्राहीम 3:27–28) ।

अपनी नश्वरता के पहले के पूरे जीवन में, आपने अपनी पहचान का विकास किया था और अपनी आत्मिक क्षमताओं को बढ़ाया था । स्वतंत्रता के उपहार से आशीषित होते हुए, आपने महत्वपूर्ण निर्णय लिये थे, जैसे कि स्वर्गीय पिता की योजना का अनुसरण करने का निर्णय । इन निर्णयों ने आपके जीवन को तब भी प्रभावित किया था और अब भी प्रभावित करते हैं । आप बुद्धि में बड़े हुए और सच्चाई से प्रेम करना सीखा था, और आपने पृथ्वी पर आने की तैयारी की थी, जहां आप विकसित होना जारी रख सकते थे ।

### नश्वर जीवन

इस समय आप नश्वर जीवन का अनुभव कर रहे हैं । आपकी आत्मा आपके शरीर में है, आपको उन तरीकों में बढ़ने और विकसित होने के अवसरों को देते हुए जो कि आपके नश्वरता के पहले के जीवन में संभव नहीं था । आपके अस्तित्व का यह भाग सीखने का एक समय है जिसमें आप अपने आपको सिद्ध कर सकते हैं, मसीह के पास आने का चुनाव कर सकते हैं, और अनन्त जीवन के लिए योग्य होने की तैयारी कर सकते हैं । यह एक वैसा समय भी है जब आप सच्चाई प्राप्त करने और उद्धार की योजना की एक गवाही पाने में दूसरों की सहायता कर सकते हैं ।

### मृत्युपरान्त जीवन

जब आपकी मृत्यु होती है, आपकी आत्मा, आत्मा के संसार में प्रवेश करेगी और पुनरुत्थान का इंतजार करेगी । पुनरुत्थान के समय में, आपकी आत्मा और आपका शरीर एक साथ हो जाएंगे, और आपका न्याय होगा और आप महिमा के एक राज्य को प्राप्त करेंगे । जिस महिमा को आप प्राप्त करेंगे वह आपके परिवर्तन के परिमाण पर और प्रभु की आज्ञाओं के प्रति आपकी आज्ञाकारिता पर आधारित होगी (देखें ''महिमा के राज्य'' पृष्ठ 92–95) । यह उस रीति पर आधारित होगी जिसमें आपने यीशु की गवाही को प्राप्त किया है (देखें सि. और अनु. 76:51; आयत 74, 79, 101 भी देखें) ।

### योजना के ज्ञान द्वारा आशीषें

जब आप जीवन की चुनौतियों से संघर्ष करते हैं तब उद्धार की योजना की एक गवाही आपको आशा और उद्देश्य प्रदान कर सकती है । आप ज्ञान में पुनः आश्वासन प्राप्त कर सकते हैं कि आप परमेश्वर के एक बच्चे हैं और यह कि पृथ्वी

पर अपने जन्म से पहले आप उसकी उपस्थिति में रहते थे । आप अपने वर्तमान जीवन के तात्पर्य को प्राप्त कर सकते हैं, जानते हुए कि नश्वरता के दौरान आपके द्वारा किये गए कार्य आपकी अनन्त नियति को प्रभावित करते हैं । इस ज्ञान से, आपके महत्वपूर्ण निर्णय जीवन की बदलती हुई परिस्थितियों की बजाय अनन्त सच्चाइयों पर आधारित हो सकते हैं । आप लगातार अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने संबंधों को सुधार सकते हैं, इस प्रतिज्ञा में आनन्दित होते हुए कि आपका परिवार अनन्त हो सकता है । आप प्रायश्चित की अपनी गवाही में, और प्रभु की आज्ञाओं, धर्मविधियों, अनुबन्धों, और सिद्धान्तों की अपनी गवाही में आनन्दित हो सकते हैं, यह जानते हुए कि जो लोग धार्मिकता का कार्य करते हैं उन्हें उनका पुरस्कार मिलेगाः इस संसार में शान्ति और आने वाले संसार में अनन्त जीवन (देखें सि. और अनु. 59:23) ।

अतिरिक्त संदर्भः 2 नफी 2:5–30; 10:23–25; अलमा 12:24–37; 22:12–14; 42; मूसा 6:47–62

स्वतंत्रता; यीशु मसीह का प्रायश्चित; सृष्टि; मृत्यु, शारीरिक; मृत्यु, आत्मिक; पतन; पिता परमेश्वर; सुसमाचार; स्वर्ग; नरक; यीशु मसीह; महिमा के राज्य; स्वर्गलोक; पुनरुत्थान *भी देखें*

## अश्लील साहित्य

अश्लील साहित्य किसी भी प्रकार की सामग्री है जो मानव शरीर को चित्रित करे या उसका वर्णन करे या उस तरीके का यौन व्यवहार हो जो यौन की अनुभूतियों को उत्तेजित करे । इसका वितरण कई प्रकार के माध्यम से होता है, पत्रिकाओं, किताबों, टेलिविजन, फिल्म, संगीत, और इंटरनेट को सम्मिलित करते हुए । यह आत्मा के लिए उतना ही हानिकारक होता है जितना कि शरीर के लिए तम्बाकू, मादक पदार्थ, और औषधियाँ । किसी भी प्रकार की अश्लील साहित्य का उपयोग करना परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन करना है कि हमें व्यभिचार में नहीं पड़ना चाहिए या उसी प्रकार का कोई अन्य काम नहीं करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 59:6) । यह हमें अन्य गंभीर पापों के तरफ ले जा सकता है । गिरजाघर के सदस्यों को हर प्रकार के अश्लील साहित्य से बचना चाहिए और उन्हें इसके उत्पादन, वितरण, और उपयोग का विरोध करना चाहिए ।

अश्लील साहित्य घातक लत है । अन्य लतों के समान, यह लोगों को परीक्षण के तरफ और अत्याधिक शक्तिशाली उत्तेजना के प्रयास के तरफ ले जाती है । यदि आप इसे प्रयोग करते हैं और इसमें अपने आपको शामिल रहने देते हैं तो यह आपको बरबाद कर देगी, आपके मन, हृदय, और आत्मा को गिराते हुए । यह

आपको अपने आत्म-सम्मान से और जीवन की सुंदरताओं के प्रति आपकी समझ से वंचित कर देगी । यह आपको नष्ट कर देगी और बुरे विचारों के तरफ आपको ले जाएगी और संभवतः बुरे कामों के तरफ भी । यह आपके पारिवारिक संबंधों में भयानक क्षति उत्पन्न करेगी ।

अश्लील साहित्यों की लत के कारण और उस क्षति के कारण जिसे यह हमारे शरीर और आत्मा को पहुँचा सकती है, परमेश्वर के सेवकों ने हमें बार-बार इससे दूर रहने की चेतावनी दी है । यदि आप अश्लील साहित्य के जाल में फंसे हुए हैं, शीघ्र ही इसे बन्द कर दें और मदद पाने का प्रयास करें । पश्चाताप के द्वारा आप क्षमा और सुसमाचार में आशा प्राप्त कर सकते हैं । सलाह के लिए आप धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष के पास जाएं कि किस प्रकार आपकी समस्या का समाधान हो, और यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा चंगाई पाएं । इस भयानक लत से बचने के लिए प्रभु से सामर्थ मांगें ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 5:27–28; रोमियों 6:12; अलमा 39:9; सि. और अनु. 42:23

शुद्धता; प्रलोभन *भी देखें*

## प्रार्थना

आप परमेश्वर के एक बच्चे हैं । आपका स्वर्गीय पिता आप से प्रेम करता है और आपकी आवश्यकताओं को जानता है, और वह चाहता है कि आप उसके साथ प्रार्थना के द्वारा बातचीत करें । उसके अलावा किसी और से प्रार्थना न करें । प्रभु यीशु मसीह ने आज्ञा दी थी, ''तुम मेरे पिता से सदैव मेरे नाम पर प्रार्थना किया करो'' (3 नफी 18:19) ।

जैसे-जैसे आप प्रार्थना में परमेश्वर के पास आने की एक आदत बनाते हैं, आप उसे जानेंगे और उसकी नजदीकी में जाएंगे । आपकी इच्छाएं उसकी इच्छाओं के समान हो जाएंगी । आप अपने लिए और दूसरों के लिए उन आशीषों को सुरक्षित करने में समर्थ होंगे जिन्हें वह देने के लिए तैयार है यदि आप केवल विश्वास से मांगेंगे ।

### प्रार्थना के नियम

आपका स्वर्गीय पिता आपकी प्रार्थनाओं को सुनने और उनका उत्तर देने के लिए सदा ही तैयार रहता है । आपकी प्रार्थनाओं की शक्ति आप पर आधारित है । जब आप प्रार्थना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास करते हैं, इस सलाह को याद रखें:

*अपनी प्रार्थनाओं को अर्थपूर्ण बनाएं ।* भविष्यवक्ता मॉरमन ने सावधान किया था कि यदि कोई ''हृदय की अच्छी भावना से प्रार्थना नहीं करता तब उसे भी उस व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं माना जाता'' (मरोनी 7:9) । अपनी प्रार्थनाओं को अर्थपूर्ण बनाने के लिए, आपको गंभीरता से और ''हृदय की संपूर्ण शक्ति'' से प्रार्थना करनी होगी (मरोनी 7:48) । जब आप प्रार्थना करते हैं तब ध्यान दें कि ''व्यर्थ में बार-बार न दोहराएं'' (देखें मत्ती 6:7) । अपने व्यवहार पर और आपके द्वारा उपयोग किये गए शब्दों पर गंभीरता से विचार करें ।

*उन शब्दों का उपयोग करें जो प्रेम, आदर, श्रद्धा, और समीपता का प्रदर्शन करे* । इस सिद्धान्त का उपयोग आपके द्वारा बोली गई भाषा के अनुसार विविध होगा । भाषा पर ध्यान दिए बिना, सिद्धान्त वही रहता हैः जब आप प्रार्थना करते हैं, आपको उन शब्दों का उपयोग करना चाहिए जो समुचित रूप से परमेश्वर के साथ एक प्रेम भरे, पूज्य संबंध को दर्शाता हो । आपको प्रार्थना की भाषा सीखने में कठिनाई हो सकती है, परन्तु जैसे-जैसे आप प्रार्थना करते हैं और धर्मशास्त्रों को पढ़ते हैं, धीरे-धीरे आप इसमें आश्वस्त हो जाएंगे ।

*सदैव अपने स्वर्गीय पिता को धन्यवाद दें ।* ''जो दया और आशीर्वाद उसने तुम्हें दिए हैं उनके लिए कृतज्ञता प्रकट करते रहो'' (अलमा 34:38) । जब आप अपनी आशीषों को याद करने का समय निकालते हैं, आपको पता चलेगा कि आपके स्वर्गीय पिता ने आपके लिए कितना किया है । उसके प्रति अपना धन्यवाद प्रकट करें ।

*जो कुछ भी आप करते हैं उसमें स्वर्गीय पिता से मार्गदर्शन और बल प्राप्त करने का प्रयास करें ।* अलमा ने अपने पुत्र इलामन को सलाह दी थीः ''सभी सहायता के लिए परमेश्वर को पुकारो; अपने सभी कर्मों को प्रभु के लिए करो, और जहां भी जाओ, वहां प्रभु के लिए जाओ; तुम्हारे सभी विचार प्रभु के आधार पर हों; और तुम्हारे हृदय का प्रेम सदैव के लिए प्रभु पर रहे । अपने सभी कामों के लिए प्रभु से राय लो, और वह तुम्हारी भलाई के लिए तुम्हारा निर्देशन करेगा; रात को जब तुम विश्राम करो तब प्रभु का स्मरण करो जिससे कि वह सोते समय तुम्हारी रक्षा करे, और जब भोर को उठो तब परमेश्वर के प्रति तुम्हारा हृदय कृतज्ञता से भरा रहे; और अगर तुमने यह सब किया तब अन्तिम दिन तुम्हें उठा लिया जाएगा'' (अलमा 37:36–37; अलमा 34:17–26 भी देखें) ।

*जब आप प्रार्थना करते हैं तब दूसरों की आवश्यकताओं को याद रखें ।* ''अपने हृदयों को अपने और अपने आस-पास वालों के कल्याण के लिए सदा उसकी प्रार्थना में लीन और पूर्ण रखो'' (अलमा 34:27) । जो जरुरतमंद हैं उन्हें आशीष और

सांत्वना देने के लिए स्वर्गीय पिता से प्रार्थना करें । उससे गिरजाघर के अध्यक्ष, अन्य जनरल अधिकारियों, और अपने स्थानीय गिरजाघर मार्गदर्शकों को प्रेरणा और बल देने के लिए कहें । परिवार के सदस्यों और मित्रों के कल्याण के लिए प्रार्थना करें । सरकारी मार्गदर्शकों के लिए प्रार्थना करें । प्रभु से प्रचारकों और उन लोगों के प्रति प्रेरणा और सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें जिन्हें वे शिक्षा देते हैं ।

*पवित्र आत्मा से मार्गदर्शन का प्रयास करें जिससे आप जानेंगे कि अपनी प्रार्थनाओं में क्या शामिल करना है ।* पवित्र आत्मा आपको प्रार्थना करना सीखा सकता है और जो आप कहते हैं उसमें आपको निर्देश दे सकता है (देखें रोमियों 8:26; 2 नफी 32:8) । परमेश्वर की इच्छा के अनुसार प्रार्थना करने में वह आपकी सहायता कर सकता है (देखें सि. और अनु. 46:30) ।

*जब आप प्रार्थना के द्वारा विनती करते हैं, उसकी सुनवाई में सहायता के लिए वह सब करें जो आप कर सकते हैं ।* स्वर्गीय पिता आपसे प्रत्याशा करता है कि आप आशीषों को मांगने से अधिक कुछ करें । जब आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो, अक्सर वह चाहेगा कि उसके उत्तर देने से पहले आप अपने मन में उसका अध्ययन करें (देखें सि. और अनु. 9:7–8) । मार्गदर्शन के लिए आपकी प्रार्थनाएं केवल उतनी ही प्रभावी होंगी जितना कि आपके प्रयास पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों के प्रति ग्रहणशील होंगे । स्वयं के कल्याण और दूसरों के कल्याण के लिए आपकी प्रार्थनाएं व्यर्थ होंगी यदि आपने ''किसी दीन, गरीब या किसी नंगे को बिना सहायता दिए लौटा दिया, और रोगियों और दुखियों को, सहायता देने की स्थिति में होने पर भी सहायता न दी'' (अलमा 34:28) ।

यदि आपके सामने कोई कठिन काम हो, स्वर्गीय पिता को अच्छा लगता है जब आप अपने घुटने पर होकर सहायता के लिए प्रार्थना करते हैं और फिर अपने पैरों पर खड़ा होकर काम पर लग जाते हैं । वह आपके सभी धार्मिक कामों में आपकी सहायता करेगा, परन्तु शायद ही वह उस काम को करेगा जिसे आप स्वयं कर सकते हैं ।

### व्यक्तिगत प्रार्थना

पहाड़ पर अपने उपदेश में, यीशु मसीह ने सलाह दी थीः ''परन्तु जब तू प्रार्थना करे, तो अपनी कोठरी में जा; और द्वार बन्द कर के अपने पिता से जो गुप्त में है प्रार्थना कर; और तब तेरा पिता जो गुप्त में देखता है, तुझे प्रतिफल देगा'' (मत्ती 6:6) । व्यक्तिगत, निजी प्रार्थना आपकी आत्मिक उन्नति का एक महत्वपूर्ण भाग है ।

कम से कम हर सुबह और हर रात, एक ऐसा स्थान खोजें जो ध्यान भंग न कर सके । विनम्रता में घुटने टेकें और अपने स्वर्गीय पिता से बात करें । यद्यपि कभी-कभी आपको मौन रहकर प्रार्थना करने की आवश्यकता हो सकती है, परन्तु समय-समय पर मौखिक प्रार्थना करने के प्रति अधिक प्रयास करें (देखें सि. और अनु. 19:28; 20:51) ।

याद रखें कि प्रार्थना में दोनों तरफ से बातचीत होती है । जब आप अपनी प्रार्थनाओं को समाप्त करें, तब थोड़ी देर के लिए रुकें और सुनें । समय-समय पर स्वर्गीय पिता आपको सलाह, मार्गदर्शन, या सांत्वना देगा जब आप अपने घुटनों पर होते हैं ।

कभी भी ऐसा न सोचें कि आप प्रार्थना करने के योग्य नहीं हैं । यह विचार शैतान की तरफ से आता है, जो आपको मनवाना चाहता है कि आपको प्रार्थना नहीं करनी चाहिए (देखें 2 नफी 32:8) । यदि आपका मन प्रार्थना करने का न हो, फिर भी तब तक प्रार्थना करें जब तक आपका मन हो ।

उद्धारकर्ता ने हमें सदैव प्रार्थना करने की आज्ञा दी है ताकि हम जीतने वाले बन सकें—कि हम शैतान पर विजय प्राप्त कर सकें और शैतान के सेवकों के हाथों से बच सकें जो उसके काम को थामे हुए हैं (देखें सि. और अनु. 10:5) । यद्यपि लगातार आप घुटनों पर नहीं रह सकते हैं, हमेशा व्यक्तिगत, निजी प्रार्थना करते समय, आप अपने हृदय को ''उसकी प्रार्थना में लीन और पूर्ण रखें'' (अलमा 34:27; 3 नफी 20:1 भी देखें) । पूरे दिन, आप अपने स्वर्गीय पिता और उसके प्रिय पुत्र के लिए प्रेम की एक निरन्तर अनुभूति बनाये रख सकते हैं । मौन होकर आप अपने पिता के प्रति आभार व्यक्त कर सकते हैं और अपनी जिम्मेदारियों में मजबूती के लिए प्रार्थना कर सकते हैं । प्रलोभन या शारीरिक खतरे के समय, मौन होकर आप उससे सहायता माँग सकते हैं ।

### पारिवारिक प्रार्थना

निजी रूप से हमें प्रार्थना करने की आज्ञा देने के अतिरिक्त, उद्धारकर्ता ने हमें अपने परिवारों के साथ प्रार्थना करने का उपदेश दिया है । उसने कहा था, ''तुम सदा मेरे नाम पर पिता से अपनी स्त्रियों और बच्चों के लिए आशीर्वाद पाने को अपने परिवार में प्रार्थना किया करो'' (3 नफी 18:21) ।

यदि आप विवाहित हैं, पारिवारिक प्रार्थना को अपने परिवार के जीवन का एक अनुकूल भाग बनायें । हर सुबह और शाम, विनम्रता में एक साथ घुटने टेकें । परिवार के प्रत्येक सदस्य को प्रार्थना करने के लिए बार-बार अवसर प्रदान करें । उन आशीषों

के प्रति आभार व्यक्त करने में एक साथ रहें जिसे स्वर्गीय पिता ने आपको दिया है । उन आशीषों की याचना के लिए जिसकी आपको आवश्यकता है और दूसरों के प्रति प्रार्थना करने के लिए विश्वास में एक रहें ।

नियमित पारिवारिक प्रार्थना के द्वारा, आप और आपके परिवार के सदस्य परमेश्वर के नजदीक और एक-दूसरे के नजदीक आएंगे । आपके बच्चे स्वर्गीय पिता से बातचीत करना सीखेंगे । एक दूसरे की सेवा करने के लिए और प्रलोभन का सामना करने के लिए आप सभी को तैयार किया जाएगा । आपका घर आत्मिक बल प्राप्त करने का स्थान, संसार के बुरे प्रभावों से बचने का आश्रय होगा ।

### सार्वजनिक प्रार्थना

कभी-कभी आप से सार्वजनिक प्रार्थना करने के लिए कहा जा सकता है, शायद गिरजाघर की सभा या कक्षा में । जब आप ऐसा अवसर प्राप्त करते हैं, याद रखें कि आप स्वर्गीय पिता से बातचीत कर रहे हैं, न कि एक सार्वजनिक उपदेश दे रहे हैं । इसकी चिन्ता न करें कि आप जो कह रहे हैं उसके विषय में दूसरे क्या सोचते हैं । इसकी बजाय, एक साधारण, दिल को छूने वाली प्रार्थना करें ।

### प्रार्थनाओं का उत्तर प्राप्त करना

उद्धारकर्ता ने सीखाया था, ''मांगो, तो तुम्हें दिया जाएगा; ढूंढो, तो तुम पाओगे; खटखटाओ, तो तुम्हारे लिए खोला जाएगा । क्योंकि जो कोई मांगता है, उसे मिलता है; और जो ढूंढता है, वह पाता है; और जो खटखटाता है, उसके लिए खोला जाएगा'' (मत्ती 7:7–8) । नफायटियों के लिए उसने कहा था, ''तुम जो कुछ मेरे नाम पर, पिता से पाने का विश्वास कर मांगोगे, और अगर तुम्हारी मांग उचित रही, तब सुनो, वह तुम्हें दिया जाएगा'' (3 नफी 18:20) ।

स्वर्गीय पिता हमारी प्रार्थनाओं को सुनता है । सदा उसका उत्तर आपकी आशा के अनुसार नहीं हो सकता है, परन्तु वह उत्तर अवश्य देता है—अपने समय और अपनी इच्छा के अनुसार । क्योंकि वह जानता है कि आपके लिए क्या उत्तम है, कभी-कभी उसका उत्तर ना हो सकता है, तब भी जब आपकी याचिका गंभीर हो ।

प्रार्थना का उत्तर कई तरीकों से आता है । अक्सर वे पवित्र आत्मा की शान्त, धीमी आवाज के द्वारा आते हैं (देखें ''प्रकटीकरण'', पृष्ठ 140–44) । वे आपके जीवन की परिस्थितियों में आ सकते हैं या जो आपके आस-पास हैं उनके काम के प्रकार के द्वारा आ सकते हैं । जब आप प्रार्थना के द्वारा अपने स्वर्गीय पिता के नजदीक आना जारी रखते हैं, तब आप उसकी दया को और अपनी याचिकाओं

के सही उत्तर को शीघ्र ही पहचानेंगे । आपको पता लगेगा कि वह आपका ''शरणस्थान और बल है, संकट में अति सहज से मिलने वाला सहायक'' है (भजन संहिता 46:1) ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 6:5–15; याकूब 1:5–6; इनोस 1:1–17; मुसायाह 4:11–12; 3 नफी 13:6–7; 14:7–8; सि. और अनु. 19:38; 88:63–65; जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:9–19

विश्वास; उपवास और उपवास की भेंट; आराधना *भी देखें*

**नश्वरता के पहले का अस्तित्व** (*देखें* उद्धार की योजना)

**याजक** (*देखें* हारुनी पौरोहित्य; गिरजाघर प्रशासन; पौरोहित्य)

## पौरोहित्य

पौरोहित्य अनन्त सामर्थ और परमेश्वर का अधिकार है । पौरोहित्य के द्वारा परमेश्वर ने स्वर्गों की और पृथ्वी की सृष्टि की थी और वह उनपर शासन करता है । इस सामर्थ के द्वारा वह मुक्ति देता है और मनुष्य के अमरत्व और अनन्त जीवन को सफल बनाते हुए अपने बच्चों को उत्कर्षित करता है (देखें मूसा 1:39 ) ।

पृथ्वी पर मनुष्यों को पौरोहित्य अधिकार प्रदान किया गया

परमेश्वर गिरजाघर के योग्य पुरुष सदस्यों को पौरोहित्य अधिकार प्रदान करता है ताकि वे उसके बच्चों के उद्धार के प्रति उसके नाम में काम करें । पौरोहित्य धारकों को सुसमाचार के प्रचार कार्य का, उद्धार की धर्मविधियों को पूरा करने का, और पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य का संचालन करने का अधिकार दिया जा सकता है ।

गिरजाघर के पुरुष सदस्य अपनी पौरोहित्य सेवा का तब आरंभ कर सकते हैं जब वे 12 वर्ष की आयु के हो जाते हैं । वे हारुनी पौरोहित्य धारक होने के द्वारा आरंभ करते हैं, और बाद में वे मलकिसिदक पौरोहित्य प्राप्त करने के योग्य हो सकते हैं । अपने जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में और जब वे विभिन्न जिम्मेदारियों को प्राप्त करने के लिए स्वयं को तैयार करते हैं, उन्हें पौरोहित्य के विभिन्न पदों पर बुलाया जाता है, जैसे कि हारुनी पौरोहित्य में डीकन, शिक्षक, या याजक और मलकिसिदक पौरोहित्य में एल्डर या उच्च याजक । (हारुनी और मलकिसिदक पौरोहित्य के विषय में विशिष्ट जानकारी के लिए, देखें पृष्ठ 3–4 और 101–2) ।

पौरोहित्य धारक होने के लिए गिरजाघर के एक पुरुष सदस्य को, केवल एक प्राधिकृत पौरोहित्य धारक ही इसे उसको प्रदान करता है और उस पौरोहित्य के एक पद पर उसे नियुक्त करता है (देखें इब्रानियों 5:4; सि. और अनु. 42:11; विश्वास के अनुच्छेद 1:5) ।

यद्यपि पौरोहित्य का अधिकार केवल गिरजाघर के योग्य पुरुष सदस्यों को प्रदान किया जाता है, पौरोहित्य की आशीषें सभी को उपलब्ध हैं—पुरुषों, स्त्रियों, और बच्चों को । धार्मिक पौरोहित्य नेतृत्व के प्रभाव से हम सभी को लाभ होता है, और हम सभी के पास पौरोहित्य की बचाने वाली धर्मविधियों को प्राप्त करने का सुअवसर है ।

## पौरोहित्य और परिवार

पौरोहित्य का महत्वपूर्ण उपयोग अधिकतर परिवार में होता है । गिरजाघर में प्रत्येक पति और पिता को मलकिसिदक पौरोहित्य धारक बनने के योग्य होने का प्रयास करना चाहिए । अपनी पत्नी के साथ बराबर के साथी के रूप में वह धार्मिकता और प्रेम से अध्यक्षता करता है, परिवार के आत्मिक मार्गदर्शक के रूप में सेवा करते हुए । नियमित प्रार्थना, धर्मशास्त्र अध्ययन, और पारिवारिक घरेलु संध्या में वह परिवार की अगुवाई करता है । बच्चों को सीखाने में और उद्धार की धर्मविधियों को प्राप्त करने की उनकी तैयारी में वह अपनी पत्नी के साथ काम करता है (देखें सि. और अनु. 68:25–28) । निर्देश, चंगाई, और सांत्वना के लिए वह पौरोहित्य आशीषों को प्रदान करता है ।

कई सदस्यों के घरों में विश्वासी मलकिसिदक पौरोहित्य धारक नहीं होते हैं । फिर भी, घर शिक्षकों और पौराहित्य मार्गदर्शकों की सेवा के द्वारा, गिरजाघर के सभी सदस्य अपने जीवन में पौरोहित्य की शक्ति की आशीषों का आनन्द ले सकते हैं ।

## पौरोहित्य परिषदें

पौरोहित्य परिषद उन भाइयों का एक संगठित दल है जो एक ही समान के पौरोहित्य पद के धारक होते हैं । परिषदों का मूल उद्देश्य है एक दूसरे की सेवा करना, एकता और भाईचारे का निर्माण करना, और सिद्धान्तों, नियमों, और कर्तव्यों में एक दूसरे को निर्देश देना ।

परिषदें गिरजाघर संस्था के सभी स्तरों पर पाई जाती हैं । गिरजाघर के अध्यक्ष और उसके सलाहकार प्रथम अध्यक्षता की परिषद बनाते हैं । बारह प्रेरित भी एक परिषद बनाते हैं । सत्तर, जनरल अधिकारियों और क्षेत्रिय अधिकारियों दोनों को

परिषदों में संगठित किया जाता है । प्रत्येक स्टेक अध्यक्ष उच्च याजकों की परिषद पर अध्यक्षता करता है, जो कि स्टेक के सभी उच्च याजकों से बनी होती है । प्रत्येक वार्ड या शाखा के पास साधारणतः एल्डरों, याजकों, शिक्षकों, और डीकनों की परिषदें होती हैं । उच्च याजक भी वार्डों में संस्थापित होते हैं, उच्च याजकों के दलों में काम करते हुए ।

## घर शिक्षा

उस समय से जब पौरोहित्य धारकों को शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था, उनके पास घर शिक्षकों के रूप में सेवा करने का अवसर और दायित्व है । इस प्रकार से वे हमेशा गिरजाघर की देखभाल करने और उनके साथ रहने और उन्हें मजबूत करने के अपने कर्तव्य को पूरा करने का काम करते हैं (देखें सि. और अनु. 20:53) ।

घर शिक्षकों के पास किसी व्यक्ति या परिवार की सहायता के लिए गिरजाघर का प्रथम आधार बनने का एक पवित्र कर्तव्य है । महीने में कम से कम एक बार वे उन लोगों से भेंट करते हैं जिन के लिए उन्हें नियुक्त किया जाता है । अपने नियुक्त सदस्यों की सेवा और भेंट करने में, वे माता-पिता की उनकी जिम्मेदारियों में सहायता करते हैं, परिवार के प्रत्येक सदस्य को सुसमाचार सीखाते हैं, मित्रता बढ़ाते हैं, और मन्दिर धर्मविधियों को प्राप्त करने की तैयारी में और सुसमाचार की आशीषों के प्रति योग्य होने में सदस्यों की सहायता करते हैं ।

वार्ड और शाखाओं के मार्गदर्शक सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक परिवार या व्यक्ति के लिए घर शिक्षक नियुक्त किये जाएं । प्रत्येक सदस्य की आत्मिक और लौकिक आवश्यकताओं को पूरा करने की सहायता में वे घर शिक्षकों के साथ मिलकर काम करते हैं ।

## पौरोहित्य कुंजियां

गिरजाघर में पौरोहित्य अधिकार के प्रयोग का संचालन उन लोगों के द्वारा किया जाता है जो पौरोहित्य कुंजियों के धारक होते हैं (देखें सि. और अनु. 65:2; 124:123) । जिनके पास पौरोहित्य कुंजियां होती हैं उनके पास अपने नियंत्रण क्षेत्र के भीतर गिरजाघर पर अध्यक्षता करने का और उसे निर्देश देने का अधिकार होता है । उदाहरण के लिए, एक धर्माध्यक्ष के पास वे पौरोहित्य कुंजियां होती हैं जो उसके वार्ड में अध्यक्षता के लिए उसे समर्थ बनाती हैं । इसलिए, जब उस वार्ड में किसी

बच्चे के बपतिस्मे की तैयारी की जाती है, उस व्यक्ति को धर्मध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त करना जरूरी होता है जिसके द्वारा बच्चे का बपतिस्मा होना हो ।

यीशु मसीह के पास पौरोहित्य की सभी कुंजियां हैं । उसने अपने प्रेरितों को उन कुंजियों को प्रदान किया है जो उसके गिरजाघर के संचालन के लिए आवश्यक हैं । केवल वरिष्ठ प्रेरित, गिरजाघर का अध्यक्ष, पूरे गिरजाघर के संचालन के प्रति इन कुजियों का उपयोग कर सकता है अथवा इन कुंजियों के उपयोग के लिए दूसरे व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकता है (देखें सि. और अनु. 43:1–4; 81:2; 132:7) ।

गिरजाघर का अध्यक्ष पौरोहित्य कुंजियों के अधिकार को अन्य पौरोहित्य मार्गदर्शकों को देता है ताकि वे अपने दायित्व के क्षेत्रों में संचालन कर सकें । मन्दिर, मिशन, स्टेक, और जिला के अध्यक्षों; धर्माध्यों; शाखा अध्यक्षों; और परिषद अध्यक्षों को पौरोहित्य कुंजियां प्रदान की जाती हैं । एक व्यक्ति जो इनमें से किसी एक पद पर सेवा कार्य करता है कुंजियों को तभी तक रखता है जब तक उसे इस पद से मुक्त नहीं कर दिया जाता । सलाहकार कुंजियां नहीं प्राप्त करते हैं, परन्तु बुलाहट और नियुक्ति के द्वारा अधिकार और दायित्व अवश्य ही प्राप्त करते हैं ।

## पौरोहित्य का धार्मिकता से प्रयोग करना

यदि आप एक पौरोहित्य धारक हैं, याद रखें कि सारे समय और सारी परिस्थितियों में पौरोहित्य को अपना हिस्सा बनाना चाहिए । यह आपके लबादे के समान नहीं है जिसे आपने अपनी इच्छानुसार पहना और उतार कर रख दिया । पौरोहित्य पद की कोई भी नियुक्ति पूरे जीवनभर सेवा की एक बुलाहट है, इस प्रतिज्ञा के साथ कि आपकी विश्वसनीयता के अनुसार प्रभु अपने कार्य के लिए आपको योग्य बनाएगा ।

पौरोहित्य शक्ति को प्राप्त करने और प्रयोग करने के लिए आपको योग्य होना होगा । बातें जो आप कहते हैं वह और आपका प्रतिदिन का व्यवहार सेवा करने की आपकी क्षमता को प्राभवित करते हैं । समाज में आपका व्यवहार भर्त्सना से परे होना चाहिए । व्यक्तिगत तौर पर भी आपका व्यवहार महत्वपूर्ण है । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के द्वारा, प्रभु ने घोषित किया था कि पौरोहित्य के अधिकार स्वर्ग की शक्तियों के साथ अविच्छेद्य रूप से जुड़े हुए हैं और यह कि धार्मिकता के सिद्धान्तों के अलावा स्वर्ग की शक्तियों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता या उन्हें संभाला नहीं जा सकता है (देखें सि. और अनु. 121:36) ।

उसने सावधान किया था कि जब पौरोहित्य धारक अपने पापों को छिपाने का प्रयास करता है या अपने अभिमान से प्रसन्न होता है, उसकी व्यर्थ महत्वकांक्षा, या

अधार्मिकता को किसी भी सीमा तक दूसरों की आत्माओं पर नियंत्रण या आधिपत्य या बाध्यकरण करने का प्रयोग करता है, स्वयं स्वर्ग उन्हें वापस ले लेती है; प्रभु की आत्मा शोकग्रस्त हो जाती है; और जब इसे वापस लिया जाता है, उस पुरुष का पौरोहित्य या उसका अधिकार उत्तरदायी हो जाता है । इससे पहले कि उसे इस बात का पता चले, वह अकेला हो चुका होता है (देखें सि. और अनु. 121:37–38) ।

सम्मत, सहिष्णुता, भद्रता और विनम्रता, निष्कपट प्रेम, उदारता, और शुद्ध ज्ञान के अलावा आप पौरोहित्य में किसी भी शक्ति या प्रभाव को बनाए नहीं रख सकते हैं, जो कि बिना ढोंग और छल-कपट के आत्मा का बड़ा विस्तार करेंगे । यदि आप पवित्र आत्मा के द्वारा किसी की निन्दा के लिए प्रेरित होते हैं, बाद में आप उस व्यक्ति के प्रति अधिक प्रेम व्यक्त करें जिसकी आपने निन्दा की है ताकि वह आपको अपने शत्रु के रूप में न जाने—वह जान सके कि आपकी विश्वसनीयता मृत्यु की डोर से मजबूत है (देखें सि. और अनु. 121:41–43) ।

जब आप धार्मिकता और प्रेम से पौरोहित्य का प्रयोग करते हैं, आप प्रभु के हाथों का एक औजार बनकर सेवा करने में आनन्द प्राप्त करेंगे ।

उसने कहा था कि आपको सभी लोगों के प्रति अपने हृदय में उदारता लानी चाहिए और परिवार में विश्वास और यह कि आपको बिना रुके अपने विचारों को सदगुण से सजाना चाहिए । तब आपका आत्मविश्वास परमेश्वर की उपस्थिति में मजबूत होगा, और पौरोहित्य के सिद्धान्त आपकी आत्मा में वैसे ही आश्वासन होंगे जैसे कि स्वर्ग की ओस ।

पवित्र आत्मा आपका निरन्तर साथी होगा; आपका अधिकारदण्ड धार्मिकता और सच्चाई का अपरिवर्तनीय अधिकारदण्ड होगा; आपका शासन अनन्त शासन होगा, और बिना किसी अनिवार्य साधन के यह आपके पास हमेशा और हमेशा के लिए रहेगा (देखें सि. और अनु. 121:45–46) ।

अतिरिक्त संदर्भः यूहन्ना 15:16; प्रेरितों के काम 8:14–20; याकूब 5:14–15; सि. और अनु. 13; 20; 84; 107; जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:68–73

हारुनी पौरोहित्य; गिरजाघर प्रशासन; मलकिसिदक पौरोहित्य; धर्मविधियाँ; सुसमाचार की पुनःस्थापना *भी देखें*

## निन्दा करना

निन्दा करना पवित्र चीजों का अनादर या तिरस्कार करना है । इसमें शामिल है परमेश्वरत्व के किसी भी सदस्य के नाम का लापरवाही से या अनादरपूर्वक उपयोग

करना । इसमें किसी भी प्रकार की अशुद्ध या अभद्र भाषा अथवा व्यवहार भी शामिल है ।

स्वर्गीय पिता, यीशु मसीह, और पवित्र आत्मा के नाम का उपयोग सदा ही श्रद्धापूर्वक या आदर से करना चाहिए । उनके नाम का दुरुपयोग पाप है । निन्दा, अभद्र, या अपरिपक्व भाषा अथवा संकेत, और यहां तक कि अनैतिक चुटकुले भी प्रभु के लिए और दूसरों के लिए आक्रमक हैं ।

घृणित भाषा आपकी आत्मा को हानि पहुँचा सकती है और आपको भ्रष्ट कर सकती है । घृणित भाषा के उपयोग के लिए दूसरों के प्रभावों को स्वयं पर हावी न होने दें । इसकी बजाय, शुद्ध भाषा का उपयोग करें जो दूसरों को प्रोत्साहित करती है और ऊँचा उठाती है । उन मित्रों का चुनाव करें जो अच्छी भाषा का उपयोग करते हों । एक ऐसा उदाहरण रखें जो आपके आस-पास के लोगों को शुद्ध भाषा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करे । यदि मित्र और परिचित लोग निन्दा करें, कृपया उन्हें अन्य शब्दों के चुनाव के लिए प्रोत्साहित करें । यदि वे अड़े रहें, भद्रतापूर्वक वहां से चले जाएं या विषय को बदल दें ।

यदि आपने कसम खाने की आदत को विकसित किया है, आप उसे खत्म कर सकते हैं । बदलने का निश्चय लेते हुए इसका आरंभ करें । सहायता के लिए प्रार्थना करें । यदि आप निन्दनीय भाषा के उपयोग के लोभ में पड़ते हैं, शान्त रहें या जो आप कहना चाहते हैं उसे दूसरे तरीके से कहें ।

अतिरिक्त संदर्भः लैव्यव्यवस्था 19:12; सि. और अनु. 63:60–64

शालीनता; प्रलोभन *भी देखें*

**भविष्यवाणी** (*देखें* प्रकटीकरण; आत्मिक उपहार)

## भविष्यवक्ता

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्यों के रूप में, जीवित भविष्यवक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन के लिए हम आशीषित हैं—प्रेरित पुरुष जिन्हें प्रभु के स्थान पर बोलने के लिए नियुक्त किया जाता है, बिल्कुल वैसे ही जैसे कि मूसा, यशायाह, पतरस, पौलुस, नफी, मॉरमन, और धर्मशास्त्रों के अन्य भविष्यवक्ता । हम गिरजाघर के अध्यक्ष का अपने भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, और प्रकटकर्ता के रूप में समर्थन करते हैं—पृथ्वी पर एकमात्र व्यक्ति जो पूरे गिरजाघर के मार्गदर्शन के लिए प्रकटीकरण प्राप्त करता है । हम प्रथम अध्यक्षता में सलाहकरों का और बारह

प्रेरितों की परिषद के सदस्यों का भी भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, और प्रकटकर्ता के रूप में समर्थन करते हैं ।

प्राचीन भविष्यवक्ताओं के समान, आज के भविष्यवक्ता भी यीशु मसीह की गवाही देते हैं और उसके सुसमाचार की शिक्षा देते हैं । वे परमेश्वर की ज्ञात इच्छा और सच्चे स्वभाव का निर्माण करते हैं । वे निडरता और स्पष्टता से बोलते हैं, पाप की भर्त्सना करते हुए और उसके परिणामों से सावधान करते हुए । समय-समय पर, हमारे लाभ के लिए भविष्य की घटनाओं की भविष्यवाणी के लिए वे प्रेरित भी हो सकते हैं ।

आप सदा जीवित भविष्यवक्ताओं पर भरोसा कर सकते हैं । उनकी शिक्षाएं प्रभु की इच्छा का आभास कराती हैं, जिसने घोषित किया था कि वह स्वयं कभी उस बात से नहीं मुकरता है जिसे उसने कहा है । उसने कहा है कि यद्यपि स्वर्ग और पृथ्वी हट सकते हैं, परन्तु उसके शब्द कभी नहीं हटेंगे बल्कि वे पूरे होंगे—चाहे उसके स्वयं की वाणी के द्वारा या उसके भविष्यवक्ताओं की वाणी के द्वारा, जो कि एक ही समान है (देखें सि. और अनु. 1:38) ।

आपकी अधिकत्तम सुरक्षा कड़े तौर पर प्रभु के उस शब्द के अनुसरण में है जो उसके भविष्यवक्ताओं के द्वारा आता है, विशेषकर गिरजाघर के जीवित भविष्यवक्ता के द्वारा । प्रभु सावधान करता है कि वे जो जीवित भविष्यवक्ताओं के शब्दों की अवहेलना करते हैं उनकी अवनति होगी (देखें सि. और अनु. 1:14–16) । वह उन लोगों के लिए महान आशीषों की प्रतिज्ञा करता है जो गिरजाघर के अध्यक्ष का अनुसरण करते हैं ।

उसने आज्ञा दी है कि हमें उन सभी शब्दों और आज्ञाओं पर ध्यान देना चाहिए जिसे भविष्यवक्ता देता है जब वह उसे प्रभु के समक्ष पवित्रता के सभी मार्गों पर चलते हुए प्राप्त करता है ।

क्योंकि हमें भविष्यवक्ता के शब्दों को धैर्य और विश्वास में वैसे प्राप्त करना चाहिए जैसे कि वे प्रभु के स्वयं के मुख से निकले हों ।

जब हम इन चीजों को करते हैं, नरक के द्वार हमारे विरूद्ध प्रबल नहीं होंगे, और प्रभु परमेश्वर हमारे समक्ष से अन्धकार की शक्तियों को तितर-बितर कर देगा और हमारी भलाई और उसके नाम की महिमा के लिए स्वर्गों को हीलने पर मजबूर कर देगा (देखें सि. और अनु. 21:4–6) ।

अतिरिक्त संदर्भः 2 इतिहास 20:20; आमोस 3:7; इफिसियों 2:19–20; 1 नफी 22:1–2; मुसायाह 13:33–35; सि. और अनु. 107:91–92; विश्वास के अनुच्छेद 1:6

**परिषद** (*देखें* पौरोहित्य)

**बारह प्रेरितों की परिषद** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

**सत्तर की परिषद** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

## सहायता संस्था

17 मार्च 1842 को नावू, इलिनोइस में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ द्वारा सहायता संस्था की स्थापना की गई थी । इसके स्थापना के दिनों में, सहायता संस्था के दो मुख्य उद्देश्य थेः गरीब और जरूरतमन्द लोगों को सहायता प्रदान करना और आत्माओं को बचाना । उन्हीं वास्तविक निर्देशित करने वाले सिद्धान्तों के साथ खरा रहे हुए, आज भी संगठन जारी है । पूरे संसार में, गिरजाघर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सहायता संस्था की बहनें पौरोहित्य धारकों के साथ मिलकर काम करती हैं । वे एक दूसरे का सहयोग करती हैं जब वेः

- प्रार्थना और धर्मशास्त्र अध्ययन के द्वारा यीशु मसीह की अपनी गवाहियों को बढ़ाती हैं ।
- पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों का अनुसरण करने के द्वारा आत्मिक बल खोजती हैं ।
- विवाहों, परिवारों, और घरों को मजबूत करने के लिए स्वयं को समर्पित करती हैं ।
- मातृत्व में उच्चता और नारीत्व में खुशी प्राप्त करती हैं ।
- सेवा और भलाई के कार्यों में हर्षित होती हैं ।
- जीवन और ज्ञान से प्रेम करती हैं ।
- सच्चाई और धार्मिकता में दृढ़ रहती हैं ।
- पृथ्वी पर परमेश्वर के अधिकारी के रूप में पौरोहित्य का समर्थन करती हैं ।
- मन्दिर की आशीषों में आनन्दित होती हैं ।
- अपने ईश्वरीय नियति को समझती हैं और उत्कर्ष के लिए प्रयास करती हैं ।

यदि आप सहायता संस्था में हैं, भेंट करने वाली एक शिक्षिका के रूप में सेवा के अपने काम को स्वीकार करके आप संगठन के लक्ष्य में अपना योगदान दे सकती हैं । जब आप नियुक्त की गई बहनों से भेंट करती हैं और उनकी सेवा करती हैं, सुसमाचार सीखाने और मित्रता बढ़ाने के लिए समय निकालें । व्यक्तिगत तौर पर किसी की सहायता करने के अतिरिक्त, आप परिवारों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा सकती हैं ।

वार्ड और शाखाओं के मार्गदर्शक सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक उस बहन के लिए भेंट करने वाली शिक्षिका नियुक्त की जाए जिसकी उम्र 18 वर्ष हो या उससे अधिक । प्रत्येक बहन की आत्मिक और लौकिक आवश्यकताओं को पूरा करने की सहायता के लिए पौरोहित्य मार्गदर्शक और सहायता संस्था की मार्गदर्शिकाएं उनके साथ मिलकर काम करते हैं ।

सहायता संस्था की बहन के रूप में, आप पूरे संसार की बहनसंघ की सदस्या हैं, यीशु मसीह की भक्ति में एक हैं । आप परमेश्वर की अन्य बेटियों के साथ विश्वास, सदगुण, दर्शन, और उदारता के साथ जुड़ती हैं, भलि-भांति इस ज्ञान से अवगत होते हुए कि आपके जीवन में अर्थ, उद्देश्य, और निर्देश है । सहायता संस्था में आपकी भागीदारी के द्वारा, आपके पास बहनसंघ और सहचारिता के आनन्द का, अर्थपूर्ण सेवा प्रदान करने का, अपनी गवाही और अपनी प्रतिभाओं को बांटने का, और आत्मिक तौर पर बढ़ने का सुअवसर है ।

## पश्चाताप

पश्चाताप सुसमाचार के प्रथम सिद्धान्तों में से एक है (देखें विश्वास के अनुच्छेद 1:4) । इस जीवन में और अनन्तता में प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए यह अति आवश्यक है । पश्चाताप गलत कार्यों को स्वीकारने से कहीं अधिक है । यह मन और हृदय का परिवर्तन है जो कि आपको परमेश्वर के, स्वयं के, और संसार के विषय में एक नई परिदृश्यता देता है । इसमें शामिल है पापों से मुंह फेर लेना और क्षमा के लिए परमेश्वर की तरफ मुड़ना । यह परमेश्वर के प्रति प्रेम द्वारा और उसकी आज्ञाओं के प्रति सच्ची इच्छा द्वारा प्रेरित होता है ।

### पश्चाताप की आवश्यकता

प्रभु ने घोषित किया है कि ''कोई भी अपवित्र वस्तु स्वर्ग के राज्य की अधिकारी नहीं हो सकती'' (अलमा 11:37) । अपने स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में

वापस जाने और रहने में आपके पाप आपको अशुद्ध—अयोग्य बनाते हैं । इस जीवन में वे आपकी आत्मा में वेदना लाते हैं ।

स्वर्गीय पिता ने यीशु मसीह के प्रायश्चित से, आपके पापों की क्षमा के लिए एकमात्र मार्ग प्रदान किया है (देखें ''क्षमादान'' पृष्ठ 70–72) । यीशु मसीह ने आपके पापों का भुगतान किया है ताकि यदि आप सच्चा पश्चाताप करते हैं तो आपको क्षमा किया जा सके । जब आप पश्चाताप करते हैं और उसके बचाने वाले अनुग्रह पर निर्भर होते हैं, आपको पापमुक्त किया जाएगा । उसने घोषित किया थाः

उसने हमें पश्चाताप करने की आज्ञा दी है अन्यथा वह अपने मुँह से निकले शब्दों के द्वारा और अपने रोष और अपने क्रोध के द्वारा हमें दण्ड देगा, और हमारे उत्पीड़न घाव बन जाएंगे—हम नहीं जानते हैं कि किस प्रकार का घाव, हम नहीं जानते हैं कि कितना गहरा घाव, हम नहीं जानते हैं कि उसे सहना कितना कठिन होगा ।

उसने इन सब चीजों को सारे लोगों के लिए सहा है, ताकि यदि हम पश्चाताप करते हैं तो हमें कष्ट न सहना पड़े ।

परन्तु यदि हम पश्चाताप नहीं करते हैं, हमें भी उसी के समान कष्ट सहना होगा,

उस पीड़ा को जिसके कारण—परमेश्वर को भी जो सबसे महान है, दर्द के कारण काँपना पड़ा था, जिसके रोम-रोम से लहू बहा था, जिसके शरीर और आत्मा ने पीड़ा महसूस किया था, और जिसने पूछा था हो सके तो उसे कड़वे प्याले को न पीना पड़े और जो पीछे हटा था ।

तिस पर भी, उसने पिता की ही बड़ाई की थी । उसने उस कड़वे प्याले को पीया था और हमारे प्रति अपने कार्य को पूरा किया था (देखें सि. और अनु. 19:15–19) ।

## पश्चाताप को विलम्ब करने का खतरा

अपने पापों को उचित न ठहराएं या पश्चाताप पर विलम्ब न करें । अमूलक ने सावधान किया थाः ''यह मानव जीवन परमेश्वर से मिलने की तैयारी करने के लिए है; हां, इस जीवन के दिन लोगों के लिए परिश्रम करने के दिन होते हैं . . .। मैं आग्रह करता हूं कि तुम अपने पश्चाताप के दिन को अन्तिम दिन के लिए मत टालो; क्योंकि इस जीवन के दिन हमारे अनन्त जीवन की तैयारी के लिए दिए गए हैं; अगर हम इसमें अपने भविष्य का सुधार नहीं करते, तब सुनो, अन्धेरी रात का समय आता है जिसमें कोई परिश्रम नहीं किया जा सकता'' (अलमा 34:32–33) ।

पश्चाताप के तत्व

पश्चाताप एक पीड़ादायक प्रक्रिया है, परन्तु यह क्षमादान और अनन्त शान्ति की तरफ ले जाती है । भविष्यवक्ता यशायाह के द्वारा प्रभु ने कहा था, ''तुम्हारे पाप चाहे लाल रंग के हों, तौभी वे हिम की नाई उजले हो जाएंगे; और चाहे अर्गजनी रंग के हों, तौभी वे ऊन के समान श्वेत हो जाएंगे'' (यशायाह 1:18) । इस प्रबंध में प्रभु ने प्रतिज्ञा की है कि जब हम अपने पापों का पश्चाताप कर लेते हैं, उन्हें क्षमा कर दिया जाता है, और वह उन्हें फिर याद नहीं रखता है (देखें सि. और अनु. 58:42) । पश्चाताप में निम्नलिखित तत्व सम्मिलित हैं:

*स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह में विश्वास ।* पाप की शक्ति बहुत बड़ी है । इससे आजाद होने के लिए, आपको स्वर्गीय पिता की तरफ मुड़ना होगा और विश्वास में प्रार्थना करनी होगी । शैतान आपको समझाने का प्रयास कर सकता है कि आप प्रार्थना करने के योग्य नहीं हैं—कि स्वर्गीय पिता आप से इतना अप्रसन्न है कि वह कभी भी आपकी प्रार्थनाओं को नहीं सुनेगा । यह झूठ है । आपका स्वर्गीय पिता सदैव आपकी सहायता के लिए तैयार है यदि आप उसके पास एक पश्चातापी हृदय के साथ आएंगे । उसके पास आपको चंगाई देने के लिए और पाप पर आपकी विजय प्राप्ति में सहायता के लिए शक्ति है ।

पश्चाताप यीशु मसीह में विश्वास का एक कार्य है—उसकी प्रायश्चित की शक्ति का एक कबूलनामा । याद रखें कि आपको केवल उसकी शर्तों पर ही क्षमा किया जा सकता है । जब आप अपने पापों के प्रति छुटकारे के लिए उसके प्रायश्चित और सामर्थ को भलि-भांति जान जाते हैं, तब आप ''पश्चाताप के लिए विश्वास का प्रयोग करने में'' समर्थ होते हैं (अलमा 34:17) ।

*पाप के लिए दुःखी हों ।* क्षमादान पाने की प्रक्रिया में, सबसे पहले आपको स्वयं स्वीकारना होगा कि आपने पाप किया है । यदि आप सुसमाचार जीने का प्रयास करते हैं, तब इस प्रकार का कबूलनामा ''परमेश्वर-भक्ति के शोक'' की तरफ ले जाता है, जो ''ऐसा पश्चाताप उत्पन्न करता है जिसका परिणाम उद्धार है'' (2 कुरिन्थियों 7:10) । परमेश्वर-भक्ति का शोक पाप के स्वाभाविक परिणामों के कारण या सज़ा के डर के कारण नहीं आता है, बल्कि यह उस कबूलनामे से आता है कि आपने अपने स्वर्गीय पिता और अपने उद्धारकर्ता को अप्रसन्न किया है । जब आप परमेश्वर-भक्ति के शोक का अनुभव करते हैं, तब आपके पास परिवर्तन के प्रति एक सच्ची इच्छा होती है और क्षमादान के लिए प्रत्येक आवश्यकता के लिए झुकने की इच्छा होती है ।

*पाप स्वीकार* / ''जो अपने अपराध छिपा रखता है, उसका कार्य सुफल नहीं होता, परन्तु जो उनको मान लेता और छोड़ भी देता है, उस पर दया की जाएगी'' (नीतिवचन 28:13) । क्षमादान की आवश्यकता है अपने स्वर्गीय पिता को इच्छापूर्वक वह सारी बातें बताना जिसे आपने किया है । विनम्र प्रार्थना में उसके समक्ष घुटने टेकें, अपने पापों को स्वीकार करते हुए । अपनी शर्म और अपने अपराध को स्वीकार करें, और तब सहायता के लिए याचना करें ।

गंभीर पाप, जैसे कि शुद्धता के नियम का उल्लंघन, गिरजाघर में आपकी सदस्यता को खतरे में डाल सकता है । इसलिए, आपको इन पापों को प्रभु के समक्ष और गिरजाघर में उसके प्रतिनिधियों के समक्ष स्वीकार करने की आवश्यकता है । ऐसा आपके धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष और संभवतः आपके स्टेक या मिशन अध्यक्ष की सहायता के तहत होता है, जो गिरजाघर में रक्षक या न्यायाधीश के रूप में सेवा करते हैं । जब कि केवल प्रभु आपके पापों को क्षमा कर सकता है, ये पौरोहित्य मार्गदर्शक पश्चाताप की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । वे आपके पाप स्वीकार की गोपनीयता को बनाए रखेंगे और पश्चाताप की पूरी प्रक्रिया के दौरान आपकी सहायता करेंगे । उनके साथ पूरी तरह से ईमानदार रहें । यदि आप आंशिक पाप स्वीकार करते हैं, केवल छोटी-छोटी गलतियों का वर्णन करते हुए, तो आप उस अत्याधिक गंभीर पाप के समाधान में समर्थ नहीं होंगे जिसे आपने नहीं बताया है । जितनी जल्दी आप इस प्रक्रिया को आरंभ करेंगे, उतनी ही जल्दी आप उस शान्ति और आनन्द को प्राप्त करेंगे जो क्षमादान के चमत्कार से आती है ।

*पाप को त्यागना* / यद्यपि पाप स्वीकार करना पश्चाताप का एक आवश्यक तत्व है, परन्तु यह पर्याप्त नहीं है । प्रभु ने कहा है कि अपने पापों से पश्चाताप की प्रक्रिया में, हमें उन्हें स्वीकार करना होगा और उन्हें छोड़ना होगा (देखें सि. और अनु. 58:43) ।

एक दृढ़, स्थाई निश्चय को बनाए रखें कि आप फिर से पाप को कभी भी नहीं दोहराएंगे । जब आप इस वचनबद्धता का पालन करते हैं, आप फिर से उस पाप की पीड़ा का अनुभव कभी भी नहीं करेंगे ।

किसी भी प्रकार की खतरनाक परिस्थिति से तुरन्त बचें । यदि कोई निश्चित परिस्थिति आपके पाप का कारण बनती है या आपको पाप करने के लिए उकसाती है, वहां से हट जाएं । आप प्रलोभन की उपस्थिति में रहते हुए पाप से बचने की प्रत्याशा नहीं कर सकते हैं ।

*पुनःप्रतिष्ठापन* / जितना हो सके उतना आपको अपनी क्रियाओं के द्वारा हुई क्षति की भरपाई करनी चाहिए, चाहे वह किसी की संपत्ति हो या किसी की अच्छी

प्रतिष्ठा । इच्छापूर्वक पुनःप्रतिष्ठापन प्रभु को प्रदर्शित करता है कि आप पश्चाताप के लिए वह सब करेंगे जिसे आप कर सकते हैं ।

*धार्मिक जीवन ।* बुराई का सामना करने या अपने जीवन को पापरहित बनाने का प्रयास ही पर्याप्त नहीं है । आपको अपने जीवन को धार्मिकता से भरना चाहिए और उस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए जो आत्मिक शक्ति लाती हैं । स्वयं को धर्मशास्त्रों में लीन करें । अपने स्वयं की शक्ति से अधिक बल प्राप्त करने के लिए प्रभु से नियमित प्रार्थना करें । समय-समय पर, विशिष्ट आशीषों के लिए उपवास रखें ।

पूरी आज्ञाकारिता आपके जीवन में सुसमाचार की पूरी शक्ति लाती है, अपनी दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने के अतिरिक्त बल को सम्मिलित करते हुए । इस आज्ञाकारिता में वे क्रियाएं शामिल हैं जिसे आप आरंभ में पश्चाताप का हिस्सा नहीं मानते थे, जैसे कि सभाओं में उपस्थिति होना, दसमांश देना, सेवा करना, और दूसरों को क्षमा करना । प्रभु ने वादा किया है कि यदि हम पश्चाताप करते हैं और उसकी आज्ञाओं का पालन करते हैं, हमें क्षमा किया जाएगा (देखें सि. और अनु. 1:32) ।

अतिरिक्त संदर्भः लूका 15:11–32; 2 नफी 9:19–24; मुसायाह 4:1–3, 10–13; 26:30–31; सि. और अनु. 18:10–16

यीशु मसीह का प्रायश्चित; बपतिस्मा; गिरजाघर अनुशासनिक समितियां; विश्वास; क्षमादान; उद्धार की योजना; पाप; प्रलोभन *भी देखें*

## सुसमाचार की पुनःस्थापना

जब यीशु मसीह पृथ्वी पर था, उसने अपने अनुयाइयों के मध्य अपने गिरजाघर को स्थापित किया था । उसके क्रूसारोहण के पश्चात और उसके शिष्यों के मत्युपरान्त, सुसमाचार की परिपूर्णता को फैले हुए धर्मत्याग के कारण पृथ्वी पर से वापस ले लिया गया था (देखें ''धर्मत्याग'', पृष्ठ 13–14) । कई पुरुषों और स्त्रियों ने उस महान धर्मत्याग की सदियों के दौरान सुसमाचार की सच्चाई की परिपूर्णता को खोजने का प्रयास किया था, परन्तु वे इसे खोजने में असमर्थ हुए थे । यद्यपि कई लोगों ने उद्धारकर्ता और उसकी शिक्षाओं का गंभीरता से प्रचार किया था, लेकिन किसी के पास भी सच्चाई की परिपूर्णता या परमेश्वर का पौरोहित्य अधिकार नहीं था ।

महान धर्मत्याग की अवधि आत्मिक अन्धकार का एक अवधि थी, परन्तु हम अभी एक ऐसे समय में रहते हैं जब हम ''मसीह के तेजोमय सुसमाचार के प्रकाश'' में चमकते हैं (2 कुरिन्थियों 4:4; सि. और अनु. 45:28 भी देखें) । सुसमाचार की परिपूर्णता को पुनःस्थापित किया गया है, और फिर से पृथ्वी पर यीशु मसीह का सच्चा गिरजाघर है । किसी भी अन्य संस्था की तुलना अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर से नहीं की जा सकती । यह किसी सुधार का परिणाम नहीं है, उन अच्छे अभिप्राय वाले पुरुष और स्त्रियों के साथ जो बदलाव लाने के लिए अपनी शक्तिनुसार सब कुछ करते हैं । यह यीशु मसीह द्वारा स्थापित गिरजाघर की पुनःस्थापना है । यह स्वर्गीय पिता और उसके प्रिय पुत्र का कार्य है ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य के रूप में, आप उन आशीषों को प्राप्त कर सकते हैं जो कि लगभग 2,000 वर्षों तक पृथ्वी पर अनुपस्थित थीं । बपतिस्मा और पुष्टिकरण की धर्मविधियों के द्वारा, आप अपने पापों से क्षमा प्राप्त कर सकते हैं और पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ का आनन्द ले सकते हैं । आप सुसमाचार को उसकी परिपूर्णता और सादगी के साथ से जी सकते हैं । आप परमेश्वरत्व के स्वभाव की, यीशु मसीह के प्रायश्चित की, पृथ्वी पर जीवन के उद्देश्य की, और मृत्युपरान्त जीवन की वास्तविकता की समझ को प्राप्त कर सकते हैं । आपके पास जीवित भविष्यवक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन का सुअवसर है, जो हमारे समय में परमेश्वर की इच्छा को सीखाते हैं । मन्दिर की धर्मविधियाँ आपको मार्गदर्शन और शान्ति प्राप्त करने में, अनन्त जीवन की तैयारी में, अनन्तता के लिए अपने परिवार के साथ मुहरबन्द होने में, और अपने मरे हुए पूर्वजों के प्रति बचाने वाली धर्मविधियों को प्रदान करने में समर्थ बनाती हैं ।

## पुनःस्थापना की घटनाएं

निम्नलिखित रूपरेखा सुसमाचार की पुनःस्थापना की और अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को संक्षिप्त करती है, जिसे प्रभु ने घोषित किया किया है कि पूरी पृथ्वी पर यही एकमात्र सच्चा और जीवित गिरजाघर है (देखें सि. और अनु. 1:30) ।

*वसन्त का प्रारंभ, 1820* / यीशु मसीह के सच्चे गिरजाघर को खोजते हुए, 14 वर्षीय जोसफ स्मिथ ने पालमीरा, न्युयार्क में अपने घर के नजदीक उपवन में प्रार्थना की थी । उसकी विनम्र प्रार्थना के जबाव में, स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह ने उससे भेंट की और उससे कहा कि वह किसी भी

गिरजाघर से न जुड़े जो उस समय पृथ्वी पर थे (देखें जोसप स्मिथ—इतिहास 1:11–19) । इस गिरजाघर में हम इस अनुभव को जोसफ स्मिथ के पहले दिव्यदर्शन के रूप में संदर्भ करते हैं ।

*21–22 सितंबर , 1823* / जोसफ स्मिथ से मरोनी नामक स्वर्गदूत मिलने आया । मरोनी ने आने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी की और जोसफ को स्वर्ण पट्टियों पर लिखे मॉरमन की पुस्तक के अभिलेख के विषय में बताया । दूत ने जोसफ को स्वर्ण पट्टियों को देखने की अनुमति दी, जो कि पास ही के कुमोराह नामक पहाड़ी पर गाड़े गये थे (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:27–53) ।

*22 सितंबर , 1827* / पहले के चार वर्षों तक प्रत्येक 22 सितंबर को मरोनी से मिलने के पश्चात जोसफ स्मिथ ने पहाड़ी कुमोराह पर गड़ी स्वर्ण पट्टियों को मरोनी से प्राप्त किया था (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:53, 59) ।

*15 मई , 1829* / पापों की क्षमा के लिए बपतिस्मा के विषय में पढ़ते हुए जैसे कि स्वर्ण पट्टियों के अनुवाद से पता चला था, जोसफ स्मिथ और उनके लिपिक ओलिवर काउड्री इस मामले से संबंधित प्रभु से पूछताछ के लिए एक निर्जन स्थान पर गए । वहां, हारमनी, पेन्सिलवेनिया के नजदीक सुस्क्वेहाना नदी के किनारे, उन्होंने अपनी प्रार्थना का उत्तर प्राप्त किया था । यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला, एक पुनरुत्थारित अस्तित्व, प्रकाश के एक बादल पर स्वर्ग के एक संदेशवाहक के रूप में उनसे मिलने आया । उसने उन्हें हारुनी पौरोहित्य प्रदान किया । तब, उसके आदेशों की आज्ञा का पालन करते हुए, जोसफ और ओलिवर ने एक दूसरे को बपतिस्मा दिया और एक दूसरे को हारुनी पौरोहित्य में नियुक्त किया (देखें जोसफ स्मिथ—इतिहास 1:68–72; सि. और अनु. 13 भी देखें) ।

*मई 1829* / प्राचीन प्रेरित पतरस, याकूब, और यूहन्ना ने जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को मलकिसिदक पौरोहित्य प्रदान किया था (देखें सि. और अनु. 128:20) ।

*जून 1829* / उपहार और परमेश्वर की शक्ति के द्वारा मार्गदर्शित (देखें सि. और अनु. 135:3), भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने मॉरमन की पुस्तक का अनुवाद पूरा किया था ।

*26 मार्च , 1830* / मॉरमन की पुस्तक की पहली छपी हुई प्रतियां पालमीरा, न्युयार्क में उपलब्ध हो गईं ।

*6 अप्रैल , 1830* / न्युयार्क के फायेट शहर में गिरजाघर संगठित हुआ था, छह सदस्यों के साथ आरंभ होते हुए ।

*27 मार्च , 1836* / कर्टलैंड मन्दिर, इस प्रबंध में निर्मित पहले मन्दिर को समर्पित किया गया था । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने समर्पण प्रार्थना की थी, जो उन्हें प्रकटीकरण के द्वारा दिया गया था (देखें सि. और अनु. 109) ।

*3 अप्रैल , 1836* / कर्टलैंड मन्दिर में जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को उद्धारकर्ता दिखाई दिया था । मूसा, एलिसा, और एल्लियाह भी दिखाई दिए थे और उन्होंने जोसफ और ओलिवर को पौरोहित्य कुंजियां प्रदान की थीं । एलिय्याह मुहरबन्दी की शक्ति की कुंजियों को लाया था, जो परिवारों के लिए मुहरबन्द होकर अनन्तता में एक साथ रहना संभव करता है (देखें सि. और अनु. 110) ।

## गिरजाघर की नियति

पुराने नियम के भविष्यवक्ता दानिय्येल ने भविष्यवाणी की थी कि परमेश्वर ''एक ऐसे राज्य का उदय'' करेगा जो ''अनन्त काल तक न टूटेगा'' और ''वह सदा स्थिर'' रहेगा (दानिय्येल 2:44) । इस भविष्यवाणी को करते समय, वह अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के विषय में बोला था, जो आज पृथ्वी पर परमेश्वर का राज्य है । उस दिन से जिस दिन गिरजाघर छह सदस्यों के साथ संगठिन हुआ था, यह बढ़ा और फला-फूला है, और यह तब तक बढ़ना जारी रहेगा जब तक कि ''पूरी पृथ्वी पर फैल'' न जाए (दानिय्येल 2:35; सि. और अनु. 65:2 भी देखें) । हर साल हजारों-सैकड़ों की तादात में लोगों का बपतिस्मा होता है । मॉरमन की पुस्तक का कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है । पूरे संसार में मन्दिरों का निर्माण हो रहा है । गिरजाघर के मुखिया के रूप में यीशु मसीह के साथ, जीवित भविष्यवक्ता गिरजाघर के विकास का तब तक मार्गदर्शन करेंगे जब तक कि उद्धारकर्ता के दूसरे आगमन के लिए पृथ्वी तैयार न हो जाए ।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने पुनःस्थापना की आशीषों के विषय में बताया था । उन्होंने घोषित किया था कि सुसमाचार में जिसे हमने प्राप्त किया है, हम एक खुशी की आवाज को सुनते हैं—स्वर्ग से दया की एक आवाज को और पृथ्वी से सच्चाई की एक आवाज को; मरे हुए लोगों के लिए खुशी का समाचार; जीवित और मरे हुए लोगों के लिए खुशी की एक आवाज; महान प्रसन्नता की खुशी का समाचार (देखें सि. और अनु. 128:19) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 2:1–3; 29:13–14; प्रेरितों के काम 3:19–21; प्रकाशितवाक्य 14:6–7; 2 नफी 3:3–15; सि. और अनु. 128:19–21; 133:36–39, 57–58; जोसफ स्मिथ—इतिहास

धर्मत्याग; जोसफ स्मिथ; प्रकटीकरण; यीशु मसीह का दूसरा आगमन *भी देखें*

## पुनरुत्थान

आदम और हव्वा के पतन के कारण, हम शारीकि मृत्यु के अधीन होते हैं, जो कि शरीर से आत्मा का अलग होना है । यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा, सभी लोग पुनरुत्थारित होंगे—शारीरिक मृत्यु से बचाए जाएंगे (देखें 1 कुरिन्थियों 15:22) । पुनरुत्थान एक परिपूर्ण, अमर अवस्था में आत्मा और शरीर का एक होना है, किसी बीमारी या मृत्यु के अधीन न होते हुए (देखें अलमा 11:42–45) ।

उद्धारकर्ता पृथ्वी पर पुनरुत्थारित होने वाला पहला व्यक्ति था । नये नियम में गवाही देते हुए कई विवरण पाये जाते हैं कि वह कब्र से जी उठा (देखें मत्ती 28:1–8; मरकुस 16:1–14; लूका 24:1–48; यूहन्ना 20:1–29; 1 कुरिन्थियों 15:1–8; 2 पतरस 1:16–17) ।

जब पुनरुत्थारित प्रभु अपने शिष्यों को दिखाई दिया था, उसने उनकी समझने में सहायता की थी कि उसके पास मांस और हड्डियों का एक शरीर है । उसने कहा था, ''मेरे हाथ और मेरे पांव को देखो, कि मैं वही हूं; मुझे छूकर देखो; क्योंकि आत्मा के हड्डी मांस नहीं होता जैसा मुझ में देखते हो'' (लूका 24:39) । अपने पुनरुत्थान के पश्चात वह नफायटियों को भी दिखाई दिया था (देखें 3 नफी 11:10–17) ।

पुनरुत्थान के समय, हम ''जीवित होकर परमेश्वर के सामने अपने कर्मों के अनुसार न्याय पाने के लिए खड़े होंगे, हम जिस प्रकार वर्तमान समय में ज्ञान रखते हैं, उसी तरह ज्ञान रखते हुए, और अपने सारे अपराधों की स्पष्ट स्मृति रखे हुए'' (अलमा 11:41, 43) । अनन्त महिमा जिसे हम प्राप्त करते हैं वह हमारी विश्वसनीयता पर आधारित होगी । यद्यपि सारे लोग पुनरुत्थारित होंगे, परन्तु केवल

वही लोग सलेस्टियल राज्य में उत्कर्ष के उत्तराधिकारी होंगे जो मसीह के पास आते हैं और उसके सुसमाचार की परिपूर्णता को ग्रहण करते हैं ।

पुनरुत्थान की समझ और गवाही आपको आशा और परिहृष्यता प्रदान कर सकती है जैसे-जैसे आप जीवन की चुनौतियों, परीक्षाओं, और विजय का अनुभव करते हैं । आप आश्वासन में सांत्वना प्राप्त कर सकते हैं कि उद्धारकर्ता जीवित है और यह कि अपने प्रायश्चित के द्वारा, ''मृत्यु के बन्धन को तोड़ देता है जिससे कब्र की विजय नहीं होती और मृत्यु का बन्धन यश की आशा द्वारा निगल लिया जाता है'' (अलमा 22:14) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 25:8; 26:19; यूहन्ना 5:25–29; 11:25–26; 1 कुरिन्थियों 15; इनोस 1:27; अलमा 40:23–26; 41; मॉरमन 9:12–14; सि. और अनु. 88:15–16; 93:33–34; मूसा 1:39 यीशु मसीह का प्रायश्चित; मृत्यु, शारीरिक; महिमा के राज्य; उद्धार की योजना; उद्धार; प्राण *भी देखें*

## प्रकटीकरण

प्रकटीकरण परमेश्वर का अपने बच्चों से बातचीत करना है । यह मर्गदर्शन किसी व्यक्ति, परिवार, और पूरे गिरजाघर की आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न स्रोतों से आता है ।

जब प्रभु गिरजाघर के लिए अपनी इच्छा को प्रकट करता है, वह अपने भविष्यवक्ता के द्वारा बात करता है । धर्मशास्त्र में इस प्रकार के कई प्रकटीकरण पाये जाते हैं—प्राचीन और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं के द्वारा प्रभु के शब्द । अपने चुने हुए सेवकों पर अपनी इच्छा प्रकट करने के द्वारा आज भी प्रभु ने गिरजाघर को निर्देश देना जारी रखा है ।

भविष्यवक्ता ही केवल वे लोग नहीं हैं जो प्रकटीकरण प्राप्त कर सकते हैं । अपनी विश्वसनीयता के अनुसार, अपने विशिष्ट आवश्यकताओं, जिम्मेदारियों, और प्रश्नों में अपनी सहायता के लिए और अपनी गवाही को मजबूत करने में अपनी सहायता के लिए आप भी प्रकटीकरण प्राप्त कर सकते हैं ।

### पवित्र आत्मा के द्वारा प्रकटीकरण को प्राप्त करने की तैयारी करना

धर्मशास्त्र विभिन्न प्रकार के प्रकटीकरण के विषय में बताते हैं, जैसे कि दिव्यदर्शन, स्वप्न, और दूतों द्वारा भेंटवार्ता । वार्तालाप की इस प्रकार की पद्धतियों के द्वारा, प्रभु ने अन्तिम दिनों में अपने सुसमाचार की पुनःस्थापना की है और

नश्वरता के पहले के अस्तित्व, मरे हुए लोगों की मुक्ति, और महिमा के तीन राज्यों के इस प्रकार के सिद्धान्तों से संबंधित सच्चाइयों को प्रकट किया है । फिर भी, गिरजाघर के मार्गदर्शकों और सदस्यों के पास अधिकतर प्रकटीकरण पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों के द्वारा आते हैं ।

शान्त आत्मिक फुसफुसाहटें दिव्यदर्शन या स्वर्गदूतों की भेंटवार्ता के समान आश्चर्यजनक प्रतीत नहीं हो सकती हैं, परन्तु वे अधिक शक्तिशाली और अनन्त और जीवन परिवर्तन करने वाली होती हैं । पवित्र आत्मा की साक्षी आत्मा पर एक प्रभाव डालती है जो किसी भी उस चीज से अधिक महत्वपूर्ण होता है जिसे आप देख या सुन सकते हैं । इस प्रकार के प्रकटीकरण के द्वारा, सुसमाचार के प्रति सच्चे बने रहने में और ऐसा ही करने के प्रति दूसरों की सहायता में आप अनन्त बल प्राप्त करेंगे ।

पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों को प्राप्त करने की आपकी तैयारी में निम्नलिखित सलाह आपकी मदद करेंगीः

*मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करें* / प्रभु ने कहा था, ''मांगो, तो तुम्हें दिया जाएगा; ढूंढो, तो तुम पाओगे; खटखटाओ, तो तुम्हारे लिए खोला जाएगा'' क्योंकि जो कोई मांगता है, उसे मिलता है; और जो ढूंढता है, वह पाता है; और जो खटखटाता है, उसक लिए खोला जाएगा'' (मत्ती 7:7–8) । खोजने और प्राप्त करने की प्रक्रिया में, आपको ढूंढना और मांगना होगा । परन्तु यदि आप विनम्र प्रार्थना में पिता के पास जाते हैं, अंततः आप प्रकटीकरण पर प्रकटीकरण और ज्ञान पर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, ताकि आप रहस्य और शान्ति की बातों को जान सकें—वह जो आनन्द देती है, वह जो अनन्त जीवन लाती है (देखें सि. और अनु. 42:61) ।

*श्रद्धालु रहें* / श्रद्धा एक गहन आदर और प्रेम है । जब आप श्रद्धापूर्वक और शान्तिपूर्वक होते हैं, आप प्रकटीकरण को आमंत्रित करते हैं । जब आपके आस-पास शोरगुल हो, तब भी आपके पास श्रद्धालु आचरण हो सकता है और प्रभु से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए आप तैयार हो सकते हैं ।

*विनम्र रहें* / विनम्रता का श्रद्धा के साथ घनिष्ट संबंध है । जब आप विनम्र होते हैं, आप प्रभु पर अपनी निर्भरता को पहचानते हैं । भविष्यवक्ता मॉरमन ने सीखाया था, ''दीनता और हृदय की नम्रता से, पवित्र आत्मा आती है जो कि हमें सांत्वना देकर हमें आशा से और संपूर्ण प्रेम से भर देती है'' (मरोनी 8:26) ।

*आज्ञाओं का पालन करें* / जब आप आज्ञाओं का पालन करते हैं, आप पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों को प्राप्त करने, उसे पहचानने, और उसके अनुसरण के लिए तैयार होते हैं । प्रभु ने वादा किया है कि यदि आप उसकी आज्ञाओं का पालन

करते हैं, वह आप पर अपने राज्य के रहस्यों को खोलेगा जो कि आप में जीवित पानी का एक कुंआ होगा, अनन्त जीवन की तरह फूटते हुए (देखें सि. और अनु. 63:23) ।

*योग्यता से प्रभुभोज लेना ।* प्रभुभोज की प्रार्थनाएं सीखाती हैं कि किस प्रकार पवित्र आत्मा के निरन्तर साथ को प्राप्त करना है । जब आप प्रभुभोज लेते हैं, आप परमेश्वर को साक्षी देते हैं कि आप अपने ऊपर उसके पुत्र के नाम को ग्रहण करने के इच्छुक हैं और यह कि आप सदैव उसे याद रखेंगे और उसकी आज्ञाओं का पालन करेंगे । स्वर्गीय पिता वादा करता है कि जब आप इन अनुबन्धों को मानते हैं, तब आपके साथ रहने के लिए आत्मा सदा आपके साथ होगी (देखें सि. और अनु. 20:77, 79) ।

*प्रतिदिन धर्मशास्त्रों का अध्ययन करें ।* जब आप निष्ठापूर्वक धर्मशास्त्रों का अध्ययन करते हैं, आप उन पुरुषों और स्त्रियों के उदाहरण से सीखते हैं जिनके जीवन आशीषित हुए हैं जैसे-जैसे उन्होंने प्रभु की प्रकट इच्छा का अनुसरण किया है । आप अपने स्वयं के जीवन में पवित्र आत्मा के प्रति अधिक ग्रहणशील भी बनते हैं । जब आप पढ़ते और मनन करते हैं, आप प्रकटीकरण प्राप्त कर सकते हैं कि किस प्रकार एक निश्चित धर्मशास्त्र अनुच्छेद आप पर लागू होता है या किसी अन्य प्रकटीकरण को प्राप्त कर सकते हैं जिसे प्रभु आपको बताना चाहता है । क्योंकि धर्मशास्त्र पठन व्यक्तिगत प्रकटीकरण प्राप्त करने में आपकी सहायता कर सकते हैं, आपको प्रतिदिन धर्मशास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए ।

*मनन के लिए समय निकालें ।* जब आप सुसमाचार की सच्चाइयों पर मनन करने का समय निकालते हैं, पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन करने वाले प्रभाव के लिए आपका मन और हृदय खुल जाता है (देखें 1 नफी 11:1; सि. और अनु. 76:19; 138:1–11) । मनन आपके विचारों को संसार की तुच्छ चीजों से हटाकर आपको आत्मा के नजदीक ले जाता है ।

*जब विशिष्ट मार्गदर्शन का प्रयास करते हैं, अपने मन में उस विषय पर अध्ययन करें ।* समय-समय पर प्रभु का संदेश तभी आता है जब आपने अपने मन में किसी विषय का अध्ययन किया होता है । प्रभु ने इस प्रक्रिया को ओलिवर काउड्री को समझाया था, जिसने मॉरमन की पुस्तक के अधिकतर अनुवाद में जोसफ स्मिथ के लिपिक के रूप में काम किया था । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के द्वारा, प्रभु ने ओलिवर काउड्री से बात की थी, समझाते हुए कि क्यों ओलिवर मॉरमन की पुस्तक के अनुवाद में समर्थ नहीं हुआ था यद्यपि अनुवाद के लिए उसे उपहार दिया गया था । प्रभु ने कहा था कि ओलिवर को समझ में नहीं आया था; उसने माना था कि

प्रभु उसे इस क्षमता को देगा, जब ओलिवर ने पूछने के अलावा इस पर कोई विचार नहीं किया था । प्रभु ने पहले ओलिवर को इस विषय पर उसके मन में अध्ययन करने और फिर पूछने के लिए कहा था कि क्या यह सही था । यदि यह सही होता, प्रभु ओलिवर की छाती में ज्वलनशीलता उत्पन्न करता; और इस प्रकार; वह जान जाता कि यह सही था (देखें सि. और अनु. 9:7–8) ।

*धैर्यपूर्वक परमेश्वर की इच्छा को खोजें ।* परमेश्वर स्वयं अपने समय के अनुसार और अपने स्वयं के तरीके से और अपनी स्वयं की इच्छानुसार प्रकट करता है (देखें सि. और अनु. 88:63–68) । संभवतः प्रकटीकरण आपके पास ''नियम पर नियम, आज्ञा पर आज्ञा, थोड़ा यहां और थोड़ा वहां'' आएगा (2 नफी 28:30; यशायाह 28:10; सि. और अनु. 98:12 भी देखें) । आत्मिक चीजों को बाध्य करने का प्रयास न करें । प्रकटीकरण इस प्रकार नहीं आता है । प्रभु के समय में धैर्य और विश्वास रखें ।

## पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों को पहचानना

आज संसार में कई आवाजों और संदेशवाहकों के मध्य, आपको पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों को पहचानना सीखना होगा । निम्नलिखित कुछ मुख्य तरीके हैं जिससे पवित्र आत्मा हम से बातचीत करता हैः

*वह मन और हृदय के साथ एक शान्त, धीमी आवाज से बात करता है ।* प्रभु ने सीखाया था कि वह पवित्र आत्मा के द्वारा आपके मन में और हृदय में बताएगा, जो आप पर आएगा और आपके हृदय में रहेगा । उसने कहा था कि यह प्रकटीकरण की आत्मा है (देखें सि. और अनु. 8:2–3) । कभी-कभी पवित्र आत्मा सुसमाचार की सच्चाई को समझने में आपकी सहायता करेगा या एक तत्पर फुसफुसाहट सुनाई देगी जिससे ऐसा प्रतीत होगा कि वह आपके मन में निवास कर गया है और स्वयं आपकी अनुभूतियों को बाध्य कर रहा है (देखें सि. और अनु. 128:1) । यद्यपि इस प्रकार के प्रकटीकरण का आप पर एक शक्तिशाली प्रभाव हो सकता है, अधिकतर सदा यह चुपके से आता है, एक ''शान्त धीमी आवाज'' के रूप में (देखें 1 राजा 19:9–12; इलामन 5:30; सि. और अनु. 85:6) ।

*वह हमारी अनुभूतियों के द्वारा हमसे तत्परता से बात करता है ।* यद्यपि हम अक्सर आत्मा से बातचीत का वर्णन एक आवाज के रूप में करते हैं, वह आवाज एक ऐसी आवाज है जिसे हम सुनने से अधिक महसूस करते हैं । और जब हम पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों के ''सुनने'' के विषय में बात करते हैं, अक्सर हम यह कहने के द्वारा एक आत्मिक तत्परता का वर्णन करते हैं, ''मुझे महसूस

हुआ था . . .'' । सिद्धान्त और अनुबन्ध के खण्ड 9 में ओलिवर काउड्री को प्रभु की सलाह, जिसकी चर्चा पृष्ठ 143 पर हुई है, इस सिद्धान्त को सीखाती है । फिर भी, कभी-कभी इस सलाह को गलत समझा जाता है । उस अनुच्छेद को पढ़ने पर, गिरजाघर के कुछ सदस्य उलझन में पड़ जाते हैं, डरते हुए कि उन्होंने पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों को कभी भी प्राप्त नहीं किया है क्योंकि उन्होंने अपनी छाती में कभी भी ज्वलनशीलता का अनुभव नहीं किया है । ध्यान दें कि प्रभु ने कहा था कि यदि कुछ सही होता, तो ओलिवर महसूस कर सकता था कि वह सही था (देखें सि. और अनु. 9:8) । धर्मशास्त्र के इस अनुच्छेद में वर्णन की गई ज्वलनशीलता का अभिप्राय सांत्वना और शान्ति से है, यह आवश्यक नहीं है कि वह गर्मजोशी की एक अनुभूति हो । जब आप अपने जीवन में प्रभु की इच्छा को खोजना और उसका अनुसरण करना जारी रखते हैं, आप पहचानने में समर्थ होंगे कि किस प्रकार पवित्र आत्मा व्यक्तिगत तौर पर आप पर प्रभाव डालता है ।

*वह शान्ति लाता है ।* पवित्र आत्मा को अक्सर सहायक कहते हैं (देखें यूहन्ना 14:26; सि. और अनु. 39:6) । जब वह आप पर प्रभु की इच्छा को प्रकट करेगा, वह आपके मन में शान्ति से बात करेगा (देखें सि. और अनु. 6:23) । जिस शान्ति को वह देता है उसे सांसारिक प्रभावों या झूठी शिक्षाओं के द्वारा बनावटी नहीं कहा जा सकता है । यह वह शान्ति है जिसकी उद्धारकर्ता ने प्रतिज्ञा की थी जब उसने अपने शिष्यों को आश्वासन दिया था कि वह सहायक भेजेगाः ''मैं तुम्हें शान्ति दिए जाता हूं, अपनी शान्ति तुम्हें देता हूं; जैसे संसार देता है, मैं तुम्हें नहीं देताः तुम्हारा मन न घबराए और न डरे'' (यूहन्ना 14:27) ।

अतिरिक्त संदर्भः आमोस 3:7; मत्ती 16:13–18; 1 कुरिन्थियों 2:9–14; 12:3; प्रकाशितवाक्य 19:10; अलमा 5:43–48; 17:2–3; सि. और अनु. 76:5–10; 121:26–33; विश्वास के अनुच्छेद 1:7, 9

विश्वास; पवित्र आत्मा; प्रार्थना; श्रद्धा; धर्मशास्त्र; आत्मिक उपहार *भी देखें*

## श्रद्धा

श्रद्धा एक गहन आदर और प्रेम है । जब परमेश्वर की तरफ आपका आचरण श्रद्धापूर्वक होता है, आप उसका सम्मान करते हैं, उसके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं, और उसकी आज्ञाओं का पालन करते हैं ।

आपको अपने व्यवहार और आचरण में श्रद्धापूर्वक होना चाहिए । श्रद्धापूर्वक व्यवहार में शामिल है प्रार्थना, धर्मशास्त्र अध्ययन, उपवास, और दसमांश और भेटों का भुगतान करना । इसमें शामिल है शालीन कपड़े पहनना और स्वच्छ, हितकर

भाषा का उपयोग करना । श्रद्धा की आपकी अवस्था संगीत और अन्य मनोरंजन के आपके चुनाव का, पवित्र विषयों पर आपके बोलने के तरीके का, और जब आप गिरजाघर और मन्दिर में उपस्थित होते हैं तब आपके पहनावे और कार्य का प्रमाण है । आप प्रभु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं जब आप दूसरे लोगों की सेवा करते हैं और उनके साथ दयालु होते हुए आदरपूर्वक व्यवहार करते हैं ।

जैसे-जैसे आप अधिक श्रद्धालु होते हैं, आप अपने जीवन में एक निश्चल बदलाव देखेंगे । प्रभु अपनी आत्मा को आप पर प्रचुरता में उड़ेलेगा । आपकी परेशानी और उलझन कम होगी । व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं के समाधान में अपनी सहायता के लिए आप प्रकटीकरण प्राप्त करने में समर्थ होंगे ।

जैसे श्रद्धा आपको परमेश्वर के नजदीक लाती है, वैसे ही अनादर शैतान के निकट ले जाता है । शैतान चाहेगा कि आप तेज आवाज़ में, उत्तेजित होकर, और विवाद करते हुए संसार के चलन का अनुसरण करें और आपकी संयम और प्रतिष्ठा कम हो । एक सेनापति द्वारा अपनी सेना की चढ़ाई की तैयारी के समानै, वह आपके और प्रभु के बीच संपर्क के सभी माध्यमों को भंग करने की कोशिश करेगा । इस प्रकार की रणनीतियों से सावधान रहें, और जो भी आप करते हैं उसमें श्रद्धालु होने का प्रयत्न करें ।

अतिरिक्त संदर्भः लैव्यव्यवस्था 26:2; भजन संहिता 89:5–7; इब्रानियों 12:28; सि. और अनु. 59:21; 63:61–62, 64; 109:21

विश्वास; आभार; शालीनता; प्रार्थना; प्रकटीकरण; आराधना *भी देखें*

## सब्त

सब्त प्रभु का दिन है जिसे प्रत्येक सप्ताह विश्राम और आराधना के लिए नियुक्त किया गया है । पुराने नियम के समय में, परमेश्वर के अनुबन्धित लोग सब्त का पालन सप्ताह के सातवें दिन करते थे क्योंकि परमेश्वर ने सातवें दिन विश्राम किया था जब उसने पृथ्वी की सृष्टि की थी । दस आज्ञाओं में प्रभु ने सब्त के पालन के महत्व पर बल दिया हैः

''तू विश्रामदिन को पवित्र मानने के लिए स्मरण रखना ।

''छः दिन तो तू परिश्रम करके अपना सब काम काज करनाः

''परन्तु सातवां दिन तेरे परमेश्वर यहोवा के लिए विश्रामदिन है । उस में न तो तू किसी भांति का काम काज करना, और न तेरा बेटा, न तेरी बेटी, न तेरा दास, न तेरी दासी, न तेरे पशु, न कोई परदेशी जो तेरे फाटकों के भीतर होः

''क्योंकि छः दिन में यहोवा ने आकाश और पृथ्वी, और समुद्र, और जो कुछ उन में है, सब को बनाया, और सातवें दिन विश्राम किया; इस कारण यहोवा ने विश्रामदिन को आशीष दी और उसको पवित्र ठहराया'' (निर्गमन 20:8–11) ।

यीशु मसीह के पुनरुत्थान के पश्चात, जो कि सप्ताह के पहले दिन हुआ था, प्रभु के शिष्यों ने सप्ताह के पहले दिन, रविवार को सब्त का पालन करना आरंभ किया था (देखें प्रेरितों के काम 20:7) ।

अन्तिम दिनों में, प्रभु ने हमें सब्त के पालन को जारी रखने की आज्ञा दी है । उसने हमसे वादा किया है कि यदि हम इस आज्ञा का पालन करते हैं, हम पृथ्वी की पूर्णता को प्राप्त करेंगे (देखें सि. और अनु. 59:16–20) ।

क्योंकि सब्त एक पवित्र दिन है, इसे योग्य और पवित्र गतिविधियों के लिए रखना चाहिए । काम और मनोरंजन से परहेज करना ही पर्याप्त नहीं है । वास्तव में, सब्त पर कुछ नहीं करते हुए हम केवल व्यर्थ ही बैठे रहते हैं, और दिन को पवित्र रखने में असफल हो जाते हैं । 1831 में जोसफ स्मिथ को दिये गए एक प्रकटीकरण में, प्रभु ने आज्ञा दी थी कि हम प्रार्थना के घर में जाएं और उसके पवित्र दिन पर अपना प्रभुभोज लें ताकि हम संसार के समक्ष स्वयं को पूरी तरह से बेदाग रख सकें । उसने कहा कि यही वह दिन है जिसे हमारे प्रति अपने काम से आराम करने और उस परमेश्वर के प्रति हमारी भक्ति के लिए बनाया गया है जो अत्याधिक ऊँचाई पर विराजमान है (देखें सि. और अनु. 59:9–10) । इस प्रकटीकरण के समन्वय में, प्रत्येक सप्ताह हम प्रभुभोज सभा में उपस्थित होते हैं । सब्त के दिन की अन्य गतिविधियों में शामिल है प्रार्थना करना, चिन्तन-मनन करना, धर्मशास्त्रों और अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं की शिक्षाओं का अधययन करना, परिवार के सदस्यों और मित्रों को पत्र लिखना, हितकर सामग्रियों को पढ़ना, बीमार और दुखी लोगों से मिलने जाना, और गिरजाघर सभाओं में उपस्थिति होना ।

अतिरिक्त संदर्भः निर्गमन 31:16–17; मुसायाह 18:23; सि. और अनु. 59:11–14; 68:29

श्रद्धा; प्रभुभोज; आराधना *भी देखें*

## प्रभुभोज

अपने क्रूसारोहण से पहले की रात को, यीशु मसीह अपने प्रेरितों से मिला और प्रभुभोज को स्थापित किया । ''उस ने रोटी ली, और धन्यवाद करके तोड़ी, और उनको यह कहते हुए दी, कि यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिए दी जाती है: मेरे स्मरण के लिए यही किया करो । इसी रीति से उसने बियारी के बाद कटोरा

भी यह कहते हुए दिया, कि यह कटोरा मेरे उस लोहू में जो तुम्हारे लिये बहाया जाता है नई वाचा है'' (लूका 22:19–20) । अपने पुनरुत्थान के पश्चात, उसने प्रभुभोज को नफायटियों के बीच स्थापित किया था (देखें 3 नफी 18:1–11) ।

आज हम रोटी और पानी यीशु मसीह के प्रायश्चित भरे बलिदान की याद में लेते हैं । यह धर्मविधि हमारी आराधना और हमारे आत्मिक विकास का एक महत्वपूर्ण भाग है । जितना अधिक हम इसके महत्व पर मनन करते हैं, हमारे लिए यह उतना ही पवित्र बन जाता है ।

उद्धारकर्ता और उसके प्रायश्चित को याद करना

प्रभुभोज, आपको परमेश्वर के पुत्र के जीवन, सेवकाई, और प्रायश्चित को आभार के साथ याद करने का एक अवसर प्रदान करता है ।

टुटी हुई रोटी से, आप उसके शरीर को याद करते हैं । आप उसकी शारीरिक पीड़ा—विशेषकर क्रूस पर होने वाली पीड़ा पर विचार कर सकते हैं । आप याद कर सकते हैं कि उसकी दया और अनुग्रह से, सभी लोग पुनरुत्थारित होंगे और सभी को परमेश्वर के साथ अनन्त जीवन का अवसर दिया जाएगा ।

पानी के छोटे प्याले से, आप याद कर सकते हैं कि उद्धारकर्ता ने तीव्र आत्मिक उत्पीड़न और वेदना में अपना लहू बहाया था, गतसमनी के बाग में आरंभ करते हुए । वहां उसने कहा था, ''मेरा जी बहुत उदास है, यहां तक कि मेरे प्राण निकलना चाहते हैं'' (मत्ती 26:38) । पिता की इच्छा को स्वीकार करते हुए, हमारी समझ से कहीं अधिक उसने सहा था । रोम-रोम से लहू बहा था, उसके लोगों की दुष्टता और घृणा के लिए उसकी वेदना इतनी अधिक थी (देखें मुसायाह 3:7) । आप याद कर सकते हैं कि अपने लहू बहाये जाने के द्वारा, यीशु मसीह ने आपको और अन्य लोगों को उससे बचाया जिसे धर्मशास्त्र आदम के उल्लंघन का प्रथम पाप कहते हैं (देखें मूसा 6:54) । आप याद कर सकते हैं कि उसने स्वर्गीय पिता के सभी बच्चों के पाप, दुःख, पीड़ा को भी सहा था, उन लोगों के पापों को क्षमा दिलाते हुए जो पश्चाताप करते हैं और सुसमाचार के अनुसार जीते हैं (देखें 2 नफी 9:21–23) ।

अनुबन्धों और प्रतिज्ञा की हुई आशीषों का नवीनीकरण करना

जब आप प्रभुभोज लेते हैं, आप परमेश्वर को साक्षी देते हैं कि उसके पुत्र की आपकी याद उस पवित्र धर्मविधि की अल्प अवधि से भी आगे तक जाएगी । आप उसे सदैव याद रखने की प्रतिज्ञा करते हैं । आप साक्षी देते हैं कि आप यीशु मसीह के नाम को सदा अपने ऊपर ग्रहण करने के इच्छुक हैं और यह कि आप उसकी

आज्ञाओं का पालन करेंगे । प्रभुभोज लेने और इन वचनबद्धताओं को करने से, आप अपने बपतिस्मा के अनुबन्धों का नवीनीकरण करते हैं (देखें मुसायाह 18:8–10; सि. और अनु. 20:37) ।

आप महान आशीषें प्राप्त करते हैं जब आप बपतिस्मा के अनुबन्धों का पालन करते हैं । जब आप इनका नवीनीकरण करते हैं, तब प्रभु आपके पापों की क्षमा की प्रतिज्ञा का नवीनीकरण करता है । पाप मुक्त होने से, आप अपने साथ उसकी आत्मा को रखने में सदैव समर्थ होंगे (देखें सि. और अनु. 20:77) । आत्मा का निरन्तर साथ एक महानत्तम उपहार है जिसे आप नश्वरता में प्राप्त कर सकते हैं । धार्मिकता और शान्ति के मार्गों पर आत्मा आपका मार्गदर्शन करेगा, स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह के साथ आपके अनन्त जीवन की तरफ ले जाते हुए ।

योग्य रीति से हिस्सा लेना

प्रत्येक सप्ताह प्रभुभोज की तैयारी में, अपने जीवन को जाँचने के लिए और अपने पापों के पश्चाताप के लिए समय निकालें । प्रभुभोज लेने की प्रक्रिया में आपको परिपूर्ण होने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु आपके हृदय में विनम्रता और पश्चाताप की आत्मा होनी चाहिए । प्रत्येक सप्ताह आपको निराश हृदय और एक शोकार्त आत्मा के साथ उस पवित्र धर्मविधि की तैयारी करनी चाहिए (देखें 3 नफी 9:20) ।

यदि आप प्रभुभोज में उस श्रद्धा और औपचारिकता से हिस्सा लेते हैं जिसका कि यह पात्र है, यह आत्मविश्लेषण, पश्चाताप, और पुनःसमर्पित का एक साप्ताहिक अवसर बन जाता है—बल का और उद्धारकर्ता के प्रायश्चित के प्रति एक निरन्तर स्मरण का एक साधन ।

अतिरिक्त संदर्भः 1 कुरिन्थियों 11:23–29; मरोनी 4–5; सि. और अनु. 20:75–79; 27:2

यीशु मसीह का प्रायश्चित; अनुबन्ध *भी देखें*

## प्रभुभोज सभा (*देखें* सब्त; प्रभुभोज; सेवा)

## बलिदान

बलिदान करना किसी ऐसी वस्तु का त्याग करना है जिसे हम बहुत ही मूल्यवान होने के कारण महत्व देते हैं । अन्तिम-दिनों के सन्तों के रूप में, हमारे पास प्रभु और उसके राज्य के प्रति सांसारिक चीजों के बलिदान का अवसर है । अन्तिम-दिनों

के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्यों को प्रभु द्वारा अपेक्षित किसी भी प्रकार के बलिदान के लिए इच्छुक होना चाहिए । यदि हमसे बलिदान की अपेक्षी नहीं की जाती, तो हम अनन्त उद्धार के प्रति आवश्यक विश्वास को बढ़ाने में कभी भी समर्थ नहीं होते ।

यीशु मसीह का प्रायश्चित सुसमाचार के केन्द्र का महान और अनन्त बलिदान है (देखें अलमा 34:8–16) । उद्धारकर्ता के प्रायश्चित वहन करने से पहले, उसके अनुबन्धित लोग उसके बलिदान के चिन्ह के रूप में जानवरों की बलि चढ़ाते थे । इस प्रथा ने प्रायश्चित से आगे देखने में उनकी सहायता की थी (देखें मूसा 5:4–8) । यीशु मसीह की मृत्यु के साथ ही जानवरों की बलि चढ़ाने की आज्ञा का अन्त हुआ था । आज गिरजाघर में, उद्धारकर्ता के प्रायश्चित भरे बलिदान की याद में हम प्रभुभोज लेते हैं ।

यीशु मसीह के प्रायश्चित भरे बलिदान को याद करने के अतिरिक्त, हमें अपने स्वयं का बलिदान करना है: एक निराश हृदय और एक शोकार्त आत्मा । उद्धारकर्ता ने कहा था: ''तुम रक्त की आहुति मुझे और मत दो; हां, तुम्हारे बलिदान और अग्नि में जली आहुति का अब अन्त हो जाना चाहिए, क्योंकि अब मैं तुम्हारी बलि और आहुतियों को स्वीकार नहीं करूँगा । अब मेरे लिए एक निराश हृदय और एक शोकार्त आत्मा की बलि दिया करो । और मेरे पास जो कोई निराश हृदय और शोकार्त आत्मा से आएगा उसको मैं अग्नि और पवित्र आत्मा से बपतिस्मा दूँगा'' (3 नफी 9:19–20) ।

एक निराश हृदय और एक शोकार्त आत्मा का होना विनम्र होना और परमेश्वर की इच्छा और उन लोगों की सलाह के प्रति ग्रहणशील होना है जिन्हें उसने अपने गिरजाघर के मार्गदर्शन के लिए नियुक्त किया है । पाप के कारण अत्याधिक दुख की अनुभूति और पश्चाताप के प्रति एक सच्ची इच्छा भी इसका अर्थ है । भविष्यवक्ता लेही ने इस बलिदान के महत्व पर बल दिया था: ''देखो, नियम की आवश्यकतानुसार, उन सभी टुटे हृदय और शोकातुर-लोगों के किए पापों के लिए उसने अपने आपको बलिदान कर देने को प्रस्तुत कर दिया है, और नियम का उत्तर किसी भी अन्य के द्वारा नहीं दिया जा सकता'' (2 नफी 2:7) ।

यदि आप बलिदान के लिए इच्छुक हैं जैसा कि प्रभु ने आज्ञा दी है, आप उसके द्वारा स्वीकार किये जाएंगे । उसने कहा था कि वे सभी जो जानते हैं कि उनका हृदय सच्चा और निराश है और उनकी आत्माएं शोकार्त हैं और जो बलिदान करने के द्वारा अपने अनुबन्धों के पालन के प्रति इच्छुक हैं—प्रत्येक बलिदान जिसकी वह आज्ञा देता है—वह उन्हें स्वीकार करता है (देखें सि. और अनु. 97:8) । एक

अनन्त दृष्टिकोण के साथ, आप देख सकते हैं कि संसार की वस्तुओं को त्यागना वास्तव में कोई बड़ा बलिदान नहीं है । आशीषें जिसे आप प्राप्त करते हैं वह किसी भी उस चीज से महान है जिसका आप बलिदान करते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 19:16–22; सि. और अनु. 59:8

यीशु मसीह का प्रायश्चित; प्रेम; आज्ञाकारिता; पश्चाताप; प्रभुभोज; सेवा *भी देखें*

## उद्धार

अन्य ईसाइयों के साथ आपकी बातचीत में, कभी-कभी आप से पूछा जा सकता है, ''क्या आप बचाए गए हैं ?'' वे लोग जो इस प्रश्न को साधारणतः पूछते हैं, सच्चाई से पाप स्वीकार करने की प्रक्रिया को या घोषित करने को संदर्भ करते हैं कि आपने यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया है । प्रश्न को पूछकर वे प्रेरित पौलुस द्वारा लिखे निम्नलिखित शब्दों में अपने विश्वास का प्रदर्शन करते हैंः

''यदि तू अपने मुंह से यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार करे और अपने मन में विश्वास करे, कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तू निश्चय उद्धार पाएगा । क्योंकि धार्मिकता के लिए मन से विश्वास किया जाता है, और उद्धार के लिए मुंह से अंगीकार किया जाता है'' (रोमियों 10:9–10) ।

### ''क्या आप बचाए गए हैं ?'' प्रश्न का उत्तर देना

रोमियों 10:9–10 में, शब्द *बचाए गए* और *उद्धार* का अभिप्राय यीशु मसीह के साथ एक अनुबन्धित संबंध से है । इस अनुबन्धित संबंध के द्वारा, हमें पाप के अनन्त परिणामों से उद्धार का आश्वासन है यदि हम आज्ञाकारी होते हैं । इस अर्थ के अनुसार अन्तिम-दिनों का प्रत्येक विश्वासी बचाया गया है । पुनःस्थापित सुसमाचार के प्रति हम परिवर्तित हुए हैं । बपतिस्मा की धर्मविधि के द्वारा, उद्धारकर्ता के साथ हमने एक अनुबन्धित संबंध बनाया है, अपने ऊपर उसके नाम को ग्रहण करते हुए । प्रभुभोज में भाग लेकर हम अपने बपतिस्मा के अनुबन्ध का नवीनीकरण करते हैं ।

शब्द *उद्धार* के विभिन्न अर्थ

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सिद्धान्त में, शब्द *बचाए गए* और *उद्धार* के भिन्न-भिन्न अर्थ हैं । इन अभिप्रायों के अनुसार, प्रश्न ''क्या आप बचाए गए हैं'' ? का आपका उत्तर ''हां'' होगा या ''हां, परन्तु शर्तों के साथ'' होगा । निम्नलिखित स्पष्टिकरण शब्द *उद्धार* के छः विभिन्न अर्थों को बताते हैं ।

*शारीरिक मृत्यु से उद्धार* / अंततः सभी लोगों की मृत्यु होती है । परन्तु यीशु मसीह के प्रायश्चित और पुनरुत्थान के द्वारा, सभी लोग पुनरुत्थारित होंगे—शारीरिक मृत्यु से बचाए जाएंगे । पौलुस ने गवाही दी थी, ''जैसे आदम में सब मरते हैं वैसे ही मसीह में सब जिलाए जाएंगे'' (1 कुरिन्थियों 15:22) ।

*पाप से उद्धार* / उद्धारकर्ता के प्रायश्चित द्वारा पाप मुक्त होने के लिए, आपको यीशु मसीह में विश्वास करना होगा, पश्चाताप करना होगा, बपतिस्मा लेना होगा, और पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त करना होगा (देखें प्रेरितों के काम 2:37–38) । यदि आपका बपतिस्मा हो गया है और उपयुक्त पौरोहित्य अधिकारी द्वारा पवित्र आत्मा प्राप्त कर लिया है, उस दशा में आप अस्थाई रूप से पाप से बचाए गए हैं । आप पूरी तरह से तब तक पाप से नहीं बचाए जाएंगे जब तक कि अन्त तक विश्वसनीयता के साथ सहनशील रहते हुए आप अपना जीवन पृथ्वी पर पूरा नहीं कर लेते ।

ध्यान दें कि *पापों में रहते हुए* आप नहीं बचाए जा सकते हैं; यह जानते हुए कि अपने पूरे जीवन में आप अवश्य ही पाप करेंगे आप मसीह में अपने विश्वास की घोषणा करने मात्र से आप स्थाई उद्धार प्राप्त नहीं कर सकते हैं (देखें अलमा 11:36–37) । परमेश्वर के अनुग्रह से, आप *अपने पापों से बचाए* जा सकते हैं (देखें इलामन 5:10–11) । इस आशीष को प्राप्त करने के लिए, आपको यीशु मसीह में विश्वास बढ़ाना होगा, आज्ञाओं के पालन का प्रयत्न करना होगा, पाप को छोड़ना होगा, और प्रभुभोज की धर्मविधि के द्वारा अपने पश्चाताप और स्वच्छता का नवीनीकरण करना होगा ।

*फिर से जन्म लेना* / कभी-कभी आपसे पूछा जा सकता है कि क्या आपका फिर से जन्म हुआ है । आत्मिक रूप से फिर से जन्म लेने का सिद्धान्त धर्मशास्त्रों में बार-बार दिखाई देता है । नये नियम में यीशु की शिक्षाएं पाई जाती हैं कि हमें ''नये सिरे से जन्म'' लेना होगा और यह कि जब तक हमारा ''जन्म जल और आत्मा के नहीं होता, [हम] परमेश्वर का राज्य देख नहीं सकते हैं'' (यूहन्ना 3:3, 5) ।

मॉरमन की पुस्तक में इस शिक्षा की पुष्टि की गई है: ''सभी मानव समाज को, हां, सभी स्त्री और पुरुष, सभी देश, जातियों, भिन्न-भिन्न भाषा भाषियों और लोगों को फिर से जन्म लेना चाहिए; हां, परमेश्वर की सन्तान बन कर, अपनी कामुक और पतित अवस्था को त्याग कर, परमेश्वर द्वारा उद्धार किए जाने पर, धर्म में प्रवेश करके परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां बनना भी चाहिए । इस प्रकार वे नए प्राणी हो जाते हैं; और अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तब वे किसी प्रकार भी परमेश्वर के राज्य के उत्तराधिकारी नहीं हो सकते'' (मुसायाह 27:25–26) ।

फिर से जन्म की यह प्रक्रिया तब आती है जब हमारा बपतिस्मा हो जाता है और हम पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त कर लेते हैं । यह ''अपने अवशेष जीवन भर, परमेश्वर की इच्छा पूरी करने और हर एक बात में जो कुछ वह आज्ञा देगा, उन सभी आज्ञाओं को पूरा करने के लिए, परमेश्वर के साथ अनुबन्ध करने की'' हमारी इच्छा के परिणामस्वरूप आता है (मुसायाह 5:5) । तब हमारे ''हृदय उस पर विश्वास करने से बदल जाते हैं; इस कारण [हम] उससे जन्म लेते हैं'' (मुसायाह 5:7) । यदि आपका बपतिस्मा हो चुका है और आपने पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त कर लिया है, यीशु मसीह के नाम को अपने ऊपर ग्रहण करने के अनुबन्ध के साथ तो आप कह सकते हैं कि आपका फिर से जन्म हुआ है । और आप उस फिर से जन्म लेने का नवीनीकरण प्रत्येक सब्त को कर सकते हैं जब आप प्रभुभोज लेते हैं ।

*अज्ञानता से उद्धार* । कई लोग अन्धकार की एक अवस्था में जीते हैं, सुसमाचार की पुनःस्थापना से अनभिज्ञ होते हुए । वे सच्चाई से दूर हैं क्योंकि उन्हें नहीं पता कि इसे कहां खोजना है (देखें सि. और अनु. 123:12) । प्रभु के गिरजाघर के सदस्य के रूप में, आप इस दशा से बचे हुए हैं । आपके पास पिता परमेश्वर, यीशु मसीह, जीवन के उद्देश्य, उद्धार की योजना, और अपनी अनन्त क्षमता का ज्ञान है । आप उद्धारकर्ता के एक शिष्य के रूप में जी सकते हैं, जिसने घोषणा की थी, ''जगत की ज्योति मैं हूं; जो मेरे पीछे हो लेगा, वह अन्धकार में न चलेगा, परन्तु जीवन की ज्योति पाएगा'' (यूहन्ना 8:12) ।

*दूसरी मृत्यु से उद्धार* / कभी-कभी धर्मशास्त्र दूसरी मृत्यु से उद्धार के विषय में बताते हैं । दूसरी मृत्यु अन्तिम आत्मिक मृत्यु है—धार्मिकता से अलग किया जाना और महिमा के किसी भी राज्य में स्थान के लिए नकारा जाना (देखें अलमा 12:32; सि. और अनु. 88:24) । यह दूसरी मृत्यु तब तक नहीं आएगी जब तक कि अन्तिम न्याय न हो जाए, और यह कुछ लोगों के लिए होगी (देखें सि. और अनु.

76:31–37) । लगभग प्रत्येक व्यक्ति को दूसरी मृत्यु से सुनिश्चित उद्धार प्राप्त है जो कभी भी पृथ्वी पर जीया हो (देखें सि. और अनु. 76:40–45) ।

*अनन्त जीवन, या उत्कर्ष* । धर्मशास्त्रों में, शब्द *बचाए गए* और *उद्धार* अक्सर अनन्त जीवन, या उत्कर्ष को संदर्भ करते हैं (देखें इब्राहीम 2:11) । अनन्त जीवन है स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह को जानना और सदा के लिए उनके साथ रहना—सलेस्टियल राज्य की उच्चत्तम अवस्था में एक स्थान का उत्तराधिकारी होना (देखें यूहन्ना 17:3; सि. और अनु. 131:1–4; 132:21–24) । इस महान उपहार को प्राप्त करने के लिए, हमें अपने पापों का पश्चाताप करने, उपयुक्त पौरोहित्य अधिकार द्वारा बपतिस्मा और पुष्टिकरण प्राप्त करने से कहीं अधिक करना होगा । पुरुषों को मलकिसिदक पौरोहित्य प्राप्त करना होगा, और गिरजाघर के सभी सदस्यों को अनन्त विवाह को सम्मिलित करते हुए मन्दिर में पवित्र अनुबन्धों को बनाना और उन्हें मानना होगा ।

यदि हम शब्द *उद्धार* का उपयोग अनन्त जीवन के रूप में करते हैं, हममें से कोई भी नहीं कह सकता कि हम नश्वरता में बचाए गए हैं । वह महिमापूर्ण उपहार केवल अन्तिम न्याय के पश्चात ही आ सकता है ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 10:22; मरकुस 16:16; इफिसियों 2:8–10; याकूब 2:14–18; 2 नफी 25:23, 26; मुसायाह 5:8–15; 3 नफी 9:21–22; मरोनी 10:32–33; विश्वास के अनुच्छेद 1:3

यीशु मसीह का प्रायश्चित; बपतिस्मा; अनन्त जीवन; अनुग्रह; महिमा के राज्य; उद्धार की योजना *भी देखें*

## शैतान

शैतान, विरोधी और दुष्ट भी कहलाता है, धार्मिकता का शत्रु है और उन लोगों का जो परमेश्वर के अनुसरण का प्रयास करते हैं । वह परमेश्वर का एक आत्मा का पुत्र है जो एक समय में परमेश्वर की उपस्थिति में एक स्वर्गदूत के पद पर था (देखें सि. और अनु. 76:25; यशायाह 14:12; सि. और अनु. 76:26–27 भी देखें) । परन्तु स्वर्ग में हुई नश्वरता के पहले के जीवन की समिति में, शैतान ने जिसे तब लूसीफर कहा जाता था, स्वर्गीय पिता और उसकी उद्धार की योजना के विरूद्ध विद्रोह कर दिया था । परमेश्वर के विरूद्ध इस विद्रोह में, शैतान हमारी स्वतंत्रता को नष्ट करना चाहता था (देखें मूसा 4:3) । पिता से बात करते हुए, उसने कहा कि कि वह सारी मनुष्यजाति को मुक्ति देगा—ताकि एक भी आत्मा नष्ट न हो होने पाए । उसने कहा कि, क्योंकि वह ऐसा करेगा, उसे परमेश्वर का सम्मान प्राप्त होना चाहिए (देखें मूसा 4:1) ।

पिता के विरूद्ध जाने के लिए शैतान ने स्वर्ग के एक तिहाई लोगों को राजी कर लिया था (देखें सि. और अनु. 29:36) । इस विद्रोह के परिणामस्वरूप, शैतान और उसके अनुयाइयों को परमेश्वर की उपस्थिति से अलग कर दिया गया था और एक पार्थिव शरीर प्राप्त करने की आशीष से वंचित कर दिया गया था (देखें प्रकाशितवाक्य 12:9) । उन्हें महिमा के राज्य में महिमा के किसी भी उत्तराधिकार को प्राप्त करने के अवसर से भी वंचित कर दिया गया था ।

स्वर्गीय पिता नश्वरता में हमारे अनुभव के भाग के रूप में शैतान और उसके अनुयाइयों को हमें लालच में डालने की अनुमति देता है (देखें 2 नफी 2:11–14; सि. और अनु. 29:39) । क्योंकि शैतान ''चाहता है कि सारा मानव समाज उसी की तरह आशाहीन हो जाए'' (2 नफी 2:27), वह और उसके अनुयाई हमें धार्मिकता से दूर करने का प्रयास करते हैं । स्वर्गीय पिता की प्रसन्नता की योजना के अत्याधिक महत्वपूर्ण पहलुओं पर वह अत्याधिक सख्त विरोध का निर्देशन करता है । उदाहरण के लिए, वह उद्धारकर्ता और पौरोहित्य में अविश्वास पैदा करना चाहता है, प्रायश्चित की शक्ति पर संदेह करवाना चाहता है, प्रकटीकरण को एक झूठ बताना चाहता है, सच्चाई से हमारा ध्यान भंग करना चाहता है, और व्यक्तिगत उत्तरदायित्व का खण्डन करना चाहता है । स्त्री और पुरुष की स्वाभाविक, परम्परागत भूमिकाओं को और स्वाभाविक रूप से स्त्री और पुरुष के बीच के आकर्षण को नष्ट करने के द्वारा, विवाह के बाहर यौन संबंधों को प्रोत्साहन देने के द्वारा, विवाह का मज़ाक उड़ाने के द्वारा, और विवाहित वयस्कों के द्वारा बच्चों के जन्म और धार्मिकता में उनके पालन-पोषण को हतोत्साहित करने के द्वारा वह परिवार की जड़ों को काटने का प्रयास करता है ।

आपको शैतान के प्रलोभन में नहीं पड़ना है । आपके भीतर सही और गलत को चुनने की शक्ति है, और प्रार्थना करने के द्वारा आप सदैव प्रभु से सहायता प्राप्त कर सकते हैं (देखें ''प्रलोभन'' पृष्ठ 174–76) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 14:12–17; 1 नफी 15:23–24; 2 नफी 2:16–18; मरोनी 7:12; सि. और अनु. 10:5; 29:36–40, 46–47; 76:25–29

स्वतंत्रता; पाप; प्रलोभन *भी देखें*

**बचाए गए** (*देखें* उद्धार)

## धर्मशास्त्र

जब परमेश्वर के पावन पुरुष पवित्र आत्मा की शक्ति द्वारा लिखते या बोलते हैं, उनका शब्द धर्मशास्त्र होगा, प्रभु की इच्छा, प्रभु के विचार, प्रभु के शब्द, प्रभु की आवाज, और उद्धार के प्रति परमेश्वर की शक्ति होगी (देखें सि. और अनु. 68:4) । गिरजाघर के आधिकारिक, अनुमोदित धर्मशास्त्र, अक्सर आदर्श कार्य कहलाते हैं, जो कि बाइबिल, मॉरमन की पुस्तक, सिद्धान्त और अनुबन्ध, और अनमोल मोती हैं । धर्मशास्त्र की इन किताबों का वर्णन पृष्ठ 156–59 पर किया गया है ।

नियमित धर्मशास्त्र अध्ययन का महत्व

धर्मशास्त्रों का मुख्य उद्देश्य है मसीह की गवाही देना, उसके पास जाने और अनन्त जीवन प्राप्त करने में हमारी सहायता करते हुए (देखें यूहन्ना 5:39; 20:31; 1 नफी 6:4; मुसायाह 13:33–35) । भविष्यवक्ता मॉरमन ने गवाही दी थीः

''जो कोई भी परमेश्वर की उस वाणी का सहारा लेगा, जो कि शीघ्रगामी और शक्तिपूर्ण है और जो शैतान की सभी चालाकियों, जालों, और कपटताओं को चूर-चूर करके मसीह के लोगों को सीधे-संकरे रास्ते से चलकर दुखों की उस अनन्त घाटी के पास ले जाता है जिसे पापियों के लिए तैयार किया गया है''

''और उनकी आत्माओं को, हां, उनकी अमर आत्माओं को परमेश्वर के राज्य में, परमेश्वर के दाहिने हाथ की ओर, इब्राहीम, इसहाक, याकूब और हमारे सभी पवित्र पूर्वजों के साथ उन्हें और कभी भी भटकने के लिए न छोड़ कर बैठाया जाएगा'' (इलामन 3:29–30) ।

अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ताओं ने हमें प्रतिदिन धर्मशास्त्रों के अध्ययन की सलाह दी है, व्यक्तिगत तौर पर और अपने परिवारों के साथ । धर्मशास्त्रों की तुलना स्वयं से करने के लिए वे हमें प्रोत्साहित करते हैं, जैसा कि नफी ने अपने भाइयों को प्रोत्साहित किया था, उन तरीकों को खोजने के लिए जिससे पुराने पवित्र विवरण आज के हमारे जीवन पर लागू होते हों (देखें 1 नफी 19:23–24) । वे हमें ''धर्मशास्त्रों में खोजने'' (यूहन्ना 5:39) और ''मसीह की वाणी का प्याला पीने'' (2 नफी 32:3) का उपदेश देते हैं ।

इस सलाह का अनुसरण करने से आपको बहुत लाभ होगा । पवित्र आत्मा की फुसफुसाहटों के प्रति ग्रहणशील होने में नियमित, अर्थपूर्ण धर्मशास्त्र अध्ययन आपकी सहायता करते हैं । यह आप में विश्वास का निर्माण करते हैं, प्रलोभन के

विरूद्ध आपको मजबूत करते हैं, और स्वर्गीय पिता और उसके प्रिय पुत्र के नजदीक जाने में आपकी सहायता करते हैं ।

धर्मशास्त्रों के अपने व्यक्तिगत अध्ययन के लिए एक योजना बनाएं । धर्मशास्त्रों के अध्ययन के लिए प्रत्येक दिन एक निश्चित समय निर्धारित करने पर विचार करें । उस समय के दौरान, आत्मा की फुसफुसाहटों पर ध्यान देते हुए ध्यानपूर्वक पढ़ें । यह जानने में सहायता के लिए स्वर्गीय पिता से प्रार्थना करें कि वह क्या चाहता है कि आप जानें और करें ।

अपने जीवन भर धर्मशास्त्रों का पठन जारी रखें, विशेषकर मॉरमन की पुस्तक का । जब आप अपने जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में उनका अध्ययन करते हैं, आप बार-बार धर्मशास्त्रों के खजानों की पुनः खोज करेंगे, उनमें नये अर्थ और उपयोग को प्राप्त करते हुए ।

यदि आप विवाहित हैं, परिवार के रूप में धर्मशास्त्रों को पढ़ने के लिए प्रत्येक दिन एक समय निर्धारित करें । यह प्रयास कठिन हो सकता है, परन्तु यह अदभुत, अनन्त परिणामों को उत्पन्न करता है । आत्मा के मार्गदर्शन के तहत, धर्मशास्त्र के पठन की योजना बनाएं जो आपके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करेगा । छोटे बच्चों के लिए धर्मशास्त्रों को पढ़ने से न डरें । उन पवित्र अभिलेखों की भाषा में छोटे बच्चों को छुने की भी शक्ति है ।

बाइबिल

बाइबिल दो भागों में विभाजित हैः पुराना नियम और नया नियम । पुराना नियम पवित्र भूमि पर परमेश्वर के अनुबन्धित लोगों के साथ उसके बरताव का एक पवित्र अभिलेख है । इसमें मूसा, यहोशू, यशायाह, यिर्मयाह, और दानिय्येल जैसे भविष्यवक्ताओं की शिक्षाएं सम्मिलित हैं । नये नियम में उद्धारकर्ता के जन्म, नश्वर सेवकाई, और प्रायश्चित का विवरण है । यह उद्धारकर्ता के शिष्यों की सेवकाई से समाप्त होता है ।

क्योंकि बाइबिल का अनुवाद कई बार हुआ है, इसे विभिन्न रूपान्तर में छापा गया है ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर में, हम बाइबिल और इसकी पवित्र शिक्षाओं का आदर करते हैं । परमेश्वर का अपने बच्चों के साथ बरताव के बाइबिल-संबंधी विवरण से हम बल और सांत्वना प्राप्त कर सकते हैं ।

## मॉरमन की पुस्तकः यीशु मसीह का अन्य नियम

मॉरमन की पुस्तक इस प्रबंध में प्रभु की इच्छा के द्वारा आयी है । यह उन लोगों के साथ परमेश्वर के व्यवहार का एक अभिलेख है जो प्राचीन अमेरिका में रहते थे । प्रभु के भविष्यवक्ताओं ने स्वर्ण पट्टियों पर असली अभिलेखों को अंकित किया था । प्रभु ने घोषित किया था कि मॉरमन की पुस्तक में यीशु मसीह के सुसमाचार की परिपूर्णता पायी जाती है (देखें सि. और अनु. 20:9; सि. और अनु. 42:12 भी देखें) ।

22 सितंबर 1827 को, एक मरोनी नामक स्वर्गदूत—मॉरमन की पुस्तक के अन्तिम भविष्यवक्ता ने—इन अभिलेखों को भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को दिया था । परमेश्वर के उपहार और उसकी शक्ति द्वारा, भविष्यवक्ता जोसफ ने अभिलेखों का अंग्रेजी में अनुवाद किया था । तब से, मॉरमन की पुस्तक का अनुवाद कई अन्य भाषाओं में किया जा चुका है ।

मॉरमन की पुस्तक का मुख्य उद्देश्य है सभी लोगों को ''मनवाना कि यीशु ही मसीह है, जो अनन्त परमेश्वर है, जो हर एक राष्ट्र में प्रत्यक्ष है'' (मॉरमन की पुस्तक का शीर्षक पृष्ठ) । यह सीखाती है कि ''हर एक को उसकी शरण में जाना चाहिए, नहीं तो उनकी रक्षा नहीं हो सकेगी'' (1 नफी 13:40) । जोसफ स्मिथ ने कहा था कि मॉरमन की पुस्तक ''हमारे धर्म का मुख्य पत्थर है, और मनुष्य इसके नियमानुसार बने रहने के द्वारा परमेश्वर की नजदीकी में आएगा, न कि किसी अन्य किताब के द्वारा'' (मॉरमन की पुस्तक का परिचय) ।

मॉरमन की पुस्तक बाइबिल में सीखायी गई सच्चाइयों की दूसरी साक्षी है । यह उन ''स्पष्ट और अधिक महत्वपूर्ण'' सच्चाइयों को भी पुनःस्थापित करती है जो अनुवाद के दौरान हुई त्रुटियों के कारण बाइबिल से नष्ट हो गई थीं या ''प्रभु के सही मार्ग को भ्रष्ट करने'' के प्रयास में उन्हें ''निकाल दिया गया था'' (1 देखें नफी 13:24–27, 38–41) । बाइबिल और मॉरमन की पुस्तक ''एक साथ बढ़ कर असत्य मत को पराजित कर देंगी, संतति में शान्ति और तृप्ति लाकर'' (2 नफी 3:12) ।

मॉरमन की पुस्तक के अन्त में, भविष्यवक्ता मरोनी सीखाता है कि किस प्रकार हम जान सकते हैं कि किताब सच्ची हैः ''जब तुम को ये बातें प्राप्त होंगी तब मैं तुम्हें सावधान करूँगा कि परमेश्वर अमर पिता से मसीह के नाम पर पूछो कि क्या ये बातें सत्य नहीं हैं; और अगर तुम सच्चे हृदय से और अच्छी अभिलाषा से, मसीह में विश्वास करके पूछोगे, तब वह पवित्र आत्मा की शक्ति द्वारा तुम पर सच्चाई स्पष्ट प्रकट करेगा'' (मरोनी 10:4; आयत 3 और 5 भी देखें) ।

सिद्धान्त और अनुबन्ध

सिद्धान्त और अनुबन्ध में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को दिए गए प्रकटीकरण शामिल हैं । इसमें कुछ वे प्रकटीकरण भी शामिल हैं जो अन्तिम-दिनों के अन्य भविष्यवक्ताओं को दिये गए थे । धर्मशास्त्र की यह पुस्तक बेजोड़ है क्योंकि यह प्राचीन दस्तावेजों का एक अनुवाद नहीं है । यह उन प्रकटीकरणों का संग्रह है जिसे प्रभु ने अन्तिम-दिनों में अपने चुने हुए भविष्यवक्ताओं को दिया था ।

भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने कहा था कि सिद्धान्त और अनुबन्ध इन अन्तिम-दिनों में गिरजाघर का आधार और संसार के लिए एक लाभ है, यह दिखाते हुए कि हमारे उद्धारकर्ता के राज्य के रहस्यों की कुंजियों को फिर से मनुष्य को सौंपा गया है (सि. और अनु. 70 के खण्ड शीर्षक को देखें) ।

अनमोल मोती

अनमोल मोती में मूसा की किताब, इब्राहीम की किताब, मत्ती अध्याय 24 का भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ का प्रेरित अनुवाद, और भविष्यवक्ता जोसफ के कुछ अभिलेख पाये जाते हैं ।

मूसा की किताब जोसफ स्मिथ के बाइबिल के प्रेरित अनुवाद का एक छोटा सा उद्धरण है । यह पुराने नियम की उत्पत्ति की किताब के आरंभ में लिखे गए मूसा के लेखों का ठीक-ठाक और पूरा अभिलेख है । इसमें कई सिद्धान्त और शिक्षाएं पाई जाती हैं जो कि बाइबिल से नष्ट हो गई थीं और जो उद्धार की योजना, पृथ्वी की सृष्टि, और आदम और हनोक के साथ परमेश्वर के आचरण के विषय में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करती हैं ।

इब्राहीम की किताब प्राचीन अभिलेखों का एक अनुवाद है जिसे [प्राचीन मिस्र में सरकण्डों से बनी हुई (खुरदरे कागज के समान एक सामग्री)] पपीरस पर लिखा गया था जो कि 1835 में गिरजाघर को मिला था । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने अभिलेखों का अनुवाद प्रकटीकरण के द्वारा किया था । इस किताब में स्वर्ग में हुए नश्वरता के पहले की समिति, पृथ्वी की सृष्टि, परमेश्वर के स्वभाव, और पौरोहित्य के विषय की सच्चाइयां शामिल हैं ।

जोसफ स्मिथ—मत्ती उद्धारकर्ता के दूसरे आगमन के विषय में उसकी शिक्षाओं का हमें अतिरिक्त ज्ञान देती है ।

अनमोल मोती में पाये जाने वाले जोसफ स्मिथ के लेखों में सम्मिलित हैः

- जोसफ स्मिथ—इतिहास, भविष्यवक्ता के गिरजाघर के इतिहास का एक उद्धरण है । यह गिरजाघर की पुनःस्थापना की होने वाली घटनाओं का एक वर्णन है, पहले दिव्यदर्शन को, भविष्यवक्ता से मरोनी की भेंट वार्ताओं को, स्वर्ग पट्टियों के प्राप्त करने को, और हारुनी पौरोहित्य की पुनःस्थापना को शामिल करते हुए ।
- विश्वास के अनुच्छेद, जिसे भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने विश्वास और सिद्धान्त के मूल वक्तव्यों के रूप में लिखा था ।

अतिरिक्त संदर्भः रोमियों 15:4; 2 तीमुथियुस 3:15–17; 2 नफी 25:26; अलमा 17:2–3; 3 नफी 23:1–5; सि. और अनु. 18:33–36; विश्वास के अनुच्छेद 1:8

भविष्यवक्ता; सुसमाचार की पुनःस्थापना; प्रकटीकरण *भी देखें*

## यीशु मसीह का दूसरा आगमन

जब यीशु मसीह की नश्वर सेवकाई के पूरा होने के बाद उसका क्रूसारोहण हुआ था, दो स्वर्गदूतों ने उसके प्रेरितों को घोषित किया था, ''यही यीशु, जो तुम्हारे पास से स्वर्ग पर उठा लिया गया है, जिस रीति से तुम ने उसे स्वर्ग को जाते देखा है उसी रीति से वह फिर आएगा'' (प्रेरितों के काम 1:11) । जब उद्धारकर्ता फिर से आता है, वह शक्ति और महिमा के साथ अपने राज्य के रूप में पृथ्वी पर दावा करने आएगा । उसका दूसरा आगमन सहस्राब्दि के आरंभ को चिन्हित करेगा ।

दूसरे आगमन का समय दुष्टों के लिए एक डर, शोक का समय है, परन्तु धर्मियों के लिए यह दिन शान्ति और विजय का है ।

प्रभु ने घोषित किया था कि वे जो बुद्धिमान हैं और जिन्होंने सच्चाई को प्राप्त किया है, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन के लिए पवित्र आत्मा को ग्रहण किया है, और जो धोखे में नहीं पड़े हैं उन्हें चीर-फाड़ कर आग में नहीं झोंका जाएगा परन्तु उन्हें उस दिन स्वीकार किया जाएगा ।

विरासत के लिए उन्हें पृथ्वी दी जाएगी, और वे बढ़ेंगे और मजबूत होंगे, और उनके बच्चे उद्धार के तरफ बिना पाप किए बढ़ते जाएंगे ।

क्योंकि प्रभु उनके मध्य होगा, और उसकी महिमा उन पर होगी, और वह उनका राजा और न्यायकर्ता होगा (देखें सि. और अनु. 45:57–59) ।

प्रभु ने यह प्रकट नहीं किया है कि उसके आने का सही समय कब होगा । कोई भी उस पहर या दिन को नहीं जानता है । न ही स्वर्ग में रह रहे स्वर्गदूतों को

पता है, और न ही उन्हें तब तक पता चलेगा जब तक कि वह आ नहीं जाता (देखें सि. और अनु. 49:7) । परन्तु उसने अपने भविष्यवक्ताओं को उन घटनाओं और चिन्हों को प्रकट किया है जो उसके दूसरे आगमन से पहले होंगी । भविष्यवाणी की गई घटनाओं और चिन्हों में निम्नलिखित हैः

- सुसमाचार की सच्चाई से धर्म का त्याग (देखें मत्ती 24:9–12; 2 थिस्सलुनीकियों 2:1–3) ।
- सुसमाचार की पुनःस्थापना, यीशु मसीह के गिरजाघर की पुनःस्थापना को सम्मिलित करते हुए (देखें प्रेरितों के काम 3:19–21; प्रकाशितवाक्य 14:6–7; सि. और अनु. 45:28; 133:36) ।
- पौरोहित्य कुंजियों की पुनःस्थापना (देखें मलाकी 4:5–6; सि. और अनु. 110:11–16) ।
- मॉरमन की पुस्तक का सामने आना (देखें यशायाह 29:4–18; 3 नफी 21:1–11) ।
- पूरे संसार में सुसमाचार का प्रचार (देखें मत्ती 24:14) ।
- दुष्टता, युद्ध, और अशान्ति का एक समय (देखें मत्ती 24:6–7; 2 तीमुथियुस 3:1–7 सि. और अनु. 29:17; 45:26–33; 88:91) ।
- आकाश में चिन्ह और पृथ्वी पर चिन्ह (देखें योएल 2:30–31; मत्ती 24:29–30; सि. और अनु. 29:14–16; 45:39–42; 49:23; 88:87–90) ।

उद्धारकर्ता के दूसरे आगमन के सही समय के विषय में आप चिन्तित न हों । इसकी बजाय, इस प्रकार जीएं कि वह जब भी आता है आप उसके लिए तैयार रहें । जैसे-जैसे आप इन अन्तिम दिनों की विपदाओं का आंकलन करते हैं, याद रखें कि धर्मी लोगों को दूसरे आगमन या उससे पहले होने वाली चिन्हों से डरने की आवश्यकता नहीं है । उद्धारकर्ता द्वारा उसके प्रेरितों को बताए गए शब्द आप पर लागू होते हैं । उसने कहा है कि परेशान न हों, क्योंकि जब ये सारी बातें होंगी, आप जान सकेंगे कि हमसे जो वादा किया गया था वह पूरा होगा (देखें सि. और अनु. 45:35) ।

अतिरिक्त संदर्भः लूका 21:34–36; 2 पतरस 3:10–14; सि. और अनु. 133:42–52; जोसफ स्मिथ—मत्ती

सहस्राब्दि; उद्धार की योजना; चिन्ह *भी देखें*

## सेवा

यीशु मसीह के सच्चे शिष्य अपने आस-पास के लोगों की सेवा के प्रति इच्छुक होते हैं । उद्धारकर्ता ने कहा था, ''यदि आपस में प्रेम रखोगे तो इसी से सब जानेंगे, कि तुम मेरे चेले हो'' (यूहन्ना 13:35) ।

जब आपका बपतिस्मा हुआ था, यीशु मसीह के नाम को अपने ऊपर ग्रहण करने के लिए आपने अनुबन्ध बनाया था । भविष्यवक्ता अलमा ने इस अनुबन्ध को नये परिवर्तित लोगों के एक दल को समझाया था जो बपतिस्मा लेना चाहते थे । उसने आंकलन किया था कि ''परमेश्वर के दल में आने'' की उनकी चाहत में अर्थपूर्ण सेवा प्रदान करने की एक इच्छा शामिल थी—''एक दूसरे के बोझ को ढोने में सहायता देना चाहते थे जिससे वह हल्का हो जाए'', जो दुःख से रोते हैं उनके दुःख से दुःखी होने को तैयार थे'', और ''जिनको सांत्वना की आवश्यकता थी उन्हें आश्वासन देना चाहते थे'' (मुसायाह 18:8–9) ।

जब आप दूसरों की सेवा करने का प्रयास करते हैं, आप उदाहरण के तौर पर उद्धारकर्ता को देखें । यद्यपि वह पृथ्वी पर परमेश्वर के पुत्र के रूप में आया था, उसने अपने आस-पास के लोगों की विनम्रता से सेवा की थी । उसने घोषणा की थी, ''मैं तुम्हारे बीच में सेवक की नाई हूं'' (लूका 22:27) ।

सेवा के महत्व को सीखाने के लिए उद्धारकर्ता ने एक दृष्टांत का उपयोग किया था । दृष्टांत में, वह पृथ्वी पर अपनी महिमा में वापस आता है और धर्मी लोगों को दुष्ट लोगों से अलग करता है । धर्मी लोगों से वह कहता हैः ''हे मेरे पिता के धन्य लोगों, आओ, उस राज्य के अधिकारी हो जाओ जो जगत के आदि से तुम्हारे लिए तैयार किया हुआ है । क्योंकि मैं भूखा था, और तुमने मुझे खाने को दिया; मैं पियासा था, और तुम ने मुझे पानी पिलाया, मैं परदेशी था, तुम ने मुझे अपने घर में ठहराया । मैं नंगा था, तुम ने मुझे कपड़े पहिनाए; मैं बीमार था, तुम ने मेरी सुधि ली, मैं बन्दीगृह में था, तुम मुझ से मिलने आए'' (मत्ती 25:34–36) ।

धर्मी, जो इस घोषणा से दुविधा में थे, पूछाः ''प्रभु, हम ने कब तुझे भूखा देखा और खिलाया ? या पियासा देखा, और पिलाया ? हम ने कब तुझे परदेशी देखा और अपने घर में ठहराया या नंगा देखा, और कपड़े पहिनाए ? हम ने कब तुझे बीमार या बन्दीगृह में देखा और तुझ से मिलने आए ?'' (मत्ती 25:37–39) ।

तब प्रभु उत्तर देता है, ''मैं तुम से सच कहता हूं, कि तुम ने जो मेरे इन छोटे से छोटे भाइयों में से किसी एक के साथ किया, वह मेरे ही साथ किया'' (मत्ती 25:40) ।

उद्धारकर्ता आपको दूसरों की सेवा में स्वयं को समर्पित करने के लिए आमंत्रित करता है । ऐसा करने के लिए आपके पास अनगिनत अवसर हैं । प्रत्येक दिन, हृदयों को खुश करने, दया के शब्द कहने, सुसमाचार बांटने के तरीकों को खोजें, उन कार्यों को करने के तरीके खोजें जो दूसरे स्वयं के लिए भी नहीं कर सकते हैं । आत्मा की फुसफुसाहटों के प्रति ग्रहणशील रहें जो सेवा के लिए आपको तत्पर करती हैं । आप पाएंगे कि प्रसन्नता की सच्ची कुंजी दूसरों की प्रसन्नता के लिए परिश्रम करने में है ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 22:35–40; 25:41–46; लूका 10:25–37; गलतियों 5:13–14; मुसायाह 2:17

उदारता; प्रेम *भी देखें*

**सत्तर** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

## यौन अनैतिकता (*देखें* शुद्धता)

## चिन्ह

चिन्ह वे घटनाएं या अनुभव हैं जो परमेश्वर की शक्ति का प्रदर्शन करते हैं । अक्सर वे चमत्कारिक होते हैं । वे महान घटनाओं को पहचानते हैं और उनकी घोषणा करते हैं, जैसे कि उद्धारकर्ता का जन्म, उसकी मृत्यु, और उसका दूसरा आगमन । वे हमें उन अनुबन्धों को याद दिलाते हैं जिसे प्रभु ने हमारे साथ बनाया था । चिन्ह एक ईश्वरीय बुलाहट की साक्षी भी दे सकते हैं या प्रभु की अस्वीकृति की तरफ संकेत भी कर सकते हैं ।

कुछ लोग दावा करते हैं कि वे परमेश्वर या उसके कार्य में तभी विश्वास करेंगे जब वे एक चिन्ह प्राप्त करने में समर्थ होंगे । परन्तु प्रभु ने कहा है कि विश्वास चिन्ह द्वारा नहीं आता है । चिन्ह उनको दिखाई देता है जो विश्वासी होते हैं (देखें सि. और अनु. 63:9) । इस प्रकार के चिन्ह उन लोगों को दिए जाते हैं जो विश्वासी होते हैं और जो अपने विश्वास में स्वयं को मजबूत करने की प्रक्रिया में आज्ञाकारी होते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः मत्ती 12:38–39; मरकुस 13:22–27; लूका 2:8–17; अलमा 30:43–52; इलामन 14; 3 नफी 1:13–21; 8:2–25; एथर 12:6; सि. और अनु. 63:7–12

विश्वास; आज्ञाकारिता; यीशु मसीह का दूसरा आगमन *भी देखें*

## पाप

जब हम इच्छापूर्वक परमेश्वर की आज्ञाओं की अवज्ञा करते हैं, हम पाप करते हैं । हम तब भी पाप करते हैं जब सच्चाई के अपने ज्ञान के बावजूद हम धार्मिकता के तहत जीने में असफल हो जाते हैं (देखें याकूब 4:17) ।

प्रभु ने कहा है कि पाप के लिए वह छोटी से छोटी अनुमति भी नहीं दे सकता (देखें सि. और अनु. 1:31) । पाप का परिणाम है पवित्र आत्मा का वापस लिया जाना और, अनन्तता में अपने स्वर्गीय पिता की उपस्थिति में रहने में असमर्थ होना, क्योंकि ''परमेश्वर के साथ कोई भी अशुद्ध वस्तु नहीं रह सकती'' (1 नफी 10:21) ।

हममें से प्रत्येक ने आज्ञाओं को तोड़ा है या सच्चाई के अपने ज्ञान के अनुसार कार्य करने में असफल हुआ है । प्रेरित यूहन्ना ने सीखाया था: ''यदि हम कहें, कि हम में कुछ भी पाप नहीं, तो अपने आप को धोखा देते हैं; और हममें सत्य नहीं । यदि हम अपने पाप को मान लें, तो वह [यीशु मसीह] हमारे पापों को क्षमा करने, और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है'' (1 यूहन्ना 1:8–9) । यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा, हम पश्चाताप कर सकते हैं और अपने पापों की क्षमा प्राप्त कर सकते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः रोमियों 3:23; 6:23; अलमा 5:41–42; 11:37; इलामन 5:10–11; सि. और अनु. 82:1–3; 88:34–35

यीशु मसीह का प्रायश्चित; मृत्यु, आत्मिक; क्षमादान; न्याय; दया; आज्ञाकारिता; पश्चाताप; प्रलोभन *भी देखें*

## स्मिथ, जोसफ कनिष्ठ (*देखें* जोसफ स्मिथ)

## प्राण

धर्मशास्त्रों में शब्द *प्राण* का उपयोग दो प्रकार से किया गया है । पहला, एक आत्मा जो एक पार्थिव शरीर के साथ रहती है, चाहे नश्वरता में या पुनरुत्थान के पश्चात, जिसे प्राण कहते हैं (देखें सि. और अनु. 88:15–16) । दूसरा, कभी-कभी हमारी आत्माओं को प्राण कहा जाता है (देखें अलमा 40:15–18; इब्राहीम 3:23) ।

उद्धार की योजना; पुनरुत्थान; आत्मा *भी देखें*

## आत्मा

आप स्वर्गीय पिता के आत्मा के एक बच्चे हैं, और पृथ्वी पर जन्म लेने से पहले आप एक आत्मा के रूप में रहते थे । पृथ्वी पर अपने जीवन के दौरान, आपकी आत्मा आपके उस पार्थिव शरीर में रहती है, जिसे नश्वर माता-पिता ने जन्म दिया था ।

धर्मशास्त्रों से, हम आत्माओं के स्वभाव के विषय में सीखते हैं । हम सीखते हैं कि पूरी आत्मा एक वस्तु विशेष है परन्तु यह अधिक उत्तम या शुद्ध है और इसे केवल शुद्ध आँखों के द्वारा ही पहचाना जा सकता है (देखें सि. और अनु. 131:7) । हम पढ़ते हैं कि हमारी आत्माएं हमारी ही समानता में है, वैसे ही जैसे कि जानवरों और अन्य प्राणियों की आत्माएं हैं जिन्हें परमेश्वर ने बनाया है (देखें सि. और अनु. 77:2; एथर 3:7–16 भी देखें) ।

धर्मशास्त्र यह भी सीखाते हैं कि पार्थिव मृत्यु के समय पर, आत्मा नहीं मरती है । यह हमारे शरीर से अलग हो जाती है और नश्वर जीवन के पश्चात के आत्मा के संसार में रहती है । पुरनरुत्थान के समय, आत्मा फिर से शरीर से मिल जाएगी, ''कभी भी अलग न होने के लिए; इस प्रकार पूर्ण हो, कभी भी दूषित न होने के लिए धर्मानुकूल और अमर होने के लिए'' (अलमा 11:45) ।

अतिरिक्त संदर्भः रोमियों 8:16–17; 2 नफी 9:10–13; सि. और अनु. 93:29, 33

उद्धार की योजना; पुनरुत्थान; प्राण *भी देखें*

**प्रभु की आत्मा** (*देखें* पवित्र आत्मा; मसीह का प्रकाश)

**सच्चाई की आत्मा** (*देखें* पवित्र आत्मा)

**आत्मा का बन्दीगृह** (देखें मृत्यु, शारीरिक; नरक; स्वर्गलोक)

**आत्मिक मृत्यु** (देखें मृत्यु, आत्मिक)

## आत्मिक उपहार

आत्मिक उपहार वे आशीषें या क्षमताएं हैं जो पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा दिये जाते हैं । परमेश्वर इन उपहारों में से कम से कम एक उपहार गिरजाघर के

प्रत्येक विश्वासी सदस्य को देता है । जैसे-जैसे आप इन उपहारों को प्राप्त करते हैं, व्यक्तिगत तौर पर वे आपको मजबूत और आशीषित करेंगी और दूसरों की सहायता में आपकी मदद करेंगी (देखें सि. और अनु. 46:8–12) । धर्मशास्त्र आत्मा के कई उपहारों के विषय में सीखाते हैं :

- ज्ञान कि यीशु मसीह ही परमेश्वर का पुत्र है और यह कि संसार के पापों के लिए उसका क्रूसारोहण हुआ था (देखें सि. और अनु. 46:13) ।
- उन लोगों के शब्दों पर विश्वास करने की क्षमता जो यीशु मसीह की गवाही देते हैं (देखें सि. और अनु. 46:14) ।
- प्रबन्ध की विभिन्नताओं का ज्ञान (देखें 1 कुरिन्थियों 12:5; सि. और अनु. 46:15) । इस उपहार का उपयोग गिरजाघर के प्रबन्ध और मार्गदर्शन में किया जाता है ।
- संचालन में विविधताओं का ज्ञान, जो हमारी पहचानने में सहायता करता है कि एक शिक्षा या प्रभाव परमेश्वर की तरफ से आता है या किसी अन्य स्रोत से (देखें 1 कुरिन्थियों 12:6–7; सि. और अनु. 46:16) ।
- ''ज्ञान के शब्द'' का उपहार (1 कुरिन्थियों 12:8; सि. और अनु. 46:17) । यह उस नियम को संदर्भ नहीं करता है जिसे हम ज्ञान के शब्द के रूप में जानते हैं । बल्कि, यह बुद्धि का उपहार है—धार्मिकता में बुद्धि के उपयोग की क्षमता ।
- ''ज्ञान के शब्द'' का उपहार (1 कुरिन्थियों 12:8; सि. और अनु. 46:18) ।
- पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा सीखाने की क्षमता (देखें मरोनी 10:9–10; सि. और अनु. 46:18 भी देखें) ।
- विश्वास का उपहार (देखें 1 कुरिन्थियों 12:9; मरोनी 10:11) ।
- चंगाई प्राप्त करने के लिए विश्वास के होने का उपहार (देखें सि. और अनु. 46:19) ।
- चंगाई देने के लिए विश्वास के होने का उपहार (देखें 1 कुरिन्थियों 12:9; मरोनी 10:11; सि. और अनु. 46:20) ।
- ''सामर्थ का काम करने की शक्ति'' (1 कुरिन्थियों 12:10; सि. और अनु. 46:21; मरोनी 10:12 भी देखें) ।

- भविष्यवाणी करने का उपहार (देखें 1 कुरिन्थियों 12:10; मरोनी 10:13; सि. और अनु. 46:22) । प्रिय यूहन्ना ने सीखाया था कि ''यीशु की गवाही भविष्यवाणी की आत्मा है'' (प्रकाशितवाक्य 19:10) ।
- ''स्वर्गदूतों और उपदेश देने वाली आत्माओं को देखने की योग्यता'' (मरोनी 10:14) ।
- ''आत्माओं को परखने की योग्यता'' (1 कुरिन्थियों 12:10; सि. और अनु. 46:23) ।
- अनेक प्रकार की भाषा, या बोली बोलने का उपहार (देखें 1 कुरिन्थियों 12:10; मरोनी 10:15; सि. और अनु. 46:24) ।
- ''भाषाओं का अर्थ बताने'' का उपहार (देखें 1 कुरिन्थियों 12:10; सि. और अनु. 46:25; मरोनी 10:16 भी देखें) ।

ये आत्मिक उपहार और धर्मशास्त्रों में सूचीबद्ध अन्य उपहार आत्मा के कई उपहारों में से केवल कुछ उदाहरण हैं । आपकी विश्वसनीयता और आवश्यकताओं पर आधारित और उन लोगों की आवश्यकताओं पर आधारित जिनकी आप सेवा करते हैं, प्रभु आपको अन्य तरीकों से आशीषित करे । उसने हमें निष्ठापूर्वक काम करने की आज्ञा दी है ताकि हम आत्मिक उपहार प्राप्त कर सकें ।

उसने कहा है कि हमें सचेत रहना चाहिए ताकि हम छलावे से बचे रहेंगे । उसने हमें गंभीरता से उत्तम उपहारों को खोजने की आज्ञा दी है, सदैव याद रखते हुए कि वे हमें किस लिए दिये गए हैं ताकि हम छले न जा सकें ।

ये उन लोगों के लाभ के लिए दिये गए हैं जो उससे प्रेम करते हैं और उसकी सभी आज्ञाओं का पालन करते हैं और उन लोगों के लिए जो ऐसा करना चाहते हैं, कि प्रयास करने वाले और मांगने वाले सभी लोगों को लाभ हो सके (देखें सि. और अनु. 46:8–9, 26) ।

अतिरिक्त संदर्भः 1 कुरिन्थियों 13; 14:1–33; मरोनी 10:17–25; सि. और अनु. 46:27–33; विश्वास के अनुच्छेद 1:7

पवित्र आत्मा; प्रकटीकरण *भी देखें*

**स्टेक** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

**आदर्श कार्य** (*देखें* धर्मशास्त्र)

**रविवार** (*देखें* सब्त; आराधना)

**कसम खाना** (*देखें* निन्दा करना)

## गोदना गोदवाना

अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ता दृढ़ता से शरीर पर गोदना गोदवाने की भर्त्सना करते हैं । जो लोग इस सलाह का अनादर करते हैं वे स्वयं के प्रति और परमेश्वर के प्रति अनादर व्यक्त करते हैं । प्रेरित पौलुस ने हमारे शरीर के महत्व को और उन्हें जानबूझकर दूषित करने के खतरे को बताया थाः ''क्या तुम नहीं जानते, कि तुम परमेश्वर का मन्दिर हो, और परमेश्वर का आत्मा तुम में वास करता है ? यदि कोई परमेश्वर के मन्दिर को नाश करेगा तो परमेश्वर उसे नाश करेगा; क्योंकि परमेश्वर का मन्दिर पवित्र है, और वह तुम हो'' (1 कुरिन्थियों 3:16–17) ।

यदि आपके शरीर पर गोदना है, आप निरन्तर उस गलती को याद करते हैं जिसे आपने किया है । आप इसे हटाने पर विचार कर सकते हैं ।

शरीर छिदवाना भी *देखें*

**चाय** (*देखें* ज्ञान के शब्द)

## सुसमाचार की शिक्षा देना

प्रभु ने हमें एक दूसरे को राज्य के सिद्धान्त को सीखाने की आज्ञा दी है । उसने कहा है कि जब हम निष्ठापूर्वक सीखाते हैं, उसकी कृपा हम पर होगी ताकि हम परिकल्पना में, नियम में, सिद्धान्त में, सुसमाचार के नियम में और उन सभी चीजों में अच्छी तरह से निर्देशित हो सकें जो परमेश्वर के राज्य के अनुकूल होती हैं जो कि हमारी समझ के लिए उचित हैं (देखें सि. और अनु. 88:77–78) ।

इस आज्ञा को देने में, प्रभु हमें एक पवित्र जिम्मेदारी देता है । वह हमें अर्थपूर्ण सेवाओं के प्रति अनगिनत अवसरों की तरफ भी ले जाता है । कुछ लोगों को, दूसरों को सीखाने और सुसमाचार जीने में उनकी सहायता से होने वाले आनन्द का अनुभव होता है ।

सीखाने की यह आज्ञा आप पर लागू होती है, तब भी जब आपके पास वर्तमान में एक शिक्षक के रूप में कोई औपचारिक बुलाहट न हो । अपने परिवार के एक सदस्य के रूप में, एक घर शिक्षक या भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में आपके पास सीखाने के अवसर हैं, और यहां तक कि एक साथी कार्यकर्ता, पड़ोसी, और मित्र के रूप में भी । कभी-कभी आप उस शब्द के द्वारा सीखाते हैं जिसे कहने की तैयारी आपने की है । कभी-कभी आप उन संक्षिप्त, अनियोजित क्षणों का लाभ उठा सकते हैं जिसमें आप सुसमाचार की सच्चाइयों को बता सकते हैं । ज्यादातर आप उदाहरण के द्वारा सीखाते हैं ।

## उद्धारकर्ता के समान शिक्षा देना

सुसमाचार सीखाने के आपके प्रयासों में, अपने उदाहरण के रूप में यीशु मसीह की तरफ देखें । उसकी नश्वर सेवकाई के विवरणों का अध्ययन करें, और उन तरीकों में सीखाने का प्रयास करें जैसा उसने सीखाया था । उसने उन लोगों के लिए सच्चा प्रेम और सच्ची चिन्ता व्यक्त की थी जिसकी उसने सेवा की थी । उसने लोगों को व्यक्तिगत तौर पर मजबूत किया था, उस तरीके से सुसमाचार सिद्धान्तों को सीखाते हुए जो उनकी एकमात्र आवश्यकताओं में उनकी सहायता करेगा । उसने कुछ लोगों में सुसमाचार को समझने और जीने की इच्छा को जगाया था । समय-समय पर वह उन प्रश्नों को पूछता था जो उनके द्वारा सीखी गई बातों को उन्हीं पर लागू करने में सहायता करेगा । उसने सुसमाचार की बचाने वाली सच्चाइयों को सीखाया था, अपने सुनने वालों की समझ में सहायता करते हुए कि उन्हें अनन्त जीवन के उपहार को प्राप्त करने की प्रक्रिया में क्या जानने, करने, और बनने की आवश्यकता थी ।

जैसे-जैसे आप उद्धारकर्ता के उदाहरण का अनुसरण करते हैं, आपकी शिक्षा का पोषण होगा और वह दूसरों को ऊपर उठाएगी, उनमें विश्वास का निर्माण करेगी, और जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए आपके अन्दर आत्म-विश्वास भर देगी । पाप से दूर रहने में और आज्ञाओं का पालन करने में यह उन्हें प्रोत्साहित करेगी । मसीह के पास आने और उसके प्रेम में बने रहने में यह उनकी सहायता करेगी ।

## आत्मा के द्वारा शिक्षा देना

प्रभु ने कहा था कि विश्वास की प्रार्थना के द्वारा हमें आत्मा दी जाएगी । उसने कहा था कि यदि हम आत्मा को प्राप्त नहीं करते हैं, हम नहीं सीखाएंगे (देखें सि. और अनु. 42:14) । आत्मा, या पवित्र आत्मा, परमेश्वरत्व का एक सदस्य है ।

आत्मा का एक उद्देश्य ''सभी बातों की सच्चाई को प्रकट करना'' है (मरोनी 10:4–5) । केवल आत्मा के प्रभाव द्वारा ही सुसमाचार की शिक्षाओं को ऊँचा उठाया और प्रेरित किया जा सकता है ।

एक सुसमाचार शिक्षक होने का आपका सुअवसर उसमें एक औजार बनना है जिसके द्वारा पवित्र आत्मा सीखा सकता है, गवाही, सांत्वना, और प्रेरणा दे सकता है । जैसा कि भविष्यवक्ता नफी ने सीखाया था, ''जब कोई पवित्र आत्मा की शक्ति के द्वारा बोलता है तब पवित्र आत्मा की शक्ति मानव हृदय के अन्दर तक वह बात पहुँचा देती है'' (2 नफी 33:1) ।

यदि आप आत्मिक तौर पर तैयारी करते हैं, पवित्र आत्मा आपकी जानने में सहायता करेगा कि आपको क्या करना है और अपनी शिक्षाओं में क्या कहना है । बार-बार प्रार्थना करने, धर्मशास्त्रों का अध्ययन करने, सुसमाचार जीने, और विनम्र होने के द्वारा आप स्वयं की तैयारी कर सकते हैं ।

## शिक्षा देने की पद्धतियाँ

आपकी शिक्षा अत्याधिक प्रभावपूर्ण होगी जब आप विविध प्रकार की उपयुक्त पद्धतियों का उपयोग करेंगे । उदाहरण के लिए, आप लोगों का ध्यान बनाए रखने के लिए कहानी और उदाहरण बता सकते हैं और दिखा सकते हैं कि किस प्रकार दैनिक जीवन में सुसमाचार के नियम लागू होते हैं । धर्मशास्त्र के विवरण और सुसमाचार के नियमों की दूसरे लोगों की समझ को मजबूत बनाने के लिए आप चित्रों और वस्तुओं का उपयोग कर सकते हैं । संगीत के द्वारा, आप और जिन्हें आप सीखाते हैं वे पवित्र आत्मा के प्रभाव को आमंत्रित कर सकते हैं और उन अनुभूतियों को व्यक्त कर सकते हैं जिन्हें किसी और तरह से व्यक्त करना कठिन हो । आप उन प्रश्नों को पूछ सकते हैं जो विचारपूर्ण सीख और चर्चा को प्रोत्साहित करते हैं और जो व्यक्तिगत अनुभवों के उचित रूप से बताये जाने के तरफ ले जाते हैं । साधारण गतिविधियों से, आप सीखने वालों के ध्यान को केन्द्रित करने में सहायता कर सकते हैं ।

जब आप शिक्षा की एक विशेष पद्धति के उपयोग पर विचार करते हैं, अपने आप से निम्नलिखित प्रश्न पूछें: क्या यह पद्धति आत्मा के प्रभाव को आमंत्रित करेगी ? क्या यह नियमों की उस पवित्रता से मेल खाएगी जिनकी शिक्षा मैं देता हूं ? क्या यह उन लोगों को ऊँचा उठाएगी और उन्हें मजबूत करेगी जिन्हें मैं सीखाता हूं ?

याद रखें कि एक सुसमाचार शिक्षक के रूप में, आप प्रभु के प्रतिनिधि हैं । सुनिश्चित करें कि जो भी आप करते हैं या कहते हैं वह श्रद्धापूर्वक और उसकी इच्छा की संगति में हो ।

सुसमाचार शिक्षा पर अतिरिक्त सुझावों के लिए, आप शायद *Teaching, No Greater Call* (36123); the *Teaching Guidebook* (34595); और ''Gospel Teaching and Leadership,'' *Church Handbook of Instructions, Book 2: Priesthood and Auxiliary Leaders* (35903) के खण्ड 16 को संदर्भ करना चाहें ।

अतिरिक्त संदर्भः मुसायाह 18:19; अलमा 1:26; 17:2–3; 31:5; सि. और अनु. 11:21

**टलेस्टियल राज्य** (*देखें* महिमा के राज्य)

## मन्दिर

मन्दिर वास्तव में प्रभु के घर हैं । वे आराधना के पवित्र स्थान हैं जहां प्रभु आ सकता है । पवित्रता में केवल घर की तुलना मन्दिरों से की जा सकती हैं ।

पूरे इतिहास में, प्रभु ने अपने लोगों को मन्दिरों के निर्माण की आज्ञा दी है । आज गिरजाघर पूरे संसार में मन्दिरों के निर्माण के प्रति प्रभु की बुलाहट को सुन रहा है, अपने स्वर्गीय पिता के बच्चों की एक बड़ी संख्या के लोगों के लिए मन्दिर आशीषों को और अधिक उपलब्ध कराते हुए ।

### जीवित व्यक्तियों की धर्मविधियाँ

मन्दिरों का मुख्य उद्देश्य है उन धर्मविधियों को प्रदान कराना जो सलेस्टियल राज्य में हमारे उत्कर्ष के लिए आवश्यक हैं । मन्दिर की धर्मविधियाँ यीशु मसीह के प्रायश्चित के द्वारा उपलब्ध महान आशीषों की तरफ ले जाती हैं । जो भी हम गिरजाघर में करते हैं—हमारी सभाएं और गतिविधियाँ, प्रचारक कार्य के प्रति हमारा प्रयास, पाठ जिसे हम सीखाते हैं और गीत जिसे हम गाते हैं—हमें उद्धारकर्ता और हमारे द्वारा मन्दिर में किये गए कार्यों की तरफ संकेत करने चाहिए ।

एक धर्मविधि जिसे हम मन्दिर में प्राप्त करते हैं, वह है इंडोवमेन्ट । शब्द *इंडोवमेन्ट* का अर्थ है ''उपहार'', और मन्दिर इंडोवमेन्ट वास्तव में परमेश्वर का एक उपहार है । धर्मविधि में आदेशों की एक श्रृंखला होती है और वे अनुबन्ध सम्मिलित होते हैं जिसे हम धार्मिकता से जीने के लिए बनाते हैं और जो सुसमाचार की आवश्यकताओं के साथ पूरा होता है । उद्धारकर्ता, हमारे स्वर्गीय पिता की योजना

में उसकी भूमिका, और उसका अनुसरण करने के हमारे समर्पण पर केन्द्रित रहने में इंडोवमेन्ट हमारी सहायता करते हैं ।

दूसरी मन्दिर धर्मविधि है सलेस्टियल विवाह, जिसमें पति और पत्नी अनन्तता के लिए एक दूसरे के साथ मुहरबन्द होते हैं । मन्दिर में की गई एक मुहरबन्दी सदा के लिए जारी रहती है यदि पति और पत्नी बनाये गए अनुबन्धों के प्रति विश्वासी रहते हैं ।

मन्दिर में मुहरबन्द हुए माता-पिता के जो बच्चे पैदा होते हैं वे अनुबन्ध में जन्म लेते हैं । ये बच्चे अपने आप ही एक अनन्त परिवार का हिस्सा बन जाते हैं । बच्चे जो अनुबन्ध में जन्म नहीं लेते हैं वे भी एक अनन्त परिवार का हिस्सा बन सकते हैं जब उनके स्वाभाविक या दत्तक माता-पिता एक दूसरे के साथ मुहरबन्द हो जाते हैं । माता-पिता के साथ बच्चों की मुहरबन्दी की धर्मविधि मन्दिर में की जाती है ।

यदि आपने मन्दिर धर्मविधियों को प्राप्त किया है, सदा उन अनुबन्धों को याद रखें जिसे आपने बनाया है । जितनी बार हो सके उतनी बार मन्दिर जाएं । यदि आप एक पिता या एक माता हैं, अपने बच्चों को मन्दिर के महत्व को सीखायें । मन्दिर में प्रवेश के योग्य होने की उनकी तैयारी में सहायता करें ।

यदि आपने अभी तक मन्दिर की धर्मविधियों को प्राप्त नहीं किया है, अभी से स्वयं की तैयारी आरंभ करें । जैसे ही परिस्थितियाँ अनुमति दें, मरे हुए लोगों के प्रति बपतिस्मा और पुष्टिकरण की धर्मविधि में भाग लेने के लिए मन्दिर जाएं ।

## मरे हुए लोगों की धर्मविधियाँ

लोग जो आवश्यक सुसमाचार धर्मविधियों के बिना ही मर गये हैं वे मन्दिरों में किये गए काम के द्वारा उन धर्मविधियों को प्राप्त कर सकते हैं । आप इस काम को अपने पूर्वजों के लिए कर सकते हैं और उन अन्य लोगों के लिए जिनकी मृत्यु हो गई है । उनके स्थान पर आप बपतिस्मा ले सकते हैं और आपका पुष्टिकरण हो सकता है, इंडोवमेन्ट प्राप्त कर सकते हैं, और पति का पत्नी के साथ और बच्चों का माता-पिता के साथ हो रही मुहरबन्दी में भाग ले सकते हैं ।

सक्रिय होकर आपको अपने मरे हुए पूर्वजों के अभिलेखों को खोजना चाहिए ताकि उनके लिए मन्दिर कार्य किया जा सके ।

मरे हुए लोगों और पारिवारिक इतिहास कार्य के प्रति मन्दिर कार्य के विषय में अधिक जानकारी के लिए, देखें ''पारिवारिक इतिहास कार्य और वंशावली'', पृष्ठ 61–64 ।

## मन्दिर में प्रवेश की योग्यता

मन्दिर में प्रवेश के लिए आपको योग्य सिद्ध होना होगा । आप अपनी योग्यता को दो साक्षात्कारों में प्रमाणित करते हैं—एक अपने धर्माध्यक्षता के एक सदस्य या अपने शाखा अध्यक्ष के साथ साक्षात्कार में और दूसरा स्टेक अध्यक्षता या मिशन अध्यक्षता के एक सदस्य के साथ साक्षात्कार में । आपके पौरोहित्य मार्गदर्शक इन साक्षात्कारों को अपने तक रखते हुए इसकी गोपनीयता को बनाये रखेंगे । प्रत्येक साक्षात्कार में, पौरोहित्य मार्गदर्शक आपके व्यक्तिगत आचरण और योग्यता के विषय में प्रश्न पूछेंगे । आपसे स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह के प्रायश्चित की आपकी गवाही के विषय में पूछा जाएगा, और आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप गिरजाघर के जनरल और स्थानीय मार्गदर्शकों का समर्थन करते हैं । आपसे पुष्टि करने के लिए पूछा जाएगा कि आप नैतिक तौर पर स्वच्छ हैं और यह कि आप ज्ञान के शब्द का पालन करते हैं, पूरा दसमांश देते हैं, गिरजाघर की शिक्षाओं के साथ समन्वय में रहते हैं, और धर्म को त्यागने वाले दलों के साथ कोई संबंध बनाये हुए हैं या उनके साथ कोई सहानुभूति है ।

यदि आप साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्नों का स्वीकार्य उत्तर देते हैं और यदि आप और आपके पौरोहित्य मार्गदर्शक संतुष्ट हो जाते हैं कि आप मन्दिर में प्रवेश के योग्य हैं, आप एक मन्दिर संस्तुति प्राप्त करेंगे । आप और आपके पौरोहित्य मार्गदर्शक संस्तुति पर हस्ताक्षर करते हैं, जो कि अगले दो वर्षों के लिए आपको मन्दिर में प्रवेश की अनुमति देगा, जब तक आप योग्य बने रहते हैं ।

मन्दिर संस्तुति के साक्षात्कार आपकी योग्यता और आपके जीवन की रूपरेखा को परखने के लिए आपको एक बड़ा अवसर प्रदान करते हैं । यदि आपके जीवन में कुछ गलत है, अपनी मन्दिर संस्तुति के साक्षात्कार के काफी समय पहले ही अपने धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष से बात करने का प्रबंध करें । एक मन्दिर संस्तुति के प्रति योग्य होने की आपकी तैयारी में सहायता के लिए वह समर्थ होगा ।

## मन्दिर के वस्त्र

जब आप मन्दिर जाते हैं, आपको अपना सबसे अच्छा कपड़ा पहनना चाहिए, जैसे कि आप तब पहनते हैं जब आप गिरजाघर में उपस्थित होते हैं । जब आप मन्दिर के भीतर होते हैं, आप अपने कपड़ों को बदलकर मन्दिर का सफेद वस्त्र धारण करते हैं । कपड़ों की यह अदला-बदली कपड़े बदलने के एक कक्ष में होती है, जहां आप एक लॉकर और कपड़े बदलने के एक निजी स्थान का उपयोग करते हैं । मन्दिर में, ध्यानपूर्वक शालीनता बनाए रखना होता है ।

जब आप अपने कपड़ों को लॉकर में रखते हैं, आप संसार की उन सभी वस्तुओं को पीछे छोड़ देते हैं जो ध्यान भंग करे । सफेद वस्त्र में, मन्दिर के अन्य लोगों के साथ आप एकता और समानता की एक चेतना को महसूस कर सकते हैं, क्योंकि आपके आस-पास के हर एक व्यक्ति ने एक ही समान वस्त्र धारण किया होता है ।

## मन्दिर के वस्त्र को पहनना

एक बार जब आप इंडोव हो जाते हैं, आपको अपने पूरे जीवन मन्दिर के वस्त्र धारण करने की आशीष मिलती है । इंडोवमेन्ट में दिये गए निर्देशों के अनुसार इसे पहनने के लिए आप वचनबद्ध होते हैं । याद रखें कि आशीषें जो इस पवित्र सुअवसर से जुड़ी होती हैं वे मन्दिर अनुबन्धों को रखने की आपकी योग्यता और विश्वसनीयता पर आधारित होती हैं ।

वस्त्र आपको निरन्तर उन अनुबन्धों को स्मरण कराता रहता है जिसे आपने मन्दिर में बनाया था । आपको पूरे समय इसके साथ आदरपूर्ण व्यवहार करना चाहिए । आपको इसे उन लोगों की नजर से बचाकर रखना चाहिए जो इसके महत्व को नहीं समझते हैं, और विभिन्न शैली के पहनावों के अनुकूल बनाने के लिए इनमें बदलाव नहीं करना चाहिए । जब आप इसे उचित रूप से पहनते हैं, यह प्रलोभन और बुराई के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करता है । वस्त्र पहनना उद्धारकर्ता के अनुसरण की एक आन्तरिक वचनबद्धता की एक बाहरी अभिव्यक्ति है ।

## मन्दिर में उपस्थित होने की आशीषें

पवित्र पौरोहित्य धर्मविधियाँ करने के एक स्थान के अतिरिक्त, मन्दिर शान्ति और प्रकटीकरण का एक स्थान भी है । जब आप कष्ट में होते हैं या जब संकटकालिन निर्णय लेना आपके लिए एक भारी बोझ के समान होता है, आप अपनी चिन्ताओं को मन्दिर ले जा सकते हैं । वहां आप आत्मिक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं ।

कभी-कभी आप महसूस कर सकते हैं कि आप स्पष्ट रूप से नहीं सोच पा रहे हैं क्योंकि आपके मन पर कई समस्याओं का बोझ है और कई चीजों पर ध्यान लगाने की आवश्यकता है । मन्दिर में, इस प्रकार के ध्यान भंग करनेवाले प्रभाव खत्म हो जाते हैं, उलझन और अनिश्चतताएं गायब हो जाती हैं, और आप उन चीजों को समझ पाते हैं जिसे आप पहले नहीं समझ पाते थे । आप जिन चुनौतियों का सामना करते हैं उनके समाधान के लिए आप नये तरीके प्राप्त कर सकते हैं ।

प्रभु आपको आशीष देगा जब आप मन्दिर में पवित्र धर्मविधि कार्य के लिए उपस्थित होंगे । और जो आशीषें वह देता है वे मन्दिर में आपके बिताए समय तक

ही सीमित नहीं होती हैं । वह आपके जीवन की सभी पहलुओं पर आशीष देगा । मन्दिर के आपके परिश्रम आपको मजबूत करेंगे और आपको आत्मिक तौर पर शुद्ध करेंगे ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 2:1–3; सि. और अनु. 88:119; 109–110; 124:39–41

अनुबन्ध; पारिवारिक इतिहास कार्य और वंशावली; विवाह; धर्मविधियाँ; उद्धार की योजना *भी देखें*

## प्रलोभन

जैसा कि प्रेरित पौलुस ने भविष्यवाणी की थी, अन्तिम दिन ''कठिन समय'' होगा (2 तीमुथियुस 3:1) । शैतान का प्रभाव फैला हुआ और सम्मोहक है । परन्तु आप शैतान को पराजित कर सकते हैं और उसके प्रलोभन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं । स्वर्गीय पिता ने आपको स्वतंत्रता का उपहार दिया है—अच्छे और बुरे को चुनने की शक्ति । ''प्रभु के सामने तुम अपने आपको दीन बना लो, और उसके पवित्र नाम को पुकारो, जागते रहो, और लगातार प्रार्थना करते रहो जिससे कि तुम लालच में न पड़ो, अपितु उन पर विजय पाओ'' (अलमा 13:28) । जब आप इच्छापूर्वक आज्ञाओं का पालन करते हैं, आपका स्वर्गीय पिता आपको प्रलोभन का सामना करने में मजबूत करेगा ।

प्रलोभन पर विजय प्राप्त करने में निम्नलिखित सलाह आपकी सहायता करेगीः

*अपने जीवन को उद्धारकर्ता पर केन्द्रित करें ।* भविष्यवक्ता इलामन ने अपने पुत्रों को सलाह दी थी, ''स्मरण रखो, स्मरण रखो कि तुम्हें अपने उद्धारकर्ता जो कि परमेश्वर का पुत्र मसीह है, उसकी चट्टान पर अपनी नींव को बनाना है; जिससे कि जब शैतान अपनी प्रबल हवा के झकोरों को, हां बवण्डल के धुरे को, अपने सभी ओले और भीषण आंधियों के थपेड़ों को तुम्हारे ऊपर भेजे, तब उसके पास वह शक्ति न होगी तुम्हें, खींचकर सन्तापों और अनन्त दुखों की खाई में फेंक सके क्योंकि जिस चट्टान पर तुमने अपनी नींव डाली थी वह निसन्देह ऐसी नींव है जिस पर अगर लोगों ने अपने मकान बनाए तब वह कदापि गिर नहीं सकते'' (इलामन 5:12) ।

*बल के लिए प्रार्थना करें ।* पुनरुत्थारित उद्धारकर्ता जब नफायटियों के पास आया था, तब उसने भीड़ को सीखाया थाः ''तुम जागते रहो और सदा प्रार्थना करते रहो, नहीं तो तुम बहकावे में पड़ जाओगे; क्योंकि तुम्हें शैतान चाहता है कि वह गेहूं के पौधों की तरह तुम्हें इधर-उधर झुका सके । इसलिए तुम पिता से सदैव मेरे नाम पर प्रार्थना किया करो'' (3 नफी 18:18–19) । अन्तिम-दिनों में उसने ऐसी ही सलाह

दी है । उसने हमें सदा ही प्रार्थना करने की आज्ञा दी है ताकि हम विजेता हो सकें—कि हम शैतान पर विजय प्राप्त कर सकें और शैतान के सेवकों के हाथों से बच सकें, जो अपने कार्य को थामे हुए है (देखें सि. और अनु. 10:5) ।

*धर्मशास्त्रों का नियमित रूप से अध्ययन करें ।* जब आप सुसमाचार सच्चाइयों का अध्ययन करते हैं और उन्हें अपने जीवन में लागू करते हैं, तब प्रलोभन का सामना करने के लिए प्रभु आपको सामर्थ देगा । नफी ने सीखाया था, ''जो परमेश्वर की वाणी को सुनेगा और भली प्रकार वाणी के अनुसार आचरण करेगा, वह कभी भी नष्ट नहीं होगा; और न तो प्रलोभन और न शत्रु के जलते गर्म तीर उनपर विजय प्राप्त कर उन्हें अन्धा बना कर नष्ट होने के लिए ले जा सकोगे'' (1 नफी 15:24; इलामन 3:29–30 भी देखें) ।

*अच्छाई से अपना जीवन भरें ।* आपके पास अच्छाई में से चुनने के लिए इतना कुछ है कि आपको बुराई को चुनने की आवश्यकता नहीं है । जब आप अच्छाई से अपना जीवन भरते हैं, आपके पास किसी और चीज के लिए जगह नहीं होती है ।

*लुभावने स्थान और लुभावनी परिस्थितियों से बचें ।* आप पूरी तरह से प्रलोभन से नहीं बच सकते हैं, परन्तु आप उन स्थानों और परिस्थितियों से बच सकते हैं जहां लोभ में पड़ने की आपकी संभावना अधिक हो । आप पत्रिकाओं, किताबों, टेलिविजन, फिल्मों, और संगीत और इंटरनेट में पाये जाने वाले अनुचित सामग्रियों से भी बच सकते हैं ।

*अच्छाई करने के लिए दूसरों पर प्रभाव डालने का प्रयास करें ।* गतसमनी के बाग में पीड़ा सहन करने के कुछ समय पहले, उद्धारकर्ता ने अपने शिष्यों के लिए प्रार्थना किया थाः ''जैसा मैं संसार की नहीं, वैसे ही वे भी संसार के नहीं । मैं यह विनती नहीं करता, कि तू उन्हें जगत से उठा ले, परन्तु यह कि तू उन्हें उस दुष्ट से बचाए रख । जैसे मैं संसार का नहीं वैसे ही वे भी संसार के नहीं । सत्य के द्वारा उन्हें पवित्र करः तेरा वचन सत्य है । जैसे तू ने जगत में मुझे भेजा, वैसे ही मैंने भी उन्हें जगत में भेजा'' (यूहन्ना 17:14–18) । यीशु मसीह के अन्तिम-दिनों के शिष्य के रूप में, आप संसार में रह सकते हैं परन्तु ''संसार के होकर नहीं रह सकते हैं'' । स्वयं को प्रलोभन से बचाने के अतिरिक्त, अच्छा और हितकर जीवन जीने के लिए आप दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं । आप एक धार्मिक उदाहरण रख सकते हैं, एक अच्छा मित्र बनें, सामाजिक कार्य में भाग लें, और, जब उचित हो, नैतिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए अपनी आवाज उठाएं ।

*प्रलोभन के प्रति विरोध के अपने निर्णय पर हिचकिचाएं नहीं ।* उद्धारकर्ता के उदाहरण के अनुसरण का प्रयास करें, जिसे प्रलोभन को सहना पड़ा था परन्तु उसने

उन पर ध्यान नहीं दिया था (देखें सि. और अनु. 20:22) । जब विरानभूमि में शैतान ने यीशु को लालच देने का प्रयास किया था, प्रभु कभी भी डगमगाया नहीं था । उसका उत्तर शीघ्र और दृढ़ था: ''शैतान, मेरे साम्हने से दूर हो'' (लूका 4:8) । अपने धार्मिक विचारों, शब्दों, और कार्यों के द्वारा, उसी दृढ़ता के साथ आप भी विरोध के प्रलोभन का उत्तर दे सकता हैं । ''शैतान का सामना करो, तो वह तुम्हारे पास से भाग निकलेगा । परमेश्वर के निकट आओ, तो वह भी तुम्हारे निकट आएगा'' (याकूब 4:7–8) ।

अतिरिक्त संदर्भ: रोमियों 12:21; इफिसियों 6:11–17; याकूब 1:12; सि. और अनु. 23:1; 31:12; मूसा 1:12–22

स्वतंत्रता; विवेक; उपवास और उपवास की भेंट; पवित्र आत्मा; मसीह का प्रकाश; पश्चाताप; शैतान *भी देखें*

## दस आज्ञाएं

दस आज्ञाएं अनन्त सुसमाचार नियम हैं जो कि हमारे उत्कर्ष के लिए आवश्यक हैं । प्राचीन समय में प्रभु ने इन्हें मूसा को प्रकट किया था (देखें निर्गमन 20:1–17), और उसने उन्हें अन्तिम-दिनों के प्रकटीकरणों में फिर से बताया था (देखें सि. और अनु. 42:18–29; 59:5–13; 63:61–62) । दस आज्ञाएं सुसमाचार का महत्वपूर्ण भाग हैं । इन आज्ञाओं के प्रति आज्ञाकारिता सुसमाचार के प्रति अन्य नियमों की आज्ञाकारिता का मार्ग बनाती है ।

दस आज्ञाओं की निम्नलिखित समीक्षा में संक्षिप्त स्पष्टिकरण सम्मिलित है कि किस प्रकार आज वे हमारे जीवन में लागू होती हैं:

1. ''तू मुझे छोड़ दूसरों को ईश्वर करके न मानना'' (निर्गमन 20:3) । हमें परमेश्वर की महिमा पर नजर टिकाते हुए सारा काम करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 82:19) । हमें अपने पूरे हृदय, बल, बुद्धि, और सामर्थ से प्रभु से प्रेम करना चाहिए और उसकी सेवा करनी चाहिए (देखें व्यवस्थाविवरण 6:5; सि. और अनु. 59:5) ।
2. ''तू अपने लिए कोई मूर्ति खोदकर न बनाना, न किसी की प्रतिमा बनाना'' (निर्गमन 20:4) । इस आज्ञा में, प्रभु मूर्तिपूजा की निन्दा करता है । मूर्तिपूजा किसी भी प्रकार की हो सकती है । कुछ लोग खोदकर बनाई हुई मूर्तियों या प्रतिमाओं के समक्ष नत मस्तक नहीं होते हैं, परन्तु इसकी बजाय

जीवित परमेश्वर के स्थान पर अन्य मूर्तियों की आराधना करते हैं, जैसे कि पैसा, धन-संपत्ति, मत, या प्रतिष्ठा की । उनके जीवन में, ''उनका कोष ही उनका परमेश्वर होता है''—एक ऐसा परमेश्वर जो ''उनके साथ ही नष्ट हो जाएगा'' (2 नफी 9:30) ।

3. ''तू अपने परमेश्वर का नाम व्यर्थ न लेना'' (निर्गमन 20:7) । इस आज्ञा के स्पष्टिकरण के लिए, देखें ''निन्दा करना'', पृष्ठ 128–29) ।

4. ''तू विश्रामदिन को पवित्र मानने के लिए स्मरण रखना'' (निर्गमन 20:8) । इस आज्ञा के स्पष्टिकरण के लिए, देखें ''सब्त का दिन'', पृष्ठ 145–47) ।

5. ''तू अपने पिता और अपनी माता का आदर करना'' (निर्गमन 20:12) । यह वह आज्ञा है जो हमें तब भी बांधे रहती है जब हम बड़े हो जाते हैं । हमें हमेशा उन तरीकों को खोजना चाहिए जिससे हमारे माता-पिता का सम्मान हो ।

6. ''तू खून न करना'' (निर्गमन 20:13) । इस आज्ञा के स्पष्टिकरण के लिए कि यह आज्ञा उन लोगों पर किस प्रकार लागू होती है जिन्हें युद्ध पर जाना आवश्यक होता है, देखें ''युद्ध'', पृष्ठ 183–84) ।

7. ''तू व्यभिचार न करना'' (निर्गमन 20:14) । अन्तिम-दिनों के एक प्रकटीकरण में, प्रभु ने केवल व्यभिचार की निन्दा नहीं की है, परन्तु इस प्रकार की किसी भी चीज की निन्दा की है (देखें सि. और अनु. 59:6) । व्यभिचार, समलैंगिकता, और अन्य प्रकार के यौन संबंध सातवीं आज्ञा का उल्लंघन करते हैं । अतिरिक्त स्पष्टिकरण के लिए, देखें ''शुद्धता'', पृष्ठ 29–33) ।

8. ''तू चोरी न करना'' (निर्गमन 20:15) । चोरी करना बेईमानी का एक प्रकार है । ईमानदारी के स्पष्टिकरण के लिए, देखें पृष्ठ 84 ।

9. ''तू किसी के विरूद्ध झूठी साक्षी न देना'' (निर्गमन 20:16) । झूठी साक्षी देना बेईमानी का दूसरा प्रकार है । ईमानदारी के स्पष्टिकरण के लिए, देखें पृष्ठ 84 ।

10. ''तू किसी के घर का लालच न करना'' (निर्गमन 20:17) । लालच करना, या किसी चीज से ईर्ष्या करना जो किसी और का हो, आत्मा को क्षति पहुँचाता है । यह हमारे विचारों को खत्म कर सकता है और हमें निरन्तर अप्रसन्नता और असंतोष की बिमारी दे सकता है । अक्सर यह दूसरे पाप की तरफ और वित्तिय ऋण की तरफ ले जाता है ।

यद्यपि दस आज्ञाओं में वे सभी चीजें सूचीबद्ध हैं जिन्हें हमें *नहीं करना चाहिए,* वे उन चीजों को भी प्रस्तुत करती हैं जिन्हें हमें *करना चाहिए* । उद्धारकर्ता दस आज्ञाओं को दो नियमों में संक्षिप्त करता है—प्रभु के प्रति प्रेम को और हमारे संगी-साथियों के प्रति प्रेम को ।

''तू परमेश्वर अपने प्रभु से अपने सारे मन और अपने सारे प्राण और अपनी सारी बुद्धि के साथ प्रेम रख ।

''बड़ी और मुख्य आज्ञा तो यही है ।

''और उसी के समान यह दूसरी भी है, कि तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख'' (मत्ती 22:37–39) ।

अतिरिक्त संदर्भः मुसायाह 12:33–36; 13:11–24

स्वतंत्रता; शुद्धता; ईमानदारी; आज्ञाकारिता; निन्दा; श्रद्धा; सब्त; युद्ध; आराधना *भी देखें*

**टर्रस्ट्रियल राज्य** (*देखें* महिमा के राज्य)

## गवाही

गवाही पवित्र आत्मा द्वारा दी गई एक आत्मिक साक्षी है । एक गवाही का आधार ज्ञान है कि स्वर्गीय पिता जीवित है और हमसे प्रेम करता है; कि यीशु मसीह जीवित है, कि वह परमेश्वर का पुत्र है, और कि उसने अनन्त प्रायश्चित को पूरा किया था; कि जोसफ स्मिथ परमेश्वर का भविष्यवक्ता है जिसे सुसमाचार की पुनःस्थापना के लिए बुलाया गया था; कि आज हम एक जीवित भविष्यवक्ता द्वारा मार्गदर्शित हैं; और कि अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर ही पृथ्वी पर उद्धारकर्ता का सच्चा गिरजाघर है । इस आधार के साथ, सुसमाचार के सभी सिद्धान्तों को सम्मिलित करने के लिए एक गवाही मजबूत होती है ।

### एक गवाही को प्राप्त करना और मजबूत करना

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य के रूप में, आपके पास अपने स्वयं की गवाही प्राप्त करने का पवित्र अवसर और दायित्व है । एक गवाही प्राप्त करने के बाद, आपका कर्तव्य है कि पूरा जीवन उसका पोषण करें । इस जीवन में और अनन्तता के दौरान आपकी प्रसन्नता अधिकतर इस बात पर आधारित होती है कि आप यीशु की गवाही में साहसी रहे हैं या नहीं (देखें सि. और अनु. 76:79;

आयत 51, 74, 101 भी देखें) । जब आप इस प्रक्रिया पर कार्य करें, निम्नलिखित नियमों को याद रखें:

*गवाही की खोज एक धार्मिक, सच्ची इच्छा से आरंभ होती है ।* आपका स्वर्गीय पिता उसकी इच्छा को करने के प्रति आपके हृदय की धार्मिक इच्छाओं और आपके प्रयासों के अनुसार ही आपको आशीषित करेगा । लोगों के एक ऐसे दल से बात करते हुए जिनके पास अभी भी सुसमाचार की गवाहियाँ नहीं थीं, अलमा ने सीखाया था: ''अगर तुम आगे और अपनी आन्तरिक शक्तियों को जागृत करके मेरी बातों पर अनुसन्धान किया और विश्वास का एक अंश भी काम में लाए और विश्वास करने की इच्छा भी की तब इस इच्छा को अपने अन्दर तक तक काम करने दो जब तक कि तुम मेरी बातों के एक अंश पर भी विश्वास न करने लगो'' (अलमा 32:27) ।

*गवाही पवित्र आत्मा के शान्त प्रभाव के द्वारा आती है ।* एक गवाही के परिणाम चमत्कारी और जीवन परिवर्तन करने वाले हो सकते हैं, परन्तु गवाही का उपहार सामान्यतः एक शान्त आश्वासन के साथ आता है, बिना परमेश्वर की शक्ति के आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ । यहां तक कि अलमा को भी, जिससे मिलने एक दूत आया था और जिसने अपने सिंहासन पर परमेश्वर को बैठे हुए देखा था, उपवास और प्रार्थना करने की आवश्यकता थी ताकि वह पवित्र आत्मा के सामर्थ द्वारा गवाही प्राप्त कर सके (देखें अलमा 5:45–46; 36:8, 22) ।

*आपकी गवाही आपके अनुभवों के द्वारा धीरे-धीरे बढ़ेगी ।* किसी को भी एक ही बार में एक पूरी गवाही प्राप्त नहीं होती है । आपकी गवाही आपके अनुभवों के द्वारा मजबूत होगी । इसका विस्तार होगा जब आप गिरजाघर में सेवा की अपनी इच्छा को व्यक्त करते हैं, जहां कहीं भी आपको बुलाया जाए । यह बढ़ेगी जब आप आज्ञाओं को मानने का निर्णय लेते हैं । जब आप दूसरों को ऊँचा उठाते और मजबूत करते हैं, आप देखेंगे कि आपकी गवाही का बढ़ना भी जारी है । जब आप प्रार्थना और उपवास करते हैं, धर्मशास्त्रों का अध्ययन करते हैं, गिरजाघर सभाओं में उपस्थित होते हैं, और दूसरों को उनकी गवाहियाँ देते हुए सुनते हैं, तब आप प्रेरणा के उन क्षणों द्वारा आशीषित होंगे जो आपकी गवाही को मजबूत करेंगे । इस प्रकार के क्षण आपके पूरे जीवन में आएंगे जब आप सुसमाचार को जीने का प्रयास करते हैं ।

*आपकी गवाही बढ़ेगी जब आप इसे बांटते हैं ।* आप इसे बांटने के लिए तब तक इंतजार न करें जब तक कि आपकी गवाही पूरी तरह से मजबूत न हो जाए । गवाही तब भी मजबूत होती है जब इसे बांटा जाए । वास्तव में आप पाएंगे कि जितनी भी गवाही आपके पास है और जब आप इसे बांटते हैं, तब यह आपके पास बढ़त के साथ वापस आएगी ।

गवाही देना

उपवास और गवाही सभाओं में और अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों के साथ आपके वार्तालापों में, आप अपनी गवाही बांटने के लिए तत्पर हो सकते हैं । ऐसी परिस्थितियों में, याद रखें कि आपको एक बड़ा और प्रभावशाली प्रवचन देने की आवश्यकता नहीं है । आपकी गवाही अत्याधिक शक्तिशाली होगी जब इसे उद्धारकर्ता, उसकी शिक्षाओं, और पुनःस्थापना के विषय में एक संक्षिप्त, सच्ची धारणा के साथ व्यक्त की जाए । मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करें, और आत्मा आपकी जानने में सहायता करेगा कि हृदय की अनुभूतियों को किस प्रकार व्यक्त किया जाए । जो आशा और आश्वासन प्रभु ने आपको दिया है उसमें रहते हुए जब आप दूसरों की सहायता करते हैं तब आपको महान आनन्द की प्राप्ति होगी ।

अतिरिक्त संदर्भः यूहन्ना 7:17; 1 कुरिन्थियों 2:9–14; याकूब 1:5–6; मरोनी 10:3–5; सि. और अनु. 6:22–23; 62:3; 88:81

यीशु मसीह का प्रायश्चित; उपवास और उपवास की भेंट; पिता परमेश्वर; पवित्र आत्मा; प्रार्थना; प्रकटीकरण; आत्मिक उपहार *भी देखें*

## दसमांश

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर की सदस्यता की आशीषों में से एक है दसमांश देने का सुअवसर । दसमांश के नियम का पालन करने के द्वारा, आप पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य के निर्माण में भाग लेते हैं ।

दसमांश की परिभाषा और उसका उद्देश्य

पूरा दसमांश देने का अर्थ है कि आप अपनी कमाई के दसवें हिस्से को प्रभु को उसके गिरजाघर के द्वारा देते हैं । आप अपने दसमांश को धर्माध्यक्षता या शाखा अध्यक्षता के एक सदस्य को देते हैं ।

स्थानीय मार्गदर्शक दसमांश की रकम को गिरजाघर के मुख्यालयों में पहुँचाते हैं, जहां एक समिति पवित्र रकम के उपयोग के लिए विशिष्ट तरीकों को निर्धारित करती है । इस समिति के अंतर्गत आती हैं प्रथम अध्यक्षता, बारह प्रेरितों की परिषद, और अध्याक्षिक धर्माध्यक्षता । प्रकटीकरण के अनुसार कार्य करते हुए, वे निर्णय लेते हैं जैसे-जैसे प्रभु द्वारा निर्देशित होते हैं (देखें सि. और अनु. 120:1) ।

दसमांश की रकम का उपयोग सदा प्रभु के कार्यों के लिए किया जाता है—मन्दिरों और सभाघरों के निर्माण और रख रखाव के लिए, प्रचारक कार्य में सहायता के लिए, और पूरे संसार में गिरजाघर के काम के वहन के लिए ।

पूरा दसमांश देने की आशीषें

दसमांश के नियम में बलिदान की आवश्यकता है, परन्तु नियम के प्रति आपकी आज्ञाकारिता उन आशीषों को लाती है जो किसी भी चीज से अधिक होती है जिसे आप कभी भी देते हैं । भविष्यवक्ता मलाकी ने सीखाया थाः

''सारे दसमांश भण्डार में ले आओ कि मेरे भवन में भोजन वस्तु रहे; और सेनाओं का यहोवा यह कहता है, कि ऐसा करके मुझे परखो कि मैं आकाश के झरोखे तुम्हारे लिए खोलकर तुम्हारे ऊपर अपरम्पार आशीष की वर्षा करता हूं कि नहीं'' (मलाकी 3:10) ।

ये आशीषें उन सभी के पास आती हैं जो अपनी कमाई का पूरा दसवां हिस्सा देते हैं, तब भी जब यह रकम बहुत कम हो । जब आप इस नियम का पालन करते हैं, प्रभु आपको आत्मिक और लौकिक दोनों तरह से आशीषित करेगा ।

दसमांश देने के प्रति वचनबद्ध होना

यदि आपने अभी तक दसमांश देने की एक निरन्तर प्रक्रिया को स्थापित नहीं किया है, आपको यह विश्वास करने में कठिनाई हो सकती है कि आप अपनी कमाई का दसवां हिस्सा देने में समर्थ हो सकते हैं । परन्तु विश्वासपूर्वक दसमांश देनेवाले सीखते हैं कि वे दसमांश *नहीं* देने का जोखिम नहीं ले सकते हैं । एक बहुत ही वास्तविक और आश्चर्यचकित तरीके में, स्वर्ग के झरोखे खुल जाते हैं और उन पर आशीषों की वर्षा होती है ।

याद रखें कि दसमांश में पैसे का महत्व उतना नहीं है जितना कि विश्वास का महत्व है । प्रभु पर भरोसा रखें । हमारे लाभ के लिए उसने आज्ञा दी है, और उसने इसके साथ वादा किया है । नफी के विश्वास में बल प्राप्त करें, जिसने कहा था, ''हमें परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करने में सत्यनिष्ठ बना रहना चाहिए; क्योंकि वह सारे जगत से भी अधिक शक्तिशाली है'' (1 नफी 4:1) ।

उपवास और उपवास की भेंट *भी देखें*

**तम्बाकू** *(देखें ज्ञान का शब्द)*

## एकता

प्रायश्चित पूरा करने से ठीक पहले, उद्धारकर्ता ने अपने शिष्यों के लिए प्रार्थना की थी, जिन्हें उसने संसार में सुसमाचार सीखाने के लिए भेजा था । उसने उन लोगों के लिए भी प्रार्थना की थी जो उसके शिष्यों के शब्दों के कारण उसमें विश्वास करेंगे । उसने एकता का प्रण किया थाः ''जैसा तू हे पिता मुझ में हैं, और मैं तुझ में हूं, वैसे ही वे भी हम में हों, इसलिए कि जगत प्रतीति करे, कि तू ही ने मुझे भेजा'' (यूहन्ना 17:21) ।

इस प्रार्थना से हम सीखते हैं कि किस प्रकार सुसमाचार हमें स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह के साथ और एक दूसरे के साथ एक करता है । जब हम सुसमाचार जीते हैं, बचाने वाली धर्मविधियों को प्राप्त करते हुए और अनुबन्धों का पालन करते हुए, तब हमारा स्वभाव बदल जाता है । उद्धारकर्ता का प्रायश्चित हमें पवित्र करता है, और इस जीवन में आनन्द प्राप्त करते हुए और सदा के लिए पिता और उसके पुत्र के साथ रहने की तैयारी करते हुए, हम एकता में रह सकते हैं ।

प्रभु ने कहा है कि यदि हम एक नहीं है, हम उसके नहीं हैं (देखें सि. और अनु. 38:27) । आप एकता के इस आदर्श का प्रयत्न अपने परिवार में और गिरजाघर में कर सकते हैं और इसे प्रोत्साहित कर सकते हैं । यदि आप विवाहित हैं, आप और आपकी पत्नी/आपके पति उद्देश्य और कार्य में एक हो सकते हैं । जब आप एक साथ चुनौतियों का सामना करते हैं और प्रेम और समझ में बढ़ते हैं तब आप अपनी विलक्षण प्रतिभाओं का उपयोग एक दूसरे के संपूरक के लिए कर सकते हैं । एक साथ सेवा करने के द्वारा, एक दूसरे को सीखाने के द्वारा, और एक दूसरे को प्रोत्साहित करने के द्वारा आप अपने परिवार के अन्य सदस्यों और गिरजाघर के सदस्यों के साथ एक हो सकते हैं । आप गिरजाघर के अध्यक्ष और अन्य मार्गदर्शकों के साथ एक हो सकते हैं जब आप उनके शब्दों का अध्ययन करते हैं और उनकी सलाह का अनुसरण करते हैं ।

जैसे-जैसे गिरजाघर पूरे संसार में बढ़ता जाता है, अन्तिम-दिनों के सभी सन्त एक हो सकते हैं । हमारा हृदय ''एकता के बन्धन से और एक दूसरे के प्रति प्रेम के बन्धन से बन्धा होना चाहिए'' (मुसायाह 18:21) । हम सांस्कृतिक भिन्नता और व्यक्तिगत अन्तर की प्रशंसा करते हैं, परन्तु हम ''एक ही विश्वास'' का होना चाहते हैं जो तब आता है जब हम प्रेरित मार्गदर्शकों का अनुसरण करते हैं और याद रखते हैं कि हम सब एक ही पिता की सन्तान हैं (देखें इफिसियों 4:3–6, 11–13) ।

प्रेम; विवाह; आज्ञाकारिता; सेवा; सिय्योन *भी देखें*

## भेंट करने वाला शिक्षा संदेश (*देखें* सहायता संस्था)

## युद्ध

प्रभु ने कहा है कि अन्तिम-दिनों में युद्ध होंगे और युद्ध की अफवाहें होंगी । पूरी पृथ्वी शोरगुल में डूबी होगी और लोग निराश होंगे (देखें सि. और अनु. 45:26) ।

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर के सदस्य होने के नाते, हम शान्ति प्रिय लोग हैं । हम उद्धारकर्ता का अनुसरण करते हैं, जो कि शान्ति का राजकुमार है । हम उसके हजार वर्ष के शासन की प्रतिक्षा करते हें, जब युद्ध समाप्त होंगे और पृथ्वी पर शान्ति की पुनःस्थापना की जाएगी (देखें यशायाह 2:4) । फिर भी, हम जानते हैं कि इस संसार में, कभी-कभी सरकारी नेता अपने राष्ट्रों और आदर्शों की सुरक्षा के प्रति युद्ध करने के लिए सैन्य बल भेजते हैं ।

सेना में कार्यरत अन्तिम-दिनों के सन्तों को अपने देश और परमेश्वर के बीच भंवर में फंसा हुआ महसूस करने की आवश्यकता नहीं है । गिरजाघर में, ''हम राजाओं, राष्ट्रपतियों, शासकों, और न्यायाधीशों के शासन में कानून का पालन करने, सम्मान देने, और सहयोग देने में विश्वास करते हैं'' (विश्वास के अनुच्छेद 1:12) । सेना की सेवा इस नियम के प्रति समर्पण का प्रदर्शन करती है ।

यदि अन्तिम-दिनों के सन्तों को लड़ाई के लिए बुलाया जाता है, वे कप्तान मरोनी के उदाहरण पर विचार कर सकते हैं, मॉरमन की पुस्तक का एक महान सैन्य नेता । यद्यपि वह एक बलशाली योद्धा था, उसे ''रक्तपात पसन्द नहीं था'' (अलमा 48:11) । वह ''मसीह के विश्वास में दृढ़ था'', और लड़ने का उसका एकमात्र कारण था ''अपने लोगों की, अपने अधिकारों की, अपने देश की, और अपने धर्म की रक्षा करना'' (अलमा 48:13) । यदि अन्तिम-दिनों के सन्तों का युद्ध पर जाना आवश्यक हो, उन्हें सच्चाई और धार्मिकता की आत्मा में भलाई की इच्छा के साथ जाना चाहिए । उन्हें परमेश्वर के सभी बच्चों के प्रति अपने हृदयों में प्रेम लेकर जाना चाहिए, उन लोगों को सम्मिलित करते हुए जो विरोधी हैं । तब, यदि उन्हें दूसरों का लहू बहाने की आवश्यकता हो, उनके इस कार्य को पाप नहीं माना जाएगा ।

वैधानिक सरकार और कानून; शान्ति *भी देखें*

**वार्ड** (*देखें* गिरजाघर प्रशासन)

## कल्याण कार्य

गिरजाघर के प्रत्येक सदस्य की कल्याण कार्य के प्रति दो मूल जिम्मेदारियाँ हैं: आत्म निर्भर बनना और गरीब और जरूरतमंद की देखभाल करना ।

माता-पिता की पवित्र जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों की शारीरिक और आत्मिक कल्याण पर ध्यान दें । जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, वे अपने स्वयं के कल्याण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनते हैं । माता-पिता को उन्हें कल्याण के मूल सिद्धान्तों की शिक्षा देनी चाहिए, आत्म निर्भर बनने और भविष्य में उनके स्वयं के परिवार को संभलने की उनकी तैयारी में सहायता करते हुए । माता-पिता को बच्चों को गरीब और जरूरतमंद की देखभाल के प्रति सहायता का अवसर भी देना चाहिए ।

यदि आप गिरजाघर के एक वयस्क सदस्य/सदस्या हैं, निम्नलिखित सभी सलाह सीधे तौर पर आप पर लागू होती हैं । यदि आप एक युवक या एक युवती हैं, आप पर भी कई सलाह लागू होती हैं, तब भी जब आप अधिकतर अपने माता-पिता पर आधारित होते/होती हैं ।

### आत्म निर्भर बनना

आपकी सामाजिक, भावनात्मक, आत्मिक, शारीरिक, और आर्थिक तंदुरुस्ती की जिम्मेदारी का सर्वप्रथम आधार आप स्वयं हैं, दूसरा आपका परिवार, और तीसरा गिरजाघर है । प्रभु की प्रेरणा के तहत और अपने स्वयं के परिश्रम के द्वारा, आपको स्वयं के प्रति और अपने परिवार के प्रति जीवन की आत्मिक और लौकिक आवश्यकताओं की आपूर्ति करनी चाहिए ।

आप अपने और अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल के लिए तभी समर्थ होते हैं जब आप आत्म निर्भर होते हैं । दूसरों पर निर्भर हुए बिना आप विरोध की परिस्थितियों का अन्त तक सामना करने के लिए तैयार होते हैं ।

(1) शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाते हुए; (2) पौष्टिक और स्वास्थ्य-विज्ञान के सही नियमों को अपनाते हुए; (3) उपयुक्त रोजगार की तैयारी करते हुए और उसे प्राप्त करते हुए; (4) जितना कानून अनुमति दे उतने परिमाण तक भोजन और कपड़ों की आपूर्ति का भंडारण रखते हुए; (5) दसमांश और भेंटों को शामिल कर और ऋ ण से बच कर अपने स्रोतों का बुद्धिमानीपूर्वक प्रबंध करते हुए और (6) आत्मिक, भावनात्मक, और सामाजिक बल का विकास करते हुए आप आत्म निर्भर बन सकते हैं ।

आत्म निर्भर बनने की प्रक्रिया में, आपको काम करने का इच्छुक होना चाहिए । प्रभु ने हमें काम करने की आज्ञा दी है (देखें उत्पत्ति 3:19; सि. और अनु. 42:42) । सम्मानजनक कार्य प्रसन्नता, योग्यता, और समृद्धता का मूल स्रोत है ।

यदि आप कभी भी अपने स्वयं के प्रयासों या परिवार के सदस्यों की सहायता से अपनी मूल आवश्यकताओं को पूरा करने में अस्थाई रूप से असमर्थ होते हैं, तो गिरजाघर आपकी सहायता कर सकता है । इन परिस्थितियों में, फिर से आत्म निर्भर बनने में आपके और आपके परिवार की सहायता के लिए गिरजाघर अक्सर जीवन-रक्षक वस्तुओं को उपलब्ध कराता है ।

## गरीब और जरूरतमंदों की देखभाल करना

प्रभु ने सदैव अपने लोगों को गरीब और जरूरतमंदों की देखभाल करने की आज्ञा दी है । उसने कहा है कि हमें गरीब और जरूरतमंद लोगों के घर जाना चाहिए और उनकी राहत के लिए सेवा करनी चाहिए (देखें सि. और अनु. 44:6) । उसने यह भी आज्ञा दी है कि हमें सभी चीजों में गरीब और जरूरतमंद और बीमार और दुखी लोगों को याद करना चाहिए, क्योंकि यदि हम ऐसा नहीं करते हैं, हम उसके शिष्य नहीं हैं (देखें सि. और अनु. 52:40) ।

आप गरीब और जरूरतमंद की देखभाल कई तरीकों में कर सकते हैं । एक महत्वपूर्ण तरीका है उपवास करना और उपवास की भेंटों का दान करना, जिसका उपयोग धर्माध्यक्ष या शाखा अध्यक्ष वार्ड या शाखा के उन सदस्यों की सहायता के लिए करते हैं जो गरीबी, बीमारी, या अन्य प्रकार की कठिनाइयों का सामना कर रहे होते हैं । आप अपने समय और अपनी प्रतिभाओं का योगदान भी दे सकते हैं । आप अपने पड़ोस और समाज में रह रहे बेघर, असमर्थ, विधवाओं, और अन्य लोगों की सेवा कर सकते हैं ।

स्थानीय रूप से और जो जरूरत में हैं उनकी देखभाल करने के अतिरिक्त, गिरजाघर पूरे संसार के उन लोगों तक पहुँचता है जो प्राकृतिक विपदाओं, गरीबी, बीमारी, और अन्य संकट के प्रभावों से जुझ रहे होते हैं, चाहे वे किसी भी धर्म के क्यों न हों । गिरजाघर जीवन-रक्षक वस्तुओं को उपलब्ध कराता है ताकि परिवारों की सहायता हो सके, लोग व्यक्तिगत तौर पर संभल सकें और आत्म निर्भरता की तरफ काम कर सकें । गिरजाघर के निरन्तर शिक्षा कोष में दिया गया दान अन्तिम-दिनों के उन सन्तों को साधन उपलब्ध कराता है जिनके पास आगे की शिक्षा का कोई उपाय नहीं होता है । गिरजाघर में सेवा कर रहे प्रचारक स्वेच्छापूर्वक अपने

समय और साधन का उपयोग साक्षरता को बढ़ाने, स्वास्थ्य को सुधारने, और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए करते हैं ।

अतिरिक्त संदर्भः याकूब 1:27; याकूब 2:17–19; सि. और अनु. 42:31; 104:15–18

उपवास और उपवास की भेंट; सेवा *भी देखें*

## ज्ञान के शब्द

ज्ञान का शब्द स्वास्थ्य का एक नियम है जिसे हमारे शारीरिक और आत्मिक लाभ के लिए प्रभु द्वारा प्रकट किया गया है । इस प्रकटीकरण में, जिसे सिद्धान्त और अनुबन्ध के 89 खण्ड में लिखा गया है, प्रभु बताता है कि खाने के लिए कौन से खाद्य पदार्थ अच्छे हैं और कौन से पदार्थ हमारे स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं । ज्ञान के शब्द का पालन करने पर वह हमसे आत्मिक और शारीरिक आशीषों की प्रतिज्ञा करता है ।

ज्ञान के शब्द में, प्रभु ने हमें निम्नलिखित पदार्थों को अपने शरीर में ग्रहण न करने की आज्ञा दी हैः

- मादक पेय (देखें सि. और अनु. 89:5–7) ।
- तम्बाकू (देखें. सि. और अनु. 89:8) ।
- चाय और कॉफी (देखें सि. और अनु. 89:9), जिसमें प्रभु ने गर्म पेय की मनाही की है; अन्तिम दिनों के भविष्यवक्ताओं ने सीखाया है कि यह चाय और कॉफी को संदर्भ करता है ।

कोई भी हानिकारक पदार्थ जिसे लोग जान बूझकर अपने शरीर में लेते हैं वह ज्ञान के शब्द के साथ समन्वय में नहीं हैं । विशेषकर यह अवैध रूप से ली गई दवाओं पर लागू होती है, जो कि उन लोगों को नुकसान पहुँचा सकती है जो इनके आदी हैं । पूरी तरह से इनसे दूर रहें । इनके साथ प्रयोग न करें । निर्धारित दवाइयों का दुरुपयोग भी विनाशी व्यसन की तरफ ले जाता है ।

प्रभु घोषित करता है कि निम्नलिखित खाद्य पदार्थ हमारे शरीर के लिए अच्छे हैंः

- सब्जियां और फल, जिनका उपयोग समझदारी से करना चाहिए और जिनके लिए धन्यवाद देना चाहिए (देखें सि. और अनु. 89:10–11) ।
- जानवरों के माँस का और पक्षियों के माँस का उपयोग कम से कम करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 89:12–13) ।

- अनाज जैसे कि गेहूँ, चावल, और जौ का उपयोग करना चाहिए जो कि जीवन का सहारा है (देखें सि. और अनु. 89:14–17) ।

ज्ञान के शब्द का पालन करने की आशीषें

जो लोग ज्ञान के शब्द का पालन करते हैं उनसे प्रभु प्रतिज्ञा करता है:

''प्रभु हमसे वादा करता है कि यदि हम ज्ञान के शब्द में कही गई बातों को याद रखें और उनका पालन करें, आज्ञाओं के प्रति आज्ञाकारी होते हुए तो हम अपनी नाभियों में स्वास्थ्य और हड्डियों में मज्जा प्राप्त करेंगे ।

हम ज्ञान और समझदारी के महान खजाने को प्राप्त करेंगे, यहां तक कि छिपे हुए खजाने को भी ।

हम दौड़ेंगे और थकेंगे नहीं, और हम चलेंगे और शिथिल नहीं पड़ेंगे ।

नाश करनेवाले दूत, इस्राएल के बच्चे जानकर हमारे पास से गुजर जाएंगे, जैसे कि इस्राएल के बच्चे, और हमारा वध नहीं करेंगे (देखें सि. और अनु. 89:18–21) ।

व्यसन पर विजय प्राप्त करना

उत्तम दिशा है पूरी तरह उन पदार्थों से बचना जिन्हें प्रभु ज्ञान के शब्द में मना करता है । परन्तु यदि आप इनमें से किसी भी पदार्थ के सेवन का आदी हो चुके हैं तो अपने व्यसन से छुटकारा पा सकते हैं । प्रभु के अनुग्रह में समर्थ बनाने वाली शक्ति, परिवारिक सदस्यों और मित्रों की सहायता, और गिरजाघर के मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन, और अपने व्यक्तिगत प्रयास से आप व्यसन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं ।

सहायता के लिए प्रार्थना करें, और उन प्रलोभनों का सामना करने में जो व्यसन के कारण आते हैं जितना आप प्रयास कर सकते हैं उतना करें । आपका स्वर्गीय पिता चाहता है कि आप उन आशीषों को प्राप्त करें जो ज्ञान के शब्द के पालन से आती हैं, और ऐसा करने के लिए आपके सच्चे प्रयासों में वह आपको बल देगा ।

अतिरिक्त संदर्भ: सि. और अनु. 49:19–21; 59:15–20; 88:124; 89:1–4

आज्ञाकारिता; प्रलोभन *भी देखें*

## आराधना

परमेश्वर की आराधना करना उसे अपना प्रेम, अपनी श्रद्धा, सेवा, और भक्ति देना है । प्रभु ने मूसा को परमेश्वर की आराधना करने और केवल उसी की सेवा करने की आज्ञा दी थी (देखें मूसा 1:15) । इस प्रबंध में उसने हमें अपने पूरे हृदय से, और पूरे बल, बुद्धि, और सामर्थ से प्रभु अपने परमेश्वर से प्रेम करने और यीशु मसीह के नाम में उसकी सेवा करने की आज्ञा दी है (देखें सि. और अनु. 59:5) । यदि आप किसी व्यक्ति या किसी वस्तु को परमेश्वर के प्रेम से ऊपर रखते हैं, आप या तो झूठी आराधना कर रहे हैं या आप मूर्तिपूजक हैं (देखें निर्गमन 20:3–6) ।

प्रार्थना एक तरीका है जिससे आप पिता की आराधना कर सकते हैं । अलमा ने अपने पुत्र इलामन को सीखाया था, ''परमेश्वर को पुकारो; अपने सभी कर्मों को प्रभु के लिए करो, और जहां भी जाओ, वहां प्रभु के लिए जाओ; तुम्हारे सभी विचार प्रभु के आधार पर हों; और तुम्हारे हृदय का प्रेम सदैव के लिए प्रभु पर रहे'' (अलमा 37:36) ।

आराधना की एक आत्मा के साथ आपको गिरजाघर सभाओं में उपस्थिति होना चाहिए । प्रभु ने हमें आज्ञा दी थी कि हम प्रार्थना के घर में जाएं और उसके पवित्र दिन पर अपना प्रभुभोज लें ताकि हम संसार के समक्ष स्वयं को पूरी तरह से बेदाग रख सकें । उसने कहा कि यही वह दिन है जिसे हमारे प्रति अपने काम से आराम करने और उस परमेश्वर के प्रति हमारी भक्ति के लिए बनाया गया है जो अत्याधिक ऊँचाई पर विराजमान है (देखें सि. और अनु. 59:9–10) ।

पौरोहित्य धर्मविधियों में भाग लेना भी आपकी आराधना का हिस्सा है । जब आप श्रद्धापूर्वक होकर प्रभुभोज में भाग लेते हैं और मन्दिर में उपस्थिति होते हैं, आप अपने स्वर्गीय पिता को याद करते हैं और उसकी आराधना करते हैं और उसके पुत्र, यीशु मसीह के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं ।

आराधना की बाहरी अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन करने के अतिरिक्त, आप जहां कहीं भी जाते हैं और जो भी करते हैं उसमें आपका आराधनापूर्वक आचरण होना चाहिए । अलमा ने लोगों के एक दल को इस सिद्धान्त को सीखाया था जिन्हें आराधना के उनके स्थान से बाहर निकाल दिया गया था । उसने उनकी देखने में सहायता की कि सच्ची आराधना को सप्ताह के केवल एक दिन में सीमित नहीं किया जा सकता है (देखें अलमा 32:11) । उसी दल के लोगों से बात करते हुए, अलमा के साथी अमूलक ने उन्हें प्रोत्साहित किया था कि ''चाहे जिस स्थान पर रहो, परमेश्वर की आराधना हृदय से और सच्चाई के साथ करते रहो'' (अलमा 34:38) ।

अतिरिक्त संदर्भः भजन संहिता 95:6–7; मुसायाह 18:25; अलमा 33:2–11; सि. और अनु. 20:17–19, 29; विश्वास के अनुच्छेद 1:11

उपवास और उपवास की भेंट; पिता परमेश्वर; प्रेम; प्रार्थना; सब्त *भी देखें*

## सिय्योन

सिद्धान्त और अनुबन्ध में कई अनुच्छेद हैं जिसमें प्रभु सन्तों को सिय्योन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने और स्थापित करने का प्रयास करने की आज्ञा देता है (देखें सि. और अनु. 6:6; सि. और अनु. 11:6; 12:6; 14:6 भी देखें) ।

शब्द *सिय्योन* का धर्मशास्त्रों में कई अर्थ है । शब्द की अत्याधिक सामान्य परिभाषा है ''हृदय में शुद्ध'' (देखें सि. और अनु. 97:21) । प्रभु के लोगों को या गिरजाघर और उसके स्टेकों को संदर्भ करने के लिए अक्सर *सिय्योन* का उपयोग किया जाता है (देखें सि. और अनु. 82:14) ।

इस प्रबंध के प्रारंभिक दिनों में, गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने सदस्यों को विशेष स्थान पर जाकर सिय्योन को बनाने की सलाह दी थी । आज हमारे मार्गदर्शक हमें सिय्योन को उस स्थान पर बनाने की सलाह देते हैं जहां हम रहते हैं । गिरजाघर के सदस्यों को उनकी जन्म भूमि में ही रहने के लिए और वहीं पर गिरजाघर को स्थापित करने में सहायता करने के लिए कहा गया है । कई मन्दिरों का निर्माण हो रहा है ताकि पूरे संसार के अन्तिम-दिनों के सन्तों को मन्दिर की आशीषें प्राप्त हो सकें ।

शब्द *सिय्योन* विशिष्ट भौगोलिक जगहों को भी संदर्भ कर सकते हैं, जैसे किः

- हनोक का नगर (देखें मूसा 7:18–21) ।
- यरूशलेम का प्राचीन नगर (देखें 2 शमूएल 5:6–7; 1 राजा 8:1; 2 राजा 9:28) ।
- नया यरूशलेम, जिसका निर्माण जैक्सन काउंटी, मिस्सुरी में होगा (देखें सि. और अनु. 45:66–67; 57:1–3; विश्वास के अनुच्छेद 1:10) ।

अतिरिक्त संदर्भः यशायाह 2:2–3; 1 नफी 13:37; सि. और अनु. 35:24; 39:13; 45:68–71; 59:3–4; 64:41–43; 90:36–37; 97:18–28; 101:16–18; 105:5; 115:5–6; 136:31

*हमें मसीह के बारे में जानना चाहिए, उसके शब्दों को सुनना चाहिए,*
*जो आत्मा की तरफ से आते है उसके द्वारा विनम्रता से*
*जीवन जीना चाहिए, और हम उसमें शान्ति प्राप्त करेंगे*
*(देखें सिद्धान्त और अनुबन्ध 19:23)।*

अन्तिम-दिनों के सन्तों का
यीशु मसीह
का गिरजाघर

HINDI
4 02368 63294 5
36863 294